बैशाख कृष्ण पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 1 मई 2024
वर्ष-2, अंक-250, पृष्ठ-18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अंतरिक्ष में सबसे बड़े जटिल परमाणु की खोज 18

यिम्मी यिम्मी गाने में जैकलीन ने उड़ाए होश 2

## एक नजर

### ईडी ने पूर्व विशेष सचिव को किया गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित कस्टम मिलिंग घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ईओडब्ल्यू दफ्तर से खाद्य विभाग के पूर्व विशेष सचिव और मार्कफेड के एमडी मनोज सोनी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। ईडी ने सोनी को विशेष अदालत में पेश कर 10 दिनों की रिमांड मांगी है। कस्टम मिलिंग घोटाले को लेकर दर्ज प्राथमिकी में आरोपियों की सूची में मनोज सोनी का भी नाम है। करोड़ों के घोटाले के कथित मास्टर माइंड रोशन चंद्राकर से ईओडब्ल्यू की टीम ने सोमवार को पूछताछ की थी।

### लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो शूटर गिरफ्तार

**नूंह।** हरियाणा के नूंह में पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई-रोहित गोदारा गिरोह के दो शूटर को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि आरोपियों - दिल्ली निवासी रवि कुमार (30) और गुरुग्राम निवासी विशाल उर्फ कालू (27) जवाबी गोलीबारी में घायल हो गए। दोनों के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से दो देशी पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किए हैं। दोनों गुरुग्राम के व्यापारी सचिन उर्फ गोदा की हत्या में भी वांछित थे।

### धोखाधड़ी में विजया बैंक के पूर्व प्रबंधक को जेल

**हैदराबाद।** सीबीआई की एक अदालत ने हैदराबाद में विजया बैंक, नामपल्ली के पूर्व शाखा प्रबंधक वीपी पद्मनाभ को बैंक धोखाधड़ी मामले में दोषी करार देते हुए तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है और 65 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सीबीआई ने मंगलवार को बताया कि एजेंसी ने 20 अप्रैल, 2006 को आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

### महिलाओं ने जब्त हथियार ले जा रहे सैनिकों को रोका

**इंफाल।** मणिपुर के विष्णुपुर में जब्त किए गए हथियारों और गोला बारूद को ले जा रहे सेना के काफिले को मंगलवार को महिला प्रदर्शनकारियों द्वारा रोका गया। सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात कुम्बी इलाके में गश्त के दौरान सेना के दो महार रेजीमेंट के जवानों ने दो वाहनों को रोका। एक अधिकारी ने बताया कि सेना के जवानों को देख दोनों वाहनों में सवार लोग गाड़ी में रखे हथियारों को छोड़ फरार हो गए।

# टी-20 विश्वकप में रोहित करेंगे कप्तानी, भारतीय टीम घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 क्रिकेट विश्वकप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की सीनियर चयन समिति ने मंगलवार को आगामी आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम का एलान किया।

टी-20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उप कप्तान), यशस्वी जयसवाल,



- सैमसन, चहल और शिवम को मिला मौका, गिल-रिंकू रिजर्व में

विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को शामिल किया गया है। वहीं, रिजर्व खिलाड़ी के रूप में शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और अवेश खान को रखा गया है। भारत अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत 5 जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ करेगा। नौ जून को इसी स्टेडियम में पाकिस्तान से उसका मुकाबला होगा। इसके बाद भारत 12 जून को अमेरिका और 15 जून को कनाडा से भिड़ेगा।

# आईएमए अध्यक्ष के बयान से सुप्रीम कोर्ट नाराज

नई दिल्ली, एजेंसी

**पतंजलि मामला**



- पीठ ने कहा- अदालती कार्यवाही पर दुर्भाग्यपूर्ण और परेशान करने वाली टिप्पणियां
- आईएमए के अधिवक्ता से कहा यह सबसे गंभीर बात होगी... परिणामों के लिए तैयार रहें

सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव की कंपनियों के भ्रामक विज्ञापनों से उत्पन्न अदालती कार्यवाही के खिलाफ आईएमए के अध्यक्ष डॉ आर वी अशोकन की टिप्पणियों को गंभीरता से लिया और मंगलवार को उसके अधिवक्ता से कहा कि आप यह कैसे तय करेंगे कि हमें अपनी कार्यवाही किस तरह से करनी चाहिए।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने बाबा रामदेव की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी को आईएमए अध्यक्ष द्वारा मीडिया के समक्ष दिए गए बयानों को अदालत के रिकॉर्ड पर लाने की अनुमति दी। पीठ ने आईएमए के वकील से मौखिक रूप से कहा आप यह कैसे तय करेंगे कि हमें अपनी कार्यवाही किस तरह से करनी चाहिए। न्यायमूर्ति कोहली की पीठ ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 7 मई की तारीख मुकर्रर करते हुए रोहतगी को दो दिनों के भीतर इस संबंध में (बयान) एक आवेदन दाखिल करने की अनुमति देते हुए कहा हम इस मुद्दे से अलग से निपटेंगे। इससे पहले पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता रोहतगी ने आईएमए अध्यक्ष के हवाले वाली खबरों को सामने लाने की मांग करते हुए कहा कि ये अदालती कार्यवाही पर दुर्भाग्यपूर्ण और परेशान करने वाली टिप्पणियां हैं। पीठ ने रोहतगी की दलील पर जवाब देते हुए पीठ ने आईएमए के अधिवक्ता से कहा यह सबसे गंभीर बात होगी...परिणामों के लिए तैयार रहें।

### उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण को फटकारा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड से जुड़े भ्रामक विज्ञापनों के मामले में छह साल तक उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण के कार्रवाई नहीं करने को लेकर मंगलवार को उसे कड़ी फटकार लगाई और कहा कि यदि यह सहानुभूति एवं दया चाहता है तो अदालत के प्रति ईमानदार रहना होगा। स्पष्टीकरण पर असंतोष प्रकट करते हुए शीर्ष अदालत ने सवाल किया कि प्राधिकरण कोर्ट के 10 अप्रैल के आदेश के बाद ही क्यों जगा।

# महाराष्ट्र युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल सहित 16 पर केस

## अमित शाह का फर्जी वीडियो मामला : भाजपा ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट

गुजरात, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का फर्जी वीडियो साझा करने के मामले मे मुंबई पुलिस ने महाराष्ट्र युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल और 16 अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

डीपफेक द्वारा बनाए गए फर्जी वीडियो में भाजपा नेता अमित शाह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण अधिकारों को खत्म करने की घोषणा करते हुए नजर आ रहे हैं। एक अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में भाजपा की मुंबई इकाई के पदाधिकारी प्रतीक करपे ने सोमवार को बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, शाह का डीपफेक वीडियो बनाया गया, उसे पोस्ट किया गया और इंटरनेट पर व्यापक रूप से साझा किया गया, जिसके पीछे आरोपियों का मकसद केंद्रीय मंत्री को बदनाम करना था। शिकायतकर्ता ने पुलिस से डीपफेक वीडियो को तुरंत हटाने और उन आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का भी अनुरोध किया, जिन्होंने विभिन्न जातियों में दुश्मनी और नफरत पैदा करने के लिए इसे कथित तौर पर साझा किया था। इस मामले में जम्मू-कश्मीर में भी केस दर्ज किया गया है।

### गुजरात पुलिस ने कांग्रेस और आप नेता को किया गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात पुलिस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का फर्जी वीडियो साझा करने के आरोप में कांग्रेस के एक नेता और आप के एक पदाधिकारी को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान बनासकांठा के पालनपुर निवासी सतीश वंसोला और दाहोद जिले के लिमखेड़ा शहर से राकेश बारिया के रूप में हुई है। वंसोला पिछले छह वर्षों से कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी के निजी सहायक के रूप में काम कर रहे हैं, जबकि बारिया पिछले चार वर्ष से आप की दाहोद इकाई के अध्यक्ष हैं। दलित समुदाय से ताल्लुक रखने वाले वंसोला बनासकांठा जिला कांग्रेस के महासचिव भी हैं। दोनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए (विभिन्न समूहों में वैमनस्य को बढ़ावा देना), धारा 505 (वर्गों के बीच शत्रुता, घृणा पैदा करने या बढ़ावा देने वाले बयान) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस उपायुक्त (साइबर अपराध) लवीना सिन्हा ने कहा कि दोनों आरोपियों ने अमित शाह के संपादित वीडियो को अपने फेसबुक पेज पर साझा किया था। उन्हें यह वीडियो उनके व्हाट्सएप पर मिला और उस व्यक्ति को पकड़ने के लिए जांच अभी भी जारी है जिसने इस वीडियो को संपादित किया था। कांग्रेस नेता मेवाणी ने कहा कि सतीश सिर्फ मेरे पीए नहीं हैं, वह मेरे भाई जैसे हैं। भाजपा का आईटी सेल लंबे समय से फर्जी वीडियो फैला रहा है लेकिन पुलिस ने उनके खिलाफ कोई कार्रवाई करने के बजाय सतीश जैसे एक आम आदमी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने गलती से यह वीडियो साझा किया था।

### सपा उम्मीदवार लालजी वर्मा के खिलाफ रिपोर्ट



**अंबेडकरनगर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का एडिटेड वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में कटेहरी विधायक और जनपद से सपा के लोकसभा उम्मीदवार लालजी वर्मा पर दिल्ली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज किया है। सोमवार देर रात दिल्ली पुलिस ने लालजी वर्मा के घर पर दबिश दी। उनको नोटिस थमाया व जवाब भी मांगा है। लालजी वर्मा पर गृहमंत्री अमित शाह के बयान को फर्जी ढंग से सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप है। नोटिस मिलने की पुष्टि करते हुए लालजी वर्मा ने कहा कि भाजपा विपक्षी नेताओं को डरा धमका कर गलत आचरण कर रही है।

# हम आतंकवाद पर डोजियर नहीं भेजते, घर में घुसकर मारते हैं

लातूर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि मुंबई हमले के बाद कांग्रेस सरकार के दौरान डोजियर भेजने के चलन के विपरीत भाजपा नेतृत्व की सरकार ने आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर मारा। मोदी ने महाराष्ट्र के लातूर में एक चुनावी रैली में कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान खबरों की सुर्खियां होती थीं कि भारत ने आतंकी गतिविधियों के बारे में पाकिस्तान को एक और डोजियर सौंपा। उन्होंने कहा कि यह बड़ी खबर हुआ करती थी। मीडिया में हमारे कुछ मित्र ऐसे किसी भी डोजियर के भेजे जाने पर ताली बजाते थे। मोदी ने कहा कि आज भारत डोजियर नहीं भेजता बल्कि घर में घुस के मारता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नए भारत की सुर्खियां हैं: मिशन एलओसी, भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक के माध्यम से पाकिस्तान को दंडित किया। उन्होंने ने यह भी दावा किया कि विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' ने एक ''फॉर्मूला'' तैयार किया जिसके तहत विपक्षी गठजोड़ में शामिल दलों को सत्ता में आने पर एक-एक साल के लिए प्रधानमंत्री का पद मिलेगा। मोदी ने कहा कि ऐसी व्यवस्था से देश के हित की आशा नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि कुछ लोग किस्तों में प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं। उन्होंने हर साल एक प्रधानमंत्री बनाने का फैसला किया है। मोदी ने कहा कि 2014 और 2019 में आपने हमें भारी जनादेश दिया।



लातूर, महाराष्ट्र में चुनावी सभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित करते महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस। ● एजेंसी

- महाराष्ट्र में एक चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को घेरा
- हर साल प्रधानमंत्री बदलने के विपक्ष के फार्मूले पर किया कटाक्ष

### कांग्रेस ने लोगों के सपनों को कुचला

मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में भारत की अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि जब मैं एक भारत श्रेष्ठ भारत की बात करता हूं तो कांग्रेस के शहज़ादे को बुखार आ जाता है। उन्होंने कहा कि देश को लूटने वाले जेल में हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे देश के लोग हमेशा मेहनती और प्रतिभाशाली रहे हैं, लेकिन कांग्रेस ने उनके सपनों को कुचलने का पाप किया।

**चिकित्सा को सरकार ने बनाई वार्षिक योजना**

# पशुओं की देखभाल पर खर्च होंगे 4 हजार करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार गोवंश समेत अन्य पशुओं के संरक्षण, चिकित्सा और सेवा पर लगभग 4 हजार करोड़ रुपये खर्च करेगी। पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन विभाग की तरफ से इसके लिए वार्षिक योजना तैयार की गई है। इसमें गोवंश संरक्षण, पशु चिकित्सा शिक्षा के साथ ही पशु चिकित्सालय, पॉलीक्लिनिक एवं सेवा केंद्र समेत अन्य क्षेत्रों में किए जाने वाले खर्च का पूरा ब्यौरा दिया गया है। वार्षिक योजना में इसके लिए 3907.1 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है।

गोवंश संरक्षण पर कुल 1,140 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च करने की योजना है। इसके अंतर्गत 140 करोड़ रुपये से गो-संरक्षण केंद्रों की स्थापना की जाएगी, जबकि शेष एक हजार करोड़ रुपये से छुट्टा गोवंश के रखरखाव के लिए अनुदान दिया जाएगा। पशु चिकित्सा शिक्षा पर भी 179.74 करोड़ खर्च



किए जाने की योजना है। इसके अंतर्गत गोरखपुर एवं भदोही में पशु चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना पर 100 करोड़ रुपये, मथुरा में पंडित दीनदयाल पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान में वेतन सहायता एवं अनुदान के लिए 61.74 करोड़ और गैर वेतन सहायता अनुदान के रूप में 18 करोड़ रुपये दिए जाएंगे।

वहीं, पशु चिकित्सालय, पॉलीक्लिनिक और सेवा केंद्र पर 470.30 करोड़ रुपये खर्च होगा। इसमें पशु चिकित्सालयों की स्थापना पर 55 करोड़, पशु चिकित्सा पॉलीक्लिनिक की स्थापना पर 6 करोड़, पशु सेवा केंद्रों की स्थापना पर 4.5 करोड़, पशु चिकित्सालयों, सेवा केंद्रों, अनुसंधान एवं निदान सेवाएं (राजस्व मद) में 71 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

### कृत्रिम गर्भाधान और बीमा का भी बजट

पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान व बांझपन निवारण के लिए 68.24 करोड़ खर्च किए जाएंगे। इस कड़ी में लखनऊ में प्रस्तावित अति हिमीकृत वीर्य उत्पादन केंद्र पर 44.74 करोड़ रुपये, जबकि प्रस्तावित सीमेन तकनीक अनुसंधान पर 8 करोड़ के खर्च का बजट प्रस्तावित है। पशुओं के बीमा पर 77.03 करोड़, कुक्कुट, बकरी व भेड़ संबंधी योजनाओं पर 58 करोड़ और प्रक्षेत्रों के सुदृढ़ीकरण पर 71.01 करोड़ खर्च किए जाएंगे।

# बंदी वाहन में लगी आग, चालक समेत 24 ने कूदकर बचाई जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वाहन में सवार थे 14 पुलिसकर्मी और 9 महिला कैदी

**अमृत विचार :** राजभवन के गेट नंबर-14 के पास मंगलवार सुबह बंदी वाहन के केबिन में अचानक आग लग गई। आग की लपटें उठते देख चालक समेत 14 पुलिसकर्मियों व 9 महिला कैदियों ने वाहन से छलांग लगाकर अपनी जान बचाई।

जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू तो पाया, लेकिन तब तक वैन पूरी तरह से खाक हो चुकी थी। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आग लगने का



कारण प्रथम दृष्टया वाहन में लगे जीपीएस सिस्टम और कैमरों के शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी बताई गई।

वाहन चालक बालेंद्र सिंह ने बताया कि जेल की पुलिस टीम महिला कैदी अनुराधा, अवधरानी, अनुपमा, मिनाक्षी, समेत नौ महिला कैदियों को गोसाईगंज जिला कारागार से न्यायालय में पेशी के लिए ले जा रही थी। राजभवन के गेट नंबर-14 के पास पहुंचते ही केबिन में लगे जीपीएस व कैमरे के पास स्पार्किंग हुई।

### महिला कैदियों को ले जाया जा रहा था कोर्ट

मुख्य शमन अधिकारी मंगेश कुमार के मुताबिक, हजरतगंज फायर स्टेशन के कंट्रोल रूम पर सुबह 11.46 बजे सूचना मिली कि राजभवन गेट नंबर-14 के सामने बंदी वाहन में आग लगी है। जानकारी मिलते ही एफएसओ हजरतगंज रामकुमार रावत दमकल की दो गाड़ियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

## दिल्ली एम्स के छात्रावास में युवती ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के छात्रावास में 21 वर्षीय एक युवती ने मंगलवार को आत्महत्या कर ली। घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार छात्रावास के एक कर्मचारी ने पूर्वाह्न करीब 11.30 बजे युवती का शव फंखे से लटका देखा और संबंधित अधिकारियों को जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान एक सुसाइड नोट बरामद हुआ, जिसमें उसने लिखा था कि वह अपनी नर्सिंग की पढ़ाई और बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी के कारण अवसाद में थी।

# सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को जदएस ने किया निलंबित

बेंगलुरु, एजेंसी

जनता दल सेक्युलर (जदएस) ने कथित 'सेक्स स्कैंडल' में संलिप्तता के लिए हासन से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को मंगलवार को पार्टी से निलंबित कर दिया।

हुब्बल्ली में पार्टी की कोर समिति ने राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी. देवेगौड़ा से रेवन्ना के निलंबन की सिफारिश की थी, जिसके चंद मिनटों बाद ही हासन के सांसद को निलंबित कर दिया गया। देवेगौड़ा, रेवन्ना के दादा हैं। निलंबन आदेश में कहा गया है कि हासन से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना द्वारा महिलाओं के कथित उत्पीड़न के

- सेक्स स्कैंडल मामले में पार्टी ने की कार्रवाई एसआईटी करेगी जांच



वीडियो सोशल मीडिया और मीडिया में व्यापक रूप से प्रसारित हो रहे हैं, जिसके चलते पार्टी को भारी शर्मिंदगी उठानी पड़ रही है। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार द्वारा विशेष जांच दल गठित करने का जिक्र करते हुए आदेश में कहा गया है कि मामले को देखते हुए और अनुशासन के उल्लंघन एवं दंड के लिए जदएस के संविधान एवं नियमों के अनुसार, उनको निलंबित कर दिया गया है।

## ईडी ने जब्त की 90 करोड़ की क्रिप्टो संपत्ति

**गेमिंग घोटाला**

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने एक ऑनलाइन गेमिंग ऐप 'घोटाले' में बाइनेंस, जेबपे और वजीरएक्स जैसे मंचों के क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट में रखे 90 करोड़ रुपये जब्त किया है। वित्तीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि गेमिंग घोटाले से संबंधित धनशोधन जांच के क्रम में इन क्रिप्टो संपत्तियों को कब्जे में लिया गया और फिर उसे ईडी के क्रिप्टो वॉलेट में स्थानांतरित कर दिया गया। यह जांच ई-नगेट नाम के एक फर्जी ऑनलाइन गेमिंग ऐप से संबंधित है।

**अनदेखी** दो साल पहले 43 जिलों में एनआरएलएम ने खोले थे 204 टीएचआर प्लांट

# 'कुपोषण' की जंग में 153 प्लांट बंद, केंद्रों पर नहीं पुष्टाहार

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की तरफ से 43 जिलों में संचालित 204 टेक होम राशन प्लांट में 153 बजट के अभाव में बंद हो गए हैं।

इस वजह से आंगनबाड़ी केंद्रों पर पुष्टाहार की आपूर्ति प्रभावित है। बंद प्लांटों की जगह एक संस्था द्वारा पुष्टाहार उपलब्ध कराया जा रहा है। लेकिन, तीन माह का एक साथ, कम मात्रा में वह भी देर-सबेर मिलने के कारण बच्चों व महिलाओं को नियमित खुराक नहीं मिल रही है। केंद्रों पर नियमित वितरण और पारदर्शिता से पुष्टाहार खरीदने के लिए ठेकेदारी व्यवस्था खत्म की गई थी और दो साल पहले बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से अनुबंध कर ब्लॉकों पर प्लांट खोले गए थे।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर पुष्टाहार वितरण की हकीकत समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) पर दर्ज सर्वाधिक शिकायतें ही बता रहीं हैं। दिसंबर में वितरण संबंधित 7667 शिकायत जिलों से दर्ज हुईं। इसकी फरवरी में मुख्यमंत्री कार्यालय से समीक्षा की गई तो सर्वाधिक शिकायत वाले पांच जिले चिह्नित कर सुधार के निर्देश दिए गए थे।

### इन जिलों में प्लांट

लखनऊ, बदायूं, बागपत, सहारनपुर, उन्नाव, वाराणसी, अमेठी, औरैया, संत कबीर नगर, शामली, श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बस्ती, बिजनौर, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, इटावा, फतेहपुर, गोरखपुर, हमीरपुर, हरदोई, जालौन, झांसी, कन्नौज, लखीमपुर, ललितपुर, महाराजगंज, महोबा, मैनपुरी, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, सोनभद्र, सिद्धार्थ नगर, सुल्तानपुर, आगरा, अलीगढ़, अंबेडकर नगर, आजमगढ़।

- बजट के अभाव में आंगनबाड़ी केंद्रों पर नहीं हो रही नियमित आपूर्ति

प्लांट एनआरएलएम द्वारा संचालित हैं। बंद होने की जानकारी नहीं है। जिन केंद्रों पर समस्या है वहां पुष्टाहार वितरण कराया जा रहा है। आईजीआरएस की शिकायतें निस्तारित कर रहे हैं।
**-सरनीत कौर ब्रोका**, निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग।

### इन जिलों की थी सर्वाधिक शिकायत

सीतापुर - 374, अलीगढ़ - 271, लखीमपुर खीरी - 267, बहराइच - 265, बुलंदशहर - 252

### तीन से छह वर्ष के बच्चों की खुराक में रिफाइंड की कटौती

प्लांट द्वारा सात माह से तीन वर्ष तक के बच्चों व गर्भवती महिलाओं को घरों पर चना की दाल, दरिया व रिफाइंड मिलता है। इसी तरह केंद्र पर आने वाले तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को तीनों चीजें दी जती हैं। लेकिन, केंद्र पर रिफाइंड नहीं बांटा जा रहा है। जहां प्लांट से आपूर्ति नहीं वहां संस्था प्रीमिक्स यानी तैयार मूंग दाल खिचड़ी, दरिया, लड्डू दे रही है। आपूर्ति पोषण ट्रैक से लाभार्थियों की संख्या के अनुसार होती है, लेकिन डाटा पुराना उठाने के कारण बढ़े लाभार्थी छूट जाते हैं।

अमृत विचार
# आईपीएल
कानपुर, बुधवार, 1 मई 2024
www.amritvichar.com




## आज का मुकाबला

चेन्नई सुपर किंग्स
बनाम
पंजाब किंग्स
दोपहर 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 500 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 09 | 447 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 418 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 09 | 14 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 09 | 14 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 09 | 14 |

# टी-20 विश्व कप के लिए क्रिकेट जगत ने कसी कमर, टीमें घोषित

भारत की टी-20 विश्व कप टीम में रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह या सूर्यकुमार यादव का चुना जाना तो तय था लेकिन बाकी खिलाड़ियों ने आईपीएल में अपने प्रदर्शन के दम पर जगह बनाई। भारत के 15 खिलाड़ियों में से नौ ने ऑस्ट्रेलिया में 2022 में भी टूर्नामेंट खेला था, लेकिन कुछ पुराने चेहरों को साथ रखते हुए भारतीय टीम ने युवाओं को आगे लाया गया है।



## दक्षिणअफ्रीका टीम में शामिल हुए दो नए चेहरे, नोर्किया की वापसी

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें तेज गेंदबाज एनरिच नोर्किया चोट के कारण नौ महीने बाद वापसी करेंगे जबकि दो अनकैप्ड खिलाड़ियों रेयान रिकल्टन और ओटनील बार्टमैन को भी टीम में जगह मिली। टी20 अंतर्राष्ट्रीय कप्तान बनाए जाने के बाद ऐडन मार्कराम पहली बार विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका की टीम की अगुआई करेंगे। दक्षिण अफ्रीका की सीमित ओवरों की टीम के कोच रॉब वाल्टर ने टी20 विश्व कप से पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैच की टी20 के लिए अस्थाई टीम की घोषणा भी की। दक्षिण अफ्रीका की टी20 विश्व कप टीम में ऐडन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिच नोर्किया, कागिसो रबादा, रेयान रिकल्टन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स शामिल हैं वहीं, रिजर्व के रूप में नांद्रे बर्गर और लुंगी एनगिडी को रखा गया है।

## इंग्लैंड टीम में हुई आर्चर की वापसी, बटलर करेंगे अगुआई

**लंदन।** तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को यहां टी20 विश्व कप के लिए इंग्लैंड की टीम में जगह मिली जिससे उनके 14 महीने बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी का रास्ता साफ हो गया है।

ईसीबी ने कहा जोफ्रा आर्चर अपनी दाहिनी कोहनी की चोट से उबर गए हैं और उन्हें टीम में शामिल किया गया है। ऑलराउंडर टॉम हार्टले टीम में एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं। ईसीबी ने कहा चार जून को बारबडोस के केनसिंगटन ओवल में स्कॉटलैंड के खिलाफ इंग्लैंड के शुरुआती ग्रुप मैच से पहले विश्व कप टीम 31 मई को कैरेबिया के लिए उड़ान भरेगी। इंग्लैंड टीम में जोस बटलर (कप्तान), मोईन अली, जोफ्रा आर्चर, जॉनी बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, सैम कुरेन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल सॉल्ट, रीस टॉपले और मार्क वुड का शामिल किया है।

## खेल डायरी

### सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप आज से

**कोलकाता।** सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के 28वें सत्र का अंतिम दौर यहां खेला जाएगा। अंतिम दौर के लिए बारह टीमों को छह-छह टीम के दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप में टीमें राउंड रोबिन प्रारूप में एक-दूसरे से भिड़ेंगी और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। अंतिम दौर की 12 टीमों में छह ग्रुप चरण विजेता, तीन सर्वश्रेष्ठ उपविजेता और तीन सीधे प्रवेश पाने वाली टीम पश्चिम बंगाल (मेजबान), तमिलनाडु (गत चैंपियन) और हरियाणा (गत उपविजेता) शामिल हैं। मैच किशोर भारती स्टेडियम और एआईएफएफ नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जाएंगे। अंतिम दौर का ग्रुप चरण 11 मई को समाप्त होगा। सेमीफाइनल 13 मई को खेले जाएंगे जबकि फाइनल 15 मई को होगा।

### उज्बेकिस्तान और जापान ने फुटबॉल ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

**दोहा।** उज्बेकिस्तान ने कई बार चूकने के बाद अंततः अंडर-23 एशियाई कप फाइनल में पहुंचकर पुरुष ओलंपिक फुटबॉल के लिए क्वालीफाई किया। वहीं, जापान की फुटबॉल टीम एएफसी अंडर 23 एशियाई कप के सेमीफाइनल में इराक को 2-0 से हराकर फाइनल में पहुंच गई है। उज्बेकिस्तान ने इंडोनेशिया को 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई जहां शुक्रवार को उसकी भिड़ंत जापान से होगी। जापान ने सेमीफाइनल में इराक पर 2-0 से जीत के साथ आठवीं बार ओलंपिक में जगह बनाई। टूर्नामेंट की शीर्ष तीन टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगी और तीसरे स्थान का फैसला गुरुवार को इराक और इंडोनेशिया के बीच प्ले ऑफ मुकाबले से होगा।

### रॉबर्ट की हैट्रिक से बार्सीलोना ने पिछड़ने के बाद वेलेंसिया को हराया

**बार्सीलोना।** बार्सीलोना ने दूसरे हाफ में रॉबर्ट लेवानदोवस्की की हैट्रिक की बदौलत पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में वेलेंसिया को 4-2 से हराया। बार्सीलोना ने गेंद को अपने कब्जे में लेने के मामले में दबदबा बनाया लेकिन पहले हाफ में रक्षापंक्ति की दो गलतियों के कारण मध्यांतर के समय 1-2 से पीछे थी। फेर्मिन लोपेज ने 22वें मिनट में हेडर से गोल दागकर बार्सीलोना को बढ़त दिलाई लेकिन पांच मिनट बाद ह्यूगो ड्यूरो ने स्कोर 1-1 कर दिया। पेपेलू ने पहले हॉफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी पर गोल दागकर वेलेंसिया को 2-1 से आगे किया।

### 2025 में बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप की मेजबानी गुवाहाटी को

**नई दिल्ली।** भारत अगले साल गुवाहाटी में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। खेल की वैश्विक संचालन संस्था बीडब्ल्यूएफ ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वर्ष 2008 के बाद यह पहली बार होगा जब विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन भारत में होगा। बीडब्ल्यूएफ ने कहा टीम और व्यक्तिगत दोनों स्पर्धाएं पूर्वोत्तर क्षेत्र में भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में आयोजित की जाएंगी। पिछली बार पुणे में इसकी मेजबानी की थी।

# लखनऊ आकर फिर बिखर गई मुंबई

## इशान और बढेरा की बदौलत सुपरजाइंट्स को दिया 145 रन का लक्ष्य, मोहसिन को मिले दो विकेट

लखनऊ, एजेंसी

इशान किशन (32) और नेहाल बढेरा (46) की मुश्किल हालात में खेली गयी उपयोगी पारियों की मदद से मुबंई ने आईपीएल के 48वें मैच में मंगलवार को मेजबान लखनऊ के खिलाफ सात विकेट पर 144 रन बनाए।

इकाना स्टेडियम पर टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुबंई की शुरुआत निराशाजनक रही जब पहले पावर प्ले में लखनऊ के गेंदबाजों ने रोहित शर्मा (4), सूर्य कुमार यादव (10), तिलक वर्मा (7) और कप्तान हार्दिक पांड्या (0) के विकेट सस्ते में समेट दिये और छह ओवर के बाद मुबंई का स्कोर चार विकेट पर 28 रन हो गया। कठिन समय में सलामी बल्लेबाज इशान किशन ने नए बल्लेबाज नेहाल बढेरा के साथ पारी को आगे बढ़ाया और पांचवे विकेट के लिए महत्वपूर्ण 53 रन जुटाए। इस बीच पारी के नौवें ओवर में मयंक यादव की गेंद पर इशान का कैच टर्नर ने टपकाया। उस समय इशान सिर्फ सात रन बना सके थे। पारी के 14वें ओवर में रवि विश्नोई की गेंद पर मयंक ने शार्ट थर्ड मैन पर इशान को लपक कर उनकी जुझारु पारी का अंत किया। उधर बढेरा ने नये बल्लेबाज टिम डेविड (35) के साथ मुबंई का संघर्ष जारी रखा और दोनो बल्लेबाजों ने टीम का स्कोर 112 रन कर दिया। इस बीच बढेरा को मोहसिन खान ने क्लीन बोल्ड आउट कर मेहमानों को करारा झटका दिया। मयंक यादव ने मोहम्मद नवी को अपना पहला शिकार बनाया मगर इसके बाद मासंपेशियों में खिंचाव के चलते मयंक और गेंदबाजी नहीं कर सके और उन्हें मैदान के बाहर जाना पड़ा। लखनऊ की ओर से मोहसिन खान 36 रन पर दो विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज साबित हुये जबकि मार्कस स्टायनिस, रवि विश्नोई, मयंक यादव और नवीन उल हक को एक एक विकेट मिला। तिलक रवि विश्नोई के सीधे थ्रो के कारण रन आउट हुए।



रोहित शर्मा का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते लखनऊ के खिलाड़ी ● एजेंसी



### मुंबई 144/7

20 ओवर, अतिरिक्त : 8

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| इशान किशन का मयंक बो बिश्नोई | 32 | 36 | 3/0 |
| रोहित शर्मा का स्टोइनिस बो मोहसिन | 4 | 5 | 1/0 |
| सूर्यकुमार का राहुल बो स्टोइनिस | 10 | 6 | 0/1 |
| तिलक वर्मा रनआउट (बिश्नोई) | 7 | 11 | 1/0 |
| हार्दिक का राहुल बो नवीन उल हक | 0 | 1 | 0/0 |
| निहाल बढेरा बोल्ड मोहसिन | 46 | 41 | 4/2 |
| टिम डेविड नाबाद | 35 | 18 | 3/1 |
| नबी बोल्ड मयंक | 1 | 2 | 0/0 |
| कोएत्जी नाबाद | 1 | 2 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्टोइनिस 3-0-19-1, मोहसिन 4-0-36-2, नवीन उल हक 3 .5-0-15-1, मयंक 3 .1-0-31-1, रवि बिश्नोई 4-0-28-1, दीपक हुड्डा 2-0-13-0

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 | +0.694 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 | +1.096 |
| चेन्नई | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.810 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.075 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.059 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 | -1.113 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.187 |
| मुंबई | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.261 |
| बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.415 |

## दूसरा टी-20 मुकाबला

# भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश को हराया



**सिलहट।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने मंगलवार को वर्षा बाधित टी-20 मैच में बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस नियम (डीएलएस पद्धति) के आधार पर 19 रनों से हरा दिया है। यहां पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम को भारतीय गेंदबाजों ने राधा यादव 19 रन देकर तीन विकेट और दीप्ति शर्मा 14 रन देकर दो विकेट तथा श्रेयंका पाटिल 24 रन पर दो विकेट के दम पर 119 रन पर समेट दिया था।

इसके बाद बारिश और तूफान के कारण खेल रोके जाने के समय भारतीय टीम ने 5.2 ओवर में एक विकेट पर 47 रन बना लिये थे और स्मृति मंधाना (5) और दयालन हेमलता (41) रन बनाकर क्रीज पर थी। खेल पुनः शुरु नहीं होने की स्थिति में डकवर्थ लुईस नियम के तहत भारतीय टीम को 19 रनों से विजयी घोषित किया गया। श्रेयंका पाटिल और दीप्ति शर्मा ने दो-दो विकेट लिये। पूजा वस्त्रकर ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



## इगा महिला क्वार्टर फाइनल में नडाल ने केचिन को हराया

**मैड्रिड।** दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रफेल नडाल ने सोमवार को यहां मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में तीन घंटे से अधिक चले कड़े मुकाबले में पेड्रो केचिन को तीन सेट में शिकस्त दी। नडाल ने केचिन को पुरुष एकल मुकाबले में हराया। नडाल ने इस जीत के साथ प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। नडाल अगले दौर में 31वें नंबर के खिलाड़ी जिरी लेहेका से भिड़ेंगे।

शीर्ष वरीय यानिक सिनर अपना सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं दिखाने के बावजूद पावेल कोतोव को हराने में सफल रहे। तीसरे वरीय दानिल मेदवेदेव हार से सिर्फ दो अंक दूर थे लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए सबेस्टियन कोर्डा को हरा दिया जबकि कास्पर रूड ने कैमरन नोरी को हराया। महिला एकल में मेडिसन कीज ने कोको गॉफ को हराकर क्वार्ट फाइनल में प्रवेश किया। वह अगले दौर में ओन्स जेब्युर से भिड़ेंगी जिन्होंने येलेना ओस्टापेंको को शिकस्त दी। शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने सारा सोरिबेस टोर्मो को एकतरफा मुकाबले में हराकर मैड्रिड में पहले खिताब की ओर कदम बढ़ाए। अगले दौर में स्वियातेक की भिड़ंत बीट्रिज हदाद माइया से होगी जिन्होंने मारिया सकारी को हराया।

## भारतीय महिला बैडमिंटन टीम चीन से 5-0 से हारी

चेंगदू, एजेंसी

भारतीय महिला बैडमिंटन टीम को मंगलवार को मेजबान चीन के खिलाफ 5-0 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बावजूद भारत ग्रुप ए से दूसरी सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में थॉमस और उबेर कप 2024 क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहा। मुकाबले में भारत को 15 बार के विजेता चीन से 5-0 से हार मिली।

ईशारानी बरुआ का पहले एकल मैच में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चेन युफेई से सामना हुआ। 33 मिनट तक चले मुकाबले में उन्हें 21-12, 21-10 से हार मिली।



17 वर्षीय राष्ट्रीय चैंपियन अनमोल खरब को हान यू के खिलाफ दूसरे एकल मुकाबले के दौरान अपना टखना मुड़ने की वजह से रिटायर हर्ट होना पड़ा। भारत की युगल राष्ट्रीय चैंपियन प्रिया कोनजेंगबाम और श्रुति मिश्रा को तीसरे मुकाबले में चेन किंग चेन और जिया यी फैन से हार का सामना करना पड़ा और इस तरह चीन ने मुकाबले में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली।

## महिला हॉकी लीग में पहले दिन ओडिशा, महाराष्ट्र को मिली जीत



**रांची।** ओडिशा और महाराष्ट्र ने राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के पहले दिन मंगलवार को हरियाणा और मणिपुर पर जीत दर्ज की। ओडिशा ने हरियाणा को 4-1 से हराया जबकि महाराष्ट्र ने मणिपुर पर 5-1 से जीत दर्ज की। टूर्नामेंट के पहले मैच में हरियाणा के लिए तीसरे मिनट में शशि खासा ने गोल किया। दूसरे हाफ में ओडिशा के लिये रंभा कुजूर ने 33वें मिनट में, सोनाली इक्का ने 38वें और 49वें मिनट में और कप्तान डिपि मोनिका टोप्पो ने 57वें मिनट में गोल दागे। दूसरे मैच में महाराष्ट्र ने 14वें मिनट में तनुश्री कादु के गोल के दम पर बढत बना ली। सानिका माने ने 25वें और 33वें मिनट में गोल किए। मणिपुर के लिये एकमात्र गोल लैशराम रितु देवी ने 51वें मिनट में किया। सानिका माने ने 53वें और 56वें मिनट में दो गोल और करके टीम को जीत दिलाई।



## बॉलीवुड हलचल

### यिम्मी यिम्मी गाने में जैकलीन ने उड़ाए होश

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीस के गाना ''यिम्मी यिम्मी'' यूट्यूब पर 100 मिलियन व्यूज मिल गए हैं। जैकलीन फर्नांडीस इन दिनों अपने वीडियो सॉन्ग ''यिम्मी यिम्मी'' को लेकर सुर्खियों में हैं। इंटरनेट पर हर कोई इस ट्रैक पर झूमता हुआ नजर आ रहा है। यूट्यूब पर यह गाना मैसिव हिट बन गया है। ''यिम्मी यिम्मी'' को अब तक 100 मिलियन से ज्यादा लोग देख चुके हैं। इस वीडियो सॉन्ग को श्रेया घोषाल और फ्रेंच आर एंड बी सिंगर टायक ने अपनी आवाज दी है। जैकलीन फर्नांडीस के फैंस सिर्फ इंडिया में नहीं बल्कि पूरी दुनिया में हैं। ''यिम्मी यिम्मी'' गाना में जैकलीन के डांस स्टेप्स और उनका लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है।





### प्रशांत की फिल्म राक्षस में काम करेंगे रणवीर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह तेलुगु फिल्म हनुमैन के निर्देशक प्रशांत वर्मा की फिल्म राक्षस में काम करते नजर आ सकते हैं। काफी समय से यह खबरें आ रही हैं कि रणवीर सिंह, प्रशांत वर्मा के साथ किसी प्रोजेक्ट में साथ काम करते हुए नजर आ सकते हैं। कहा जा रहा है कि रणवीर सिंह ने फिल्म साइन कर ली है और इस फिल्म का नाम राक्षस होने वाला है। यह फिल्म इंडियन माइथोलॉजिकल होने वाली है, जिसे मैथ्री प्रोड्यूस कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस फिल्म की शूटिंग इस साल के लास्ट में शुरू हो सकती है। राक्षस को आजादी से पहले की पौराणिक पृष्ठभूमि पर आधारित एक पीरियड फिल्म बताया जा रही है।



# पंजाब पर अपना शिकंजा कसना चाहेगी सुपरकिंग्स

चेन्नई, एजेंसी

प्रदर्शन में निरंतरता की कमी से जूझ रही चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम बुधवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो उसकी नजरें खेल के सभी विभागों में एकजुट प्रदर्शन करने पर टिकी होंगी। सुपरकिंग्स के नौ मैच में 10 अंक हैं जो लखनऊ सुपर जाइंट्स, हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के समान हैं और गत चैंपियन टीम निश्चित रूप से जीत के साथ इन टीमों से आगे निकलने की कोशिश करेगी।

चेपक हालांकि सुपरकिंग्स का गढ़ है जहां गेंदबाजों को पिच से मदद मिलती है और मेजबान टीम ने पिछले मैच में सनराइजर्स पर 78 रन की आसान जीत दर्ज की। चेन्नई में उस रात ओस नहीं पड़ी थी और बल्लेबाजों द्वारा 200 से अधिक का स्कोर खड़ा करने के बाद सुपरकिंग्स के गेंदबाजों ने अपनी सटीक और विविधता से भरी गेंदबाजी से सनराइजर्स की मजबूत बल्लेबाजी इकाई को ध्वस्त कर दिया। चेन्नई को पंजाब के खिलाफ यह प्रदर्शन दोहराना होगा और सभी की निगाहें कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर होंगी जो फॉर्म में वापसी कर चुके हैं। वहीं, पंजाब किंग्स का गेंदबाजी आक्रमण कागिसो रबादा, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह और सैम कुरेन जैसे अनुभवी गेंदबाजों की मौजूदगी के बावजूद थोड़ा कमजोर दिखता है। मेहमान टीम को स्पिनरों हरप्रीत बरार और चाहर से भी बेहतर प्रदर्शन की दरकार है क्योंकि इन्होंने अब तक सात विकेट लिए हैं।



● गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स की बढ़ी चिंता जीत का रास्ता ही ले जाएगा आगे

## अमेरिका-मैक्सिको 2027 विश्व कप की मेजबानी की दौड़ से पीछे हटे

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी सॉकर महासंघ और मैक्सिको का महासंघ 2027 महिला फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी के लिए संयुक्त बोली से पीछे हट गए हैं और उन्होंने कहा है कि वे इसके बजाय 2031 टूर्नामेंट की मेजबानी की कोशिश पर ध्यान केंद्रित करेंगे।



अमेरिका और मैक्सिको के इस फैसले के बाद 2027 विश्व कप की मेजबानी की दौड़ में ब्राजील और जर्मनी-नीदरलैंड-बेल्जियम की संयुक्त दावेदारी है। फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा की कांग्रेस बैंकॉक में 17 मई को बैठक के दौरान इन दोनों में से किसी एक दावेदारी का चयन करेगी। अमेरिकी महासंघ ने कहा कि 2031 की बोली में फीफा को पुरुष और महिला विश्व कप में समान रूप से निवेश करने के लिए कहा जाएगा। फीफा ने पिछले साल कहा था कि उसने अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में 2026 पुरुष विश्व कप के लिए पुरस्कार राशि में 89 करोड़ 60 लाख डॉलर खर्च करने की योजना बनाई है। फीफा ने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में पिछले साल के महिला विश्व कप के लिए पुरस्कार राशि के रूप में 11 करोड़ डॉलर दिए थे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।



# साधु की हत्या में दोषी को आजीवन कारावास

## डेरापुर क्षेत्र के खल्ला गांव में आठ साल पहले हुई थी घटना, कुल्हाड़ी से की थी हत्या

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

● न्यायालय ने ग्यारह हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

**अमृत विचार।** डेरापुर क्षेत्र के खल्ला गांव के एक मंदिर में करीब आठ साल पहले अलाव ताप रहे साधु की एक युवक ने खाना न देने से नाराज़ होकर कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी थी। अपर जिला जज प्रथम की अदालत ने आरोपी को आजीवन कारावास दिया।

सहायक शासकीय अधिवक्ता कृष्ण कुमार सिंह व विवेक कुमार त्रिपाठी ने बताया कि डेरापुर क्षेत्र के गांव सनिहापुर निवासी इंद्रपाल सिंह ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि उसके मामा भगवती प्रसाद गांव खल्ला में स्थित मुकुंदपुरी मंदिर में रहते थे। 21 दिसंबर 2016 की रात साढ़े आठ बजे वह अन्य साधुओं के साथ बैठे थे। तभी रतनियापुर निवासी सोनू उर्फ वीर अभिमन्यु हाथ में कुल्हाड़ी लिए मंदिर आकर खाना मांगने लगा। उन लोगों ने उससे कहा कि खाना खत्म हो गया है। इसपर वह भड़क गया और कहा कि खाना नहीं दोगे तो सिर काटकर सेंगुर नदी में बहा देंगे। इसपर बाबा भागौती प्रसाद की सोनू उर्फ वीर अभिमन्यु से कहासुनी होने लगी। तभी अचानक सोनू ने बाबा भगवती प्रसाद के गर्दन पर कुल्हाड़ी मार दी। जिसपर विशंभर डर से गांव की ओर भाग गए। प्रधान व पुलिस के साथ वह लोग मंदिर पहुंचे और शव मंदिर के पीछे खाईं में पड़ा मिला। मामले की सुनवाई अपर जिला जज प्रथम चंद्रशेखर की अदालत में चल रही थी। मंगलवार को दलीलें सुनने के बाद दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही उसपर न्यायालय ने ग्यारह हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

# डकैती के सोलह साल पुराने मामले में कांफ्रेंसिंग से गवाही

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

● मुकदमों के जल्द निस्तारण के लिए पहल, बचाव पक्ष की ओर से जिरह पूरी

**अमृत विचार।** मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के लिए दूर दराज रहने वाले गवाहों की जनपद न्यायालय में वीडियो कांफ्रेंस से गवाही शुरू हो गई है। मंगलवार को रूरा थाना क्षेत्र में डकैती के सोलह साल पुराने एक मामले की सुनवाई के दौरान सहारनपुर से अभियोजन गवाह ने एंटी डकैती कोर्ट में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अपने बयान दर्ज कराए।

विशेष लोक अभियोजक विकास सिंह ने बताया कि रूरा थाना क्षेत्र में वर्ष 2008 में दर्ज डकैती के मामले की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट अमित मालवीय की अदालत में चल रही है। मामले मे अभियोजन गवाह के गैर जनपद तैनाती होने के कारण उसकी गवाही की वजह से मामला लंबित चल रहा था। इसपर अदालत ने गवाह के बयान वीडियो कॉंफ्रेंस के जरिए कराने के निर्देश दिए थे। मंगलवार को अदालत में वीडियो कॉंफ्रेंस के जरिए अभियोजन गवाह सीओ सहारनपुर रविकांत परासर ने सहारनपुर जिला न्यायालय में उपस्थित होकर वहां से वीडियो कॉंफ्रेंस के माध्यम से अदालत में अपने बयान दर्ज कराए। वहीं बचाव पक्ष की ओर से जिरह पूरी की गई।



एएसपी से मिलने जाते अधिवक्ता। अमृत विचार

# वकीलों पर दर्ज मुकदमे खत्म करने की मांग

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

● अधिवक्ताओं के प्रतिनिधि मंडल ने एएसपी से की मुलाकात, रखी अपनी बात

**अमृत विचार।** अधिवक्ताओं के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करने के पूर्व बार संघों से वार्ता कर ली जाए। अन्यथा फर्जी मुकदमे होने से वकील निष्पक्ष और निर्भीक होकर काम नहीं कर पाएंगे। यह बात अधिवक्ताओं ने एएसपी से दो वकीलों के खिलाफ अलग-अलग मुकदमों की निष्पक्ष विवेचना कर उन्हें समाप्त कराए जाने की मांग को लेकर कही।

मंगलवार को एएसपी राजेश पांडेय से मुलाकात करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान, एकीकृत बार एसोसिएशन अध्यक्ष राधेश्याम कटियार व महामंत्री संजय सिंह सिसोदिया ने कहा कि अधिवक्ता दीपक पांडेय व अधिवक्ता यदुराज सिंह यादव के बीच हुए विवाद को एकीकृत बार एसोसिएशन के माध्यम से सुलह वार्ता कर समाप्त करा दिया गया था। बावजूद इसके बीस दिन बाद अकबरपुर थाने में यदुराज सिंह के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है। वहीं अधिवक्ता दीपक पांडेय के खिलाफ कथित घटना के एक माह से अधिक समय के बाद अकबरपुर थाने में मुकदमा पंजीकृत किया गया। जबकि इस संबंध में बार पदाधिकारियों को किसी तरह की जानकारी भी नहीं दी गई। ऐसे में अधिकताओं के खिलाफ दर्ज मुकदमों की निष्पक्ष विवेचना कर कर उन्हें समाप्त कराया जाए। अन्यथा अधिवक्ता आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल में महेश दत्त शुक्ला, रमेश चंद्र पांडेय, उपेंद्र पाल सिंह भदौरिया, शैलेंद्र सिंह , संदीप गुप्ता, नीलू यादव, रवि प्रकाश समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# दंपति से मारपीट व छेड़छाड़ में तीन पर केस दर्ज

**पुखरायां।** भोगनीपुर कस्बा निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि उसके पति के दोस्त अभिषेक द्विवेदी निवासी लवरसी थाना मूसानगर ने उससे कहा था कि अकबरपुर निवासी भूपेंद्र व नवीपुर निवासी गौरव कंपनी में पैसा लगाते है और हर माह अच्छा रिटर्न भी वापस करते हैं। उनकी बातों में आकर उसने अपने जेवर गिरवी रखकर दो लाख रुपये दे दिए। फिर उसने 12 मार्च को उक्त लोगों के बैंक खाते में 99 हजार रुपये, 13 मार्च को 65 हजार रुपये व तीस हजार रुपये डाले। इसके बाद उसने दो बार में 1.17 लाख रुपये समेत कुमार पांच लाख ग्यारह हजार रुपये खाते में डाले गए। एक माह बीत जाने के बाद उसने अभिषेक द्विवेदी को फोन किया गया तो उसने नवीपुर आकर रुपये ले जाने की बात कही। वह अपने पति के साथ नवीपुर गई तो वहां पर अभिषेक और गौरव मिले। रुपये मांगने पर दोनों गालीगलौज करते हुए उससे व पति से मारपीट करने लगे। आरोप है कि उक्त तीनों पर उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

## एक नजर

### देवर-भाभी में हुई मारपीट

**रूरा।** घरेलू बंटवारे के चलते देवर व भाभी में मारपीट हो गई। चिचौली निवासी सविता देवी ने बताया कि घर में बंटवारे की बात चल रही थी। जिसको लेकर देवर सुबोध गालीगलौज करने लगा। विरोध करने पर सुबोध ने उससे मारपीट की और उसका सिर फट गया।

### बाइकों की भिड़ंत में दो घायल

**मंगलपुर।** बाइकों की भिड़ंत में दो लोग घायल हो गए। मंगलपुर थाना क्षेत्र के मंगलपुर-डेरापुर मार्ग पर जनका देवी महाविद्यालय के समीप मंगलवार को दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक सवार रतनियापुर निवासी देवेश व रविंद्र घायल हो गए। उन्हें राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से हवासपुर सीएचसी भेजा। जहां चिकित्सक ने दोनों घायलों को उपचार के बाद जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया।

### मारपीट में सगे भाई घायल

**रूरा।** थाना क्षेत्र के सुमेरपुर गांव में दो भाइयों में पुरानी खुन्नस के चलते मारपीट हो गई। पीड़ित विकास ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि सोमवार की सुबह पिता घर का कामकाज कर रहे थे। तभी उसके चाचा रावेंद्र सिंह ने खुन्नस के चलते गालीगलौज शुरू कर दी। विरोध करने में मारपीट कर दी। जिसमे पिता का सिर फट गया। वहीं दूसरे पक्ष के रोहित ने बताया मारपीट के दौरान उसके पिता रावेंद्र भी घायल हो गए हैं।

### सुलभ शौचालय के केयर टेकर करेंगे साफ-सफाई

**मंगलपुर।** संदलपुर ब्लॉक के 118 बूथों की साफ-सफाई रखने की जिम्मेदारी सुलभ शौचालय के केयर टेकरों को सौंपी गई है। लोकसभा इटावा के लिए 13 मई को होने वाले मतदान में ब्लाक संदलपुर के गांवों में तैनात सफाई कर्मियों की चुनाव ड्यूटी लग जाने से इस बार ब्लाक के बूथों की साफ-सफाई रखने की जिम्मेदारी सुलभ शौचालयों में तैनात केयर टेकरों को सौंपी गई है। एडीओ पंचायत संदलपुर अश्वनी ने बताया कि ब्लाक के सफाई कर्मियों की चुनाव में ड्यूटी लगी है।

# डयूटी में लगे कर्मी पोस्टल बैलेट से कर सकेंगे मतदान

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

● अकबरपुर डिग्री कॉलेज में 4 5, 6 व 10 मई को होगा मतदान

**अमृत विचार।** निर्वाचन डयूटी में लगे सरकारी कर्मचारी पोस्टल बैलेट से 4 मई से मतदान करेंगे।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में प्रभागीय वनाधिकारी/प्रभारी अधिकारी पोस्टल बैलट पेपर एके द्विवेदी ने बताया कि निर्वाचन ड्यूटी में सभी कार्मिकों को सुविधा केंद्र पर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की गई है। जनपद के ऐसे कार्मिकों के लिए द्वितीय प्रशिक्षण 4, 5 व 6 मई (चतुर्थ चरण के लिए लोकसभा इटावा, कन्नौज व अकबरपुर) को एवं 10 मई (पंचम चरण के लिए लोकसभा जालौन) को पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा प्रदान करने के लिए अकबरपुर डिग्री कॉलेज में सुविधा केंद्र स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पोस्टल वैलेट के माध्यम से मतदान को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए डीपीआरओ विकास पटेल व को सहायक प्रभारी पोस्टल बैलेट पेपर (फार्म-13ए सत्यापन के लिए), क्षेत्रीय वनाधिकारी भोगनीपुर स्वामीदीन को सहायक प्रभारी पोस्टल बैलेट पेपर बनाया गया है।

# युवक ने घर में फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता रूरा, कानपुर देहात

● पुलिस ने की छानबीन और फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गेंदामऊ निवासी एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए।

गेंदामऊ निवासी शिव भजन कश्यप (23) ने सोमवार की रात अपने घर के कमरे में धन्नी में साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। मृतक शिव भजन अपने पिता की मौत के बाद गांव में मां के साथ रहता था। जबकि उसके दो भाई नबीपुर में रहते हैं। मृतक की मां राजकुमारी ने बताया कि शिव भजन सोमवार की शाम खेतों से घर आकर खाना खाकर लेटने की बात कहकर कमरे चला गया था। जब वह किसी काम से कमरे के अंदर गई तो उसे फंदे पर लटकते देखकर शोर मचाया। जिसपर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे फंदे से उतारा, लेकिन तब तक शिव भजन की मौत हो चुकी थी। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य संकलित कराए। दरोगा जसवीर सिंह ने बताया कि शव का पंचायतनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट व तहरीर के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।



शिव भजन।

### दिल्ली-हावड़ा रेल ट्रैक पर मिला अज्ञात युवक का शव

**रूरा।** थाना क्षेत्र के मैथा स्टेशन के पास एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। मंगलवार को दिल्ली-हावड़ा रेल लाइन के मैथा व रूरा स्टेशन के बीच रोशनमऊ हाल्ट पर एक अज्ञात युवक का शव पड़े होने की सूचना स्टेशन मास्टर मैथा को मिली। उन्होंने मेमो भेजकर सूचना थाना रूरा पुलिस को दी। मौके पहुंचे दरोगा देवेंद्र सिंह ने मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए, लेकिन उसके पास पहचान की कोई वस्तु नहीं मिली। दरोगा ने बताया कि आसपास गांव के लोगों से मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। शव को मोर्च्युरी में रखवा दिया गया है।

## सार-संक्षेप



सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को विदाई देते एएसपी राजेश पांडेय। अमृत विचार

### सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को दी गई विदाई

**कानपुर देहात।** पुलिस विभाग से अधिवर्षता आयु पूरी कर व ऐच्छिक सेवानिवृत्त हुए पुलिस कर्मियों को विदाई दी गई। सोमवार को जनपद में तैनात उपनिरीक्षक रेडियो अवधेश बाबू श्रीवास्तव, लीडिंग फायरमैन राजेंद्र सिंह व दफ्तरी अमर सिंह के सेवानिवृत्त होने पर पुलिस लाइन सभागार कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडेय ने पुष्प-माला, प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्र व उपहार भेंट कर अच्छे स्वास्थ व खुशहाल जीवन की शुभकामनाएं दी।



वैक्सीनेशन कराते हज जाने वाले यात्री। अमृत विचार

### हज यात्रियों को प्रशिक्षण देकर किया वैक्सीनेशन

**पुखरायां।** हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के प्रशिक्षण व टीकाकरण का आयोजन किया गया। भोगनीपुर तहसील क्षेत्र से इस वर्ष भी कई लोग हज यात्रा पर जाएंगे। मंगलवार को भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के अमरौधा कस्बा स्थित अंजुमन मदरसा जीन्नतुल इस्लाम में सभी हाजियों का प्रशिक्षण शुरू हुआ। इस दौरान ट्रेनर हाफ़िज़ अनवर शाहिद हज ने प्रशिक्षण दिया। मदरसा प्रधानाचार्य शमसुल हक़ ने हज के मसायल, तरीक़ा, टीकाकरण के फायदे बताए। इस दौरान डीआईओ आशीष बाजपेई, एमओआईसी डॉक्टर अमित निरंजन, बीपीएम अराधना सक्सेना, बीसीपीएम नेहा वर्मा, गीता गुप्ता, राम सखी, रुखसाना परवीन, वीरेंद्र कुमार, सीएचओ केशव शर्मा की टीम ने उपस्थित हज यात्रियों का वैक्सीनेशन करते हुए हेल्थ सार्टिफिकेट जारी किया।



वार्ड में फॉगिंग करते नगर पंचायत कर्मी। अमृत विचार

### रनियां नगर पंचायत के तीन वार्डों में हुई फॉगिंग

**रनियां।** गर्मी के मौसम में संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए नगर पंचायत के कई मोहल्लों में फागिंग की गई। साथ ही लोगों को खुले में गंदगी न फैलाने की नसीहत भी दी गई। जनपद में लगातार बढ़ते तापमान व गर्मी के चलते मच्छरों का प्रकोप रोकने के लिए नगर पंचायत रनियां की ओर से वार्ड नंबर 13 शिवपुर, वार्ड नंबर सात सुंदरनगर व वार्ड नंबर दो आंबेडकर नगर में फागिंग कराई गई। कर्मचारियों ने लोगों को खुले में कूड़ा-कचरा डालने के बजाय कूड़ादान में ही डालने के लिए कहा। ताकि मच्छर न पनप सकें और संक्रामक बीमारियों को फैलने से रोका जा सके। फॉगिंग होने पर लोगों ने नगर पंचायत अध्यक्ष बिटान दिवाकर व ईओ शालिनी त्रिपाठी को धन्यवाद दिया। इस मौके पर सुपरवाइजर अंकित गुप्ता, अंकित शुक्ला समेत अन्य कर्मी मौजूद रहे।

### बेसिक स्कूलों में टाइम टेबल लागू किया गया

**कानपुर देहात।** निजी स्कूलों की तरह अब परिषदीय विद्यालयों में भी शिक्षण कार्य कराया जाएगा। परिषदीय विद्यालयों में अब प्रत्येक 40 मिनट की एक विषय की कक्षा (पीरियड) होगी। साथ ही 30 मिनट का लंच होगा। यह समय सारिणी सभी परिषदीय विद्यालयों में लागू कर दी गई है। विद्यालयों में आठ विषयों की कक्षाएं होंगी। इसके लिए सभी स्कूलों में नियमानुसार पढ़ाई करने के निर्देश दिए गए हैं। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से परिषदीय विद्यालयों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए नए-नए प्रयास किए जा रहे हैं।

जिले में 1925 परिषदीय विद्यालय हैं और उनमें सवा लाख से अधिक बच्चे पंजीकृत हैं। समय में बांटकर सभी विषयों की रोजाना पढ़ाई होगी। इसके लिए समय तय कर दिया गया है। प्रत्येक कक्षा में विषय की पढ़ाई 40 मिनट की होगी। शुरुआत में जब नौनिहाल विद्यालय पहुंचेगे तो 15 मिनट में प्रार्थना सभा होगी। प्रधानाध्यापक को पूरे सप्ताह की समय सारिणी बनानी होगी। यह समय सारिणी सभी विद्यालयों में तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# शिक्षकों के सालों से नहीं हुए तबादले

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

● पिछले साल आदेश आने के बावजूद नहीं किया ट्रांसफर

**अमृत विचार।** परिषदीय शिक्षकों का न तो जिले के अंदर ओपन तबादला हो सका और न ही अंतर्जनपदीय पारस्परिक तबादले की ही कार्यवाही पूरी हो सकी है। 27 जुलाई 2022 को जिले के अंदर स्थानांतरण और समायोजन की नीति जारी हुई थी, लेकिन दो सत्र बीतने के बाद भी कुछ नहीं हो सका।

जिले के अंदर परिषदीय शिक्षकों के खुले स्थानांतरण 2017 के बाद से नहीं हुए हैं। जबकि इस दौरान जिले के अंदर पारस्परिक एवं अंतर्जनपदीय स्थानांतरण तीन बार हो चुके हैं। चूंकि शिक्षक का पद जिला कैडर का है। इसलिए जिले के अंदर स्थानांतरण में पहले से सेवारत वरिष्ठ शिक्षकों को वरीयता दी जानी चाहिए थी। हालांकि 2017 से अब तक तीन बार हुए अंतर्जनपदीय स्थानांतरण के चलते दूसरे जिलों से आए शिक्षक-शिक्षिकाओं को जिला मुख्यालय के अपेक्षाकृत करीब तैनाती नियमावली 2010 के विपरीत विद्यालय आवंटित कर दिए गए हैं। जबकि उसी जनपद में पांच साल की सेवा पूरी कर चुके शिक्षक-शिक्षिकाओं को खुले स्थानांतरण से वंचित रखा गया है। इसके चलते सैकड़ों वरिष्ठ शिक्षक-शिक्षिकाएं जिला मुख्यालय से 30 से 40 किमी दूर के स्कूल में सेवा देने के लिए विवश हैं। वहीं दूसरी ओर हाईकोर्ट से शिक्षकों के पक्ष में निर्णय होने के बावजूद पारस्परिक तबादला भी नहीं हो सका है। बेसिक शिक्षा परिषद के उपसचिव राजेंद्र सिंह की ओर से 20 अप्रैल को एक शिक्षक को भेजे पत्र में लिखा गया है कि ट्रांसफर के लिए सॉफ्टवेयर अपडेट किया जा रहा है। ऐसे में शिक्षकों में यह भी आशंका है कि सत्र बीतने के कारण तबादला होगा भी या नहीं, क्योंकि तबादला नीति पिछले सत्र के लिए ही थी। इस बावत बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार अंतरजनपदीय स्थानांतरण समेत अन्य प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी।

### जिले के अंदर पारस्परिक तबादले की मांगी सूचना

- बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी ने जिले के अंदर पारस्परिक तबादले की सूचना मांगी है। बेसिक शिक्षा अधिकारी को 25 अप्रैल को भेजे पत्र में लिखा है कि 24 जनवरी को अंतर्जनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण के फलस्वरूप ऐसे शिक्षक-शिक्षिकाएं जो कार्यमुक्त नहीं होना चाहते हैं। उनसे प्रत्यावेदन/स्पष्टीकरण प्राप्त कर विवरण उपलब्ध कराएं।

# पति की मौत पर कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता पुखरायां, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के मुरीदपुर गांव निवासी राममूर्ति ने भोगनीपुर कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 23 अप्रैल को उसके पति छोटेलाल बारात में शामिल होने जनपद हमीरपुर के कुरारा गए हुए थे। वहां से वापस आते समय जरैलापुर गांव के समीप कार चालक ने खंभे में टक्कर मारते हुए गाड़ी को खड्ड में पलटा दिया। जिसमे उसके पति भी घायल हो गए। लोगों ने उन्हें सीएचसी पुखरायां में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने तहरीर पर कार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्जकर तलाश शुरू की है।

### बाइक में टक्कर मारने पर लोडर चालक पर केस दर्ज

- **पुखरायां।** गदाईखेड़ा गांव निवासी एक व्यक्ति ने लोडर चालक के विरुद्ध मार्ग दुर्घटना का मामला दर्ज कराया है। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के गदाईखेड़ा गांव निवासी जितेंद्र ने भोगनीपुर कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि बीती 28 अप्रैल को उसका भतीजा अभिषेक अपनी भाभी राखी को बाइक से लेकर पुखरायां इलाज कराने ला रहा था। तभी हरदुआ ब्रिज के समीप लोडर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों घायल हो गए थे। लोगों ने एंबुलेंस सीएचसी पुखरायां में भर्ती कराया था। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। पुलिस ने लोडर चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू की है।

**सियासत** रसूलाबाद में हुआ सपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन, वक्ताओं ने सरकार पर साधा निशाना

# कन्नौज क्षेत्र में हुए विकास कार्य सपा शासनकाल के : बेरिया

संवाददाता रसूलाबाद कानपुर देहात

**अमृत विचार।** इस बार का लोकसभा चुनाव काम के नाम पर हो रहा है। कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में जो भी विकास हुए, वह सपा सरकार और डिंपल यादव के सांसद रहने के समय ही हुए। यह बात पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवकुमार बेरिया ने कही।

मंगलवार को रसूलाबाद कस्बे के बेला मार्ग पर स्थित एक मैरिज हॉल में सपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान बसपा के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अकील अहमद पट्टा व भाजपा नेता विजय मिश्रा अपने समर्थकों के साथ सपा में शामिल हुए। वहीं पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवकुमार बेरिया ने कहा कि कार्यकर्ता अपने बूथों को मजबूत करें। जब बूथ मजबूत करेंगे तो विधानसभा मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि सपा के पास तो उपलब्धियां हैं। बस कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाना है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गरीबों के बच्चों तक लैपटॉप पहुंचाए हैं, जो बिना किसी भेदभाव के दिए गए। रसूलाबाद नगर के लोगों के लिए अलग बिजली घर, वीवीआईपी गेस्ट हॉउस, नदियों में सात पुलों का निर्माण, सड़कों का चौड़ीकरण, डिवाइडर युक्त सड़कें सहित कई विकास समाजवादी सरकार में हुए है। ब्लॉक प्रमुख सुरेश यादव ने कहा कि सम्मेलन में कार्यकर्ताओं के प्रस्ताव लिए गए और मजबूत रणनीति के साथ आगे बढ़ रहे हैं। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष अरुण यादव बबलू, कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेश कटियार, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेश यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद यादव, दिलीप सिंह कल्लू यादव, समरथ पाल, पुष्पेंद्र यादव, हाजी फैजान खान, अतहर खान भुटटो, पूर्व प्रत्याशी नीरज सिंह गौर, आलोक रत्न यादव, राजू सिंह गौर, नीलम कठेरिया, गुड्डू यादव, आलोक बाजपेयी, ओपी कठेरिया, नीता सचान, अतहर खान भुट्टो, यदुनाथ संखवार, निर्देश यादव, रवि त्रिपाठी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



सम्मेलन में संबोधित करते पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवकुमार बेरिया। अमृत विचार



संगोष्ठी के दौरान मौजूद भाजपा नेता। अमृत विचार

### मतदाता जागरूकता संगोष्ठी का किया आयोजन

**राजपुर।** भारतीय जनता पार्टी लोकसभा इटावा व विधानसभा सिकंदरा की कस्बा राजपुर के एक गेस्टहाउस में मतदाता जागरुकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मंगलवार को आयोजित संगोष्ठी में राष्ट्रीय पंचायतीराज प्रधान संगठन के प्रदेश महासचिव दिनेश मिश्रा ने भारतीय जनता पार्टी के पिछले कार्यकाल में कराए गए विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए शत-प्रतिशत मतदान किए जाने को लेकर आम जनमानस के बीच विचार विमर्श किया। इस दौरान राष्ट्रीय पंचायती राज प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष बब्बन दीक्षित, व्यापार मंडल अध्यक्ष अवध विश्नोई, महामंत्री जमाल अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष रामवली सिंह, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, सरोवर सिंह, मान सिंह, कपिल देव सिंह, अनु सिंह, बब्लू चौहान, मनीष द्विवेदी, आशू द्विवेदी, मोहित मिश्रा, मदन तिवारी, कमलेश शुक्ला, लखन शुक्ला, राम मनोहर सिंह, राजेश पाल, दयाशंकर कटियार आदि मौजूद रहे।

# डॉक्टर पर गर्भवती का गलत उपचार करने का आरोप

**कानपुर देहात।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के भज्जापुरवा गांव निवासी दिनेश कुमार ने शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया कि उसकी एक माह की गर्भवती पत्नी चंदा देवी को बुखार आने पर बीती 29 मार्च को देवीपुर स्थित एक क्लीनिक में दिखाया। जहां महिला डॉक्टर ने 25 हजार रुपये जमा कराकर इलाज शुरू किया। लेकिन उसकी हालत और बिगड़ने लगी। आरोप है कि पत्नी की हालत नाजुक होने पर महिला डॉक्टर ने अकबरपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया और 35 हजार रुपये भी जमा कर दिए। हालत बिगड़ने पर जब पत्नी को कानपुर रेफर करने के लिए कहा तो अस्पताल संचालक व डॉक्टर ने जबरन भर्ती रखा। साथ ही 90 हजार रुपये की मांग करने लगे। पीड़ित ने महिला डॉक्टर व निजी अस्पताल के चिकित्सकों पर गलत उपचार का आरोप लगाया है। सीएमओ ने पीड़ित को मामले में जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# मेट्रो वालों ने सीओडी नाला पाटा धोबिन पुलिया में पानी रोक दिया

## निर्माण कार्य और मलबा डालने की वजह से नाले की चौड़ाई रह गई आधी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मेट्रो की ठेकेदार कंपनी ने निर्माण कार्य के दौरान सीओडी नाले के काफी हिस्से को पाट दिया है। यही नहीं, घोबिन पुलिया की दो आर्च में एक को बंद कर दिया है। इससे नाले के पानी का बहाव प्रभावित हो गया है। निर्माण सामग्री नाले में डालने की वजह से नाले की चौड़ाई आधी हो गई है। जिससे गंदा पानी अब बैक फ्लो होने लगा है।

नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार अगर जल्द ही समस्या को दूर नहीं किया गया तो दक्षिण क्षेत्र के 100 से अधिक मोहल्लों में जलभराव होगा। नगर निगम इसकी वजह से नाला सफाई कार्य भी नहीं कर पा रहा है।

नगर निगम जोन-2 के अधिशासी अभियंता भास्कर दिवाकर ने यूपीएमआरसी के उप परियोजना प्रबंधक को नोटिस देते हुये कहा है कि मेट्रो के निर्माण कार्य की वजह से कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग में नौबस्ता धोबिन पुलिया से आवास विकास पुलिस की ओर सीओडी नाले की चोड़ाई आधी कर दी गई है। मेट्रो यार्ड के सामने नाले की लगभग 30 मीटर भाग में 1200 एमएम व्यास के चार पाइप डाले गये थे। जिसमें से दो पाइप भी मलबा डालने की वजह से पूरी तरह से बंद हो गये हैं। तत्काल बंधा और मलबा हटवाएं ताकि नाले का बहाव सामान्य हो सके।


मेट्रो के निर्माण कार्य की वजह से नाले की चौड़ाई आधी रह गई है। अमृत विचार

- बरसात में सैकड़ों मोहल्लों में भरेगा पानी, नाला सफाई में भी बाधा आएगी

### दक्षिण के 100 मोहल्ले बनेंगे तालाब

- सीओडी नाले से बाबूपुरवा, मुंशीपुरवा, बेगमपुरवा, ट्रांसपोर्टनगर, आनंदपुरी, किदवईनगर, जूही, बारादेवी, लाल कॉलोनी, साकेतनगर, नौबस्ता, यशोदानगर, गोपालनगर, पशुपतिनगर, मछरिया, हंसपुरम, संजय गांधीनगर सहित सौ से ज्यादा मोहल्लों का गंदा पानी बिनगवां सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) में जाता है। मेट्रो यार्ड के पास सीओडी नाले में मलबा पड़ा है। पानी के बहाव में रोक की वजह से हंसपुरम, बिनगवां, खाड़ेपुर, नौबस्ता पूर्वी, नौबस्ता पश्चिमी, पशुपतिनगर वार्ड के कई मोहल्लों में सड़कों से लेकर घरों तक में गंदा पानी भरने की आशंका है।

## भाई की साली से नहीं हुई शादी तो लगाई फांसी

**असोथर।** बड़े भाई की साली से शादी न होने के चलते आहत एक युवक ने फांसी के फंदे से लटककर जान दे दी। घटना की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मचा रहा। वहीं परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना क्षेत्र के सराय खालिस गांव निवास कृष्ण कुमार का पुत्र अजय कुमार सक्सेना शराब पीने का आदी था। पांच साल पहले अजय की गर्भवती पत्नी ट्रैक्टर ट्राली से गिरकर घायल हो गई थी और इलाज दौरान मौत हो गई थी। पत्नी के मौत के बाद से अजय माता पिता के साथ रहता था। मृतक अजय का बड़े भाई राजेश की साली से प्रेम प्रसंग चल रहा था और शादी करने की जिद करता था। बड़े भाई ने शराबी होने के कारण शादी करने से मना कर दिया तो सोमवार की शाम को घर के अंदर कमरे में कुंडी पर फांसी के फंदे से लटक कर जान दे दी। जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा। परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


कानपुर वायु सेना स्टेशन का निरीक्षण करते एयर मार्शल विभास पांडे। अमृत विचार

# एयर मार्शल ने जारी किया एयरो इंजन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एयर मार्शल ने किया कानपुर वायु सेना स्टेशन का दौरा
- साइबर युद्ध के बदलते स्वरूप के लिए तैयार रहने की सीख

**अमृत विचार।** एयर मार्शल विभास पांडे ने कानपुर वायु सेना स्टेशन का दौरा किया और 2500वां वाइपर एयरो इंजन भी जारी किया। उन्होंने वायु सेना के जवानों को युद्ध व साइबर युद्ध के बदलते स्वरूप के लिए तैयार रहने को कहा।

वायु सेना स्टेशन कानपुर के दो दिवसीय प्रवास के दौरान पीवीएसएम एवीएसएम वीएसएम, एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ अनुरक्षण कमान एयर मार्शल विभास पांडे व वायु सेना परिवार कल्याण संघ की अध्यक्ष रुचिरा पांडे का स्वागत हुआ। एयर कमोडोर एमके प्रवीण वीएम एयर ऑफिसर कमांडिंग, एयर फोर्स स्टेशन कानपुर और मेघा प्रवीण, अध्यक्ष एयर फोर्स फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन ने उनका स्वागत किया।

एयर मार्शल ने किरण एमके I/IA विमान का 2500वां वाइपर एयरो इंजन भी जारी किया। बताया गया कि यह भारतीय वायु सेना के लड़ाकू पायलट प्रशिक्षण की रीढ़ रहा है। उन्होंने अन्य इकाइयों का भी दौरा किया और एएन-32 विमान के पेंटिंग हैंगर को रिकमीशन किया। एयर मार्शल ने हवाई योद्धाओं को संबोधित किया और सभी को सैन्य प्रौद्योगिकियों और युद्ध लड़ने की क्षमताओं में प्रगति के लिए तैयार रहने और साइबर युद्ध की बदलती स्थिति के लिए तैयार रहने की आवश्यकता दोहराई। उन्होंने एयरमेन मेस में मनोरंजन कक्ष की शुरुआत भी की। वे वायु सेना परिवार कल्याण संघ की ओर से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

# जोड़े ने शराब के नशे में मचाया उत्पात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शास्त्री चौक के पास मार्निंग वॉकरों से की अभद्रता
- फोटो सोशल मीडिया पर वायरल, जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार।** मंगलवार तड़के नशे में धुत एक प्रेमी जोड़े ने शास्त्री चौक के पास हंगामा कर दिया। मॉर्निंग वॉक को निकले लोगों के साथ अभद्रता की। आसपास के लोगों ने आरोपियों की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। जिस पर जनता नगर चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे, हालांकि तब तक आरोपी मौके से फरार हो गए।

मंगलवार सुबह शास्त्री चौक चौराहे से रफाका नाले वाली रोड पर क्षेत्रीय लोग मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। तभी चौराहे से एक तेज रफ्तार बाइक पर एक युवक युवती आए और अनियंत्रित होकर नाले में गिर गए।

मॉर्निंग वॉकरों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया तो युवक-युवती ने लोगों से अभद्रता शुरू कर दी, जिस पर लोगों ने विरोध किया तो युवती गाली गलौज करने लगी।

इसके बाद लोगों ने आरोपियों की फोटो खींच कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। जनता नगर चौकी प्रभारी कमलदीप सिंह मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी मौके से फरार हो गए। पूछताछ के दौरान महिलाओं ने बताया कि युवक-युवती नशे में धुत थे। बर्रा थाना प्रभारी टीबी सिंह ने बताया कि बाइक नंबर के आधार पर शिनाख्त की जा रही है।

# जुर्माना जमा कर तीन बंदी रिहा कराए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** श्रमिक दिवस की पूर्व संध्या पर जुर्माने की सजा काट रहे तीन बंदियों को जुर्माना जमाकर स्वयंसेवी संस्था ने रिहा कराया। बंदियों को स्वयंसेवी संस्था अपराध मुक्त सामाजिक चिकित्सा समिति ने रिहा करवाया।

जेल अधीक्षक डॉ बी डी पांडेय ने बताया कि बंदी शिवम निवासी महमदपुर, घाटमपुर को 02 वर्ष 02 माह का कारावास एवं अर्थदंड 500 रुपये की सजा थी। इसी तरह सर्वजीत सिंह निवासी बर्रा आठ को एक वर्ष का कारावास व 500 रुपये जुर्माना भरना था। तीसरे बंदी अमन उर्फ अर्सलान निवासी अंगूठी वाला चौराहा थाना ग्वालटोली को कारागार में बिताई गई अवधि का कारावास और अर्थदंड का चार हजार रुपये जमा कराना था। जेल अधीक्षक ने बताया कि तीनों ने अपनी मूल सजा पूरी कर ली थी तथा जुर्माने के बदले की सजा व्यतीत कर रहे थे। स्वयंसेवी संस्था ने अर्थदंड की धनराशि जमा की। इस अवसर पर स्वयंसेवी संस्था के चेयरमेन आशुतोष बाजपेई, महासचिव योगेश बाजपेई, अंकुश अग्रवाल तथा जेलर राजेश कुमार, डिप्टी जेलर राजेश कुमार मौर्य उपस्थित रहे।


जेल से रिहा होते बंदी व मौजूद जेल अधीक्षक डॉ बीडी पांडेय व समिति के लोग।

## व्यापारी से हड़पे 6.50 लाख रिपोर्ट दर्ज

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के ललौली रोड के रहने वाले गोविंद बाबू ने टाटा सदर कोतवाली में हरिहरगंज निवासी अखिलेश गुप्ता के खिलाफ छह लाख 50 हजार की धोखाधड़ी व गबन का मुकदमा दर्ज कराया है।

गोविंद बाबू ने आरोप लगाया है कि अखिलेश से धान व चावल का व्यापार 2019 से 2021 के बीच में किया था। फर्म का अखिलेश गुप्ता पर छह लाख 50 हजार रुपये बकाया है। कई बार हिसाब के बाद भी रुपये देने को अखिलेश टरकाता आ रहा है। उसका एक साल से फोन भी नहीं उठा रहा है। उसकी हरिहरगंज में 20 अप्रैल को अखिलेश गुप्ता से मुलाकात हुई। रुपये मांगने पर मना कर दिया। कोतवाल राजेंद्र सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

# गला दबाकर की गई थी पूजा की हत्या

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** कानपुर देहात अमराहट थाना क्षेत्र के अमराहट डेरा में सड़क किनारे बोरी में बंद मिले पूजा के शव का सोमवार को पोस्टमार्टम हुआ। इसमें गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई। वहीं चेहरे व गाल पर एक-एक चोट के निशान भी मिले। बिसरा भी सुरक्षित किया गया है। परिजनों ने सोमवार देर शाम को शव का औरैया स्थित शेरगढ़ घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया।

औरैया के पढ़ीन दरवाजा निवासी शांति देवी ने अमराहट थाने में सोमवार सुबह रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। जिसमें बताया था कि चार साल पहले उसकी छोटी बेटी पूजा बाथम ने पड़ोस में रहने वाले राहुल बाल्मीकि के साथ आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली थी। शादी के कुछ समय बाद पूजा घर आने-जाने लगी थी। उसकी दो बेटी परी (2 वर्ष) व काव्या (छह माह) की हैं। बेटियां होने पर राहुल, उसके पिता वीरेंद्र बाल्मीकि, सास शीला व देवर बादल दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगे। दहेज न मिलने पर हत्या करने की धमकी देते थे। राहुल उसे जनैतपुर स्थित किराए के मकान में रखता था।

शनिवार को दहेज की मांग को लेकर ससुरालीजनों ने उसके साथ मारपीट की थी। इसपर पूजा ने अपनी बहन आरती को फोन कर उसकी हत्या किए जाने की साजिश के बारे में बताया था। रविवार पड़ोसी ने पूजा का शव अमराहट डेरा में मिलने की जानकारी देकर फोटो दिखाई।

### हत्या की आशंका पर वकील से मिली थी पूजा

- पूजा की भाभी आरती देवी, भाई अमित व रोहित ने बताया कि बहन को उसके ससुरालीजन दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। 15 दिन पहले ससुरालीजनों द्वारा हत्या की साजिश की जानकारी पर शनिवार को ससुरालीजनों के खिलाफ कार्रवाई करवाने के लिए एक वकील से मिली थी। उसने शिकायती पत्र भी लिखवाया था। जिसे सोमवार को वह औरैया पुलिस को देने वाली थी। यह बातें पूजा ने बहन आरती को शनिवार शाम को ही बताया था। शिकायत करने से पहले ही ससुरालीजनों ने उसकी हत्या कर दी।

## लावारिस मिली बाइक पुलिस के सुपुर्द की

**असोथर।** असोथर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत से निकली निचली रामगंगा नहर के पटरी पर खड़ी अज्ञात मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में लेकर थाने ले गई थी। पुलिस ने सभी जिले के थानों में जांच पड़ताल शुरू किया। पुलिस को खागा कोतवाली में एक बाइक की गुमशुदगी दर्ज की जानकारी मिली। पुलिस ने उस गुमशुदगी में लिखे फोन नंबर पर बात की।

थाना क्षेत्र में सोमवार की शाम करीब चार बजे थाने के पीछे से निकली निचली गंगा नहर के पटरी पर एक लावारिस बाइक खड़ी थ। जिसे पुलिस ने कब्जे में लिया था। जांच में सामने आया कि खागा कोतवाली में 28 अप्रैल को बाइक की गुमशुदगी दर्ज हुई थी। पीड़ित सुनील कुमार निवासी चक इटैली थाना हथगाम है।

# तीन वर्षीय बच्ची से छेड़छाड़ में सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पॉक्सो एक्ट कोर्ट ने सुनाया फैसला, 10 हजार जुर्माना
- सबूतों के अभाव में सात आरोपी दोषमुक्त करार

**अमृत विचार।** तीन साल की बच्ची के साथ टॉफी का लालच देकर छेड़छाड़ करने वाले युवक को अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की कोर्ट ने दोषी करार देते हुए पांच साल की सजा सुनाई। वर्ष 2015 में बच्ची के पिता ने रायपुरवा थाने में युवक व उसके सात भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सबूतों के अभाव में कोर्ट ने बाकी सात आरोपियों को दोषमुक्त करार दिया।

रायपुरवा थानाक्षेत्र निवासी पीड़ित ने बताया था कि 27 अप्रैल को बच्ची ने बताया कि पड़ोस में रहने वाला इंटू नागर उसे टॉफी खिलाने के बहाने घर ले गया था। जहां उसके साथ छेड़छाड़ की। रोने पर टॉफी देकर घर भेज दिया। पीड़ित ने इंटू से शिकायत की तो उसके भाई अजय कुमार, दीपक नागर, राजा नागर, अर्जुन, अजीत, रंजीत, विशाल ने गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित ने पांच मई को आरोपियों के खिलाफ रायपुरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट योगेश कुमार की कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। विशेष लोक अभियोजक भावना गुप्ता ने बताया कि कोर्ट ने इंटू को दोषी करार दिया।

# रोजगार मेले में पहुंचे अभ्यर्थी

संवाददाता राजपुर

**अमृत विचार।** मंगलवार को कस्बे के श्री रामप्रकाश पोरवाल महाविद्यालय में महाविद्यालय की प्लेसमेंटसेल द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पोरवाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के चेयरमैन डॉ. अनिल कुमार पोरवाल, डायरेक्टर डॉक्टर आशीष पोरवाल व सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड कंपनी के डॉक्टर शमीम हाशमी ने किया।

रोजगार मेला में इंटरमीडिएट, स्नातक उत्तीर्ण व आईटीआई डिप्लोमा धारी दो सौ छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सौ छात्र छात्राओं के फार्म भरे गए। स्क्रीनिंग के बाद 31 अभ्यर्थी इंटरव्यू के लिए चयनित किए गए। चयनित अभ्यर्थियों की एक वर्ष की ट्रेनिंग के दौरान 17500 रुपये मासिक वेतन कंपनी की ओर से दिया जाएगा। इसमें पीएफ व मेडिकल सुविधाएं दी जाएगी। चेयरमैन डॉक्टर अनिल कुमार पोरवाल ने बताया कि महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल में सुजलॉन कंपनी द्वारा छात्र-छात्राओं को रोजगार मिल रहा है।

आने वाले समय में महाविद्यालय प्लेसमेंट में लगभग दस नेशनल व इंटरनेशन कंपनियां छात्रों को विभिन्न पदों पर रोजगार उपलब्ध कराएंगी। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार द्विवेदी, मो. मारुफ, बीएड एवं बीटीसी प्रभारी डॉ. विनय पाल, प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. अंबर कुमार, डॉक्टर आशीष तिवारी, डॉ. संजीव दीक्षित, डॉक्टर केके पाल, डॉ. असलम खां, डॉक्टर अतुल दुबे, संजय पाल, हिमांशू शुक्ला, अलका पोरवाल, कंचन शर्मा, निर्मल यादव, सुनील कुमार, राजेश यादव, संतोष सिंह आदि मौजूद रहे।


रोजगार मेले में चयनित अभ्यर्थी। अमृत विचार

तैयारी | स्वास्थ्य विभाग ने दो दिन में 594 हज यात्रियों को किया प्रतिरक्षित

# शहर से 600 यात्री जाएंगे हज पर, लगाए टीके

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर से इस बार छह सौ यात्री हज को जा रहे हैं। शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने दो दिन में 594 हज यात्रियों को मेनिनजाइटिस व इंफ्लुएंजा का टीका लगाया। साथ ही उनको सेहत का ख्याल कैसे रखे आदि का प्रशिक्षण भी दिया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक रंजन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीकाकरण टीम ने सोमवार को बांसमंडी स्थित गरीब नवाज हॉल में टीकाकरण केंद्र लगाया, जहां पर 338 हज यात्रियों को टीका लगाकर प्रतिरक्षित किया गया। मंगलवार को जाजमऊ स्थित डीटीएस इंटर कॉलेज में शिविर 256 हज यात्रियों को टीका लगाया गया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.यूबी सिंह ने बताया कि हज सेवा समिति के सहयोग से बांसमंडी और जाजमऊ में टीकाकरण शिविर लगाया था, जहां पर 594 हज यात्रियों को मेनिनजाइटिस व सीजनल इंफ्लुएंजा का टीका लगाया गया है।

यूनिसेफ के डीएमसी फुजैल अहमद सिद्दीकी ने बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों से बचाव व टीबी मुक्त भारत के लिए विशेष संदेश दिया। शिविर में अफजल अहमद, डॉ.एचएम तौफीक, खालिद लारी, एमएच खान, शादाब, यूनिसेफ से फुजैल अहमद सिद्दीकी , डॉ. मोम्मद आसिफ़, डॉ. सुम्बुल शकील , डॉ. साजिद आदि मौजूद रहे।


हज यात्रियों की सेहत की जांच की गई। अमृत विचार

### बीमारी की दवा ले जा सकते हैं अपने साथ

- डीटीएस इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य व हज प्रशिक्षक नासिर खान ने हज यात्रियों को हज प्रक्रिया की जानकारी दी। बताया कि भारत सरकार और सऊदी सरकार के नियमों का पालन करें। हज यात्री किसी रोग से अगर पीड़ित है और भारत में उस बीमारी की दवा चल रही है तो दवा साथ ले जा सकते हैं। दवा का पर्चा अपने साथ रखना जरूरी है। हज यात्रा पर जाने से पहले सभी यात्रियों को पोलियो, मेनिनजाइटिस और इंफ्लुएंजा का टीका लगवाना जरूरी है।

# महिला तस्कर को पांच साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- वर्ष 2017 में रायपुरवा पुलिस ने किया था गिरफ्तार
- एडीज 14 की कोर्ट ने सुनाया फैसला, 60 हजार जुर्माना

**अमृत विचार।** जूही राखी मंडी से पकड़ी गई महिला तस्कर को एडीजे 14 की कोर्ट ने पांच साल की सजा सुनाई। रायपुरवा पुलिस ने वर्ष 2017 में गश्त के दौरान जूही राखी मंडी दोषी महिला को गिरफ्तार किया था।

26 अगस्त 2017 रायपुरवा थाने में तैनात दरोगा सुधीर कुमार पुलिस टीम के साथ शाम करीब पांच बजे गश्त कर रहे थे। अफीम कोठी से राखी मंडी जाने वाले कच्चे रास्ते पर पालपुर गांव थाना नर्वल निवासी रानी को शक होने पर रोका गया। उसके पास झोले से 250 ग्राम गांजा व 47 ग्राम स्मैक बरामद की थी। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया था। मामला एडीजे 14 की कोर्ट में विचाराधीन था। सहायक शासकीय अधिवक्ता शिव भगवान गोस्वामी ने बताया कि मामले में दो गवाह पेश किए गए थे। कोर्ट ने रानी को दोषी पाते हुए पांच साल के कारावास व 60 हजार जुर्माने की सजा सुनाई।



अमृत विचार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम शिवा दर्ज हो गया है जबकि आधार व पैन कार्ड में मेरा नाम शिवा कनौजीया है मुझे शिवा कनौजीया के नाम से जाना व पहचाना जाए। **शिवा कनौजीया पुत्र नरेश कनौजीया ग्राम गोड़वा पट्टी पोस्ट अतरौली जिला हरदोई।**

**सूचना**
मैं परशुराम अपने एकलौते पुत्र विरेन्द्र (24) के गलत चलो चलन से आहत होकर अपनी सम्पूर्ण चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। विरेन्द्र द्वारा कारित किसी भी कृत्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नही होगा। **परशुराम निवासी नौबस्ता, शाहमऊ माल, लखनऊ।**

**सूचना**
सूच्य हो कि मेरे पति देवी दयाल मौर्या पुत्र राम आधार मौर्य के बीमा पालिसी संख्या 217328763 में मेरा नाम बतौर नामिनी कमला देवी दर्ज है। जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम रामपति दर्ज है। कमला देवी और रामपति दोनो नाम मेरे एक ही व्यक्ति के है। **रामपति उर्फ कमला देवी पत्नी देवी दयाल मौर्या निवासिनी – पूरे प्रयागदीन, हरपुर हल्ला जिला – रायबरेली।**

**सूचना**
सूचित हो कि पूर्व में मेरा नाम समीर अहमद पुत्र श्री अब्दुल अजीज था। वर्तमान में मेरा नाम मोहम्मद शकील पुत्र श्री अब्दुल अजीज है जो कि मेरे आधार कार्ड सं0– 336776133410 में दर्ज है। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। अतः मुझे मोहम्मद शकील के नाम से जाना व पहचाना जाये। अगर किसी को आपत्ति हो तो 15 दिनों में अपनी आपत्ति दर्ज कर सकता है **मोहम्मद शकील पुत्र श्री अब्दुल अजीज निवासी– 462/16क/1, रामगंज हुसैनाबाद, लखनऊ।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं अपने दोनों पुत्रों अभय सिंह और निर्भय सिंह को उनके गलत कृत्यो व अभद्र व्यवहार के कारण आज दिनांक 30.04.2024 से अपनी समस्त प्रॉपर्टी से बेदखल करता हूँ। आज के बाद से उपरोक्त दोनों पुत्र उनके द्वारा किये गये किसी भी अनैतिक तथा फौजदारी कार्य के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। मुझसे व मेरे परिवार से कोई लेना–देना नहीं होगा। **विद्यासागर सिंह पुत्र स्व0 चन्द्रशेखर सिंह निवासी– आनंद लोक कॉलोनी फेज–2, रहमानपुर, लखनऊ।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा सर नेम कंडोला है। मुझे गुरमुख सिंह कंडोला व गुरमुख सिंह दोनों ही नामों से जाना व पहचाना जाता है। आज से मुझे गुरमुख सिंह कंडोला के नाम से जाना व पहचाना जाये। **गुरमुख सिंह कंडोला पुत्र चरन सिंह निवासी ग्राम पतवारा बड़ा, सरखनापूरब, तहसील पलिया, जिला– लखीमपुर खीरी (उ0प्र0)**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित हो कि मैं सुशील कुमार सिंह पुत्र राम बहादुर सिंह नि. ग्राम हरिहरपुर पो. कोरारी हीरशाह तह. गौरीगंज जनपद अमेठी का निवासी हूं मेरे पुत्र का सही नाम श्रेयश सिंह पुत्र सुशील कुमार सिंह माता का नाम अमृता सिंह है जबकि कुछ अभिलेखों में मेरे पुत्र का नाम सिद्धार्थ अंकित हो गया है जो गलत है।

# नहर सूखी तो खेत बंजर हुए, अन्नदाता फांकाकसी को विवश

- जहानाबाद क्षेत्र के कई गांवों से हो रहा शहर के लिए पलायन
- हर बार चुनाव में प्रत्याशियों से मिलता रहा है आश्वासन

संवाददाता, जहानाबाद-फतेहपुर

**अमृत विचार।** जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों गांव के किसान नहर (जहानाबाद रजबहा) में पानी न आने से परेशान होकर फांकाकसी करने को विवश हैं। सिंचाई के अभाव में सैकड़ों बीघा फसले सूख जाती है या फिर भूमि बंजर हो रही है। इससे तमाम लोग रोजी-रोटी की तलाश में अन्य प्रदेश चले गए।

रजबहा किनारे नलकूप स्थापित कर भरपूर पानी मिलना था, पर 1990 तक यदा-कदा रजबहे में पानी आया, इसके बाद धूल उड़ रही है। कानपुर से सटे सीमावर्ती इलाका उपेक्षा और वादा खिलाफी के कारण विकास की दौड़ में पिछड़ गया। सबसे बड़ी मुसीबत इलाके के किसानों के सिर पर आ पड़ी। 1982 के एक समझौते ने किसानों को फांकाकसी की राह में ढकेल दिया।

लोगों ने बताया कि तत्कालीन दिबियापुर औरैया के विधायक ने आश्वस्त किया कि उनके रजबहे से सौ क्यूसेक पानी एनटीपीसी जाएगा। इसके बदले उन्हें रजबहा किनारे नलकूप स्थापित कर भरपूर पानी दिलाया जाएगा। वर्ष 1990 तक यदा-कदा रजबहे में पानी आया, लेकिन उसके बाद नहर में धूल उड़ने लगी। क्षेत्रीय लोगों का कहना था हर किसी ने इलाके की उपेक्षा की है। बताया कि समझौते के बाद 1982 से 90 तक नहर में यदा-कदा पानी आता रहा लेकिन 1991 से रजबहे में पानी की जगह धूल उड़ने लगी। क्षेत्र की हरियाली समाप्त हो गई और इलाके का धीरे-धीरे जलस्तर गिरने लगा। जिससे किसानों को दो जून की रोटी के लाले पड़ गए। इलाके के तमाम किसान मेहनत मजदूरी के लिए बड़े शहर की ओर पलायन कर गए। सिंचाई के आभाव में भूमि बंजर होती देख लोगों ने कास्तकारी से मुंह मोड लिया। क्षेत्र की मूलभूत समस्या से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराते हुए रजबहे में पानी की मांग बराबर कर रहे हैं लेकिन सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा किसानों से यह कहकर भ्रमित किया गया कि तुम हमको लोकसभा या विधान सभा पहुंचाओ। हम तुम्हारी समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करवाएंगे।


सूखी पड़ी नहर। अमृत विचार

### बड़ा मुद्दा

**नलकूप के महंगे पानी से होती है सिंचाई**

अन्नदाताओं का कहना है कि सालों से उनकी समस्या जस की तस है। वह निजी नलकूपों से महंगा पानी खरीदकर फसल तैयार करते हैं ताकि परिवार का जीवकोपार्जन हो सके लेकिन जब फसल तैयार होती है तो उसको अन्ना मवेशी खा जाते हैं।

### क्या कहते हैं ग्रामीण


लोकसभा व विधान सभा चुनाव के समय सपने दिखा हम किसानों को जनप्रतिनिधियों द्वारा यह कह कर छला जाता है कि तुम हमको वोट दो हम रजबहे में पानी लाएंगे।
–चेतन कश्यप


क्षेत्र की प्रमुख समस्या जहानाबाद रजबहा में पानी न आना, सिंचाई के लिए और सरकारी नलकूप विकसित किया जाना चाहिए, जिससे किसानों को राहत मिल सके।
–सोनू कुमार


खेती किसानी के लिए सिंचाई का साधन अति महत्वपूर्ण होता है। करीब चार दशक से नहर में पानी नहीं आने से क्षेत्र की खेती बेमतलब साबित हो रही है। चुनाव में महज आश्वासन ही दिया जाता है।
–श्रीराम


क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को कोई सुनने वाला नहीं है। तमाम गांवों के किसान बिन पानी के खेती नहीं कर पा रहे हैं। मजबूरी में परदेश में जाकर रोजी-रोटी की जुगाड़ करनी पड़ती है।
–केपी यादव

# हाईवे पर लूट करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

- दो कार, एक बाइक, तमंचा व नकदी बरामद

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** हाइवे पर लूट करने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया। पुलिस ने लूट में शामिल दो कार, एक बाइक, तमंचा-कारतूस, नकदी सहित गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार गिरोह के दो सदस्य पहले ही जेल जा चुके हैं।

पुलिस लाइन परिसर के मनोरंजन कक्ष में खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बताया कि औंग थाना क्षेत्र के आशापुरा पुल के पास 20 अप्रैल की रात में अकबरपुर गांव के रहने वाले आमिर पुत्र हबीब कार से प्रयागराज जा रहे थे। गाड़ी खड़ी कर लघुशंका करने लगे तभी दो बाइक पर सवार चार युवकों ने लूटपाट कर भाग गए थे। जिसका मुकदमा 22 अप्रैल को दर्ज कर पुलिस लूट का खुलासा में लगी रही। मंगलवार को मुखबिर के सूचना पर आशापुरा ओवरब्रिज के नीचे से लूट करने वाले गिरोह के दीपक निवासी रहमपुर कोतवाली घाटमपुर कानपुर नगर, विजय प्रकाश जायसवाल निवासी बगाही भट्टा बाकरगंज थाना बाबूपुरवा जनपद कानपुर नगर और गोलू गुप्ता निवासी नरैचा कोतवाली बिन्दकी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से लूट के 18 हजार 600 रुपये, दो चाकू, तमंचा-कारतूस, एक बाइक, दो कार बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरोह के दो सदस्य अमन पहले और एक और जेल जा चुके हैं। अमन की मोबाइल शॉप की दुकान है। एक आरोपी दीपक अमन का भाई है और दुकान में मोबाइल का आईएमईआई को बदलकर मोबाइल बेचने का काम भी करता था।

# युवक की हत्या कर शव सूखी नहर में फेंका

## चेहरे और सिर पर मिले चोट के गहरे निशान, दाहिने हाथ पर केश लिखा, शव की नहीं हो सकी शिनाख्त

संवाददाता, गाजीपुर-फतेहपुर

**अमृत विचार।** एक अज्ञात युवक का हत्यायुक्त शव सूखी नहर के झाड़ियों में पड़ा देखकर आसपास के गांवों के लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस मृतक की फोटो के आधार पर शिनाख्त के प्रयास में लगी है। पुलिस के अनुसार युवक की हत्या कर नहर में फेंक दिया गया है। मृतक के दाहिने हाथ पर केश लिखा हुआ है।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के चक काजीपुर इंद्रों नहर में एक युवक का शव खून से लथपथ झाड़ियों में पड़ा हुआ था। नहर के पास से निकालते समय किसी ग्रामीण की नजर पड़ी तो उसने दूसरों की जानकारी दी। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। एक ग्रामीण की सूचना पर पहुंची पुलिस ने झाड़ियों से शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के सिर और पैर पर चोट के गहरे निशान मिले हैं। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि किसी धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या की गई है। ग्रामीणों में चर्चा रही कि हत्या करने के बाद नहर में फेंक दिया गया है। मौके पर पुलिस ने मृतक की फोटो के आधार पर आसपास के गांव और सोशल मीडिया में पोस्ट कर शिनाख्त का प्रयास कर रहे हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि सूखी नहर में एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया गया है। युवक की उम्र करीब 25 वर्ष है। मृत युवक काली शर्ट व नीली जीन्स पहने है। मृतक के दाहिने हाथ पर केश नाम लिखा हुआ है शव के शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।


घटनास्थल पर मौजूद भीड़। अमृत विचार


लोगों से पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

## पांच दिन से लापता मजदूर का शव कुएं में उतराता मिला

- पुलिस के मुताबिक, मजदूर की दिमागी हालत ठीक नहीं थी घटना की जांच की जा रही

संवाददाता, किशनपुर-फतेहपुर

**अमृत विचार।** पांच दिन से लापता एक मजदूर का शव मंगलवार सुबह गांव के बाहर स्थित कुएं से बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक मजदूर मानसिक रूप से ठीक नही था। किशनपुर थाना क्षेत्र के सिटकिया मजरा सिलमी गांव निवासी सुमेर पासवान पुत्र मनबोधन मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। उसकी पत्नी बच्चों के साथ पंजाब में रहती है। पांच दिन पहले सुमेर अचानक से गायब हो गया था। जिसकी जानकारी पर उसकी पत्नी दो दिन पहले गांव वापस आ गई थी और सुमेर की तलाश परिजन कर रहे थे।

मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने गांव के बाहर स्थित एक कुएं में उसका उतरता देखा तो हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा रहा। पुलिस का कहना है की ग्रामीणों से पूछताछ के बाद पता चला कि सुमेर की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# कमीशनबाजी: निजी स्कूलों के हाथों लुटने को मजबूर हैं अभिभावक

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** नया शिक्षा सत्र होते ही निजी स्कूलों में बच्चों की किताबों, जूते मोजे से लेकर यूनिफॉर्म सब में कमीशनबाजी का खेल चल रहा है। स्कूल संचालकों और दुकानदारों की मिली भगत से अभिभावक लुटने को मजबूर हैं। जिले के निजी स्कूलों पर शिक्षा विभाग भी अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहा है।

नए शिक्षण सत्र के शुरू होने के बाद अभी स्कूलों में बच्चों के प्रवेश चल रहे हैं। ऐसे में निजी स्कूलों का बच्चों के अभिभावकों से लूट का गोरखधंधा एक बार फिर शुरू हो गया है। बच्चों की किताबों से लेकर सिली सिलाई यूनिफॉर्म और ड्रेस के कपड़ों से लेकर जूते मोजे और टाई, बेल्ट की दुकानें भी स्कूल संचालकों की मिली भगत से फिक्स हो गई हैं। जबकि दूसरी ओर कक्षा एक से आठवीं के स्कूल वालों ने तो स्कूल मंक ही दुकान सजाकर यूनिफॉर्म को मनमानी दामों पर बिक्री कर बच्चों के अभिभावकों की खुलेआम जेबें ढीली कर रहे हैं। हालात यह हैं कि अच्छी खासी एडमिशन फीस लेने के बाद भी कमीशन बाजी के चलते स्कूल संचालक बुक सेलर से साठगाठ कर ऊंचे दामों पर किताबें बिकवा रहे हैं। अभिभावकों से कहा जाता है कि एक दुकान पर ही ड्रेस मिलेंगी। फिर बनी बनाई यूनिफॉर्म हो या कपड़ा लेकर बनवाना हो।




**निजी स्कूल हर साल बदल देते किताबें**

सूत्र बताते हैं कि निजी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाना अभिभावकों को दिन-ब-दिन भारी पड़ता जा रहा है। निजी स्वार्थ की खातिर स्कूल संचालकों की मनमानी की हद तो तब है जब हजारों रुपए की हर साल सीबीएसई बोर्ड की किताबें बदल जाती हैं।

**यूनिफॉर्म और किताबों के लिए बता रहे दुकान**

शर्ट या टी-शर्ट में लोगो चेंज कर या बेल्ट में परिवर्तन कर स्कूल से ही ड्रेस खरीदने को मजबूर किया जाता है। अभिभावकों ने बताया कि विद्यालय से ही यूनिफार्म और जूते की दुकान का विजिटिंग कार्ड मिला है। अब मजबूरी में हमको बच्चों के लिए सारा समान वहीं से खरीदना पड़ेगा।

> जिले के 1 से कक्षा आठ तक के सभी निजी स्कूलों में ज्यादा फीस लिए जाने या स्कूलों से ही यूनिफॉर्म और किताबें बिक्री किए जाने की कोई अभिभावक शिकायत करता है तो इसकी गंभीरता से जांच कराई जाएगी। जांच में मामला सही पाया जाता है तो संबंधित विद्यालय के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> –पंकज यादव, बीएसए

# जहरीला पदार्थ खाने से महिला की जान गई

- रिश्तेदारी में शादी करने की बेटे की जिद के विरोध में उठाया कदम

संवाददाता जाफरगंज

**अमृत विचार।** बेटे द्वारा शादी करने की जिद पर मां ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हुई तो सीएचसी बिन्दकी पहुंचाया, जहां से उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। जहां ले जाते समय रास्ते में उसकी सांसें थम गईं। वहीं परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

जाफरगंज थाना क्षेत्र के गजईपुर गांव निवासी रामबहादुर की पत्नी शिवदेवी सोमवार की शाम घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। बताया कि पति खेतों में फसल की रखवाली के लिए जा रहा था। बताया कि शिवदेवी के तीन पुत्र है। एक बेटे का प्रेम प्रसंग रिश्तेदारी में एक युवती से चल रहा था।

बेटा मां से शादी कराने की जिद कर रहा था। रिश्ता उल्टा होने के चलते मां शादी के लिए मना करने लगी तो बेटे ने जान दे देने की बात करने लगा। इससे नाराज होकर शिवदेवी ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया।

# कड़ी धूप के साथ लू के थपेड़ों ने किया हलकान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** गर्मी का मौसम लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। सुबह से शाम सूरज ढलने से पहले तक धूप और शाम से लेकर रातभर उमस लोगों को परेशान कर रही है। अधिकतम तापमान लगातार 40 के ऊपर बना हुआ है। जिससे लोग जरा सी लापरवाही करने पर मौसमी बीमारियों की जद में जा रहे हैं।

अप्रैल माह में लोग मौसम के सितम से आजिज रहे। मौसम के जानकारों की मानें तो मौसम के लहजे से लोगों की अप्रैल से ज्यादा मई में मुसीबत बढ़ने वाली है। तापमान लगातार बढ़ रहा है। धूप के साथ धूल भरी आंधी दोपहर में लोगों का सफर करना मुश्किल कर रही है। जरूरी काम को अंजाम देने वाले ही धूप में सफर कर रहे हैं। इन दिनों शाम के वक्त बाजारों का रुख कर रहे हैं। मंगलवार की धूप लोगों को सफर करने से रोकती रही। दिन में धूप और रात में उमस लोंगों की नींद हराम करती रही।


धूप से इस तरह बचाव कर रहे लोग।

**अधिकतम तापमान में उछाल**

मंगलवार को अधिकतम तापमान 41 व न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं सोमवार को अधिकतम तापमान 40 व न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

**जल्दी पक गई गेहूं की फसल**

मौसम का मिजाज गर्म होते ही गेहूं की कटाई में तेजी आ गई है। थ्रेसर से गेहूं की कतराई भी चल रही है। किसान भूसा भी तैयार करने में लगे हैं। किसानों ने बताया कि गर्मी बढ़ते ही फसल जल्दी पक कर तैयार हो गई है।

**धूप से करें बचाव**

फीजिशियन डा. रघुनाथ सिंह ने बताया कि गर्मी के मौसम में सफर के दौरान धूप से बचाव करते रहें। पानी की बोतल साथ में लेकर चलें। दोपहर के वक्त बेवजह धूप में न निकलें। जरूरत पड़ने पर कहीं जाना हो तो गमछा से सिर ढक कर ही चलें। ओआरएस घोल भी समय समय पर पीते रहें। नीबू पानी की शिकंजी भी पीते रहें।

# थ्रेसर में गमछा फंसने से किसान की मौत

**गाजीपुर।** गेहूं का कतरायी करते समय थ्रेसर में गमछा फस जाने के कारण एक किसान की मौके पर ही मौत हो गई। किसान का सिर धड़ से अलग हो गया। घटना को देखकर अन्य लोगों ने थ्रेसर बंद किया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के जमोह मजरा लमहेटा निवासी राम आसरे कोरी गांव में खेती किसानी का काम करते थे। परिजनों ने बताया कि मंगलवार सुबह वह खेत में गेहूं कटरायी करने गए थे जहां थ्रेसर से गेहूं की कटराई हो रही थी इसी दौरान उनके गले में पड़ा गमछा थ्रेसर की बेल्ट में फस गया। यह देख अन्य लोगों ने जल्दी-जल्दी में थ्रेसर बंद किया लेकिन तब तक उनका सर धड़ से अलग हो चुका था कोई कुछ कर पाता उससे पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया।


राम आसरे।

**जिला अस्पताल** नेत्र रोग विभाग में पहले हफ्ते में दो-तीन मरीज आते थे, अब रोज आ रहे दर्जन भर

# फसल मड़ाई की धूल से हो सकता कंजंक्टिवाइटिस

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** फसल मड़ाई के दौरान उड़ने वाली धूल जिन लोगों की आंखों में चली गई, उनको कंजक्टिवाइटिस का खतरा बढ़ गया है। नेत्र अस्पताल में मरीज बढ़ते जा रहे हैं। डॉक्टर लोगों को आंखों से कोई भी छेड़छाड़ किए बिना सावधानी बरतते हुए अस्पताल पहुंचने की सलाह दे रहे हैं।

जिला अस्पताल परिसर में स्थित नेत्र अस्पताल में गुलाबी आंखों (कंजक्टिवाइटिस पीड़ित) वाले मरीज बढ़ने लगे हैं। डॉ. दिलीप पटेल ने बताया कि पिछले हफ्ते एक दिन में कंजक्टिवाइटिस के दो या तीन मरीज ही आ रहे थे। अब इनकी संख्या रोजाना दर्जन भर से अधिक हो गई है। पिछले एक सप्ताह में ऐसे 33 मरीज पहुंच चुके हैं जो गेहूं की मड़ाई का काम करने के बाद इस बीमारी से पीड़ित हुए हैं।

बताया कि पिछले साल मई के अंत में कंजंक्टिवाइटिस के मरीजों की संख्या कुल मरीजों की 50 फीसदी तक पहुंच गई थी। इसलिए इस बार डॉक्टर अभी से मरीजों को सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं। आंख में कंजंक्टिवा नाम की पतली पारदर्शी झिल्ली होती है। मड़ाई की धूल, वायरस, बैक्टीरिया अथवा एलर्जी से जब इस झिल्ली पर संक्रमण होता है तो इसकी रक्त नलिकाओं में सूजन आ जाती है। इससे आंखें गुलाबी दिखने लगती हैं और उनमें खुजली व चुभन होने लगती है।


नेत्र अस्पताल में आंखों का परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

> जब भी कोई बाहरी कण प्रवेश करता है तो आंखें उसे दुश्मन समझकर हमला कर देती हैं। आंसू से लेकर गाढ़े तरल पदार्थ तक निकालकर उसे मारने का प्रयास करने लगती हैं। इस प्रक्रिया में आंखें कंजंक्टिवाइटिस की शिकार हो रही हैं। जिससे एहतियात बरतकर बचा जा सकता है।
>
> –डॉ. आदर्श, नेत्र रोग विशेषज्ञ

**कंजंक्टिवाइटिस के लक्षण**

- आंख में चुभन, खुजली व दर्द होना
- आंखों से अधिक आंसू निकलना
- आंखों से तरल पदार्थ निकलना
- आंख में सूजन होना
- आंख लाल या गुलाबी होना

**बचाव के उपाय**

- संक्रामक है, दूसरों के सम्पर्क से बचें
- हाथ बार-बार धुलें और आंखों को छूने से बचें
- आंखें स्वस्थ होने तक कांटेक्ट लेंस न पहनें
- एलर्जी, वायरस, बैक्टीरिया से आंखें बचाएं
- आंखों को रगड़ने से बचें

# खुदकुशी के लिए उकसाने पर मां समेत दो पर रिपोर्ट

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** गोद ली बेटी के आत्महत्या का कदम उठाने पर पिता ने पत्नी और उसके प्रेमी के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कराया है। बेटी, महिला और उसके प्रेमी के संबंधों का विरोध करती थी। इसी वजह से उसे प्रताड़ित करते थे।

चांदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी ने कक्षा नौ की छात्रा थी। छात्रा का 18 अप्रैल को फंदे से शव लटकता मिला था। उसका पिता मद्रास में प्राइवेट नौकरी करता है। पिता ने पत्नी व कानपुर करही जरौली फेज टू निवासी रामकरन के खिलाफ बेटी को आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि उसकी पत्नी का चाल-चलन ठीक नहीं है। साले की पुत्री को गोद लेकर पालन-पोषण किया था। बेटी इस साल कक्षा नौ की छात्रा थी। उसे बाद में एक 13 साल की पुत्री और 10 साल का बेटा भी हुआ। चार साल से पत्नी का नाजायज संबंध रामकरन से हो गया। बेटी ने कई बार दोनों को एक साथ देखा था। इसका बेटी विरोध करती थी।

**युवक पर आत्महत्या के दुष्प्रेरण का केस**

**फतेहपुर।** खुदकुशी के लिए युवती को उकसाने के मामले में युवक के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी युवती के शादी तुड़वाने के लिए उसकी अश्लील फोटो और वीडियो वायरल की थी। हुसेनगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की 18 साल की युवती की शादी तय हो गई थी। शादी तुड़वाने के लिए गांव के संदीप ने युवती की अश्लील फोटो व वीडियो वायरल किए थे। युवक की हरकत से युवती समाज और परिवार के बीच अपमानित हुई। सदमा बर्दाश्त न करने पर उसने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली थी। युवती के पिता ने थाने में वीडियो वायरल करने वाले संदीप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# सड़क हादसे में बाइक सवार मामा की मौत, भांजा घायल

## तेज रफ्तार बाइक बिजली के खंभे से टकराकर खंदक में गिरी

संवाददाता, बिंदकी-फतेहपुर

**अमृत विचार।** तेज रफ्तार बाइक बिजली के खंभे से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर खंदक में गिर गई। हादसे में बाइक सवार मामा-भांजे घायल हो गए। इलाज के लिए दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां मामा को मृत घोषित कर दिया है।

कल्यानपुर थाना क्षेत्र के गौसपुर मोड़ के पास मंगलवार की सुबह तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे खड़े एक बिजली के खंभे से जा टकराई। बिजली के खंभे से टकराने के बाद बाइक खंदक में चली गई, हादसे में बाइक सवार चंद्रिका पुत्र रामदास निवासी गौरी थाना चांदपुर और चंद्रिका का भांजा प्रिंशुल पुत्र विद्या लाल निवासी सेलावन कोतवाली बिंदकी घायल हो गए। हादसे की जानकारी पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चन्द्रिका को गंभीर हालत में कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। जहां ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मचा रहा। बताया कि चंद्रिका अपने भांजे प्रिंशुल के साथ बिंदकी कस्बे से मुरादीपुर चौराहा किसी काम से जा रहा था, तभी रास्ते में हादसा हो गया।

### ट्रेन की चपेट में आए दो लोगों की मौत




**फतेहपुर।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मंगलवार को ट्रेन की चपेट में आकर दो लोगों की मौत हो गई। जिसमें एक व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी। एक की पहचान होने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव निवासी राजबहादुर का पुत्र सुरेन्द्र कुमार सोमवार की शाम बकरी चराने गया था। तभी एक बकरी रेलवे लाइन पहुंच गयी। जिसको लेने के लिए जाते समय वह ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी मृतक के भाई रामप्रकाश ने दी है। इसी तरह खागा रेलवे स्टेशन में मंगलवार सुबह संगम एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। खागा रेलवे स्टेशन के पश्चिमी छोर के ओवर ब्रिज के पास घटना हुई। मामले की जानकारी पर पहुंची जीआरपी ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। मृतक ने लाल रंग का लोअर, एडिडास का व सफेद शर्ट छीटदार पहने हैं जिसका रंग गेहुआ है। मृतक की उम्र करीब 45 वर्ष है।

# मुफ्त दाखिले को तीसरे चरण की प्रक्रिया शुरू

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- निजी स्कूलों में गरीब बच्चों को दी जानी है निःशुल्क शिक्षा

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से शिक्षा के अधिकार कानून के तहत गरीब और अलाभित समूह के बच्चों को पड़ोस के निजी स्कूलों में प्राथमिक कक्षाओं में प्रवेश के लिए कवायद फिर शुरू की गई है। बेसिक शिक्षा विभाग ने समय सारणी तय कर दी हैं। इच्छुक अभिभावक आवेदन ऑनलाइन करके अपने ब्लॉक संसाधन केंद्र पर जमा कर सकते हैं।

बीएसए कार्यालय के अनुसार तीन वर्ष से लेकर 6 वर्ष के आयु तक के अलाभित समूह एवं गरीब वर्ग के बच्चों को जनपद सहित ग्रामीण क्षेत्र में संचालित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों की पूर्व प्राथमिक एवं कक्षा एक में निशुल्क शिक्षा प्रदान कराई जाती हैं। इसकी फीस प्रतिपूर्ति शासन द्वारा विद्यालयों को उपलब्ध कराई जाती है। वर्तमान सत्र 2024 में योजना का लाभ, प्रवेश लेने हेतु ऑनलाइन आवेदन, पोर्टल के माध्यम से चार चरणों में तिथिवार कराये जा सकते हैं। बच्चों में स्कूल का आवंटन जिला स्तर पर केंद्रीय युक्त लाटरी के आधार पर किया जाएगा। चार चरणों में चल रही प्रवेश प्रक्रिया के दो चरण सम्पन्न हो चुके हैं। तीसरा चरण की प्रक्रिया गतिमान है। तृतीय चरण 15 अप्रैल से शुरू हुआ है। यह 8 मई तक चलेगा। चतुर्थ चरण एक जून से 20 जून तक होगा। लॉटरी निकालने की तिथिवार प्रवेश कराया जाएगा। वार्षिक आय आवेदक की एक लाख तक का प्रमाण पत्र मान्य होगा। निवास हेतु आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, बैंक पासबुक, मतदाता पहचान पत्र आदि में से कोई एक होना अनिवार्य है। आवेदन के बाद अपलोड किए गए कागजातों की एक प्रमाणित प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर संबंधित विकास खंड के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। बीएसए पंकज यादव ने बताया कि पात्र बच्चों को योजना का लाभ दिलाया जाएगा।

# मतदान की अहमियत समझा रहे युवा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- सारे काम छोड़कर मतदान करने का संदेश
- वोट डालने को लेकर युवाओं में खासा उत्साह

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय पर्व लोकसभा चुनाव को लेकर यंगिस्तान में ज्यादा जोश दिख रहा है। युवा मतदाता बढ़ चढ़ कर मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए खूब दिलचस्पी दिखा रहे हैं। एक अच्छी सरकार के चयन के लिए वह अपने साथ किसी भी युवा या फिर अन्य मतदाता का वोट खराब न होने का भी पाठ पढ़ाते दिख रहे हैं। जगह-जगह युवाओं की दिखने वाली टोली में लोकसभा चुनाव का खासा उत्साह बना हुआ है। 20 मई को होने वाली मतदान प्रक्रिया में वह अपने मत के प्रयोग के लिए हर काम को पीछे छोड़कर सबसे पहले मतदान करने का दम भर रहे हैं।

जिल के युवाओं ने वोट डालने के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। वह परिवारीजन व आसपड़ोस के लोगों को भी जागरूक कर रहे हैं। इसके लिए युवा वर्ग सोशल मीडिया का भी सहारा ले रहा है। इन दिनों जिले के युवा अपने इनटरनेट मीडिया पर पोस्ट के जरिए लोगों को उनके बहुमूल्य वोट की अहमियत समझा रहे हैं। युवाओं ने लोकतंत्र के सम्मान में मतदान करने की अपील के साथ लोगों को संदेश देते हुए कहा कि लोकतंत्र के हित में मतदान करना देश के हर नागरिक का दायित्व है। इसे हर हाल में पूरा करना चाहिए। सबसे पहले मतदान उसके बाद ही दूसरा कोई काम करें।

### क्या कहते हैं युवा



मतदाता पहचान पत्र के अलावा ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, पैन कार्ड जैसे अन्य दस्तावेजों के जरिए भी मतदान कर सकते हैं। यह जानकारी दूसरों को दे रहे हैं।

-आशी



लोकतंत्र के उत्सव में भागीदारी निभाना सभी की जिम्मेदारी है। इसके तहत वह सोशल मीडिया के जरिए वह लोगों को मतदान के प्रति जागरूक कर रहे हैं।

-आकाश गुप्ता



अच्छे नेता चयनित होकर संसद पहुंचे इसके लिए घर से बाहर निकलने पर साथियों के साथ रास्ते में मिलने वाले लोगों को मतदान के लिए जागरूक करते हैं।

-अभिषेक सैनी



लोकसभा चुनाव के लिए मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। वोट डालने के लिए मतदाता पहचान पत्र समेत अन्य प्रपत्रों को भी तैयार कर लिया है।

-अंकुर श्रीवास्तव

# जिला अस्पताल में ऑपरेशन के दो दिन बाद युवक की मौत



जिला अस्पताल में रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** पैर की टूटी हड्डी का ऑपरेशन होने के बाद सोमवार देर शाम इलाज दौरान युवक की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही से इलाज और रिश्वत लेकर ऑपरेशन किए जाने का आरोप लगाकर हंगामा किया। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों को शांत कराया है।

ललौली थाने के महना निवासी राजेंद्र वाल्मीकि का दुर्घटना में पैर फ्रैक्चर हो गया था। परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। आरोप है कि डॉक्टर ने शनिवार को ऑपरेशन कर मरीज वार्ड में शिफ्ट कर दिया था। इलाज के दौरान शाम को राजेंद्र की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के पहले डॉक्टर ने 12 हजार रुपये लिए थे। लापरवाही से ऑपरेशन करने से मौत होने का आरोप लगाकर हंगामा किया। हंगामे की सूचना पर एसएसआई संतोष कुमार, सदर अस्पताल चौकी इंचार्ज गुलाब मौर्य के साथ मौके पर पहुंचे। परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। कहा, डॉक्टर ने बताया कि लेटे हुए पानी पीने से मौत हुई है।

## वाहनों में स्टीकर लगा मतदान की अपील

**फतेहपुर।** मतदान को बनाओ अपना धर्म, क्योंकि चुनाव है लोकतंत्र का पर्व। इसी भाव के साथ स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीप आइकॉन डॉ अनुराग श्रीवास्तव द्वारा साई सिटी इंटर कालेज जयराम नगर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। बच्चों के माध्यम से उनके अभिभावकों को 20 मई को मतदान के लिए जागरूक किया गया। सभी को मतदाता शपथ भी दिलाई गई। उसके बाद बच्चों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। वहीं स्टीकर्स लगाओ मतदाता जगाओ अभियान के तहत विद्युत विभाग के अधिकारियों व महर्षि विद्या मंदिर की गाड़ियों में स्टीकर्स लगाए गए। इस अवसर पर अधिशाषी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड प्रथम राजमंगल सिंह, खागा अधिशाषी अभियंता आरके मिश्रा व लेखाकार चंद्रेश रायजादा, प्रधानाचार्य प्रमोद त्रिपाठी, प्रबन्धक पवन सिंह गौर आदि रहे।

# हीट वेव से मवेशियों को बचाएं

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने जारी की एडवाइजरी
- भीषण गर्मी में आमजन के साथ पशु-पक्षी भी बेहाल

**अमृत विचार।** इनदिनों पड़ रही भीषण गर्मी में आमजन के साथ साथ पशु-पक्षी भी बेहाल हैं। पशुओं को हीटवेव से बचाने के लिए प्रशासन की ओर से एडवायजरी जारी की गई है। जिससे पशुओं को गर्मी के प्रकोप से बचाया जा सके।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने गर्मी में पशुओं को अत्यधिक गर्मी एवं गर्मी के प्रकोप (हीट स्ट्रेस) से बचाने के लिए एडवायजरी करते हुए बताया कि गर्मी तेजी से बढ़ रही है। जिससे शरीर में पानी की कमी हो सकती है। पानी शरीर का एक महत्वपूर्ण तत्व है। अतः शरीर में पानी की कमी होने पर शरीर की क्रियाएं शिथिल पड़ जाती हैं। अत्यधिक कमजोरी महसूस होती है। भूख में कमी लाती है। दुधारू पशुओं का दूध कम हो जाता है। गाभिन पशुओं में गर्भपात हो जाता है। पशुओं में स्ट्रेस स्तर बढ़ता है, जिनमें प्रतिरोधक क्षमता में कमी आती है। पशु पक्षियों को बुखार हो जाता है। समय पर पानी की पूर्ति न होने पर पशु निढाल हो जाता है और मृत्यु भी हो सकती है।

### इन बिंदुओं पर दें ध्यान

उन्होंने बताया कि गर्मी के समय अपने पशुओं के प्रति सावधानी रखनी है। वहीं तमाम ऐसे पशु हैं जो निराश्रित हैं, उनके प्रति भी दया का भाव रखना है। उनके लिए भी व्यवस्था करनी है। उनके लिए आप घर के बाहर पानी की व्यवस्था कर सकते हैं। पक्षियों के लिए छत पर पानी की व्यवस्था कर सकते हैं। जो भी पानी रखे उसको आप समय-समय पर बदलते रहे और पानी को छायादार स्थान पर ही रखें। गर्म पानी पशु पक्षियों को नुकसान कर सकता है।

### ऐसे पहचानें हीट स्ट्रेस के लक्षण

यदि पशु-पक्षी बहुत हांफ रहा हो कमजोरी और थकान महसूस कर रहा हो, मुंह में लार टपक रही हो, उसके हृदय की गति बढ़ गई हो और वह निहाल पड़ गया हो तो यह लक्षण गर्मी में होने वाले हीट स्ट्रेस के लक्षण हो सकते हैं। ऐसे में तत्काल नजदीकी पशु चिकित्सा अधिकारी से संपर्क करें और इलाज कराएं। 37 डिग्री से अधिक तापमान होने पर इन नियमों का पालन अवश्य करें। अन्यथा पशुओं के प्रति क्रूरता का अपराध माना जाएगा।

### पशुओं को नमक भी जरूरी

उन्होंने बताया कि पालतू पशुओं को नियमित रूप में नमक संतुलित पशु आहार मिनरल मिक्सर प्रति दिन दें। इसमें दुधारू पशुओं के दूध में कमी नहीं आएगी। पशुओं में स्ट्रेस नहीं होगा। स्ट्रेस आने से प्रतिरोधक क्षमता में कमी आ जाती है और विभिन्न प्रकार की बीमारियां होती हैं।

# सरवर सुल्तान शाह मजार पर आज से लगेगा मेला

संवाददाता जहानाबाद फतेहपुर

- दो दिवसीय मेले के आयोजन की तैयारियां पूरी
- गुरुवार को होगा समापन, कई नामचीन हस्तियां आएंगी

**अमृत विचार।** क्षेत्र के रिंद नदी के किनारे शकूराबाद गांव में स्थित हजरत सरवर सुल्तान शाह रहमतुल्लाह अलेह की मजार पर लगने वाला 72वां वार्षिक मेला की तैयारियां पूरी हैं। इस दो दिवसीय मेले में जहां जाने-माने मशहूर कव्वालों द्वारा कव्वाली का प्रोग्राम पेश किया जाता है तो वहीं रात में लगने वाले इस मेले की छटा ही अनोखी होती है।

रात में महिलाओं के लिए लगा बाजार हर तरह से सुसज्जित होता है। जिसमें झूले सर्कस एवं सौंदर्य प्रसाधन तथा खाने-पीने सहित तमाम गृहस्थी के उपयोग में आने वाले सामान की दुकानें सुसज्जित रहती हैं। सबसे खास बात यह है कि इस मेले में हिंदू-मुस्लिम दोनों धर्मों के मानने वाले अकीदत मंदों की भीड़ देखने काबिल होती है। मजार के ठीक सामने स्थित शिवजी का मंदिर यहां के हिंदू मुस्लिम एकता की कहानी स्वयं बयां करता है। बताया गया कि यह मेला एक मई बुधवार से 2 मई दिन गुरुवार तक चलेगा। मेला कमेटी के अध्यक्ष अच्छे ड्राइवर उर्फ अयाज अहमद ने बताया कि इस वर्ष इस मेले में अपना शानदार प्रोग्राम देने के लिए मशहूर ठाकुर ऐवेंद्र सिंह बदायूं, व सारिक काबिस शाबरी महाराष्ट्र तशरीफ ला रहे हैं। वहीं ताहिर चिश्ती बरेली तथा सैम अली नियाजी दिल्ली भी अपने कलाम पेश करेंगे। मेले की लगभग सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

# इंटरनेशनल ओलंपियाड ऑफ साइंस टेस्ट में अवनी पटेल ने रचा इतिहास

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** सच्ची लगन एवं कड़ी मेहनत के साथ आगे बढ़ने वालों की कभी हार नहीं होती है। उनकी मंजिल खुद-ब-खुद कदम चूमती है। दोआबा की रहने वाली कक्षा छह की छात्रा अवनी पटेल ने इंटरनेशनल ओलंपियाड आफ साइंस टेस्ट में देश में दूसरा स्थान प्राप्त कर पाया है।

डॉ. वीरेंद्र स्वरुप पब्लिक स्कूल आगरा की कक्षा 6 की छात्रा जनपद के गांव मेढापाटी निवासी ओम नारायण पटेल की पुत्री हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या उर्मिला शर्मा ने प्रमाण पत्र देकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। बताया कि इंटरनेशनल ओलंपियाड आफ साइंस के टेस्ट में कक्षा एक से आठवीं तक के बच्चों ने हिस्सा लिया था। इसमें अवनी पटेल ने इतिहास रचा है। टेस्ट की सफलता पर प्रदेश में 9,782 रैंक हासिल करने वाली छात्रा को सिल्वर मेडल जोन की ओर से दिया गया है। अवनी ने सफलता का श्रेय शिक्षक-शिक्षिकाओं को दिया है। बताया कि टेस्ट की तैयारी पांच दिनों में की थी।




प्रमाणपत्रों के साथ अवनी पटेल।

# चोरों ने नकदी-जेवर किए पार, मवेशी भी ले गए

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** अज्ञात कार सवार चोरों ने रात को थाना क्षेत्र के खजुरिहा गांव में धावा बोलकर किसान के सूने मकान से जेवरात व नकदी सहित लाखों का माल पार दिया। साथ ही दो अन्य घरों से आधे दर्जन से अधिक बकरियां लाद कर भाग निकले। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

जहानाबाद थाना क्षेत्र की बसफरा के मजरे खजुरिया निवासी राकेश पासवान सोमवार की शाम ट्रैक्टर से गेहूं की मड़ाई करने के लिए खेतों में गए थे। उनकी पत्नी एक कार्यक्रम में अपने मायके गई थी। आधी रात के बाद राकेश गेहूं की मड़ाई कर घर वापस लौटे तो दरवाजे पर ट्रैक्टर खड़ा कर उसी की सीट में बैठे कर सो गये। इसी दौरान स्कॉर्पियो सवार चोरों ने धावा बोलकर सूने घर के मेन गेट का ताला तोड़कर कमरे में रखे बक्से से उनकी मां और पत्नी के जेवरात सहित 45 हजार रुपये की नगदी पार कर दी। उसके बाद चोरों ने करीब के ही रामखेलावन पाल के मकान के अन्दर बंधे कीमती बकरे को भी स्कार्पियो में लाद लिया और आगे बढ़कर चौराहे के पास राजेन्द्र पाल की सात बकरियों को ले गए।

## आज से न्यायालय सुबह सात से दोपहर एक बजे तक

**फतेहपुर।** एक मई से न्यायालयों के समय में परिवर्तन किया गया है। जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने बताया कि मई व जून में सिविल कोर्ट फतेहपुर, आउट लाइन्ग कोर्ट खागा एवं ग्राम न्यायालय बिन्दकी का समय प्रातः 7 से दोपहर एक बजे तक, निर्धारित किया गया है। सुबह 10:30 बजे आधे घंटे का लंच ब्रेक होगा। जिले के सभी राजस्व न्यायालय व श्रम न्यायालय तथा अभिलेखागार (माल एवं फौजदारी), कलेक्ट्रेट का मई व जून तक यही समय ही रहेगा।। अन्य कार्यालयों का समय यथावत रहेगा।

**चुनावी हलचल** कड़ी सुरक्षा के बीच कलेक्ट्रेट में चार घंटे चली नामांकन प्रक्रिया

# दो उम्मीदवारों ने दाखिल किया पर्चा, सात ने लिया

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की चल रही नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन मंगलवार को दो उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। हालांकि अभी तक बडी पार्टियों से किसी ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया है। रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया व विकास इंसाफ पार्टी के उम्मीदवारों ने गाइड लाइन के अनुरूप नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए। वहीं सात नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। फतेहपुर संसदीय क्षेत्र के चुनाव पांचवे चरण में होना है। पहले दो दिन के नामांकन प्रक्रिया में केवल पर्चा खरीद हुई। भाजपा से साध्वी निरंजन ज्योति व बसपा से डाक्टर मनीष कुमार सचान के नाम घोषित हो चुके हैं जबकि इंडिया गठबंधन से अभी तक उम्मीदवार का खुलासा नहीं हो सका है। हांलाकि इस फेहरिस्त में प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम के नाम को मंगलवार भी वजन मिलता रहा। सपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिह यादव ने उनके लिए नामांकन पत्र खरीदा। अखिल भारत परिवार से नीरज कुमार, हिन्दू महासभा से नरेश गुप्ता के साथ निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर अजय कुमार, मोहम्मद तौकीर व विनोद कुमार ने नामांकन पत्र खरीदा। तीसरे दिन की प्रक्रिया में विकास इंसाफ पार्टी से नीरज सिंह व रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया से राजबहादुर ने नामांकन पत्र दाखिल किया। कलेक्ट्रेट कक्ष नम्बर एक में चल रही प्रक्रिया पर तीसरी आंख की निगाह भी टिकी रही। समूचा कैम्पस वीडियोग्राफी के हवाले रहा। प्रशासनिक सख्ती के कारण नामांकन कराने आए प्रत्याशियों के समर्थक बगैर शोर गुल के लोकतंत्र के इस उत्सव का भागीदार बने रहे।



सपा प्रत्याशी के लिए नामांकन पत्र लेते जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

### आज साध्वी का नामांकन, डिप्टी सीएम होंगे शामिल

दो बार से सांसद साध्वी निरंजन ज्योति आज यानि बुधवार को भाजपा से अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। नामांकन में डिप्टी सीएम डा. बृजेश पाठक भी शामिल होंगे। लोकसभा संयोजक दिनेश बाजपेई ने बताया कि नामांकन के पश्चात केद्रीय चुनाव कार्यालय में एक सभा का आयोजन होगा। जिसमें डिप्टी सीएम कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

### फिर सपा के लिए खरीदा गया पर्चा

भले ही अभी तक सपा का उम्मीदवार सामने नही आया है लेकिन पार्टी स्तर के इंतजाम व्यवस्थित नजर आ रहे हैं। संगठन में कहीं भी हो हल्ला नहीं मच रहा है। सोमवार को पूर्व सांसद डा. अशोक पटेल की तरफ से सुल्तानपुर के उदयभान ने पर्चा खरीदा था, मंगलवार को सपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह यादव ने नाम निर्देशन पत्र की खरीद की। बताया जा रहा है कि यह पर्चा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम के लिए खरीदा गया है, हांलाकि अभी इस नाम पर अंतिम मुहर लगनी बाकी है।

# दस्यु गिरोह ने शादी वाले घर की घेराबंदी की, भागना पड़ा

संवाददाता, असोथर

- सोमवार रात महिलाओं के शोर मचाने पर पहुंचे ग्रामीण
- अंधेरे में भाग निकले आधा दर्जन सशस्त्र बदमाश

**अमृत विचार।** असोथर थाना क्षेत्र के सरकंडी गांव के जंगल में डकैतों की चहलकदमी देखने को मिली है। शादी वाले घर में लूटपाट के इरादे से गिरोह ने घेराबंदी की थी, लेकिन महिलाओं के चिल्लाने पर लोग दौड़े तो वह भाग निकले।

गांव के रामऔतार उर्फ खुद्दू के बेटे बरमजीत निषाद की शादी थी। रविवार को शाम पहर सरकंडी से बारात बांदा जनपद के बदौली गांव गई थी। बताया जा रहा है कि जितने भी पुरुष थे वह सभी बारात में चले गए थे। घर में कुछ बुजुर्ग लोग और महिलाएं थी। रात में करीब 12 बजे आधा दर्जन बदमाश रामऔतार के दरवाजे पर आ धमके। बदमाशों की आहट पाकर महिलाएं सहम गईं। कुछ महिलाएं शोरगुल करने लगी। चीख पुकार सुनकर मोहल्ले वाले लाठी डंडा लेकर निकल पड़े और ललकारने लगे। पुलिस को सूचना दी गई। तुरंत पुलिस मौके पर पहुंचकर बदमाशों की घेराबंदी के लिए जंगल में कांबिंग शुरू कर दी, लेकिन बदमाश अंधेरे का लाभ उठा कर भाग जाने में सफल रहे। बता दें कि रात में इस दौरान परिवार की महिलाएं छत पर रात में गीत संगीत के साथ जागरण कर रही थी। बताया कि पुलिस ने तीन घंटे तक पुलिस जंगल में कांबिंग की। थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य और सरकंडी चौकी इंचार्ज विनोद कुमार निगम ने बताया कि डकैतों के होने की सूचना मिलने पर तत्काल घेराबंदी के प्रयास किए गए। लेकिन कोई बदमाश दिखा नहीं। सोमवार की रात को भी पुलिस बल के साथ यमुना कटरी क्षेत्र सहित जंगलों में सघन सर्च ऑपरेशन किया गया।

## सार-संक्षेप



बाबा साहेब की याद में लोगों ने निकाली रैली। अमृत विचार

### भारत रत्न बाबा साहेब की याद में निकाली रैली

**बिंदकी-फतेहपुर।** भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की याद में मंगलवार को रैली प्रमुख मार्गों से निकाली गई। बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। वहीं उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने दलितों पिछड़ों के लिए हमेशा काम किया है, उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता है। खजुहा विकास खण्ड क्षेत्र के जबरापुर गांव से भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की याद में एक रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। रैली जबरापुर गांव के प्रमुख मार्गो में भ्रमण किया। भीड़ के साथ जयकारों के के साथ यह रैली अमेना गांव, अमेना गांव, भवानीपुर गांव पहुंची। इस मौके पर प्रधान जितेंद्र पटेल उर्फ पिंटू के अलावा पूर्व प्रधान प्रतिनिधि राजेश कुमार पासवान, पूर्व महिला प्रधान शारदा देवी, दिलीप कुमार पासवान, संदीप पासवान, दिवाकर पासवान, राम सजीवन, महेंद्र कुमार, प्रसाद वर्मा, सोनू, शोभा देवी, सरला देवी, राम देवी, संगीता समेत अन्य लोग शामिल रहे।

### डीएम ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**फतेहपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने मंगलवार को स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए ईवीएम (बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवी पैट) के सील एवं सीसीटीवी की क्रियाशीलता को देखा व सही पाया गया। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अविनाश त्रिपाठी, सहायक निर्वाचन अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

### दो पक्षों में विवाद, पुलिस से शिकायत

**फतेहपुर।** चांदपुर थाना क्षेत्र के गांगपुर गांव निवासी सूरज व मयंक पुत्र रामसनेही गांव के ही ट्विंकल पुत्र शिवरतन को मजदूरी में काम करने के लिए बुलाने को कुछ पैसे दिए थे। दिए गए पैसे मांगने पर दोनो पक्ष की महिलाओं में कहासुनी बढ़ गई और विवाद हो गया। जिस पर शिवरतन की 15 वर्षीय पुत्री पूजा घायल हो गई। शिवरतन ने पुलिस से छेड़छाड़ सहित मारपीट की शिकायत की। थानाध्यक्ष बच्चेलाल ने बताया कि पुलिस भेजकर जांच कराई गई है, छेड़छाड़ की बात गलत है, आपसी विवाद हुआ है।

### बालिकाओं को किया जागरूक

**फतेहपुर।** एसपी उदय शंकर सिंह के निर्देश पर मंगलवार को सभी थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान टीमों ने महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा के लिए जारी विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया।

### दो उपनिरीक्षक हुए सेवानिवृत्त

**फतेहपुर।** पुलिस लाइन के सम्मेलन कक्ष में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए उप निरीक्षक दिलीप कुमार मिश्र व उप निरीक्षाक श्रीकांत को पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह द्वारा उपहार भेंट कर भावपूर्ण विदाई दी गयी।

# बिजली के मीटर में शॉर्ट सर्किट से दो घरों में लगी आग, गृहस्थी राख

## नौरंगपुर गांव में हुए हादसे में चार मवेशियों की मौत, एक लाख का सामान जला

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- दमकल की टीम ने ग्रामीणों की मदद से बुझाई आग
- कानूनगो ने पीड़ितों को मदद दिलाने का दिया भरोसा

**अमृत विचार।** विद्युत मीटर में शॉर्ट सर्किट होने से निकली चिंगारी ने विकराल रूप ले लिया और देखते ही देखते दो घरों की गृहस्थी सहित चार मवेशियों को चपेट में ले लिया। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने ग्रामीणों की मदद से राहत कार्य शुरू कर आग पर काबू पाया। आग की खबर पर गांव में लोगों की भीड़ लगी रही।

ग्राम नौरंगपुर निवासी नसीरुद्दीन इदरीसी ने बताया कि घर के लोग खेत पर काम कर रहे थे। तभी मंगलवार की सुबह लगभग 06.30 बजे विद्युत मीटर के पास हुए शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी से आग लग गई। आग की लपटों को देख स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। आनन फानन मौके पर पहुंचे परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन यह विकराल होती गई। आग ने नसीरुद्दीन इदरीसी के घर, दुकान सहित पड़ोसी रामजानकी के बंगला को भी चपेट में ले लिया। आग से नसीरुद्दीन की गृहस्थी व दुकान में रखा सामान जलकर राख हो गया। तीन बकरा व एक बकरी की जलकर मौत हो गई। जबकि साइकिल, बंगला, चारपाई सहित गृहस्थी का अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया।


आग बुझाते दमकल कर्मी व मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

पीड़ित ने बताया कि लगभग 75 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। राम जानकी के बंगला में रखा आलू, आटा, चारपाई, विस्तर, कपड़े आदि सामान भी जल गया। उसे लगभग 30 हजार रुपये के सामान का नुकसान हुआ। सूचना पर पहुंची दमकल व पुलिस टीम ने ग्रामीणों की मदद से राहत कार्य कर आग पर काबू पाया।

कानूनगो परशुराम वर्मा ने बताया कि लेखपाल राजेश कुमार ने स्थलीय निरीक्षण किया है। दोनों घरों में लगभग एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है। शासन द्वारा पीड़ितों को राहत राशि दिलाने का प्रयास किया जाएगा। ग्राम प्रधान सतेंद्र सिंह यादव, चौकी प्रभारी नौरंगपुर नीरज कुमार शर्मा भी मौके पर मौजूद रहे। पीड़ित के पुत्र फईमुद्दीन ने चौकी पुलिस को घटना की तहरीर दी है।

## मेडिकल कॉलेज में पुनर्जीवन पर कार्यशाला दो से

**तिर्वा, कन्नौज।** डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर मेडिकल कॉलेज में दो से चार मई तक डॉक्टरों की कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसमें अति गंभीर मरीजो को कैसे बचाया जा सके इसे लेकर चर्चा की जाएगी।

कार्यशाला में उत्तर प्रदेश समेत अन्य प्रदेश के डॉक्टर प्रतिभाग करके जूनियर डॉक्टरों का ज्ञान बढ़ाएंगे। प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने बताया कि इस आयोजन में देश के करीब पांच सौ विशेषज्ञ डॉक्टर आएंगे। पहले दिन गुड क्लीनिक व प्रैक्टिस पर चर्चा के साथ रिसर्च पर बात होगी। बाहर से आए डाक्टर अति गंभीर मरीजों को कैसे पुनर्जीवित किया जाए इसको लेकर अपने विचार रखेंगे। उन्होंने बताया कि कानपुर, चंडीगढ़, मुंबई, सैफई, उड़ीसा समेत कई प्रदेशों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने कार्यशाला में आने पर सहमति जताई है। वे विभिन्न गंभीर रोगों को लेकर जानकारी साझा करेंगे। इससे मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों को खासा लाभ मिलेगा।


गुरु शरणानंद का स्वागत करते विद्यालय प्रबंधक व अन्य। अमृत विचार

## त्याग, अनुशासन, एकाग्रता की प्रतिमूर्ति हैं विद्यार्थी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- स्वामी गुरु शरणानंद महाराज ने किया विद्यालय का उद्घाटन

**अमृत विचार।** त्याग, अनुशासन, निष्ठा और एकाग्रता की प्रतिमूर्ति ही विद्यार्थी है। माता-पिता की भक्ति, सत्यनिष्ठ, संकल्प, गुरु चरण कमल के प्रति श्रद्धा व्यक्ति का पथ प्रशस्त करते हैं। यह बात यहां एक विद्यालय का उद्घाटन करने पधारे महामंडलेश्वर स्वामी गुरु शरणानंद महाराज ने कही।

गुरु शरणानंद के पहुंचने पर प्रधानाचार्य डॉ. संजय शुक्ला, प्रबंध निदेशक अवधेश कुमार मिश्रा वीरू, सचिव उपेंद्र कुमार मिश्रा बच्चा ने उनका वंदन अभिनंदन किया। गुरुजी ने कार्यक्रम में संदेश दिया कि सभी सदाचरण का व्यवहार करें। इस अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रायोजित व जिला विज्ञान क्लब कन्नौज द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता की विजेता कीर्ति पटेल (कक्षा 10 अ) को 5000 रुपये, कक्षा 10 स की आस्था शाक्य को 1000 रुपये का सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया। नेशनल साइबर ओलंपियाड में बेहतर प्रदर्शन करने वाले इशान यादव को 1000 का सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

## कीटनाशक पिला कर युवती के साथ की छेड़छाड़

**तिर्वा, कन्नौज।** युवती को पकड़कर कीटनाशक दवा पिलाकर उसके साथ छेड़छाड़ की गई। मामले मे पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। थाना ठठिया क्षेत्र के गांव निवासी युवती ने पुलिस को तहरीर में बताया कि 27 अप्रैल की रात 11 बजे खेत पर जा रही थी। रास्ते मे भटौरा गांव निवासी मनोज कमल पुत्र देवी शंकर ने उसे जबरदस्ती कीटनाशक पिलाकर छेड़छाड़ की। थोड़ी देर मे जब होश आया तो घर आकर घटना बताई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। एक अन्य मामले में थाना ठठिया के गांव निवासी महिला ने न्यायालय को दिए गए प्रार्थना पत्र मे बताया कि 7 मार्च को वह घर पर अकेली थी। उसी दौरान कानपुर के रसूलाबाद थाना क्षेत्र के रजऊ गांव निवासी अनिल घुस आया और छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर वह भाग गया। जब पति घर आए तो उसने घटना बताई। जब पति ने शिकायत की तो आरोपी ने उनके साथ मारपीट कर धमकी दी।

## पांच दिन बाद लगी डीपी पांच घंटे में ही दे गई दगा

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी के दौरान डीपी खराब होने से ठप पड़ी बिजली आपूर्ति की खबर प्रकाशित की गई। इसका असर यह हुआ कि सोमवार को डीपी लगाकर आपूर्ति बहाल कर दी गई लेकिन यह पांच घंटे बाद ही धोखा दे गई। इससे आपूर्ति फिर से बाधित हो गई।

कोतवाली के बौरापुर गांव में पिछले छह दिन से डीपी खराब होने के कारण बिजली आपूर्ति बंद टल रही थी। इसको लेकर अमृत विचार में सोमवार के अंक में खबर प्रकाशित की गई। इसका संज्ञान लेकर बिजली विभाग के कर्मचारियो ने सोमवार की शाम करीब सात बजे गांव पहुंचकर खराब डीपी को उतरवाकर उसकी जगह दूसरी लगवाकर लोगो को आपूर्ति मुहैया करा दी। यह डीपी महज पांच घंटे मे खराब हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि जबसे डीपी खराब हुई कई बार अधिकारियो से शिकायत की पर निदान नहीं हुआ। अब डीपी लगाकर आपूर्ति शुरू कराई मगर वह पांच घंटे बाद फट गई।


पांच दिन बाद लगी गांव में डीपी
खबर का असर
संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज
अमृत विचार। भीषण गर्मी के दौरान पांच दिन से डीपी खराब होने के कारण हो रही ठप हुई विद्युत आपूर्ति की खबर अमृत विचार में प्रमुखता से प्रकाशित हुई। इसके आठ घंटे बाद बिजली कर्मचारी नई डीपी लेकर गांव लगाने पहुंच गए।
कोतवाली क्षेत्र के बौरापुर गांव के लोगों को बिजली आपूर्ति के लिए गांव में तीन जगह पर डीपी लगाई
सोमवार के अंक में प्रकाशित खबर।

मंगलवार को प्रकाशित खबर।

## दो दरोगा व एक हेड कांस्टेबल सेवानिवृत्त

**कन्नौज।** पुलिस कार्यालय में सेवानिवृत्त हो चुके पुलिस जवानों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। एएसपी ने सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को शॉल भेंट कर विदाई दी।

मंगलवार को पुलिस लाइन में हुए कार्यक्रम के तहत एएसपी डॉ. संसार सिंह ने जिले से तीन पुलिस कर्मियों को सेवानिवृत्त होने पर दरोगा शिव कुमार, दरोगा रामलड़ैते सिंह, मुख्य आरक्षी अरुण कुमार सिंह सेंगर को एएसपी ने माला पहना कर सम्मानित किया। पुलिस लाइन सभागार कक्ष में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए पुलिस कर्मियों के विदाई समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों को उपहार, स्मृति चिन्ह देकर उनके आगामी सुखमय व समृद्ध जीवन की कामना की।

# हज यात्रियों का किया टीकाकरण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- मदरसा अरबिया हाजी इलाही बख्श हाजीगंज में आयोजित हुआ कार्यक्रम
- कार्यक्रम में 63 यात्रियों को दिया गया प्रशिक्षण, दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

**अमृत विचार।** जिले से हज जाने वाले लोगों का जिला मुख्यालय पर टीकाकरण व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस मौके पर डॉक्टर व विभाग के अधिकारियों ने महत्वपूर्ण जानकारी दी।

मंगलवार को हज जाने के लिए चयनित हुए 63 यात्रियों में से मौके पर पहुंचे हज यात्रियों का टीकाकरण कार्य सुबह नौ बजे से मदरसा अरबिया हाजी इलाही बख्श हाजीगंज शहर कन्नौज में किया गया। इस मौके पर सबसे पहले टीकाकरण व बाद में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला हज ट्रेनर डॉ. शाकिर ने हज यात्रियों को प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर डॉ. कुर्तलेन अंसारी(चिकित्साधिकारी), डॉ. सैय्यद सलमान अकबर(चिकित्सा अधिकारी), एएनएम नीलम, कनक द्विवेदी, फार्मासिस्ट खुर्शीद आरिफ, वार्ड व्याय नरेंद्र सिंह, आईओ सौरभ कुमार के अलावा डीईओ कार्यालय की पूर्णिमा वर्मा, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेंद्र सिंह व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के कर्मचारी के अलावा मदरसा के प्रधानाचार्य, प्रबंधक मौजूद रहे।


मदरसे में टीकाकरण करते स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर व कर्मचारी।

## सार-संक्षेप

### हिस्ट्रीशीटर को तमंचा व कारतूस के साथ पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाकर चेकिंग की। इसमें हिस्ट्रीशीटर को तमंचा व कारतूस के साथ पकड़ लिया। मंगलवार को कोतवाल जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में नौरंगपुर चौकी प्रभारी नीरज कुमार शर्मा, हेड कांस्टेबल अक्षय कुमार, कांस्टेबल अनिल कुमार ने चेकिंग के दौरान यूपीएस गढिया बलिदादपुर से ग्राम गढिया बलिदादपुर जाने वाले मार्ग के पास छापेमारी की। इसमें यहां के निवासी हिस्ट्रीशीटर रादेश उर्फ राधेश उर्फ राजेश उर्फ राधे को तमंचा 315 बोर व जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध आयुध अधिनियम 1959 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा है।

### पत्रकार को मातृशोक, जनप्रतिनिधियों ने बंधाया ढांढस

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मोहल्ला रामगंज निवासी पत्रकार संजीव त्रिपाठी की मां विद्या देवी (82) का मंगलवार की सुबह निधन हो गया। वह काफी दिनों से बीमार थीं। पिछले सप्ताह उन्हें ब्रेन स्ट्रोक हुआ था। सूचना पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, कांग्रेस नेता विजय मिश्र, राजीव ठाकुर, भाकियू टिकैत जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी, विनय मिश्रा, राजेन्द्र द्विवेदी, राजीव दुबे, ज्ञानेन्द्र गुप्ता, मनोज गुप्ता, दीपक पाठक, इरशाद खां, प्रदीप पाठक, रंजीत ठाकुर, रजाउल अली, आशीष शर्मा आदि ने दुखी परिजनों को ढांढस बंधाकर शोक संवेदना व्यक्त की। देर शाम चियासर स्थित गंगा घाट पर शव का अंतिम संस्कार किया गया।


विद्या देवी।

### पूजा-अर्चना के साथ महावीर मेला शुरू

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मंगलवार को महावीर मेला प्रबंध समिति सराय प्रयाग के पदाधिकारियों ने हवन पूजन व पूजा अर्चना कर मेला का शुभारंभ कर प्रसाद वितरण किया गया। प्रबंधक राजीव कटियार ने बताया कि मेला 20 मई तक चलेगा। इसमें सांस्कृतिक व धार्मिक आयोजन होंगे। बच्चों के मनोरंजन सहित विभिन्न वस्तुओं की दुकानें भी लगाई जाएंगी। इस दौरान कुलदीप कुमार, पिंटू लाल, संदीप कटियार, निम्मी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### जमीन करने के मामले में फरार दो लोग गिरफ्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन कब्जा करने के मामले में फरार चल रहे दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नगर के मोहल्ला चौधरियान निवासी तनु पुत्र रामसनेही ने तीन दिसम्बर 23 को कोतवाली के विशुनगढ़ रोड रामपुर बैजू निवासी अनिल यादव पुत्र मलखान सिंह यादव, अशोक यादव पुत्र रामसेवक यादव, यश यादव पुत्र अनिल यादव के खिलाफ फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन कब्जा करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी पुलिस ने तीनों के खिलाफ न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की। कोतवाली उपनिरीक्षक अमिनेष कुमार हमराही गजेन्द्र सिंह, हाकिम सिंह व विपिन कुमार ने विशुनगढ़ रोड पर एटीएम के पास से अनिल यादव व अशोक यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेज दिया।


संस्थापक की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करतीं भाजपा नेत्री।

### पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**जलालाबाद।** ग्राम डिगसरा स्थित मां शीतला देवी इंटर कॉलेज के संस्थापक व समाजसेवी स्वर्गीय सत्य प्रकाश राजपूत की तृतीय पुण्यतिथि मनाई गई। मंगलवार को कॉलेज में आयोजित गोष्ठी के दौरान भाजपा नेत्री गीता पाठक ने कहा कि संस्थापक व समाजसेवी स्वर्गीय सत्य प्रकाश राजपूत ने समाज के पिछड़े लोगों को आगे लाने का कार्य किया। इससे पहले संस्थापक की पत्नी सुमन देवी, नीलम तिवारी, विजय लता तिवारी, प्रधानाचार्य अनुज राजपूत, प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार पाल, प्रधानाचार्य हिमांचल शर्मा, अवनीश पाल श्लोक, सुरजन लाल राजपूत, राम कुमार बाथम, मुनीम यादव, उमेश यादव, प्रमोद कुशवाहा, सौरभ कुशवाहा, रामसेवक वर्मा, सुरेंद्र यादव, आलोक प्रजापति, मुनीश पाल, अमित वर्मा आदि ने श्रद्धांजलि दी।

### पत्नी के न आने से परेशान युवक ने जान दी

**सौरिख, कन्नौज।** थाना क्षेत्र के गांव कायमपुर निवासी रिंकू पुत्र सरमन (30) ने मंगलवार शाम 6 बजे अपने मकान के कमरे में अंगौछे से फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। परिवार के मुताबिक रिंकू पत्नी और बच्चों के साथ दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था वहीं से उसकी पत्नी किसी के साथ चली गई थी। रिंकू अपने बच्चों को लेकर गांव रहने लगा था। घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव के पंचनामा की प्रक्रिया में जुट गई।

### ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार बालक घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम खानपुर कुर्मी निवासी 14 वर्षीय गोलू पुत्र फतेहपुर गढ़िया साइकिल से गया था। वहां से लौटते समय फर्रुखाबाद रोड स्थित काली नदी पुल के दूसरी तरफ एक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर लगने से घायल हो गया। उसे सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### वृद्ध व अशक्त बंदियों की रखी जाए विशेष निगरानी

**जलालाबाद, कन्नौज।** मंगलवार की देर शाम डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल व एसपी अमित कुमार आनंद ने संयुक्त रूप से कारागार का निरीक्षण किया और वृद्ध व अशक्त बंदियों की निगरानी के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बैरकों में निरूद्ध बंदियों से पूछताछ की व तलाशी कराई गई जिसमें कोई भी निषिद्ध वस्तु नहीं पाई गई। इस दौरान जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी, कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल आशा देवी पाण्डेय, उर्मिला सिंह, रामबहाल दुबे, चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल, सहायक अध्यापक मनोज कटियार, प्रभारी पंकज कुमार रहे।

## छेड़खानी में युवक को चार साल कैद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) ने सुनाई सजा, लगाया 9 हजार अर्थदंड
- कोर्ट ने जुर्माने की पूरी धनराशि पीड़िता को प्रतिकर के रूप में देने के दिए आदेश

**अमृत विचार।** सात साल की बच्ची से छेड़खानी कर उसका गाल काटने के आरोपी युवक को दोषसिद्ध करते हुए विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) ने चार साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। उस पर 9 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। कोर्ट ने जुर्माने की पूरी धनराशि पीड़िता को प्रतिकर के रूप में देने के आदेश दिए हैं। सजा सुनाए जाने के बाद दोष सिद्ध अपराधी को जिला कारागार भेज दिया गया।

शासकीय अधिवक्ता नवीन कुमार दुबे ने बताया कि गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में छह दिसंबर 2016 को शाम छह बजे सात साल की बच्ची बाजार से मूंगफली लेकर घर जा रही थी। रास्ते में मुर्गे की दुकान पर बैठे खुशहाल पुत्र छोटे ने उसे पकड़ लिया और दुकान के अंदर खींच ले गया। उसने बच्ची से अश्लील हरकतें करते हुए उसका गाल काट लिया। डराया धमकाया। किसी तरह बच्ची छूटकर घर पहुंची और परिजनों को जानकारी दी। जब उसके माता-पिता उसकी दुकान पर शिकायत करने पहुंचे तो आरोपी ने मारपीट करते हुए गालियां तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना तत्कालीन सीओ सिटी सुरेंद्रपाल सिंह को सौंप दी। विशेष लोक अभियोजक किशोर दोहरे ने बताया कि अभियोजन पक्ष की तरफ से सात गवाह पेश किए गए। मंगलवार को विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) अल्का यादव ने खुशहाल को दोषसिद्ध करते हुए छेड़छाड़ में चार वर्ष का कठोर कारावास व चार हजार रुपये अर्थदंड, हमला करने पर दो माह की कैद व 300 रुपये जुर्माना, मारपीट में सात माह की कैद व 700 रुपये अर्थदंड तथा पॉक्सो एक्ट में चार वर्ष का कठोर कारावास व चार हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। उन्होंने बताया कि सभी सजा एक साथ चलेंगीं, जिसमें गिरफ्तारी की अवधि को भी समायोजित किया जाएगा।


दोषसिद्ध खुशहाल।

## शीतगृह मालिक भाइयों पर मारपीट का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई

**अमृत विचार।** बैंक से निकाले रुपये कोल्डस्टोरेज मालिकों ने हड़प लिये। मांगने पर मारपीट की। कोर्ट के आदेश पर सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

सदर कोतवाली के गांव उदैतापुर निवासी रामशंकर पुत्र दुर्गानरायन शुक्ला ने न्यायालय के आदेश पर कोल्ड स्टोरेज मालिक उदैतापुर गांव के विनय दुबे व मनोज दुबे पुत्रगण सतीश चंद्र दुबे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि सतीश कोल्ड स्टोरेज में पंजाब नेशनल बैंक शाखा है। उसने वर्ष 2019 में उक्त बैंक से क्रेडिट कार्ड से 2,60000 रुपये निकालकर मनोज के पास रख दिया। उन्होंने कई बार मांगने पर भी रुपये नहीं दिए। पुलिस से शिकायत पर विनय व मनोज नाराज हो गये। एक मार्च 2022 को शाम पांच बजे विनय व मनोज ने कोल्ड स्टोरेज पर उसे व उसकी पत्नी निशा, पुत्र रोहित को बुलाया। सभी ने उसे व उसकी पत्नी व पुत्र से जान से मारने की धमकी देते हुए मारापीटा। जब उसने बचाने का प्रयास किया तो कमरे में बंद कर दिया। कहा कि यहीं मार कर फांसी पर लटका देंगे। जानकारी पर लोगों ने उन्हें निकाला। आरोपियों ने कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट नहीं दर्ज की तो उसने एसपी को शिकायती पत्र दिया। इस के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई।

## जिले की पुलिस ने 49 वारंटी पकड़े

**कन्नौज।** पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर, परिक्षेत्र कानपुर जोगेन्द्र सिंह ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को देखते हुए 29 अप्रैल से 24 घंटे का ऑपरेशन धरपकड़ विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया था। इसे सफल बनाने के लिये एसपी के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों में पुलिस ने अभियान चलाया। इस दौरान 24 घण्टे में 49 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। इन में कन्नौज कोतवाली ने पांच गिरफ्तार किये जबकि 12 ने आत्म समर्पण किया। गुरसहायगंज पुलिस ने चार को गिरफ्तार किया एक ने न्यायालय में समर्पण किया। तालग्राम में सात गिरफ्तार पांच ने समर्पण किया। छिबरामऊ में तीन गिरफ्तार पांच ने समर्पण किया। सौरिख में पांच गिरफ्तार, विशुनगढ़ एक, तिर्वा में 10 गिरफ्तार आठ ने समर्पण किया।

**मौसम** लू ने किया बेहाल, अधिकतम तापमान सामान्य से दो तो न्यूनतम एक डिग्री अधिक

# गर्मी के तेवर और हुए तीखे, पारा 44 पार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** गर्मी का सितम दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को इसने और प्रचंड रूप दिखाया जिससे दिन का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार हो गया जबकि न्यूनतम ने भी उछाल मारा। भीषण तपिश और लू के थपेड़ों ने जनजीवन पर खासा असर डाला। सड़कों पर दोपहर के समय सन्नाटा पसरा रहा। हालांकि मौसम विभाग का मानना है कि बुधवार के बाद कुछ राहत मिल सकती है लेकिन गर्म हवाओं का कहर जारी रहेगा।

अप्रैल का महीना खत्म होने के साथ सियासी और मौसमी पारा अपने चरम पर पहुंचने लगा है। मंगलवार को सुबह नौ बजे के बाद से तापमान ने उछाल मारना प्रारंभ कर दिया था। 11 बजते-बजते यह 30 डिग्री सेल्सियस के पार हो गया था और गर्म हवाएं शरीर को झुलसाने लगीं थीं। भीषण गर्मी के कारण सड़कों पर दोपहर के समय सन्नाटा पसरा नजर आया। इक्का-दुक्का वाहन ही रह-रहकर निकलते रहे। साप्ताहिक बंदी का दिन होने से दुकानदार भी घरों में ही दुबके रहे। यद्यपि गन्ना रस, जूस की दुकानों पर जरूर आने जाने वाले राहत लेने का प्रयास करते दिखाई दिए। इसी तरह प्यास लगने पर ठेले पर पहुंचकर खीरा-ककड़ी खाकर भी तरावट का अहसास करते रहे। जो लोगो आवागमन करते दिखाई भी दिए वे जहां छांव देखी वहां कुछ देर सुस्ता लिए। कृषि मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरेंद्र यादव ने बताया कि मंगलवार को अधिकतम तापमान 44.3 जबकि न्यूनतम 22.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। यह सामान्य से क्रमशः दो व एक डिग्री सेल्सियस अधिक है। इसके साथ ही 18-22 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से लू चली है। आर्द्रता दिन के समय 35 तो सुबह शाम की 40-42 फीसदी के मध्य है। बताया कि चूंकि कन्नौज में मक्का की खेती बहुतायत में होती है तो आर्द्रता बनी रहती है। जानकारी दी कि आगामी दिनों में भी लू का कहर जारी रहेगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, जम्मू, हिमांचल प्रदेश में बारिश होने के कारण अगले कुछ दिन राहत रहेगी। गुरुवार से तापमान में एक डिग्री तक की गिरावट आ सकती है। हालांकि 22-35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से सतही हवाएं चलती रहेंगी। अधिकतम तापमान अगले 10 दिन में 45-46 डिग्री तक पहुंचने के आसार हैं।


गर्मी में कुछ इस तरह किया जा रहा बचाव। (प्रतीकात्मक फोटो)

## जिला सहसंयोजक के नॉमिनी को दी 58 लाख रुपये की मदद

कार्यालय संवाददाता, गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** दिवगंत शिक्षकों के परिवारों की आर्थिक मदद के लिए टीचर सेल्फ केयर टीम लगातार कार्य कर रही है। इसके चलते टीम के द्वारा जिला सहसंयोजक स्वर्गीय मुस्ताक हसन रिजवी की नॉमिनी फरहत जहां खातून के खाते में 58 लाख रुपये की मदद दी गई है।

मंगलवार को टीचर सेल्फ केयर टीम के जिला संयोजक अंकित कटियार ने बताया कि अब तक टीम से तीन लाख सदस्य जुड़ चुके हैं। कानपुर मंडल प्रभारी व जिला संयोजक इटावा शौकीन सिंह ने बताया कि इस बार 07 परिवारों को मात्र 25 रुपये से 03 करोड़ 92 लाख से अधिक की मदद दी गई है। ब्लॉक संयोजक धर्मवीर अरुण ने बताया कि मात्र 45 महीने में टीचर्स सेल्फ केयर टीम द्वारा 169 दिवगंत परिवारों को 53 करोड़ 04 लाख रुपये की मदद दी जा चुकी है। रितेश यादव ने बताया कि जनपद कन्नौज से 2810 शिक्षकों ने सहयोग किया है। इस दौरान ब्लाक सौरिख के प्रवक्ता अभिषेक यादव, आकाश यादव, शैलेन्द्र कश्यप, अक्षांश झा, तस्लीम अहमद, तंजीम अहमद, सोनपाल, प्रशांत सिंह, अजमत हुसैन, दिनेश सिंह आदि मौजूद रहे।


शिक्षक आश्रितों के साथ सदस्य।

# पांच साल का रिपोर्ट कार्ड तैयार करने में जुटी जनता

तेराजाकेट, कन्नौज। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सेनानी आमने सामने आ चुके हैं। प्रत्याशी रूपी सेनानी फिर से जनता के बीच जाकर बड़े-बड़े वादे कर पटाने की कोशिश करने लगे हैं। जनता होशियार हो चुकी है सो सब जान और समझ रही है। विकास की गंगा किस गली तक पहुंची और कहां से दूसरे क्षेत्र के लिए मुड़ गई किसी से छिपा नहीं है। ऐसे में अब गेंद जनता के पाले में है। जनता भी पांच वर्ष का रिपोर्ट कार्ड तैयार कर रही है। मौजूदा जनप्रतिनिधि जन के मन को कितना मोह सके हैं यह तो परिणाम ही बताएंगे। प्रस्तुत है तेराजाकेट संवाददाता विनय प्रताप बंटी की जनता से की गई बातचीत पर आधारित एक रिपोर्ट...




● केंद्र सरकार के फैसलों पर जताई खुशी पर स्थानीय स्तर पर काम न होने से दिखे दुखी

### सरकार के फैसले अच्छे पर क्षेत्र में विकास नहीं



ग्राम तेराजाकेट निवासी विनोद यादव का कहना है कि वह केंद्र सरकार के फैसलों से खुश हैं। राष्ट्रीय स्तर पर कराए गए कार्य व लिए गए फैसले से देश में बदलाव आया है लेकिन क्षेत्रीय नेताओं के कार्य असंतुष्ट करते हैं। जनप्रतिनिधि ने जनता की सुध नहीं ली और क्षेत्र में जमीन पर विकास नहीं हुए।

### अन्ना पशुओं ने किया किसानों को निराश



ग्राम तेराजोकट निवासी अरविन्द चतुर्वेदी कहते हैं कि अन्ना पशु बड़ी समस्या है। सरकार ने आश्रय गृह की स्थापना तो कराई लेकिन जिम्मेदारों ने उस पर कोई कार्य नहीं किया। किसानों को खुद ही फसल की रखवाली करनी पड़ी है। तमाम किसान तो ऐसे हैं जिनके घर अन्न का दाना नहीं पहुंचा।

### श्रीराम मंदिर ने बढ़ाया सनातन का मान



ग्राम तेराजाकेट निवासी गृहणी सुषमा शर्मा का कहना है कि मोदी सराकार ने देश और दुनिया में हिंदू धर्म के मान को बढ़ाया है। अयोध्या में बना श्री राम मंदिर हम सभी के लिए गर्व है। विश्व में सनातन का डंका बजा है जो ऐतिहासिक कार्य है। हालांकि स्थानीय मुद्दों को लेकर मौन हो जातीं हैं।

### महंगाई ने बिगाड़ा रसोई का बजट



ग्राम तेराजाकेट की ही पूनम देवी मोदी सरकार के लगातार बढ़ रही महंगाई पर अंकुश न लगा पाने से दुखी हैं। कहती हैं तेजी के कारण रसोई का बजट बिगड़ गया। इससे मेहनत मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले आम लोगों का जीवन खासा प्रभावित हुआ है। जो महंगाई पर लगाम लगाए ऐसी सरकार चाहिए।

### युवाओं को नहीं मिल सका रोजगार



ग्राम रजलामऊ निवासी अंकित यादव का कहना है कि सरकार युवाओं को रोजगार देने में असफल रही। इससे शिक्षित घूम रहे युवाओं के सामने समस्या है। स्थानीय स्तर पर कोई भी उद्योग नहीं लगाया गया जिससे रोजगार के अवसर सुलभ हो सके। युवाओं को रोजगार देने वाली सरकार चाहिए।

### आम जनता के लिए नहीं हुआ विकास



ग्राम पालमपुर निवासी विजय प्रताप सिंह पाल ने बताया कि ऐसी सरकार चाहिए जो गांव गली तक विकास की गंगा को पहुंचा सके। देश में हाइवे सहित अन्य राष्ट्रीय मार्गों का निर्माण कराया गया लेकिन गांव की टूटी फूटी सड़कों पर ध्यान नहीं दिया गया। गड्ढा मुक्त सड़कों का फरमान भी बेअसर रहा है।

# धार्मिक स्थलों पर नहीं लगेगी चुनाव प्रचार सामग्री: प्रेक्षक

## सभी राजनीतिक दलों और निर्दलीय प्रत्याशियों के साथ बैठक कर दिए दिशा-निर्देश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार**। कोई भी राजनीतिक दल या निर्दलीय प्रत्याशी धार्मिक स्थलों पर प्रचार सामग्री नहीं लगाएगा। चुनाव के दौरान सांप्रदायिकता फैलाने, भड़काऊ भाषण देने या किसी भी प्रकार से आचार संहिता का उल्लंघन होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंगलवार को एनआईसी सभागार में लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रत्याशियों के साथ हुई बैठक में यह दिशा-निर्देश सामान्य प्रेक्षक संदीप कुमार ने दिए।



प्रत्याशियों के साथ बैठक करते प्रेक्षक संदीप कुमार, डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल व एसपी अमित कुमार आनंद। अमृत विचार

प्रेक्षक ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित हेल्पलाइन नंबर 1950 पर या सी-विजिल एप के माध्यम से कोई भी नागरिक ऑनलाइन शिकायत कर सकता है। उन्होंने बताया कि मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा या गिरजाघर के अलावा सरकारी भवनों पर किसी भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी के बैनर, होर्डिंग, स्टीकर या पोस्टर नहीं लगाए जाएंगे। निजी भवनों पर प्रचार सामग्री लगाने से पहले अनुमति लेनी होगी। लाउडस्पीकर का प्रयोग रात 10 बजे से लेकर सुबह छह बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। वाहनों की अनुमति के लिए सुविधा पोर्टल एप पर आवेदन कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने बताया कि सभी प्रत्याशी जुलूस, रोड शो, हैलीपैड, रैली या जनसभा के लिए समय से पहले अनुमति प्राप्त कर लें। एक प्रत्याशी के काफिले में दस से अधिक वाहन नहीं रहेंगे। उन्होंने बताया कि ईवीएम का रैंडमाइजेशन किया जाएगा और कौन सी ईवीएम किस बूथ पर रहेगी, इसकी जानकारी प्रत्याशियों को दी जाएगी। माननीयों को पोलिंग या मतगणना एजेंट नहीं बनाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा कि जुलूस में असलहे लेकर चलने पर कार्रवाई की जाएगी। कानून एवं व्यवस्था को बनाए रखने में सभी प्रत्याशी प्रशासन व पुलिस का सहयोग करेंगे। व्यय प्रेक्षक नंथाकुमार एस ने कहा कि कोई भी प्रत्याशी चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक खर्च नहीं करेंगे। जो खर्च ब्योरा जमा नहीं करेंगे, वह आगे चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबंधित कर दिए जाएंगे। बैठक में सभी राजनीतिक दलों व निर्दलीय प्रत्याशियों के अलावा प्रस्तावक भी उपस्थित रहे।

● सांप्रदायिकता फैलाने और आचार संहिता उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्रवाई

# मतदान का बहिष्कार, बीन बजा कर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● सरायमीरा के मोहल्ला कृष्णा नगर में चौथे दिन भी जारी रहा आंदोलन

**अमृत विचार**। विकास न होने से नाराज सरायमीरा के कृष्णा नगर मोहल्ले के लोगों का चौथे दिन भी मतदान का बहिष्कार आंदोलन जारी है। मंगलवार को मोहल्ले के लोगों ने बीन बजा कर प्रशासन को जगाने का प्रयास किया।

जलभराव की समस्या से परेशान कृष्णा नगर मोहल्ले के लोग मतदान बहिष्कार के एलान के बाद रोज प्रदर्शन कर रहे हैं। पहले दिन मतदान बहिष्कार का बैनर लगाकर प्रदर्शन किया। दूसरे दिन बुद्धि-शुद्धि के लिये हवन, तीसरे दिन धरना दिया तो चौथे दिन बीन बजा कर शासन प्रशासन को जगाने का काम किया गया। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि सरायमीरा के धीराताल के पीछे बसे मोहल्ले की अनदेखी की जा रही है। यहां किसी तरह का विकास नहीं कराया जा रहा है। जल निकास की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। पेयजल, गलियां, नाली संपर्क मार्ग समेत अन्य समस्या बीते 20 वर्ष से बनी हुई है।

मोहल्ले में करीब 100 परिवार निवास करते हैं। हर वर्ष यहां के लोग मतदान भी करते पर विकास के नाम पर कुछ नहीं किया गया है। इसी के चलते मोहल्ले के लोग मतदान बहिष्कार कर रहे हैं। इस मौके पर राजेशकुमार यादव, रविशंकर शुक्ला, लोकेश कुमार व्दिवेदी, गिरीशचंद्र दुबे, प्रवीण मिश्रा, हरीशंकर चतुर्वेदी, शनि दुबे, रीतेश चतुर्वेदी, राजेश तिवारी, मोहनी, कुमकुम, राहिणी, मधू, अक्षय, सौरभ, अवधेश समेत पूरा मोहल्ले के लोग मौजूद रहे।


मोहल्ला कृष्णा नगर में विकास न होने से नाराज लोगों ने किया प्रदर्शन। अमृत विचार

## सार-संक्षेप


मतदान की शपथ दिलाते चेयरमैन मोहसिन खान। अमृत विचार

### देश व लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान जरूरी

**तालग्राम, कन्नौज**। नगर पंचायत तालग्राम के मोहल्ला जेरकिला वार्ड नंबर 11 आजाद नगर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें चेयरमैन सहित सभासद व कर्मियों ने मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया। मंगलवार को नगर पंचायत तालग्राम अध्यक्ष मोहसिन खान, सभासद राजेश शर्मा, पंकज ठाकुर, राजा, राशिद अंसारी, कादिर मंसूरी सहित नगर पंचायत टीम ने गोष्ठी कर नागरिकों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। बरगदिया चौराहा पर भी गोष्ठी कर मतदान की अपील की गई। चेयरमैन ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने और देश को विकास के पथ पर ले जाने के लिए मतदान जरूर करें। इस दौरान लिपिक दीपक सविता, अनुज कुमार, नितेश सिंह, आमिर, गोकरन सिंह, सर्वेश, रवीश चंद्र, मेराज अंसारी, शिवम् कुमार, सफाई नायक संतराम आदि कर्मचारी मौजूद रहे।


मझपुर्वा में लोगों से वार्ता करते सीओ सिटी कमलेश कुमार। अमृत विचार

### सीओ सिटी ने किया क्रिटिकल मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**गुरसहायगंज, कन्नौज**। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन पर क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार ने नगर सहित क्षेत्र के सभी 13 क्रिटिकल मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान स्थानीय लोगों से वार्ता कर शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान कराने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। वृद्ध व दिव्यांग मतदातओं के लिए प्रत्येक बूथ पर व्यवस्था की गई है। लोगों से संवाद स्थापित कर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करने और सभी को मतदान को प्रेरित करने की अपील की। इस दौरान कोतवाल जयप्रकाश शर्मा, मझपुर्वा चौकी प्रभारी विनय कुमार शर्मा, प्रधान प्रतिनिधि हारून सिद्दीकी, जावेदी सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।


बैठक में वार्ता करते जिला जज चंद्रोदय कुमार व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

### छह पीड़िताओं को मिलेगी क्षतिपूर्ति धनराशि

**कन्नौज**। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विभिन्न अपराधों की छह पीड़िताओं को क्षतिपूर्ति धनराशि दी जाएगी। इसके लिए जिला जेल के अधीक्षक से आवेदन मांगे हैं, जिन्हें राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजा जाएगा। मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में हुई अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक में यह जानकारी जिला जज चंद्रोदय कुमार ने दी। बैठक में जेल अधीक्षक पीके त्रिपाठी ने बताया कि 436 ए सीआरपीसी के तीन ऐसे विचाराधीन बंदी जो अपराध की अधिकतम सजा की आधी अवधि व्यतीत कर चुके हैं समिति के सदस्यों ने संबंधित न्यायालय में रिहाई के लिए आवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। विचाराधीन बंदी जिनकी जमानत न्यायालय से हो चुकी है, लेकिन जमानतगीर के अभाव में कारागार में बंद हैं के मामलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। चीफ ऑफ डिफेंस काउंसिल श्वेतांक अरुण ने विवरण प्रस्तुत किया। इस मौके पर एडीजे प्रथम लोकेश वरुण, डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल, एसपी अमित कुमार आनंद, सीएमओ डॉ. विनोद कुमार, जेल अधीक्षक पीके त्रिपाठी सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# मतदाताओं से कहा, वोट जरूर डालें

**कन्नौज**। लोक सभा सामान्य निर्वाचन के लिए चौ. चंदन सिंह महाविद्यालय में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम हुआ। स्कूली बच्चों को भी जागरुक किया गया।

मंगलवार को जिला प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्या की अगुवाई में महिला कल्याण विभाग, सखी वन स्टॉप सेंटर की ओर से चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर. एन. मिश्रा ने किया। इसके बाद सखी वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक विनीता ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को मताधिकार का प्रयोग करने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव का पर्व देश का गर्व है। इसलिये सभी को मतदान करना चाहिये। उन्होंने मतदाताओं को शपथ दिलाई। मतदान के प्रतिशत बढ़ाना हमारी जिम्मेदारी है। कॉलेज के डॉ. सुदीप शर्मा, उमेश चंद्र द्विवेदी, डॉ. आरती वर्मा एवं जिला योगासन स्पोर्ट्स एसो. की अध्यक्ष जानकी सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पैरा लीगल वॉलंटियर सीमा बानो व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के दौरान मौजूद महाविद्यालय स्टाफ व महिला कल्याण विभाग, सखी वन स्टॉप सेंटर के अधिकारी-कर्मचारी। अमृत विचार

# शस्त्र फैक्ट्री पकड़ी, हथियारों का जखीरा बरामद

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

● एक आरोपी हुआ गिरफ्तार साथी फरार, छिबरामऊ के अकबरपुर में चल रहा था काम

**अमृत विचार**। लोक सभा चुनाव में गडबड़ी फैलाने की मंशा से अवैध हथियार बनाए जाने की सूचना पर पुलिस ने फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। एक आरोपी को गिरफ्तार कर हथियारों का जखीरा बरामद किया है। मामले में एक अन्य आरोपी फरार हो गया। एसपी ने पुलिस कार्यालय में मामले का खुलासा किया।



पुलिस कार्यालय में शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा करते एसपी व अन्य अधिकारी, गिरफ्तार करने वाली टीम के साथ आरोपी। अमृत विचार

लोक सभा चुनाव में अवैध शस्त्रों की मांग अधिक हो जाती है। इसी को देखते हुए छिबरामऊ क्षेत्र में फैक्ट्री में अवैध हथियार बनाए जा रहे थे। इसकी सूचना पर एसओजी प्रभारी कमल भाटी, छिबरामऊ कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने 29 अप्रैल को ग्राम अकबरपुर स्थित पुराने खंडहर के पास घेराबन्दी कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी से 24 अवैध असलहे एवं असलहा बनाने के उपकरण बरामद किये गये। एसपी अमित कुमार आनन्द ने बताया कि पकड़े गये आरोपी के पास से चार देसी रायफल 315 बोर, एक बंदूक देसी 12 बोर, चार देसी पौनिया 315 बोर, 14 तमंचा 315 बोर, एक देसी तमंचा अधबना 315 बोर व हथियार बनाने के उपकरण बरामद किये गये। आरोपी कौशलेन्द्र उर्फ शेरु पुत्र जगन्नाथ सिंह निवासी ग्राम जैतपुर थाना बेवर जनपद मैनपुरी को पकड़ा गया है जबकि साथी ब्रजेश शर्मा पुत्र नामालूम निवासी भरगैन जिला कासगंज फरार हो गया। एसपी ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह असलहे बनाने का कार्य करता है। इस फैक्ट्री से जो कमाई होती है उससे वह व उसका साथी परिवार का भरण पोषण करता है। चुनाव के समय यह अवैध शस्त्र महंगी कीमत में बिक जाते हैं। वह गोपनीय स्थान पर पहुंच कर अबैध असलहे बनाने का काम करता है। आरोपी कौशलेंद्र के खिलाफ भोगांव, छिबरामऊ में आर्म्स एक्ट के मुकदमे दर्ज हैं।

### गिरफ्तार करने में शामिल टीम

निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह प्रभारी कोतवाली छिबरामऊ, कमल भाटी प्रभारी एसओजी, दरोगा पंकज कुमार प्रभारी सर्विलान्स, दरोगा सुरेश चन्द्र कोतवाली छिबरामऊ, के अलावा एसओजी टीम के हे.का. सुधीर कुमार, हे.का. रविन्द्र कुमार, हे.का. मनोज कुमार, हे.का. तेजप्रताप सिंह, सिपाही विकास अग्रहरि, गौरव कुमार, आदित्य सिंह, मनीष तथा सर्विलांस टीम के हे.का. दुष्यन्त यादव आदि शामिल रहे।

**चुनावी कसरत** जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों के पास भी रहेगी रिजर्व ईवीएम व वीवीपैट

# तहसील मुख्यालयों पर भी बनेगा ईवीएम स्ट्रांग रूम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार**। मतदान के दिन खराब होने पर दस मिनट के अदंर ईवीएम को बदलने की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए तहसील मुख्यालयों पर भी एक ईवीएम स्ट्रांग रूम में बनाया जाएगा। किसी भी पोलिंग बूथ पर ईवीएम में खराबी की सूचना मिलने पर उसी तहसील से दूसरी मशीन भेजी जाएगी। इसके अलावा जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट के पास भी रिजर्व ईवीएम रहेगी, जिसे समय पर पहुंचाया जा सकेगा।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कुमार कटियार ने बताया कि तीन मई को दूसरा रैंडमाइजेशन होगा, जिसमें बूथवार ईवीएम का आवंटन किया जाएगा। इसके अलावा शेष मशीनों को रिजर्व श्रेणी में रखा जाएगा।



● मशीन में खराबी की सूचना मिलने पर दस मिनट के अंदर बदली जाएगी

विधानसभा क्षेत्रवार आवंटित ईवीएम में से रिजर्व मशीनों को तहसील मुख्यालयों पर स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा में रखा जाएगा। 13 मई को मतदान के दिन किसी भी पोलिंग बूथ पर मॉकपोल या वोटिंग के समय ईवीएम में तकनीकी खराबी आती है तो उसे 10 मिनट में बदला जाएगा। इससे मतदान अधिक देर तक बाधित न हो। जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को भी दो-दो ईवीएम दी जाएगी। यदि वह पोलिंग बूथ के नजदीक होंगे, तो वह भी ईवीएम को बदल सकेंगे। पहले वाली मशीन को पीठासीन अधिकारी के पास सील कर रख दिया जाएगा, जिसे मतदान के बाद स्ट्रांग रूम में जमा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से होगी।

**जिले में ईवीएम की स्थिति**

| ईवीएम | कुल मशीनें | प्रशिक्षण में | मतदान को | रिजर्व |
|---|---|---|---|---|
| बैलेट यूनिट | 2392 | 76 | 2316 | 458 |
| कंट्रोल यूनिट | 2000 | 76 | 1924 | 91 |
| वीवीपैट | 2188 | 76 | 2112 | 237 |

### 40 प्रतिशत ईवीएम रहेंगी रिजर्व

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ईवीएम के तीन भाग होते हैं, जिसमें बैलेट यूनिट (बैलेट यूनिट), कंट्रोल यूनिट (सीयू) व वोटर वेरीफाइड पेपर ऑडिट ट्रोल (वीवीपैट) हैं। रैंडमाइजेशन में बैलेट यूनिट को 140 प्रतिशत, कंट्रोल यूनिट व वीवीपैट को 135 प्रतिशत रिजर्व श्रेणी में रखा जाएगा। जिले में 1049 मतदान केंद्र और 1519 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं।

# चुनाव पर पैनी नजर रखें माइक्रो ऑब्जर्वर

**कन्नौज**। मंगलवार को सामान्य प्रेक्षक संदीप कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान कराने के उद्देश्य से 278 माइक्रोआब्जर्वर का प्रशिक्षण हुआ। प्रेक्षक ने कहा कि मतदान प्रक्रिया के दौरान माइक्रो ऑब्जर्वर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है, वह सीधे प्रेक्षक को अपनी निर्वाचन संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत करता है। माइक्रो आब्जर्वर का दायित्व है कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठा से करें।

# वाहन की टक्कर से युवक की मौत

छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार**। नगर के पूर्वी बाईपास के पास एनएच 34 जीटी रोड पर किसी वाहन की जोरदार टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को सौ शैय्या अस्पताल की मोर्चरी में रखवा कर परिजनों को सूचित कर दिया। रोते बिलखते सभी अस्पताल पहुंच गए।

जिला हापुड़ के सांवली निवासी प्रेमचंद का पुत्र सोनू प्रजापति मेडिकल स्टोर संचालक था। एक दिन पूर्व वह कानपुर में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से गया था। सोमवार की देर रात वापस सांवली जाने के लिए निकला था। नगर के पूर्वी बाईपास के पास एन एच 34 जीटी रोड पर किसी वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी होते ही पहुंची पुलिस ने उसे सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया। यहां कुछ देर इलाज के दौरान अपना नाम पता बताने के बाद उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने पंचनामा भरवा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी मुनेश देवी तथा बच्चे लवी, सृष्टि व नक्श का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। वहीं परिजनों ने अज्ञात वाहन व उसके चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया है।


सोनू प्रजापति।

## एक नजर

### जंगली जानवर के हमले से ग्रामीण गंभीर रूप से घायल

क़ायमगंज फर्रुखाबाद । कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव ममापुर निवासी ओमकार अपने खेतों पर कार्य कर रहे थे । उसी समय एक जंगली जानवर ने उनके ऊपर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उसने मदद के लिए चीखपुकार मचाई। जब तक लोग मदद को दौड़ते तब तक जानवर ने ओमकार को गंभीर रूप से घायल कर दिया। मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने जानवर को भगाया और परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### वारंटी गिरफ्तार

कंपिल फर्रुखाबाद। थाना पुलिस ने क्षेत्र के गांव दादियापुर निवासी सत्येंद्र पुत्र केदार को वारंट तहत गिरफ्तार किया।

### मार्ग दुर्घटना में बालक गंभीर रूप से घायल

कायमगंज फर्रुखाबाद। क्षेत्र के गांव छतरई निवासी ब्रजलाल शाक्य का नौ वर्षीय पुत्र सुमित मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया। लोगो ने परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज किया गया।

# भाजपा की मीटिंग कराने वालों का हुक्का पानी बंद कर देना चाहिए : मारिया आलम

## पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की भतीजी ने वोट के लिए जिहाद छेड़ने की अपील की

संवाददाता कायमगंज, फर्रुखाबाद


मारिया आलम। अमृत विचार

- मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कराई भाजपा प्रत्याशी की मीटिंग तो भड़कीं मारिया

**अमृत विचार।** कायमगंज कस्बा में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य के समर्थन में आयोजित जनसभा में पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की भतीजी एवं सपा नेता मारिया आलम खां ने वोट के लिए जेहाद छेड़ने की अपील की।

उन्होंने कहा कि अगर आज की बात की जाए तो आज यह कुर्बानी जरूरी है। हमें भी बुरा लगता है। हमें भी तकलीफ होती है । लेकिन हम उस जगह पहुंच चुके हैं, कि जहां ना हम अकेले जीत सकते हैं, और ना अकेले हार सकते हैं। इसलिए इंसान को अपनी हैसियत और औकात सबसे पहले समझनी चाहिए कि अब हम जिताने के रह गए और हराने के रह गए। अगर अभी एक नहीं हुए तो यह समझ लेना यहां से नामों निशान मिटाने के लिए यह संघी सरकार जो कोशिश कर रही है उसको तुम कामयाब करने का काम करोगे। इसलिए बहुत अकलमंदी के साथ एक साथ हो के वोटों का जिहाद करो, क्यों कि हम सिर्फ वोटों का जिहाद कर सकते हैं। मारिया आलम यहीं नहीं रुकी उन्होंने आगे कहा कि बहुत शर्म आती है जब मैंने आज यह सुना कि कुछ मुसलमानों ने आज यहां बैठक कर भाजपा सांसद मुकेश राजपूत की मीटिंग कराई है। मुझे लगता है समाज को ऐसे लोगों का हुक्का- पानी बंद कर देना चाहिए । इतने मतलबी मत बनो की बच्चों की जिंदगियों से खेलो आज कितने लोग सीएए- एनआरसी को लेकर जेल में बंद हैं। उन बच्चों के केस सलमान खुर्शीद साहब फ्री में लड़ रहे हैं। लोग कहते हैं कि संविधान खतरे में है मैं कहती हूं कि इंसानियत खतरे में है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद व उनकी पत्नी लुइसखुर्शीद,सपा जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह आदि रहे।

### पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद व भतीजी पर एफआईआर

वोट जिदाह की बात करने पर मारिया आलम और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद के विरुद्ध भड़काऊ भाषण देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। उड़नदस्ता मजिस्ट्रेट मनोज शर्मा ने कायमगंज कोतवाली में दर्ज कराई है। तहरीर में उन्होंने लिखा है कि कायमगंज के मोहल्ला चिलाका में पूर्व विदेश मंत्री व कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद तथा उनकी भतीजी मारिया आलम खां ने अल्पसंख्यक समुदाय के समक्ष अल्पसंख्यकों को जिहादी बन सपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के लिये ध्रुवीकृत भाषण दिया। उनका यह भाषण आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। एसपी विकास कुमार ने बताया कि उड़नदस्ता मजिस्ट्रेट की तहरीर पर दर्ज की गई।

# भीषण गर्मी में मतदान प्रतिशत बढ़ाना टेढ़ी खीर

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- कम मतदान का असर सत्ता पक्ष के उम्मीदवार पर पड़ने के आसार



**अमृत विचार ।** दूसरे चरण में हुए लोकसभा चुनाव में भीषण गर्मी के चलते वोट का प्रतिशत पिछले चुनाव की अपेक्षा कम होने से दलों में भी हलचल है। जनपद में चौथे चरण में 13 मई को मतदान है। तब तक गर्मी चरम पर पहुंच चुकी होगी। ऐसे में जिला प्रशासन के सामने जनपद में वोट प्रतिशत बढ़ाने की चुनौती होगी। वहीं राजनीति से जुड़े लोगों की मानें तो कम वोटिंग से सबसे ज्यादा नुकसान सत्ता पक्ष के प्रत्याशी को हो सकता है।

लोकसभा चुनाव के इतिहास पर नजर डालें तो जनपद में सिर्फ वर्ष 2014 में ही 60 प्रतिशत मतदान हो सका है। जिला प्रशासन मतदान बढ़ाने को लेकर लगातार प्रयासरत है, लेकिन लोकसभा के दूसरे चरण में हुए चुनाव में मतदान प्रतिशत में गिरावट आने से अधिकारियों के साथ ही साथ प्रत्याशियों की चिंता भी बढ़ गई है। प्रदेश में दूसरे चरण के चुनाव में मतदान प्रतिशत 54.83 प्रतिशत रहा, जबकि 2019 में मतदान प्रतिशत 62.06 प्रतिशत था। जनपद में 13 मई को मतदान है। भीषण गर्मी में घरों से निकलकर वोट डालने में मतदाता रुचि लेगा या नहीं यह तो उसी दिन पता चलेगा। डीएन डिग्री कॉलेज के रिटायर्ड प्रवक्ता डॉ. गुलाब सिंह बघेल बताते हैं कि गर्मी में लोग घरों से निकलने में कतराते हैं। खासकर शहरी क्षेत्र में रहने वाले लोग। इसी वजह से मतदान का प्रतिशत गिरता है। कम वोटिंग से सत्तापक्ष को नुकसान होने का डर रहता है।

### अब तक हुए लोस चुनाव में मतदान प्रतिशत पर नजर

| वर्ष | मतदान प्रतिशत |
|---|---|
| 1952 | 41 |
| 1957 | 55 |
| 1962 | 52 |
| 1963 | 51 |
| 1967 | 56 |
| 1971 | 53 |
| 1977 | 58 |
| 1980 | 48 |
| 1984 | 59 |
| 1989 | 55 |
| 1991 | 51 |
| 1996 | 48 |
| 1998 | 58 |
| 1999 | 51 |
| 2004 | 48 |
| 2009 | 47 |
| 2014 | 60 |
| 2019 | 58 |

नोट- आंकड़े चुनावी वेबसाइट के अनुसार हैं।

# महिला की मौत पर पिता ने लगाया हत्या का आरोप

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव पट्टिया निवासी सुधाकर की पत्नी पायल की उपचार के दौरान लोहिया अस्पताल में मौत हो गई। मौत के बाद दुखी परिजन महिला का शव लेकर गांव वापस आ गए ।

इसी बीच ससुराल के पास में ही बसे गांव महिला के मायके प्रेम नगर मजरा घसिया चिलौली वालों को इसकी सूचना मिली । गांव प्रेमनगर निवासी मृतका के पिता जयसिंह अपने अन्य परिजनों के साथ बेटी की ससुराल पहुंच गए । घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस क्षेत्राधिकार सत्येंद्र सिंह प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रामऔतार,हल्का इंचार्ज मंडी चौकी प्रभारी कृष्ण कुमार कश्यप , दरोगा प्रमोद कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे । बेटी की ससुराल में मौजूद मृतका के पिता ने पुलिस से कहा कि उसकी बेटी की शादी दो साल पहले हुई थी। पिता ने अपनी बेटी की हत्या का आरोप लगाया। पति का कहना था उसकी पत्नी ने तीन दिन पहले कुछ खा लिया था। जानकारी पर सीएचसी में भर्ती कराया गया था। यहां के सरकारी अस्पताल में इलाज से फायदा ना होता देख उच्च चिकित्सा के लिए वह अपनी पत्नी को जिला मुख्यालय स्थित डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल लेकर चला गया था । वहीं उपचार के दौरान पत्नी की मौत हो गई ।

# टेंट कर्मी की करंट से हुई मौत

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद


लोहिया अस्पताल में मौजूद मृतक के साथी। अमृत विचार

- शादी की खुशियां मातम में बदलीं, मचा कोहराम

**अमृत विचार।** थाना जहानगंज क्षेत्र में बिटिया की आ रही बारात में टेंट लगा रहे टेंट कर्मी की करंट से मौत हो गई। टेंट कर्मी की मौत होते ही विवाह कार्यक्रम की खुशियां मातम में बदल गईं।

घटनाक्रम के अनुसार थाना मऊ दरवाजा के गांव ढिलाबल के रहने वाले रामपाल का 20 वर्षीय पुत्र रमन नीरज टेंट हाउस में काम करता था । आज वह थाना जहानगंज क्षेत्र के गांव उगायत पुर में तोहिद की बेटी की शादी थी, जिसमें वह टेंट लगा रहा था। टेंट लगाते समय पोल बिजली की 11000 लाइन से छू गया। जिससे रमन की मौत हो गई । रमन के साथी व कन्या पक्ष के लोग आनन फानन उसे लेकर डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल आए। जहां डॉक्टर भानु प्रताप ने उसे मृत घोषित कर दिया। रमन के पिता का पहले ही स्वर्गवास हो चुका है। मां सोनी का कहना है कि उसके घर कमा कर खाने वाला केवल रमन ही था। उसकी मौत के बाद अब उसके जीवन में चारों तरफ अंधेरा हो गया है। फिलहाल रमन का शव लेकर परिजन पर घर चले गए हैं।

# अपने जीवन में योग को उतारकर बनें निरोगी

**फर्रुखाबाद।** आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से बद्री विशाल डिग्री कॉलेज में हेल्थ एंड हैप्पीनेस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि योग को अपने जीवन में उतारकर हम निरोगी रह सकते हैं।

मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था सदस्य विवेक बंसल ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए योग बेहद आवश्यक है। नियमित योग करने से सारे रोगों से छुटकारा मिल सकता है। राहुल कुमार ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए योग व आयुर्वेद दोनों आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क छिपा होता है। इस अवसर पर दीप शिखा ठाकुर, राजेश कुमार व आशीष कुमार आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


जांच पड़ताल करते एसीएमओ । अमृत विचार

### एसीएमओ ने सिविल अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** थाना कादरी गेट क्षेत्र में स्थित सिविल अस्पताल लिंजीगंज का एसीएमओ डॉक्टर दलबीर सिंह ने औचक निरीक्षण किया। डॉक्टर दलबीर सिंह ने सबसे पहले ओपीडी में पहुंचकर एंट्री देखी जिसमें कुल 193 मरीज पहुंचे। उसके बाद डॉक्टर आध्या से मरीजों के संबंध में पूछताछ की। अनुपस्थित रजिस्टर भी चेक किया । एसीएमओ ने लेबर रूम में पहुंचकर देखा । तो वहां पर गंदगी का मिली । उन्होंने जमकर भटकार लगाई। एसीएमओ ने कहा कि 2 दिन के अंदर लेबर रूम की सफाई हो जानी चाहिए नहीं तो संबंधित के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी । ड्यूटी पर तैनात सिविल अस्पताल लिंजीगंज के एमओआईसी डॉ राणा ने बताया कि जो भी कमियां है जल्द से जल्द सुधार कराएंगे। जिससे आने वाले मरीजों को दिक्कत का सामना न करना पड़े । वार्ड में भर्ती मरीज से भी हाल लिए। इस मौके पर संजय बाथम सहित काफी स्टाफ मौजूद रहा।


हज यात्रा पर जाने वाले को टीका लगातीं स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

### हज यात्रा पर जाने वालों को लगाए गए टीके

**फर्रुखाबाद।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अंगूरी बाग ग्रीन गार्डन में जिले से हज पर जाने वाले हज टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया। जिला हज ट्रेनर हाजी अता हुसैन ने हज के इस सफर में सऊदी हुकूमत द्वारा प्रतिबंधित सामानों की जानकारी दी । सिविल अस्पताल लिंजीगंज से आई हुई। टीम ने हज यात्रियों को पोलियो ड्राप पिलाई एवं टीकाकरण किया। डॉक्टर अंजुला गोस्वामी डॉक्टर नड्डा, स्टाफ नर्स रागिनी आदि की देखरेख में टीकाकरण व ड्राप पिलाया गया। इस दौरान आजमीने हज के अतिरिक्त मुनीम अंसारी,सभासद , अब्दुल नईम अंसारी, मोहम्मद नदीम शेर खा आदि लोग मौजूद रहे।

# लीकेज गैस चूल्हे से लगी आग गृहस्थी खाक

**कायमगंज, फर्रुखाबाद।** कायमगंज क्षेत्र के गांवअताईपुर कोहना निवासी शीशराम की पत्नी परिवार के लिए आज गैस चूल्हे पर चाय नाश्ता तैयार करने के लिए रसोई घर में पहुंची थी । महिला ने जैसे ही चूल्हा जलाने के लिए सिलेंडर से गैस को ओपन करते हुए चूल्हे के ऊपर गैस आने का आभास होते ही माचिस की तीली से चूल्हा जलाने का प्रयास किया । उसे पता नहीं था कि किसी कारणवश गैस पाइप पहले से ही लीक है । माचिस की लौ जैसे ही चूल्हे की तरफ बढ़ाई उसी समय हल्के से धमाके के साथ अचानक आग लग गई । शोरगुल सुनकर परिजन तथा पड़ोसी दौड़कर मौके पर पहुंचे । काफी प्रयास के बाद जब तक आग पर काबू पाया।

# प्रभारी को पीटने का आरोपी पहुंचा थाने

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** रोडवेज बस अड्डा प्रभारी को डग्गामार बस में बंधक बना मारपीट कर घायल करने का आरोपी बस मालिक थाने पंहुच गया।

थाना कादरीगेट के लालदरवाजा बस अड्डा के स्टेशन प्रभारी जितेन्द्र सिंह के साथ डग्गामार बस के मालिक विपिन दीक्षित व उनके कर्मियों नें उन्हें अपनी बस में बंधक बनाकर जमकर पीटा। मामले में विपिन दीक्षित निवासी कादरीगेट, बस चालक व दो अज्ञात के खिलाफ मारपीट, बंधक बनाने व डकैती की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। मंगलवार को आरोपी विपिन दीक्षित थाना कादरीगेट पंहुचा।

### रोडवेज संयुक्त मोर्चा ने कसी कमर

फर्रुखाबाद । बस स्टेशन प्रभारी जितेन्द्र सिंह के साथ की गयी मारपीट के विरोध में रोडवेज संयुक्त मोर्चा ने बस अड्डे पर बैठक कर घटना के सम्बन्ध में कड़ा विरोध जताया। अध्यक्ष योगेन्द्र सक्सेना व संगठन मंत्री राहुल दुबे, संगठन के मंत्री पंकज वर्मा ने एआरएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमे आरोपी की 24 घंटे में गिरफ्तारी की मांग की। बैठक में कृष्णा शुक्ला, मनोज शुक्ला, राहुल दुबे, अब्दुल रफीक, जरनैल सिंह यादव, राघवेन्द्र पाठक, बलवीर सिंह, अनुज यादव, धीरेन्द्र कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

# गर्मी आते ही होने लगे फाल्ट

कार्यालय संवादाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** गर्मी आते ही ग्रामीण इलाकों में फाल्ट होने लगे हैं। ब्लॉक नवाबगंज क्षेत्र में कहीं हाईटेंशन लाइन का तार टूट गया तो कहीं बंच केबल जल गई। आठ एमवीए का फ्यूज जलने से 50 गांवों की आधा घंटा बिजली गुल रही।

थाना शमशाबाद क्षेत्र गांव दलेलगंज में कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर हाईटेंशन लाइन के ऊपर रात करीब 12 बजे पीपल का पेड़ गिर गया। जिससे लाइन टूट गई। हाईटेंशन लाइन टूटने से रात को जाम की स्थिति भी बनी। ग्रामीणों ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम को खुलवाया। मामले की जानकारी जेई जुनैद आलम को दी गई। उन्होंने बताया कि पीपल के पेड़ से जो लाइन टूटी थी। उससे एक नलकूप का कनेक्शन था। गांव की आपूर्ति बंद नहीं की गई। लाइन को ठीक करा दिया गया है। वहीं, हजियांपुर विद्युत उपकेंद्र हरसिंहपुर फीडर के गांव नगला नान में रात करीब 12 बजे बंच केबल में आग लग गई। ग्रामीणों ने हजियांपुर उपकेंद्र जानकारी दी। जिससे आपूर्ति बंद कर दी गई। करीब 20 मिनट बाद आग खुद ही बुझ गई। जिसके बाद आपूर्ति फिर चालू की गई।

### ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ने से आधा घंटा बंद रही आपूर्ति

शमशाबाद विद्युत उपकेंद्र पर लगे 8 एमवीए ट्रांसफार्मर का फ्यूज सोमवार सुबह 11:30 बजे जल गया। इससे उपकेंद्र से जुड़े फीडर नैगवां व फैजबाग बंद होने से करीब 50 गांवों की बिजली गुल हो गई। करीब आधा घंटा बाद बिजली कर्मचारी फ्यूज ठीक कर सके। उपकेंद्र पर तैनात एसएसओ बलवीर सिंह ने बताया कि ट्रांसफार्मर का फ्यूज सही करने के चलते आधा घंटा बिजली ठप रही।

### बिजली कटौती को लेकर भाकियू का धरना शुरू

**फर्रुखाबाद।** लो वोल्टेज आने से नलकूप न चल पाने के कारण किसानों की फसलें सुख रही हैं। जिससे परेशान भाकियू नेताओं ने किसानों के साथ बिजली घर पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। भाकियू जिलाध्यक्ष राम बहादुर राजपूत के नेतृत्व में किसान नेताओं ने शमशाबाद में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया । किसानों का कहना है कि हजियापुर ,नवाबगंज, शमशाबाद, कायमगंज के अधिकांश बिजली घरों से नल कूप को दी जाने वाली विद्युत आपूर्ति में लो वोल्टेज आ रहे हैं ।जिसके चलते नलकूप नहीं चल पा रहे हैं और फसलें सूख रही हैं।


बैठक करते ब्राह्मण समाज के लोग। अमृत विचार

### दस मई को मनाई जाएगी परशुराम जयंती

**फर्रुखाबाद।** ब्राह्मण समाज जनसेवा समिति ( ब्राह्मण महासंघ ) की बैठक में दस मई को भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाए जाने पर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि दस मई को हवन–पूजन के साथ ही सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष नारायण दत्त द्विवेदी ने कहा कि 10 मई को भगवान परशुराम जयंती पर हवन पूजन व भगवान परशुराम की प्रतिमा का अभिषेक किया जाएगा। इस दौरान जवाहर मिश्रा को संगठन का प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष व रामजी बाजपेई को कानूनी व वैदिक सलाहकार नियुक्त किया गया ।बैठक की अध्यक्षता रवीश द्विवेदी व संचालन रामजी बाजपेई ने किया। इस अवसर पर विजय दुबे मटर लाल, शिवम दीक्षित, गोविंद मिश्र, रामजी पाठक, प्रिंस शुक्ला, शिवम दुबे, शशांक शेखर मिश्रा, अंकित तिवारी, अनिल तिवारी, आचार्य प्रदीप नारायण शुक्ल, आलोक शुक्ला, अखिलेश कुमार शुक्ला, स्वदेश दुबे, विमल दुबे, अनुपम शुक्ला व कृष्ण मुरारी बाजपेई मौजूद रहे।

### डीएम-एसपी ने सेंट्रल व जिला जेल का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने संयुक्त रूप से केंद्रीय कारागार एवं जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल अस्पताल में भर्ती कैदी,बंदियों की समस्याओं को सुना एवं स्वास्थ्य की जानकारी ली, व जेल में कैदियों को मिल रहे भोजन की गुणवत्ता की जानकारी प्राप्त की। कैदियों ने बताया कि उन्हें कोई समस्या नहीं है । निरीक्षण में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह व संबंधित जेल अधीक्षक व अधिकारी मौजूद रहे।

### गेहूं काट रही महिला को सर्प ने डसा, भर्ती

**क़ायमगंज फर्रुखाबाद।** गेहूं काट रही महिला को सफ ने डस लिया। परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया है। थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुर चिन्हतपुर निवासी पप्पू की 45 वर्षीय पत्नी अमरवती अपने खेत मे गेहूं काट रही थी तभी अचानक सफ ने डस लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। आनन फानन में महिला को सरकारी अस्पताल कायमगंज में भर्ती कराया गया। परिजन सर्प को को एक वोरी मे बन्द करके अस्प्ताल में अपने साथ ले आये है। वहीं कायमगंज के मोहल्ला बगिया मंगूलाल निवासी वृद्धा शारदा को जहरीले कीड़ ने काट लिया। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

लोकसभा चुनाव –2024 | मतदान केंद्रों पर छाया, पानी, शौचालय के लिए विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए

# प्रेक्षक ने अति संवेदनशील मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

संवाददाता क़ायमगंज फर्रुखाबाद


मतदान केंद्र का निरीक्षण करते प्रेक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रेक्षक दीपक मीणा ने चार मतदान केंद्रों पर पहुंच कर बूथ चेक किए। इस दौरान मतदान केंद्रों पर उनकी छाया, पानी, शौचालय पर विशेष नजर रही।

लोकसभा चुनाव को लेकर सामान्य प्रेक्षक दीपक कुमार मीना, एसडीएम यदुवंश कुमार वर्मा, सीओ सतेंद्र कुमार सिंह तहसीलदार विक्रम सिंह चाहर, नायब तहसीलदार मनीष वर्मा, खंड विकास अधिकारी,सुपरवाइर आशीष वर्मा समेत तहसील प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे । जहां पुलिस फोर्स के साथ नगर के रेलवे रोड स्थित एसएनएम इंटर कालेज के मतदान केंद्र के बूथ संख्या 168, 169, 170 का जायजा लिया। जहां पानी, शौचालय, रैंप की व्यवस्था देखी। वही धूप को लेकर छाया के इंतजाम भी देखे। उसके बाद प्रेक्षक ब्लाक कार्यालय स्थित मतदान केंद्र पर 116,117,118 1. का निरीक्षण किया। प्रेक्षक ने बूथों पर मतदाताओं को लेकर जानकारी की तो बीएलओ ने बताया बूथ संख्या 116 में 595 व 117 में 1231 मतदाता है। प्रेक्षक ने सवाल किया इन बूथों पर पिछले लोकसभा चुनाव में कितने फीसदी मतदान हुआ था।

इस पर बीएलओं ने बताया करीब 50 फीसदी मतदान हुआ था। प्रेक्षक ने मतदाता पर्ची घर घर बांटने के संबंध में जानकारी की तो बीएलओ ने बताया यहां मतदाताओं की संख्या अधिक है। एक सप्ताह में वितरित कर देंगे। प्रेक्षक को यह भी बताया गया बूथ संख्या 118 में दिव्यांग मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस पर उन्होंने दिव्यांग मतदाताओं के लिए भी व्यवस्था देखी। प्रेक्षक ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान कराने को कसी कमर

अमृतपुर फर्रुखाबाद


सीओ को निर्देश देते चुनाव प्रेक्षक। अमृत विचार

- अधिकारियों और कर्मचारियों को व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त करने को कहा

**अमृत विचार।** चौथे चरण 13 मई को लोकसभा क्षेत्र में चुनाव होना है। इसके लिए प्रशासन रात दिन एक करके चुनाव की तैयारियों मे लगा है। वोटिंग होगी और वोटिंग मशीनों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन अपने तरीके से कार्रवाई में जुटा हुआ है। जिसके चलते अतिसंवेदनशील बूथों पर डीएम पुलिस कप्तान चुनाव पर्यवेक्षक लगातार अपना दौरा कर कर्मचारी और अधिकारियों को व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने को कहा।

लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने के लिए प्रसाशन पूरी तरह कमर कसे है। इसी क्रम मे आज अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र के कस्बा अमृतपुर में पुलिस पर्यवेक्षक बी. जुगुल किशोर ने संवेदनशील बूथों का निरीक्षण किया और वहां पर सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा चुनाव आयोग के निर्देशानुसार सभी व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त होनी चाहिए। अगर कहीं पर कोई खामी है तो उसके लिए जिला प्रशासन को तुरंत सूचना दी जाए। विधानसभा क्षेत्र में संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों को रेखांकित किया गया है। इन बूथों पर अशांति पैदा करने की संभावनाओं के चलते इस पर ध्यान दिया जा रहा है। क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया कि यदि कोई भी अशांति पैदा होती है तो उसे तुरंत नियंत्रित किया जाए।

आत्मज्ञानं समारम्भ : तितिक्षा धर्मनित्यता ।
यमर्थान्नापकर्षन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

जो अपनी योग्यता से भली-भांति परिचित हो और उसी के अनुसार कल्याणकारी कार्य करता हो, जिसमें दु :ख सहने की शक्ति हो, जो विपरीत स्थिति में भी धर्म-पथ से विमुख नहीं होता, ऐसा व्यक्ति ही सच्चा ज्ञानी कहलाता है ।

## संपादकीय

# कारोबार के लिए

दुनिया के तीसरे सबसे अमीर आदमी टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के साथ अचानक ऐसा क्या हुआ कि वो भारत के बदले चीन पहुंच गए। मस्क का चीन जाने का निर्णय टेस्ला को पटरी पर वापस लाने की तात्कालिकता की भावना को रेखांकित करता है। फिर भी मस्क का अचानक चीन जाना बहुतों को हैरान कर सकता है। मस्क ने भारत आने से एक दिन पहले अपनी यात्रा रद कर दी, क्योंकि भारत में चुनाव चल रहे थे। इसलिए मस्क की चीन यात्रा को भारत की अवमानना के रुप में नहीं देखा जा सकता। मस्क की स्थगित हुई भारत यात्रा रणनीति में बदलाव को दर्शा सकती है। सीईओ ने पिछले हफ्ते घोषणा की थी कि टेस्ला नए मॉडलों में तेजी ला रही है, जिन्हें कंपनी अपने मौजूदा लाइनअप के समान विनिर्माण लाइनों पर तैयार करेगी। विश्लेषकों ने अनुमान लगाया है कि इसका मतलब यह हो सकता है कि कार निर्माता मैक्सिको में एक कारखाने में और देरी करेगा और भारत में किसी भी संयंत्र को रोक देगा। जब मस्क के टॉप अधिकारियों के भारत का दौरा करने के बाद रेड कारपेट पूरी तरह से सज चुका था, ऐसे में चीन ने ऐसा क्या किया कि मस्क को एक झटके में सब छोड़ के चीन जाना पड़ा। दरअसल टेस्ला का मार्केट पहले ही डाउन हो रहा था। इसलिए मस्क ने आपाधापी में चीन का दौरा कर टेस्ला को चीन में नया जीवनदान दिया है। गौरतलब है कि मस्क की चीन यात्रा ऐसे समय हुई है जब चीन और अमेरिका के रिश्ते अच्छे नहीं चल रहे। यूक्रेन-रूस युद्ध समेत तमाम बड़े मसलों पर दोनों देश विपरीत खेमों में खड़े नजर आ रहे हैं।

बीते दिनों ही अमेरिका ने टिकटॉक की चीनी पैरेंट कंपनी को जो चेतावनी दी है, उससे उस पर प्रतिबंध का खतरा मंडराने लगा है। हिंदुस्तान में उन्हें एक बड़ा बाजार नजर आ रहा है, जहां इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए अपार संभावनाएं हैं। टेस्ला अरसे से कोशिश में है कि भारत में उसकी एंट्री हो जाए, लेकिन चीन की तुलना में भारतीय इलेक्ट्रिक वाहनों का बाजार छोटा है। इसलिए भले ही अभी मस्क चीन में अपने कारोबार को संभालने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनकी चीन यात्रा ने टेस्ला के भारतीय कारोबार के भविष्य पर सवाल खड़े किए हैं। चीन की तरह ही भारत एलन मस्क के लिए एक बड़ा मार्केट हैं ऐसे में मस्क की पूरी कोशिश रहेगी कि वो जल्द से जल्द भारत का रुख करेंगे।

# देवगौड़ा से बड़ी उम्मीदें लगाए हुए थे लालू



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

संयुक्त मोर्चा सरकार की अगुवाई को लेकर इसमें शामिल दलों में जबरदस्त खींचतान थी। पहली पसंद विश्वनाथ प्रताप सिंह ने सरकार का नेतृत्व करने से इंकार कर दिया था। ज्यादा दबाव पड़ने पर निर्णायक बैठक के दिन वे भूमिगत हो गए। ज्योति बसु को उनकी पार्टी सीपीएम के पॉलिट ब्यूरो ने इजाजत नहीं दी। चंद्र बाबू नायडू आंध्र प्रदेश छोड़ने को तैयार नहीं थे।

1996 में बहुमत साबित करने में असफल अटल बिहारी बाजपेई की सरकार सिर्फ तेरह दिन में गिर चुकी थी। 545 सदस्यीय सदन में भाजपा और उसके सहयोगियों की संख्या 186 थी। संयुक्त मोर्चा के 215 और कांग्रेस के 139 सदस्य थे। कांग्रेस के समर्थन से बनी अल्पजीवी चरण सिंह और चंद्रशेखर की सरकारों के कटु अनुभव संयुक्त मोर्चा के नेताओं को बखूबी याद थे। लेकिन तुरंत कोई चुनाव नहीं चाहता था। जाहिर है कि भाजपा की नाकामी के बाद संयुक्त मोर्चा की सरकार कांग्रेस के ही समर्थन से मुमकिन थी। पिछले मौकों की तरह एक बार फिर कांग्रेस ने गैर कांग्रेसी सेक्युलर दलों को बाहर से समर्थन देने का फैसला किया।

संयुक्त मोर्चा सरकार की अगुवाई को लेकर इसमें शामिल दलों में जबरदस्त खींचतान थी। पहली पसंद विश्वनाथ प्रताप सिंह ने सरकार का नेतृत्व करने से इंकार कर दिया था। ज्यादा दबाव पड़ने पर निर्णायक बैठक के दिन वे भूमिगत हो गए। ज्योति बसु को उनकी पार्टी सीपीएम के पॉलिट ब्यूरो ने इजाजत नहीं दी। चंद्र बाबू नायडू आंध्र प्रदेश छोड़ने को तैयार नहीं थे। तामिलनाडु के मुख्यमंत्री के.करुणानिधि ने भी इंकार कर दिया। लालू और मुलायम सिंह दोनों ही एक - दूसरे के नाम पर तैयार नहीं थे। कर्नाटक के मुख्यमंत्री एचडी देवगौड़ा शुरुआती दौड़ में भले शामिल न रहे हों लेकिन वे अकेले थे, जिनके नाम पर सर्व सहमति बनी।

देवगौड़ा के पिता दूध वितरण का काम करते थे। माली हालत ऐसी कमजोर थी कि वे अपनी चार संतानों में किसी एक की ही पढ़ाई का खर्च उठा सकते थे। ये सौभाग्य एचडी देवगौड़ा के हिस्से में आया। वे सिविल इंजीनियर बने। उनके जिले हासन के लोग काफी दिनों तक उन पुलियों का जिक्र करते थे, जो देवगौड़ा की देख-रेख में बनीं। प्रधानमंत्री की कुर्सी संभालने के पहले उन्हें कर्नाटक के मुख्यमंत्री के तौर पर काम करने का अनुभव था। लेकिन केंद्र में उन्हें ऐसी सरकार की अगुवाई करनी थी, जिन्हें संयुक्त मोर्चा के दलों को संजोने के साथ ही बात-बात में तिरछी होती कांग्रेस की नजरों का भी ख्याल रखना था।

देवगौड़ा ने कर्नाटक कैडर के आईपीएस सरदार जोगिंदर सिंह को सीबीआई का डायरेक्टर बनाया था। ज्वाइंट डायरेक्टर यू.एन विश्वास जांच टीम की अगुवाई कर रहे थे। लालू की गिरफ्तारी बहुत दूर नहीं थी। पटना से लालू के प्रधानमंत्री देवगौड़ा के फोन निरर्थक साबित हो रहे थे। सुप्रीम अदालत के निर्देश पर हो रही जांच और हाईकोर्ट की उस पर निगरानी के कारण देवेगौड़ा हाथ खड़े कर चुके थे। पर लालू मानने को तैयार नहीं थे। उन्हें लगता था कि देवगौड़ा के इशारे पर सीबीआई उन्हें घेर रही है। बेहद नाराजगी के साथ उन्होंने पटना से फोन पर देवगौड़ा से कहा, "यह सब अच्छा नहीं हो रहा है। जो आप करवा रहे हैं, इसका अंजाम बहुत बुरा होगा।

देवगौड़ा को लगभग ग्यारह महीने सरकार चलाने का मौका मिला। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने जम्मू कश्मीर में छह साल से चले आ रहे राष्ट्रपति शासन को समाप्त कर चुनाव कराए। इंद्र कुमार गुजराल उनकी सरकार में विदेश मंत्री थे। उनकी सलाह पर बांग्ला देश से गंगा जल के बंटवारे का विवाद समाप्त कर समझौता हुआ। जबरदस्त दबाव के बाद भी इस सरकार ने व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) पर हस्ताक्षर नहीं किए। इसी का नतीजा था कि 1998 में अटल सरकार पोखरण में परमाणु परीक्षण कर सकी। विद्रोही नगा नेताओं से शांति समझौता भी इस सरकार की एक उपलब्धि थी।

एक छोटा सा कार्यकाल। अलग दिशाओं में भागते सहयोगी। सबकी कुछ न कुछ चाहत। कांग्रेस का हर वक्त दबाव। इन हालात में प्रधानमंत्री के तौर पर कोई बड़ी छाप छोड़ जाने की देवगौड़ा से उम्मीद नहीं की जा सकती थी। लेकिन चारा घोटाले मामले में फंसे लालू की बेजा मदद से साफ इंकार करके देवगौड़ा ने एक बड़ी लकीर खींची। जनता दल की अंदरूनी खींचतान में लालू-देवगौड़ा साथ थे। प्रधानमंत्री के लिए देवगौड़ा के नाम पर मोहर लगाने वालों में लालू भी शामिल थे। संयोग से लालू पर चारा घोटाले का शिकंजा उन्हीं दिनों कसा जब प्रधानमंत्री की कुर्सी पर देवगौड़ा आसीन थे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सीबीआई चारा घोटाले की जांच कर रही थी। पटना हाईकोर्ट इस जांच की निगरानी कर रहा था। केंद्र सरकार के हाथ बंधे हुए थे लेकिन देवगौड़ा को अपना आदमी समझते हुए लालू उनसे बड़ी उम्मीदें लगाए हुए थे।

देवगौड़ा ने कर्नाटक कैडर के आईपीएस सरदार जोगिंदर सिंह को सीबीआई का डायरेक्टर बनाया था। ज्वाइंट डायरेक्टर यू.एन विश्वास जांच टीम की अगुवाई कर रहे थे। लालू की गिरफ्तारी बहुत दूर नहीं थी। पटना से लालू के प्रधानमंत्री देवगौड़ा के फोन निरर्थक साबित हो रहे थे। सुप्रीम अदालत के निर्देश पर हो रही जांच और हाईकोर्ट की उस पर निगरानी के कारण देवेगौड़ा हाथ खड़े कर चुके थे। पर लालू मानने को तैयार नहीं थे। उन्हें लगता था कि देवगौड़ा के इशारे पर सीबीआई उन्हें घेर रही है। बेहद नाराजगी के साथ उन्होंने पटना से फोन पर देवगौड़ा से कहा, "यह सब अच्छा नहीं हो रहा है। जो आप करवा रहे हैं, इसका अंजाम बहुत बुरा होगा। कांस्पीरेसी करनी हो तो भाजपा के खिलाफ करो। हमारे क्यों पीछे पड़े हो।"

चारा घोटाले की जांच लालू- देवगौड़ा के रिश्तों को काफी खराब कर चुकी थी। लालू का धैर्य जवाब दे चुका था। "का जी देवगौड़ा, इसीलिए तुमको पीएम बनाया था कि तुम हमारे खिलाफ केस तैयार करो? बहुत गलती किया तुमको पीएम बनाके।" चारा घोटाले में बुरी तरह फंसे ये लालू यादव थे जो 7 रेस कोर्स के मीटिंग हॉल में जनता दल की संचालन समिति की बैठक में प्रवेश करते समय देवगौड़ा से तल्ख लहजे में मुखातिब थे। देवेगौड़ा का जवाब दो टूक था, "भारत सरकार और सीबीआई कोई जनता दल तो है नहीं कि उसे भैंस की तरह हांक दिया। आप पार्टी को भैंस की तरह चलाते हैं लेकिन मैं भारत सरकार चलाता हूं।" लालू की नाराजगी की देवगौड़ा को खास फिक्र नहीं थी लेकिन उनकी असली चिंता कांग्रेस को लेकर थी, जिसके समर्थन बिना सरकार का टिके रहना मुमकिन नहीं था।

कांग्रेस ने 1979 में चरण सिंह की सरकार बनवाई थी। जनता पार्टी के बिखराव के साथ कांग्रेस का मकसद पूरा हो चुका था। फिर कांग्रेस ने चरण सिंह को संसद का सामना करने तक की मोहलत नहीं दी थी। कांग्रेस को बेदखल करके 1989 में सत्ता में आए विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार भले भाजपा के समर्थन वापसी के कारण गिरी हो लेकिन चंद्रशेखर को समर्थन देकर कांग्रेस ने जनता दल में बड़े बिखराव का रास्ता साफ किया था। चंद्रशेखर सरकार को कांग्रेस का समर्थन सिर्फ चार महीने के लिए मिला। देवगौड़ा ने 1 जून 1996 को शपथ ली। मार्च तक उनकी सरकार ने नौ महीने का सफर तय कर लिया था। सरकार कुछ टिकती नजर आ रही थी। कांग्रेस चिंतित होने लगी। अटकलें लगाई गईं कि कांग्रेस अध्यक्ष सीताराम केसरी की प्रधानमंत्री पद पर नजर थी और उनकी महत्वाकांक्षा देवगौड़ा साकार के पतन का कारण बनी। लेकिन प्रणव मुखर्जी अपनी किताब 'द कोलिएशन ईयर्स' में इस धारणा को खारिज करते हैं। उनके मुताबिक सरकार में शामिल दल और नेता लगातार कांग्रेस के खिलाफ़ बयानबाजी कर रहे हैं। बोफोर्स जांच भी तेज कर दी गई। सीबीआई डायरेक्टर जोगिंदर सिंह ने रही-सही कसर पूरी कर दी। 22 जनवरी 1997 को वे जेनेवा से एक बॉक्स के साथ आए और नाटकीय दावा किया कि इसमें बोफोर्स में कमीशनखोरी के सबूत भरे हुए हैं। मुखर्जी के मुताबिक असलियत में ऐसा कुछ नहीं था। कांग्रेस समर्थन वापसी के लिए बहाने की तलाश में थी। इसके लिए गांधी परिवार के सम्मान की हिफाजत से माकूल वजह और क्या हो सकती थी? बजट सत्र के दौरान ही 30 मार्च 1997 को कांग्रेस ने सरकार से समर्थन वापस ले लिया। देवगौड़ा 21 अप्रैल 1997 तक प्रधानमंत्री की कुर्सी पर रहे।

## प्रसंगवश

# समाजवादी वैचारिकी के पर्याय



मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

पचास के दशक में जब डॉ. राम मनोहर लोहिया ने नेहरू और कांग्रेस की जन विरोधी नीतियों का विरोध करने का संकल्प लिया। उस समय उनके अनन्य वैचारिक सहयोगी के रूप में मधु लिमये का नाम तेजी से उभरकर सामने आया। जिनके सिद्धांतवादी एवं जनप्रतिबद्ध राजनीति के लोहिया भी कायल थे। उसी दौरान प्रजा सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना के समय लोहिया जनरल सेक्रेटरी जबकि मधु लिमये, अशोक मेहता और सादिक अली के साथ जॉइंट सेक्रेटरी बनाए गए। मधु को लेकर लोहिया के मन में विशेष सम्मान था, जिसका उदाहरण गाजीपुर में आयोजित प्रजा समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी में मधु लिमये को आमंत्रित करने के निर्णय से मिलता है। जबकि 1955 में मद्रास के अवाड़ी अधिवेशन में कांग्रेस के प्रस्ताव पर प्रजा समाजवादी पार्टी के बम्बई अध्यक्ष अशोक मेहता के समर्थन का कड़ा विरोध करने की वजह से मधु लिमये को पार्टी से निलंबित कर दिया गया था। इस आमंत्रण के बाद प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष की हैसियत से आचार्य नरेंद्र देव ने गाजीपुर के प्रादेशिक सम्मेलन पर रोक लगा दी। बावजूद इसके सम्मेलन आयोजित हुआ और इसमें लोहिया के निर्देश पर केंद्रीय नेतृत्व की निंदा की गई। जिसके फलस्वरूप लोहिया को भी निलंबित कर दिया गया। इस घटनाक्रम से समाजवादी आंदोलन में मधु लिमये के महत्व को बखूबी समझा जा सकता है।

मधु लिमये का जन्म 1 मई 1922 को पूना में हुआ था। इनके पिता श्री राम चन्द्र महादेव लिमये थे। प्रो चंपा लिमये इनकी जीवनसंगिनी बनी। जिन्होंने सौहार्द के नाम से अपने पति के लेखों का महत्वपूर्ण संग्रह प्रकाशित करवाया। फर्गुसन कॉलेज में पढ़ाई छोड़कर छात्र जीवन में ही मधु लिमये स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े और अट्ठारह वर्ष की अवस्था मे 1940-41 में उन्हें कारावास की पहली सजा हुई।' भारत छोड़ो आंदोलन में भूमिगत रहते हुए महाराष्ट्र में उन्होंने आंदोलन का नेतृत्व किया, बाद में पकड़े गए और लंबे समय तक जेल रहे। इस पहचान ने उन्हें समूचे देश में ख्याति दिलाई। आजादी के बाद गोवा मुक्ति आंदोलन का उन्होंने लोहिया के साथ सफलतापूर्वक संचालन किया जिसकी वजह से उन्हें बारह साल की सजा हुई। जो उनके संघर्षशील व्यक्तित्व की बानगी है। मधु लिमये चार बार लोकसभा के सदस्य रहे और अत्यंत प्रखर सांसद के रूप में विख्यात हुए। संसद में उनके प्रवेश के साथ ही सत्ता दल के मंत्रियों के माथे पर बल आ जाता था। संसदीय नियमों के मर्मज्ञ मधु लिमये लोकसभा में गरीबों-मजलूमों के आवाज थे। उनके सांसद रहते प्रायः सभी महत्वपूर्ण बिल बिना बहस के पास नही हो पाता था। उनका हमेशा प्रयास रहता था कि कैसे संसद की छवि आम जनमानस में जनता की बुनियादी समस्याओं के समाधान केंद्र के रूप में मजबूत किया जा सके। इसीलिए मधु लिमये आजीवन जनप्रतिनिधि होने की मर्यादा, राजनैतिक सुचिता और ईमानदारी के पर्याय बने रहे। उनका मानना था कि जनता ने जिस भरोसे और विश्वास से आपको चुना है, उस पर खरे उतरने के लिए नैतिक चरित्र बेदाग होना चाहिए। तभी नेताओं की कही गई बातों का असर जनता पर पड़ेगा। प्रारंभ से अंत तक वे समाजवाद के प्रति समर्पित रहे और गैरबराबरी एवं राजनीतिक तिकड़मों के खिलाफ आवाज उठाते रहे। 1982 में खराब स्वास्थ्य की वजह और मूल्य आधारित राजनीति की गिरावट के कारण राजनीति को अलविदा करने के बाद पूरा समय लेखन में लगाते रहे। जिसके परिणामस्वरूप जीवन के अंतिम दशक में तीस से अधिक और कुल मिलाकर लगभग साठ पुस्तकों का लेखन करने का काम किया। जो राजनीति सहित समाज के अंतर्संबंधों को समझने की दिशा में कारगर साहित्य हैं। जेपी आंदोलन के विस्तार और संपूर्ण विपक्ष की एकता स्थापित करने में मधु लिमये की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रही। उन्होंने जनता पार्टी की सरकार में शामिल विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों की दोहरी पार्टी सदस्यता का कड़ा विरोध किया एवं इसके स्थान पर इकहरी सदस्यता की वकालत की।

आपातकाल के दौरान मीसा के अंतर्गत जुलाई 1975 से फरवरी 1977 तक वे मध्यप्रदेश की विभिन्न जेलों में रहे। इसके विरोध में उन्होंने पांचवें लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। मधु लिमये ने विचार की राजनीति करने वाले नौजवानों की एक लंबी फेहरिश्त तैयार की । वो नौजवानों को हमेशा सिद्धांत आधारित राजनीति के लिए प्रेरित करते रहते थे।

# वैक्सीन पर स्वीकारोक्ति के मायने



संजय सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

यह सब हुए कई साल बीत गए हैं। बीच-बीच में कोरोना की छोटी-मोटी लहर की चर्चा को छोड़कर कोई बड़ी लहर नहीं आई है। इससे लगता है कि वैक्सीन का असर हुआ है।

कोरोना की कोविशील्ड वैक्सीन बनाने वाली ब्रिटिश कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अदालत में कुबूल किया है कि इस वैक्सीन से कुछ लोगों को हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक होने का कुछ खतरा है। यह वही वैक्सीन है जिसका भारत में सीरम इंस्टीट्यूट के जरिये बड़े पैमाने पर उत्पादन कराया गया। एक प्राइवेट इंस्टीट्यूट द्वारा उत्पादित वैक्सीन का सरकार की ओर से न सिर्फ प्रचार किया गया, बल्कि उसे आईसीएमआर की ओर से प्रमाणित कराकर सुरक्षित घोषित किया गया। जबकि सभी को पता है कि वैक्सीन के ट्रायल जल्दबाजी में किए गए थे। क्लिनिकल एवं अन्य परीक्षणों की लंबी और सालों तक चलने वाली प्रक्रिया को कुछ महीनों और हफ़्तों में यह कहकर संक्षेप में निपटा दिया गया कि यह वक्त की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने स्वयं सीरम इंस्टीट्यूट का दौरा किया और उसके एमडी अदार पूनावाला के साथ मिलकर देश को वैक्सीन उत्पादन बढ़ाने का भरोसा दिया। उन्होंने स्वयं वैक्सीन लगवाकर दिखाई और देशवासियों से वैक्सीन लगवाने की अपील भी की। इसके बाद कोबैक्सीन, कोर्बेवैक्स जैसी कई दूसरी वैक्सीन भी आईं और लगाई गईं। सरकार ने इसे बड़े पैमाने पर खरीदा और जनता को मुफ्त लगाया। देश भर में वैक्सिनेशन कैंप लगाए गए। लोगों को लंबी लाइनों में लगकर वैक्सीन लगवानी पड़ी। वैक्सीन सर्टिफिकेट बांटे गए और अनेक सरकारी सेवाओं के लिए इस सर्टिफिकेट को अनिवार्य कर दिया गया। हम सबके मोबाइल या दराज में यह सर्टिफिकेट अब भी मौजूद है।

यह सब हुए कई साल बीत गए हैं। बीच-बीच में कोरोना की छोटी-मोटी लहर की चर्चा को छोड़कर कोई बड़ी लहर नहीं आई है। इससे लगता है कि वैक्सीन का असर हुआ है। कोरोना के नए वैरिएंट आते हैं और बिना कोई खास असर दिखाई वापस चले जाते हैं। वैक्सीन से पुराना वैरिएंट खत्म हो गया है और इम्युनिटी बढ़ने के कारण नए वैरिएंट को अपनी ताकत दिखाने, बढ़ाने का मौका नहीं मिलता। लेकिन दूसरी तरफ अचानक हार्ट अटैक, हार्ट अरेस्ट और ब्रेन स्ट्रोक के मामले बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। आए दिन इस तरह की खबरें पढ़ने और वीडियो देखने, सुनने को मिलते हैं। अकेले भारत में ही नहीं, दूसरे देशों में भी, जिनमें ब्रिटेन भी शामिल है, जहां कोविशील्ड का आविष्कार हुआ था। जहां की कंपनी एस्ट्राजेनेका ने इसे सबसे पहले बनाया था और जिससे लाइसेंस या सहयोग लेकर बाकी देश और उनकी वैक्सीन कंपनियां इसका उत्पादन कर रही हैं। भारत का सीरम इंस्टीट्यूट इनमें सबसे बड़ा उत्पादक है और इसकी बनाई वैक्सीन की दुनिया भर में सप्लाई होती है। लेकिन अब एस्ट्राजेनेका मुश्किल में है और उसकी मुश्किलों की छाया सीरम इंस्टीट्यूट से लेकर भारत सरकार तक पर पड़ती दिखाई दे रही है। चूंकि भारत में इन दिनों लोकसभा चुनाव चल रहे हैं, इसलिए कर्नाटक के सेक्स स्कैंडल को लेकर पहले से विपक्ष के निशाने पर चल रहे सत्तारूढ़ दल के लिए एक नई चुनौती खड़ी हो गई है। कोविशील्ड पर एस्ट्राजेनेका के कुबूलनामे ने विपक्ष को सरकार के विरुद्ध एक नया हथियार दे दिया है। कोविशील्ड के बारे में खतरनाक तथ्य सामने आने से उन विपक्षी दलों को भी नई शक्ति मिलेगी जिनके नेताओं ने शुरू में वैक्सीन का मजाक उड़ाया था और इसे भाजपाई वैक्सीन बताते हुए लगवाने से इनकार कर दिया था। हालांकि बाद में जनता के दबाव में उन्होंने वैक्सीन लगवा ली थी, लेकिन अनेक आम लोगों की तरह वैक्सीन को लेकर उनके मन का संदेह पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ था। इनमें समाजवादी पार्टी के मुखिया और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का नाम प्रमुख है। उनका दल इस चुनाव में इंडिया गठबंधन का हिस्सा है।

जबसे एस्ट्राजेनेका के अदालत में वैक्सीन की खामियों को स्वीकार करने की बात मीडिया में उजागर हुई है, सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म कोरोना और कोविशील्ड की चर्चाओं से भर गए हैं। सबको जैसे भड़ास निकालने का मौका मिल गया है। कोई इसके लिए एस्ट्राजेनेका और अदार पूणावाला को दोषी ठहरा रहा है तो कोई इसे इलेक्टोरल बांड के चंदे से तो विदेशों में कारपोरेट जगत के लालच से जोड़ कर देख रहा है। यहां तक कि कोरोना महामारी को लेकर भी अब लोग संदेह करने लगे हैं। वे प्रश्न कर रहे हैं कि कहीं यह पश्चिमी धनकुबेरों और सत्ताधीशों की कोई सुनियोजित साजिश तो नहीं थी? जिसके तहत जनसंख्या घटाने के साथ फार्मेसी, हॉस्पिटल, इंश्योरेंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसे व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए विश्व के करोड़ों लोगों को गिनी पिग बना दिया गया और उनके जीवन और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया गया और इसका ठीकरा चीन पर फोड़ने की कोशिश की गई।

## सोशल फोरम

# सूरत के बाद इंदौर : कैसा दौर



कमलेश भारतीय
वरिष्ठ लेखक

जैसा सूरत में कांग्रेस के साथ हुआ, बिल्कुल वैसा ही इंदौर में भी हुआ। सूरत में कांग्रेस प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापिस ले लिया था और यही नहीं बसपा व निर्दलीय प्रत्याशियों के नामांकन भी वापिस हो जाने पर भाजपा प्रत्याशी की निर्विरोध जीत हो गई और इसे 'ऑपरेशन निर्विरोध' के तौर पर प्रचारित करने के साथ-साथ भाजपा की लोकप्रियता के रूप में खूब प्रचारित किया गया। अब यही 'ऑपरेशन निर्विरोध' मध्य प्रदेश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में दोहराने की कोशिश की गई। यहां भी कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय बम ने अपना नामांकन वापिस लेकर एक ऐसा बम फेंका कि कांग्रेस हाईकमान हक्का बक्का ही रह गई। यही नहीं नामांकन वापिस लेने के बाद अक्षय बम ने दूसरा बम फेंकते हुए भाजपा ही ज्वाइन कर ली। यह सबसे बड़ा झटका कहा जा सकता है कांग्रेस के लिए। यहां भी निर्दलीय प्रत्याशियों के नामांकन वापिस करवा कर 'ऑपरेशन निर्विरोध' चलाने की कोशिश रही भाजपा की, कुल तेइस निर्दलियों में से नौ प्रत्याशियों ने नामांकन वापिस ले भी लिए लेकिन अभी चौदह प्रत्याशी बच रहे हैं। आप और सपा ने इंडिया गठबंधन के चलते कांग्रेस के समर्थन में अपने प्रत्याशी ही नहीं उतारे हैं। कांग्रेस या इंडिया गठबंधन का कोई प्रत्याशी मैदान में नहीं बचा। बहुत मज़ेदार टिप्पणी कांग्रेस के जीतू पटवारी ने की है कि अभी तक बूथ केप्चरिंग का सुना था, यहां तो कांग्रेस प्रत्याशी का अपहरण ही कर लिया गया है। यानी अब प्रत्याशियों का अपहरण होने लगा।

कहते हैं कि अक्षय बम के खिलाफ सत्रह साल पुराने केस की याद दिला कर उन्हें आत्मसमर्पण के लिए भाजपा नेताओं ने तैयार कर लिया। इस तरह कांग्रेस व इंडिया गठबंधन बिना लड़े ही इंदौर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव से बाहर हो गए, जैसे मुक्केबाज रिंग से बाहर हो जाते हैं। अब देखिए बाकी बचे निर्दलीय प्रत्याशियों की विकेट कब आउट होती हैं। आईपीएल के किसी भी रोमांचक मैच की तरह यह 'ऑपरेशन निर्विरोध' भी बहुत रोमांचक होगा। यह ऐसा ऑपरेशन निर्विरोध है, जिसके चलते बाद में कोई, किसी प्रकार की परेशानी ही न आए । क्या नई सूरत है यह राजनीति की। कैसा दौर है यह राजनीति का ?

-फेसबुक वॉल से

# जनपदीयता नहीं मनुष्यता



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

एक मित्र ने सोशल साइट पर पहले अपने जनपद और जनपदीय-भाषा की जय का उद्घोष किया और फ़िर सवाल किया है कि जैसा काव्य इस जनपदीय-भाषा में रचा गया है, क्या वैसा काव्य किसी अन्य जनपदीय भाषा में है? स्पष्ट ही यह विभाजित, खंडित और संकीर्ण दृष्टि है। सवाल यह है कि क्या वे काव्य जनपदीय काव्य हैं और क्या उनको किसी एक जनपद की थाती कहा जा सकता है? क्या उन रचनाओं के कवि जनपदीय थे? क्या वे महाकवि इसी संकीर्ण जनपदीय दृष्टि से प्रेरित थे? उन महाकवियों के काव्य में जनपदीयता की जय का उद्घोष है अथवा मनुष्य की संवेदना और मनुष्यता का जयजयकार है? निश्चित ही अवधी, भोजपुरी, मैथिली, अंगिका, बज्जिका, मगही, बुंदेली, ब्रज, मालवी, निमाड़ी, गढ़वाली, कुमाउनी, कौरवी, छतीसगढ़ी, हरयाणवी, राजस्थानी , मेवाती, अहीरवाटी, बांगरू, हिमाचली, कांगड़ी, किन्नरी, डोगरी, मारवाड़ी आदि लोकभाषाएं हिन्दी की प्राण रसधाराएं हैं। राहुलजी ने तो पंजाबी को भी हिंदी की लोकभाषाओं में शामिल किया था। हिंदी की शक्ति इनकी अविच्छिन्नता और समग्रता में है। जनपदीय-भाषाएं हिंदी की कामधेनु हैं। जनपदीय-भाषाओं का साहित्य हिंदी का साहित्य है, हिंदी से अविच्छिन्न है। हिंदी के प्रवाह की निरंतरता से जुड़ा है। ये सभी लोकभाषाएं हिंदी ही हैं।

जनपद और वहां की बोलियों को लेकर उस जमाने के साहित्य-मनीषियों में लंबी बहस छिड़ गई थी। जिन तीन मनीषियों ने हिंदी में "जनपद-आंदोलन" की टेर लगाई थी, वे तीनों ही अंतर-राष्ट्रीयतावादी थे। आचार्य वासुदेवशरण अग्रवाल विश्वविख्यात कलाविद थे। राहुल सांकृत्यायन तो विश्व-नागरिक ही थे, रूस में रहे, श्रीलंका में भी रहे। उनका साहित्य विश्वमानव का साहित्य है। पं. बनारसी दास चतुर्वेदी "विशाल भारत" के संपादक थे, उन्होंने रवींद्रनाथ टैगोर और महात्मा गांधी के साथ रहने का सौभाग्य पाया था। वे रामानंद चट्टोपाध्याय के विश्वस्त थे। उन्होंने फरवरी 1940 के विशाल भारत में अग्रलेख लिखा-साहित्य का विकेन्द्रीकरण। राहुलजी ने हिंदी के जनपदों की पहचान पर लेख लिखा मातृभाषाओं का प्रश्न और, बोलियों का सवाल उठाया। राहुलजी ने बोलियों के आधार पर जनपदों का रेखांकन किया था। राहुलजी ने हिंदी साहित्य के वृहद इतिहास के सोलहवें भाग में जनपदीय भाषाओं के साहित्य को सम्मिलित किया है। जनपदीय-जन की प्रतिष्ठा के लिए वासुदेवशरण जी ने स्वस्तिवाचन किया। लेख लिखा-जनपदीय-साहित्य। इन तीन लेखों पर व्यापक प्रतिक्रिया हुई। जनपद-आंदोलन का विचार था, जो टूंडेखंगार खेत में काम कर रहा है, उसी की बोली में सहित्य का अमृत-संदेश उस तक पंहुच सके, उसकी बोली में पंहुचे।

रामविलास शर्मा जी कुंडेश्वर तक गए। उन्होंने हिंदी-जाति का स्वर बुलंद किया था। पंडित बनारसीदासचतुर्वेदी ने स्पष्ट किया कि जनपद-आन्दोलन सांस्कृतिक-स्वराज्य की अवधारणा है। यह टेर इतनी व्यापक थी कि प्रगतिशील-आंदोलन का ध्यान गया और शिवदान सिंह चौहान की अध्यक्षता में एक साहित्य मनीषियों की टीम बनी, जिसकी रिपोर्ट उनकी पुस्तक, प्रगतिशील साहित्य के मानदण्ड, के परिशिष्ट के रूप में सम्मिलित है। मधुकर पत्रिका का जनपदीय-अंक निकला। वासुदेवशरण अग्रवाल के संपादन में काशी से जनपद नाम की पत्रिका प्रकाशित हुई। प्रत्येक जनपद में साहित्यमंडल उठ कर खड़े हो गए। आकाशवाणी के रीजनल केन्द्र बने। प्रत्येक जनपद से पत्रिका का प्रकाशन होने लगा। यह अभियान हिंदी जगत के इतिहास में जनपद-आंदोलन के नाम से जाना जाता है। "भाषा-साहित्य-संस्कृति" के "लोकतंत्र" की वह टेर, पुराने साहित्य-मनीषियों के मन के किसी कोने में अवश्य गूंज रही होगी, जो आगे चल कर "जनपद-आंदोलन" के रूप में प्रकट हुई। जनपद-आन्दोलन का संबंध देश के लोकतंत्र से था, लोकजीवन से था , लोकभाषा और लोकसंस्कृति से था।

# मई दिवस का आयोजन



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस की शुरुआत 4 मई 1886 को अमेरिका के शिकागो शहर से की गई। काम के घंटे तय करने के लिए मजदूर यूनियन ने पहली हड़ताल की थी। इस दौरान शिकागो शहर के मार्केट में हुए बम धमाके में 4 मजदूर मारे गए और कुछ घायल भी हुए थे, इसी के बाद काम के घंटे 8, सामाजिक सरोकार के 8 और विश्राम के घंटे 8 को अंतिम रूप दिया गया। भारत में मजदूर दिवस 1 मई 1923 को लेबर किसान पार्टी ऑफ हिंदुस्तान द्वारा चेन्नई में मनाया गया। आज भी देश के मजदूर, किसान और कर्मचारी बड़े उत्साह के साथ मई दिवस मनाते हैं। देश के कुछ राज्यों में मजदूर दिवस को मनाने के लिए अवकाश भी घोषित है।

बरेली में मजदूर दिवस का आयोजन लंबे समय से होता आ रहा है। एक समय था, जब शहर में फैक्ट्रियों, कारखानों और रेलवे, बैंक आदि के श्रमिक और कर्मचारी एकजुट हो कर मोती पार्क में मई दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ करते थे, लेकिन जैसे-जैसे फैक्ट्रियां और कारखाने, मिलें बंद होते गए मजदूरों और कर्मचारियों की भागीदारी भी कम होती देखी गई। विगत 25 वर्षो से मजदूर दिवस का आयोजन स्थानीय आंबेडकर पार्क में हो रहा है। पहले मई दिवस आयोजन समिति और फिर 2004 से बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन इस आयोजन को करती आ रही है। अबकी बार भी बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन ने जोरदार ढंग से मई दिवस आयोजित करने का निर्णय किया है। शहर के तमाम संगठन लोकसभा चुनावों में व्यस्त होने के बाबजूद तैयारी में जुटे हैं।

# विकसित इटावा का संकल्प लेकर फिर से चुनाव मैदान में हूं

साक्षात्कार


भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया।

इटावा। वर्ष 2019 में इटावा लोकसभा क्षेत्र से सांसद चुने गए डॉ. रामशंकर कठेरिया इस बार भी चुनाव मैदान में भाग्य आजमाने उतरे हैं। उन्हें विश्वास है की उनके द्वारा कराए गए विकास कार्यों, पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकास कार्यों और उनकी गारंटी के दम पर वे पुन: जीतेंगे और इटावा में विकास की नई इबारत लिखेंगे। इटावा, भरथना, औरैया, दिबियापुर और कानपुर देहात की सिकंदरा विधानसभा क्षेत्र की जनता इस बार विकास का वास्तविक स्वरूप देखेगी। पिछले कार्यकाल में कोरोना के कारण दो साल ही काम करने का मौका मिल पाया। इस बार वे क्षेत्र को विकसित बनाने के लिए दृढ़ संकल्प हैं। कई मुद्दों पर अमृत विचार संवाददाता बीरेश मिश्रा से भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया ने बातचीत की। पेश है अंश...

- भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया से विशेष बातचीत
- सपा का विकास गुंडों, माफियाओं की जेब भरने तक रहा सीमित

**● आपका मुकाबला किस दल से होने जा रहा है?**

-वैसे तो लोकतंत्र में सभी को चुनाव लड़ने का अधिकार है। इटावा सीट से भी प्रमुख राजनैतिक दलों के उम्मीदवार मैदान में हैं। उनका भाजपा प्रत्याशी के तौर पर किसी से मुकाबला नहीं है। जनता यह भलीभांति जानती है कि सपा का मतलब गुंडाराज की वापसी। विकास और सम्मान, सुरक्षा के मुद्दे पर पूरे क्षेत्र की जनता का प्यार और आशीर्वाद उनके साथ है। इसलिए मुकाबले में कोई कहीं नहीं है। सपा ने विकास का झुनझुना पकड़ाकर सिर्फ गुंडागर्दी की राजनीति की। सपा का गुंडाराज यहां की जनता कभी भुला नहीं सकती। शाम छह बजे के बाद अंधेरा होते ही सड़कों पर किसी भी संभ्रांत व्यक्ति और महिला का निकल पाना मुश्किल होता था। आज योगी राज में रात के 12 बजे हों या 2 बजे हों कोई भी महिला या संभ्रांत व्यक्ति निर्भीक होकर घर से निकल सकता है। किसी गुंडे की हिम्मत नहीं कि किसी सता सके।

**● पहली बार सांसद बनने के बाद आपने कौन से विकास कार्य कराए?**

-वर्ष 2019 के चुनाव में इटावा से पहली बार सांसद चुना गया। विकास कार्य शुरू ही कराया कि कोरोना आ गया। तीन साल कोरोना में निकल गए। काम करने का पूरा मौका नहीं मिला। बाद के दो सालों में इतने विकास के काम कराये जो पहले कभी नहीं हुए। सपा की पूरी सरकार इटावा की थी। परंतु विकास के नाम पर सरकारी धन की लूटपाट, भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार सबने देखा है। उनकी मंशा विकास में नहीं धन की लूट कर अपनी तिजोरी भरने की रही। रामनगर रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज, इटावा बेला बिधूना मार्ग का चौड़ीकरण, भरथना और बसरेहर बाईपास, इटावा में पासपोर्ट आफिस, रेलवे स्टेशन को अमृत योजना की सौगात, पंचनद बांध परियोजना, चंबल अटल एक्सप्रेस वे, ताखा के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के किनारे 1200 हेक्टेयर में डिफेंस कॉरिडोर जैसे कार्य न सिर्फ स्वीकृत कराया।

**● इस बार सांसद बनने पर कौन से कार्य आपकी प्राथमिकता में होंगे?**

-इस बार पूरे पांच साल में इतने काम करके दिखाएंगे जो आजादी के बाद से कांग्रेस, बसपा और सपा की सरकार के दौरान कभी नहीं हो सके।

### ये कार्य प्राथमिकता में होंगे

- इटावा से उज्जैन तक तीन महीने के अंदर एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन। वंदे भारत एक्सप्रेस वे का इटावा और फफूंद में स्टापेज।
- इकदिल को ब्लाक, बकेवर और लखना को नगर पालिका, महेवा को नगर पंचायत दर्जा दिलाएंगे।
- इटावा को नगर निगम का दर्जा दिलाएंगे, इसमें इकदिल और बसरेहर को समाहित किया जाएगा।
- यमुना और चंबल नदी पर अंदावा, बंसरी सहित अन्य घाटों पर जरूरत के हिसाब से पुल बनेंगे।
- पंचनद बांध स्वीकृत हो चुका है। चुनाव के बाद उस पर काम शुरू होगा।
- औरैया में शेरगढ़ घाट का निर्माण, औरैया के मेडिकल कॉलेज का नाम बाबू कल्याण सिंह के नाम पर होगा।
- औरैया- कन्नौज मार्ग को फोर लेन कराएंगे।
- इटावा से बिंदकी फतेहपुर होते हुए प्रयागराज तक नया रेल मार्ग का काम शुरू कराएंगे।
- इटावा में रामनगर रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनवाएंगे। जलभराव की समस्या का समाधान होगा।
- रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण हो रहा है। रेलवे अंडर पास में टिन शेड डलवाएंगे।

## सार-संक्षेप


सेवानिवृत हुए स्टेनो दीपराज कमठान को प्रतीक चिह्न देते सीडीओ अजय कुमार।

### सरकारी सेवा में निष्ठा व अनुशासन जरूरीः सीडीओ

**इटावा।** मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम ने कहा है कि सरकारी सेवा में अनुशासन और निष्ठा बेहद जरूरी है। इसी के बल पर आगे बढ़ा जा सकता है। विकास भवन के प्रेरणा सभागार में आशुलिपिक दीपराज कमठान के 33 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत होने पर आयोजित विदाई समारोह में उन्होंने कहा कि दीपराज कमठान ने अनुशासन और निष्ठा से अपना एक अलग स्थान बनाया है जिससे उनकी सेवाओं को सेवानिवृत होने के बाद भी याद किया जाएगा। इससे पूर्व दीपराज कमठान को भावपूर्ण विदाई दी गई। सीडीओ के साथ परियोजना निदेशक डीआरडीए एसके श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी एस कृष्णा, डीसी मनरेगा सूरज सिंह ने उन्हें शाल ओढ़ाकर तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। दीपराज कमठान ने कहा कि उनका कार्य का अनुभव अच्छा रहा है। सभी ने उनके साथ सहयोग किया है। कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार शर्मा ने किया। नितिन अग्रवाल, विमलेश कुमार, राहुल तिवारी, रमन श्रीवास्तव, सूर्य नारायण पांडेय, अशोक गोयल, जिलाधिकारी के स्टेनो संजय कुमार वर्मा, जिला जजी से सत्येन्द्र बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।


चौ. सुघर सिंह पैरा मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राएं व अध्यापक। अमृत विचार

### सतेंद्र मिस्टर और आंशिक को मिस फ्रेशर का खिताब

**जसवंतनगर, इटावा।** चौ. सुघर सिंह नर्सिंग एंड पैरा मेडिकल कॉलेज में बीएससी नर्सिंग, एएनएम, जीएनएम के नव प्रवेशित बच्चों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्रुप के निदेशक डॉ. संदीप पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। कॉलेज की डायरेक्टर डॉ. रीमा शर्मा ने नर्सिंग को बहुत गंभीरता से लेने की सीख दी। फ्रेशर पार्टी कार्यक्रम में तीन राउंड के बाद बीएससी नर्सिंग से सतेंद्र को मिस्टर फ्रेशर एवं आंशिक को मिस फ्रेशर के खिताब से नवाजा गया। एएनएम प्रीती को एएनएम बैच की मिस फ्रेशर चुना गया। जी एनएम से कृष्णा मिस्टर फ्रेशर एवं नेहा मिस फ्रेशर रहीं। अशांक हनी यादव, सुरेंद्र शर्मा, डॉ. जितेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

### तेंदुआ की हालत गंभीर, मथुरा के डॉक्टरों ने किया परीक्षण

**इटावा।** बागपत वन प्रभाग के बड़ौत रेंज से रेस्क्यू करके लाए गए घायल तेंदुए की हालत गंभीर है। इटावा सफारी के डॉक्टर उसका इलाज कर रहे हैं। मंगलवार को मथुरा के डॉक्टरों ने भी उसका परीक्षण किया और इलाज से संबंधित सुझाव दिए। 28 अप्रैल को देर शाम विशेष इलाज के लिए इस तेंदुआ को इटावा सफारी पार्क लाया गया था। इटावा सफारी पार्क के पशु चिकित्सकों उसका इलाज कर रहे हैं। तेंदुआ के अगले बाएं पैर में कोहनी का जोड़ पूरी तरह से टूटा हुआ है, जिससे वह खड़े होने में असमर्थ है। उसके शरीर के कई स्थानों पर रगड़ के निशान के साथ-साथ निचला जबड़ा भी चोटग्रस्त है। सफारी पार्क के पशु चिकित्सकों ने तेंदुआ के पैरों एवं रीढ़ में फैक्चर की संभावना जताई थी। इसके चलते पं. दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौअनुसंधान संस्थान मथुरा के सर्जरी विभाग के प्रोफेसर डॉ. आरपी पांडेय एवं वाइल्डलाइफ एसओएस के डॉ. इलैया राजा को इटावा सफारी पार्क बुलाया गया।


घायल तेंदुआ को देखते मथुरा से आए डॉक्टर व डायरेक्टर अनिल पटेल।

### पत्रकार मंतोष तिवारी को दी श्रद्धांजलि

**बकेवर, इटावा।** कस्बा बकेवर के पटेल नगर निवासी वरिष्ठ पत्रकार रहे स्व. मंतोष तिवारी को चौथी पुण्यतिथि पर उनके आवास पर लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके पुत्र शिवम तिवारी ने सुंदर कांड का आयोजन कराया। भरथना से योगेश की टीम के कलाकारों ने सुंदरकांड का पाठ किया। पाठ खत्म होने के बाद पटेल नगर मोहल्ला निवासियों सहित नगर के अन्य लोगों ने मंतोष तिवारी को पुष्पांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में समाजसेवी ज्वाला प्रसाद कठेरिया, डॉ. संजय दीक्षित, गौरव शर्मा शीलू, बृजेश शर्मा, रिषी शुक्ला, पुष्पेन्द्र त्रिपाठी, पुरुषोत्तम मिश्रा, सौरभ उपाध्याय, राहुल चतुर्वेदी, अक्षित पाठक, सोनू शर्मा, बृजराज कुशवाह, अनिल चौधरी, पप्पू तिवारी, अंकित पाठक, रामचंद्र कुशवाह, हल्लू शर्मा, रिषभ पोरवाल, हर्षित शर्मा के अलावा नगर के पत्रकार, तरूण त्रिपाठी, प्रवीण तिवारी मृदुल, कुमार, विनीत दीपक शर्मा, दामोदर पाठक, नागेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

### हज यात्रियों का टीकाकरण, दिया गया प्रशिक्षण

**इटावा।** उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के निर्देश पर स्थानीय मदरसा अरबिया कुरानियां में जनपद इटावा से हज यात्रा पर जाने वाले हज यात्रियों के लिए पोलियो वैक्सीन, मेंजाइटस टीकाकरण तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हज यात्रा के दौरान स्वास्थ्य समस्याओं के निदान, साफ सफाई तथा उच्च तापमान से रक्षा सहित हज हाउस से लेकर मक्का मदीना और हज के पांच दिनों में आने वाली समस्याओं के सम्बन्ध में जानकारी जिला हज प्रशिक्षक एम एम तारिक शम्सी ने दी।

# सीबीआई व ईडी के दुरुपयोग के बाद अब भाजपा संविधान खत्म करेगी : डिंपल

## मैनपुरी लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी ने लरखौर में की जनसभा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** मैनपुरी लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी डिंपल यादव ने कहा है कि मोदी सरकार ने सीबीआई और ईडी का दुरुपयोग कर देश में विपक्ष को खत्म करने का काम शुरू किया है। अब बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को खत्म कर देश को हिटलर शाही की ओर ले जाना चाहती है।

लरखौर में आयोजित जनसभा में सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और उसके नेता गरीबी, बेरोजगारी, किसानों की बदहाली, एमएसपी, देश में हर तरफ भ्रष्टाचार और इलेक्टोरल बांड जैसे मुद्दों पर मुंह छुपाते हैं। जनसभा को जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव अंशुल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव, महिला सभा की प्रदेश महासचिव अनीता यादव, गुलशन देव शाक्य के अलावा एक दर्जन से ज्यादा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संबोधित किया।



कार्यकर्ता सम्मेलन में शिवपाल यादव के साथ गुफ्तगू करतीं डिंपल यादव। अमृत विचार

सरपंच नाम से मशहूर वयोवृद्ध नेता मुकद्दम सिंह यादव, डॉक्टर प्रमोद यादव ने डिंपल और शिवपाल सिंह यादव को 51 किलो वजनी पुष्पमाला पहनाने के साथ-साथ प्रतीक चिह्न से सम्मानित किया। समाजवादी गीत गायक कालू सोरखा, बलिया कर सियाराम यादव, सैफई का गुलगुला ने नेता जी व समाजवादी गीतों पर अमिट छाप छोड़ी। इस मौके पर सपा जिला महासचिव बीरू भदौरिया, अनवर सिंह जाटव पूर्व ब्लॉक प्रमुख, बबलू यादव पूर्व प्रधान, जयवीर सिंह यादव पूर्व प्रधान, राजपाल यादव, रामफल वाल्मीकि प्रधान सैफई, चंदगीराम यादव प्रधान, राजेन्द्र प्रसाद यादव पूर्व प्रधानाचार्य, सोनू यादव समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभा का सफल संचालन डॉ. शिवराज सिंह यादव ने किया। इससे पूर्व कर्री बीना रोड पर बीना में एक चुनावी जनसभा आयोजित हुई, जिसमें रामसेवक गंगा पुरा तथा पूर्व मंत्री केपी सिंह चौहान ने भी संबोधित किया।

# व्यवस्थाएं दुरुस्त न मिलने पर तीन अधिकारियों पर कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- निर्देशों के बाद भी मतदेय स्थलों पर थी गंदगी, जगह-जगह लगे थे मलबे के ढेर

**अमृत विचार।** जिले में मतदान केंद्र बनाए गए स्कूल भवनों में निरीक्षण और निर्देशों के बाद भी व्यवस्था ठीक न हो पाने के कारण तीन अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है। निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों के बावजूद व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया था।

इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह ने ग्राम पंचायत बलराई के ग्राम पंचायत अधिकारी वरुण की एक वार्षिक वेतन वृद्धि अस्थाई रूप से रोके जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत बलरई के मतदेय स्थल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उच्च प्राथमिक विद्यालय में रैंप नहीं है उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला सलहदी में भी रैंप नहीं है। इसके साथ ही यूरिनल बालक बालिका तथा शौचालय निर्माणाधीन है। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी मतदान केदों पर पाई गई कमियों का निराकरण नहीं किया गया जो लापरवाही का परिचायक है। इसके कारण कार्यवाही की गई।

इन्हीं कारणों के चलते जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह ने ग्राम पंचायत सिरहौल में ग्राम पंचायत अधिकारी आयुषी अग्रवाल की एक वार्षिक वेतन वृद्धि अस्थाई से रोकी है। उन्होंने बताया कि सिर होल में मतदान केंद्र का निरीक्षण किया गया था। उच्च प्राथमिक विद्यालय में दो यूरिनल व 2 शौचालय निर्माणाधीन हैं। रैंप तथा एलईडी बल्ब नहीं है इसके साथ ही ईंट, गिट्टी बालू पड़ी हुई है। मौके पर कामकाज को बंद भी पाया गया।

इसी तरह के एक अन्य मामले में जिला विकास अधिकारी को कार्रवाई के लिए लिखा गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी की ओर से जिला विकास अधिकारी को पत्र लिखा गया है जिसमें नगला तौर में मतदान केंद्र पर कमियां पाई गई हैं। इसमें बताया गया है कि नगला तोर के मकान केंद्र के बूथ संख्या 115 व116 में रैंप नहीं है इसकी परिसर में ईट गिट्टी अधिक मात्रा में है। मलवे के जगह-जगह ढेर लगे है। उच्च प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री वॉल टूटी है तथा नगला तोर की विद्यालय में पंखे भी नहीं है। निरीक्षण के बाद भी सुधार नहीं किया गया।

# बाइकों की टक्कर में लाइनमैन की मौत, दूसरा सवार घायल

संवाददाता ताखा (इटावा)

**अमृत विचार।** ऊसराहार-भरथना मार्ग पर बिजलीघर के सामने सोमवार रात आठ बजे बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो जाने से एक बाइक पर सवार लाइनमैन की मौत हो गई।जबकि दूसरा सवार घायल हो गया। जानकारी होते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया।

बिजली विभाग में तैनात लाइनमैन, गांव रजपुरा में रहने वाला अजब सिंह शाक्य (38) ड्यूटी कर इसी मार्ग पर बिजलीघर से अपने गांव जाने के लिए अपनी बाइक पर सवार होकर भरथना-ऊसराहार-मार्ग पर पहुंचे। तभी भरथना की तरफ से आए बाइक से आमने-सामने टक्कर हो गई। जिससे लाइनमैन के सिर में गंभीर चोट आई। बिजलीघर पर तैनात अन्य कर्मियों ने दोनों घायलों को सीएचसी सरसई नावर भिजवाया जहां डाक्टरों ने अजब सिंह को मृतक घोषित कर दिया।

दूसरी बाइक पर सवार झांसी ओरक्षा में रहने वाले रघुवीर को भी चोटें आईं जिनका इलाज कराया गया। थाना प्रभारी ऊसराहार बेचन कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना में लाइनमैन की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# महिला से चेन छीनने के दो आरोपी पकड़े

**इटावा।** कोतवाल विक्रम सिंह ने बताया कि 13 मार्च को शहर में बलराम सिंह चौराहा के पास शहर में ही मोहल्ला अलकापुरी में रहने वाले राजेश कुमार की पत्नी सविता मिश्रा बाजार करने के लिए ऑटो से उतरीं। तभी बाइक सवार दो बदमाश उनके गले से सोने की चेन लूट ले गए। मंगलवार को आरोपियों को पक्का तालाब साईं मंदिर से बाइस ख्वाजा जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार कर लिया गया। एक ने थाना इकदिल क्षेत्र में गांव चितभवन टिकुरिया का कन्हैया गिहार तथा दूसरे ने मैनपुरी के थाना व नगर करहल में गिहार कालोनी का सचिन गिहार नाम पता बताया। चेन भी बरामद कर ली गई।

# जिला अस्पताल में तीन दिन से पानी की किल्लत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- भीषण गर्मी में मरीज और तीमारदार हो रहे परेशान

**अमृत विचार।** डॉ. भीमराव आंबेडकर संयुक्त जिला चिकित्सालय के हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी में मरीजों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जिला अस्पताल की बोरिंग खराब होने के चलते अस्पताल में बीते तीन दिनों से पानी की भारी किल्लत है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ऐसे में सिर्फ मरीज और तीमारदार ही नहीं बल्कि जिला अस्पताल का स्टाफ को भी परेशान हैं।

हालांकि पूर्व में जब पानी का संकट गहराया था तब नगर पालिका के द्वारा एक वाटर कूलर व एक पानी का टैंकर रखवा दिया था। वह वाटर कूलर शो पीस बना हुआ है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा एम एम आर्या ने कहा ट्यूबवेल की मोटर खराब हो जाने के कारण पानी की समस्या उत्पन्न हुई है। नगर पालिका के अवर अभियंता की देख रेख में कार्य चल रहा है। जिसे जल्द से जल्द ठीक कर समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

# 7 घंटे बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**इटावा।** एक मई को आरडीएसएस योजना के अंतर्गत कार्य के चलते सुंदरपुर विद्युत उपकेंद्र से संबंधित क्षेत्र बतख तलैया, दरी मोहल्ला, कटरा शमशेर खान, महेरा चुंगी क्षेत्र की सप्लाई 7 घंटे बंद रहेगी। क्षेत्र में सुबह 10:00 से शाम 5:00 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी।

स्वास्थ्य | उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में पैराकॉन राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

# रोगी केंद्रित देखभाल को प्राथमिकता देना जरूरी

संवाददाता सैफई, इटावा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में संबद्ध स्वास्थ्य देखभाल पर पैराकॉन राष्ट्रीय सम्मेलन 2024 का सफल आयोजन किया गया। इसमें चिकित्सा क्षेत्र के 10 से अधिक कॉलेज/ विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

सम्मेलन की शुरुआत कुलपति डॉ. प्रभात कुमार सिंह व प्रोफेसर पूर्व निदेशक डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर की। कुलपति प्रो. प्रभात कुमार सिंह ने कहा कि 21वीं सदी में स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को बेहतर बनाना और रोगी केंद्रित देखभाल को प्राथमिकता देना बहुत आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि संबद्ध स्वास्थ्य देखभाल लिए मरीज केंद्रित देखभाल प्रदान करने के लिए साक्ष्य आधारित अभ्यास, गुणवत्ता सुधार दृष्टिकोण और सूचना विज्ञान पर जोर देना आवश्यक है। ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. विजय किशोर चक्रवर्ती ने बताया कि इस सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय समाज सेवा परिषद इंडियन सोसाइटी ऑफ रेडियोग्राफर टेक्नोलॉजी के सहयोग से किया गया। डॉ. रमाकांत यादव, डॉ. आदेश कुमार, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. चंद्रवीर सिंह, डॉ. जितेंद्र प्रसाद मथुरिया, डॉ. अरुण कुमार राजपूत, पद्मावती देहुरी व मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


पैराकान राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते कुलपति डॉ. प्रभात कुमार सिंह।

# बंबा में गिरने से किसान की मौत

**बसरेहर, इटावा।** बसरेहर थाना क्षेत्र के गांव आशानंदपुर निवासी सत्येंद्र यादव उर्फ टीपू राम पुत्र रनवीर सिंह मंगलवार की सुबह अपने खेतों की रखवाली करने के लिए घर से निकले थे। जब वह वापस अपने घर आ रहे तभी बंबा को पार करते समय अचानक उनका पैर फिसल गया जिससे वह बंबे में जा गिरे। जिससे उनकी मौत हो गई। उनके बेबे में गिरने की जानकारी मिलने पर गांव के लोग दौडकर मौके पर पहुंचे और उन्हें बाहर निकाला लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। परिवार के लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**चौ0 सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी**
(सम्बद्ध- छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर)
"B" Grade NAAC Accredited College
कचौरा रोड, रेलमण्डी, जसवन्तनगर (इटावा)

**आवश्यकता है**

महाविद्यालय को स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत शिक्षण कार्य हेतु निम्न विषयों/संकाय में सहायक आचार्यो (Assistant Professor) की आवश्यकता है।
बी.ए. – हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, संस्कृत, राजनीति शास्त्र, गृह विज्ञान, अर्थशास्त्र, शिक्षा शास्त्र, भूगोल (प्रत्येक में एक पद)
बी. कॉम– सभी अनिवार्य विषय (तीन पद)।
बी.एस.–सी.– भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, कम्प्यूटर विज्ञान, माइकोबायोलाजी (प्रत्येक में एक पद)
बी.एस.–सी (कृषि) – हॉर्टीकल्चर, एग्रोनोमी, प्लान्ट पेथोलोजी, कृषि इंजीनियरिंग, कृषि रसायन, कृषि कीटविज्ञान, डेरी एवं पशुपालन विज्ञान, कृषि समाजशास्त्र एवं प्रसार शिक्षा, कृषि मृदा विज्ञान, कृषि सूक्ष्म जीवविज्ञान, भूमि संरक्षण विज्ञान, कृषि सांख्यिकी, कृषि वनस्पति विज्ञान (प्रत्येक में एक पद)
एम.ए. – हिन्दी साहित्य, शिक्षा शास्त्र, (प्रत्येक में दो पद)
एम.कॉम– सभी अनिवार्य विषय (दो पद)।
एम.एस.–सी.– भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, (प्रत्येक में दो पद)
एम.एस.–सी. (कृषि)– एग्रोनॉमी, हॉर्टीकल्चर तथा जेनेटिक्स एण्ड प्लान्ट ब्रीडिंग। (प्रत्येक में दो पद)
नोट– योग्यता यू.जी.सी. एवं छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने फोटो एवं समस्त प्रमाण पत्रो की प्रतिलिपि सहित आवेदन पत्र महाविद्यालय में 22/05/2024 दिन बुधवार तक रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित करें या सीधे कार्यालय में जमा करायें।
चैयरमेन / प्रबन्धक
डॉ0 ब्रजेशचन्द्र यादव
9720296702

# किशोरी से दुष्कर्म में दो दोषियों को कारावास

## विशेष न्यायाधीश पॉक्सो मनराज सिंह ने सुनाया फैसला

कार्यालय संवाददाता, औरैया

● एक आरोपी को उम्रकैद व दूसरे को 20 वर्ष की सजा



**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम मनराज सिंह ने करीब चार वर्ष पूर्व थाना अजीतमल क्षेत्र में एक किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के दो दोषियों को दंडित किया है। एक दोषी गौरव को 20 वर्ष के कठोर कारावास व 20 हजार रुपये अर्थदंड तथा दूसरे दोषी प्रिन्स को आजीवन कारावास व 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे डीजीसी अभिषेक मिश्रा व विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) जितेंद्र सिंह तोमर व मृदुल मिश्रा ने बताया कि वादी मुकदमा ने यह मामला थाना अजीतमल में दर्ज कराया। वादी ने लिखा कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री 24 जून 2020 को सुबह आठ बजे पानी भरने को सरकारी हैंडपंप पर गई थी। उसी समय प्रिन्स पुत्र दशरथ बाबू एवं गौरव पुत्र वीर बहादुर कोरी ने उसकी पुत्री को रामकिशन के पुराने घर में ले गए तथा उसकी लड़की के साथ गलत काम करने लगे। पुत्री के चीखने की आवाज सुनकर मोहल्ले के काफी लोग आ गए जिन्होंने उसकी लड़की को अस्त-व्यस्त हालत में देखा व उसे बचाया तथा आरोपी मौके से भाग गये। तहरीर पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस ने विवेचना कर दोनों आरोपियों के विरुद्ध चार्ज शीट कोर्ट में प्रस्तुत की। एक आरोपी पर एससीएसटी एक्ट की अतिरिक्त धारा भी लगी। मंगलवार को विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) कोर्ट ने फैसला सुनाया। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक जितेन्द्र सिंह तोमर व मृदुल मिश्रा ने नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने के अभियुक्तों को कठोर सजा से दंडित करने की बहस की।

दोनों पक्षकारों को सुनने के बाद एडीजे मनराज सिंह ने दुष्कर्म, पॉक्सो व एससीएसटी एक्ट की धाराओं में प्रिन्स निवासी हैदरपुर को आजीवन कारावास व 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा दी। वहीं दूसरे आरोपी गौरव निवासी हैदरपुर को 20 वर्ष के कठोर कारावास व 30 हजार रुपये अर्थदंड की सजा दी। अर्थदंड अदा न करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा। कोर्ट ने प्रस्तुत मामले में जमा कराई गई अर्थदंड की आधी धनराशि पीड़िता को अदा करने का भी आदेश दिया। सजा पाए दोनो दोषियों को जिला कारागार इटावा भेज दिया गया।

# विवाहिता की जहर देकर हत्या का लगाया आरोप

संवाददाता फफूंद, औरैया

● पति, सास-ससुर सहित छह ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव टीकमपुर में दहेज लोभियों ने ससुरालियों ने महिला से नकदी की मांग की। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर जहर पिला दिया। हालात बिगड़ने पर ससुराली महिला को लेकर भाग निकले और सुबह घर के बाहर छप्पर पर शव रखकर फरार हो गए। सूचना पर परिजन और पुलिस भी पहुंच गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पिता की तहरीर पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है।



सुनीता।

फफूंद थाना क्षेत्र के गांव फक्कड़पुर निवासी साहब सिंह दोहरे ने अपनी पुत्री सुनीता (24) का विवाह 14 मई 2021 को गांव टीकमपुर निवासी दशरथ से किया था।पिता ने बताया कि शादी के बाद से ही ससुराल के लोग नकदी मांगते हुए बेटी से मारपीट करते रहते थे।सोमवार की शाम ससुरालियों ने उसकी पुत्री से मारपीट की और जहर पिला दिया। जानकारी पर वह पुत्री की ससुराल पहुंचे तो वो लापता थी।

पता चलने पर वह लोग औरैया साईं क्लीनिक पहुंचे जहां मायके के लोगों को देख दामाद और ससुराल के लोग इलाज के लिए कहकर पुत्री को गाड़ी में लेकर भाग निकले। मंगलवार सुबह उनकी पुत्री का शव टीकमपुर में घर के बाहर पड़ा मिलने की सूचना पर वह पुलिस को साथ लेकर गांव पहुंचे तो वहां पुत्री का शव पड़ा था। मौके पर सीओ अजीतमल राम मोहन शर्मा और थाना अध्यक्ष गंगादास गौतम भी पहुंच गए और जांच-पड़ताल के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के पिता ने दामाद दशरथ सिंह, ससुर, सास, दो देवर शिवकरन और जयवीर सिंह व ननद के खिलाफ पुत्री को मारने की तहरीर दी है। थाना अध्यक्ष गंगा दास गौतम ने बताया पिता कि तहरीर पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के लिए जागरूक करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# मताधिकार पर गर्व होना चाहिए

कार्यालय संवाददाता, औरैया

● स्वीप कार्यक्रम के तहत विद्यालयों में जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** डीएम /जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के दिशा निर्देश पर जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जागरुकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में जनपद के विभिन्न विद्यालयों में मतदाता शपथ ग्रहण, छात्र-छात्राओं की श्रृंखला, मतदाता जागरुकता अंतर्गत परिचर्चा जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यालय के छात्र-छात्राएं लोगों को वोट डालने के प्रेरित कर रहे हैं।

जनपद के बीबीएस स्मृति विद्यापीठ स्कूल औरैया में मतदाता शपथ, जिला पंचायत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुरुगंज, गुलजारीलाल बालिका इंटर कॉलेज फफूंद, किसान इंटर कॉलेज भाग्यनगर, पंडित नारायण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहादुरपुर इकौरापुर, नारायण इंटर कॉलेज मल्हौसी में मानव श्रृंखला, बाल विकास महाविद्यालय अटसू में स्लोगन पोस्टर प्रतियोगिता तथा मां आरके देवी महाविद्यालय टीकमपुर में रंगोली बनाकर मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राएं, अध्यापक,अध्यापिकाएं, अभिभावक एवं आमजन मौजूद रहे।

उधर प्राथमिक विद्यालय समायन में स्वीप मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य दीपक कुमार, सहायक अध्यापक विनोद कुमार, देवेंद्र प्रताप सिंह, राजकुमारी, जगपाल सिंह ने छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए वोट डालने तथा मतदान के दिन परिजनों को भी बूथ तक ले जाने की अपील की। उन्होने कहा कि हर भारतीय को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिये। महिला कल्याण विभाग से कार्यक्रम में उपस्थित राखी ने कहा कि सभी लोग मतदान कर अपने योग्य उम्मीदवार को चुने।

## प्रमाणपत्र पाने की झलकी खुशी...



**औरैया।** गेल डीएवी पब्लिक स्कूल में प्री प्राइमरी वर्ग सत्र 2023-24 के दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। यूकेजी के विद्यार्थियों को कक्षा एक में प्रवेश करने पर अंजली त्रिपाठी, चारूमति वेलमुरूगन द्वारा प्रमाण पत्र दिए गए। इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों ने समूह गान और नृत्य पेश कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि और गेल गांव की महिला मंडल अध्यक्ष अंजली त्रिपाठी ने विद्यालय अभिभावकों और शिक्षकों को नौनिहालों को शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने हेतु धीरे-धीरे और प्यार देकर स्कूली शिक्षा के लिए तैयार करने पर बल दिया। प्राचार्या दीपा शरण ने अभिभावकों का धन्यवाद किया। ● अमृत विचार

# युवक की हत्या में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**सरीला (हमीरपुर)।** जलालपुर थाने के ममना गांव में तीन दिनों से लापता युवक का शव झाड़ियों मिलने के मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर पर चार अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया है। घटना को लेकर पुलिस ने गहनता से छानबीन शुरू कर दी है। ताकि शीघ्र ही घटना का राजफाश किया जा सके।

गौरतलब हो कि सोमवार की सुबह सचिन (22) पुत्र डिल्लीपत का शव गांव के छेड़ी रोड में स्थित तालाब के निकट घनी झाड़ियों में पड़ा देखा गया था। सूचना के बाद पुलिस के पहुंचने से पहले ग्रामीण एकत्र हो गए। पुलिस ने काफी जांच-पड़ताल करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। परिजनों ने बताया कि सचिन के हाथ पैर में चोट के निशान हैं। परिजनों ने सचिन की हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगाया था।

# क्विज के विजेता किए गए सम्मानित

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** फफूंद-अछल्दा मार्ग पर ग्राम टीकमपुर में स्थित मां आर के देवी महाविद्यालय की ओर से मंगलवार को 05 नवंबर को संपन्न हुई प्रतियोगिता साइंस ओलंपियाड एवं क्विज कॉन्टेस्ट-2023 के विजेता प्रतिभागियों के सम्मान के लिए प्रतिभा अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता डॉ. एमपी शुक्ला (पूर्व प्राचार्य वीजीएम कॉलेज दिबियापुर) व संचालन रजत दीक्षित ने किया।

कार्यक्रम में डॉ. इकरार अहमद (प्राचार्य वीजीएम महाविद्यालय दिबियापुर) मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के रूप में जनता इंटर कॉलेज सल्हापुर की प्रधानाचार्या डॉ. आभा शुक्ला, डॉ. रमेश चंद्र तिवारी तथा डॉ. अमीरनुद्दीन ( वैदिक टेक्निकल एवं औद्योगिक इंटर कॉलेज, दिबियापुर)शामिल रहे। वीआरएस



विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

● प्रथम पुरस्कार के रूप में सतवेंद्र सिंह को दिए गए 11 हजार रुपये

डांस स्कूल दिबियापुर के बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। प्रतियोगी परीक्षा में प्रथम स्थान वैदिक टेक्नीकल एवं औद्योगिक इंटर कॉलेज दिबियापुर के छात्र सतवेंद्र सिंह पुत्र सरजीत सिंह, द्वितीय स्थान पर तिलक इंटर कॉलेज के छात्र आदित्य पुत्र सुनील तथा तृतीय स्थान पर जनता इंटर कॉलेज सल्हापुर के छात्र सतेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र सत्य प्रकाश ने प्राप्त किया। उन्हें पुरस्कृत किया गया।

प्रबन्धक डॉ. जय गोपाल पांडये ने अग्रिम वर्ष से प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के रूप में 21 हजार रूपये की घोषणा की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय परिवार से कृष्ण सिंह कुशवाहा, रिचा सिंह, अमन राजपूत, संजीव भारती, दीपक सिंह, नागेश दुबे, आशीष बाजपेई, मयंक पाल, श्रवण कुमार, गोपाल दुबे, रूचि कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# चार दिन में चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

**फफूंद, औरैया।** फफूंद पुलिस ने मंगलवार को पाता चौराहे के पास से दो युवकों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से दो मोबाइल फोन, सोने की अंगूठी, तमंचा बरामद हुआ। आरोपितों की पहचान राम मूरत पुत्र बृज किशोर व राजकुमार पुत्र मुंशी लाल निवासी बिधिपुरा, थाना अजीतमल औरैया के रूप में की गई है।

थानाध्यक्ष गंगा दास गौतम ने बताया कि मंगलवार की शाम सूचना मिली कि दो व्यक्ति अवैध असलहा लिए खड़े हैं।पुलिस ने पहुंचकर पाता चौराहे से दोनो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछतांछ में दोनों युवकों ने बताया कि बीते 26 अप्रैल की रात में चमनगंज नई बस्ती निवासी देवेंद्र कुमार नागर के यहां चोरी की थी। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया।

# बंबा में नहाने गए किशोर की डूबने से गई जान

संवाददाता कंचौसी, औरैया

● तीन भाई तैरकर बाहर निकल आए, सभी ब्रह्मदेव मेला देखने गए थे

**अमृत विचार।** दिबियापुर थाना क्षेत्र के जमौली गांव से निकले मंगलपुर रजवाहा में एक किशोर की नहाते समय डूबने से मौत हो गई, जबकि मृतक के तीन भाई तैरकर बाहर आ गए। बहन भी उनके साथ थी। सभी ब्रह्मदेव मेला देखने गए थे।

जानकारी के अनुसार शिवम के पिता की 5 वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी है। शिवम भीख मांगकर परिवार का भरण पोषण करता था। मां मोहिनी के इलाज का खर्चा शिवम उठाता था। ऐसे में परिवार पर बड़ा संकट पैदा हो गया है। सूरज नाथ सपेरा, नंदू शर्मा, सहित कई ने लोगो ने आर्थिक मदद की प्रशासन से मांग की। चौकी इंचार्ज कंचौसी ज्ञानेंद्र कुमार का कहना है कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# संस्कृत विद्यालय के क्लर्क को दी विदाई

**फफूंद, औरैया।** श्री संस्कृत महाविद्यालय औरैया में क्लर्क के पद पर तैनात रहे श्रीकृष्ण चन्द्र सावरन सेवानिवृत्त हो गए। मंगलवार को आयोजित विदाई समारोह में अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद जनपद औरैया के जिलाध्यक्ष पंडित विष्णु दत्त शुक्ल व महासचिव प्रदीप पांडेय, जिला उपाध्यक्ष रवि चतुर्वेदी व अधिवक्ता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पंकज अवस्थी, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज दिबियापुर के मैनेजर व भाजपा नेता नरेंद्र त्रिपाठी व अन्य लोगों ने उनका स्वागत किया।

# बसपा के रामकुमार अवस्थी भाजपा में

संवाददाता ककोर,औरैया

**अमृत विचार।** दिबियापुर विधानसभा के बहुजन समाज पार्टी के पूर्व प्रत्याशी कद्दावर नेता रामकुमार अवस्थी ने मंगलवार को सैकड़ो समर्थको सहित भाजपा में शामिल हो गए। बेला रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में हुए कार्यक्रम में रामकुमार अवस्थी ने पार्टी की सदस्यता ली। रामकुमार अवस्थी एक बड़े राजनेता के रूप में जाने जाते हैं। ब्राह्मण मतदाताओं के अलावा अन्य वर्गों पर भी इनकी बहुत अच्छी पकड़ है। इनके भारतीय जनता पार्टी में जाने से



सांसद व अन्य नेताओं के समक्ष भाजपा की सदस्यता लेते राम कुमार अवस्थी।

बसपा को औरैया जिले में गहरा झटका लगा है। रामकुमार अवस्थी लंबे समय से बसपा में एक बड़ी नेता के रूप में जाने जाते हैं लेकिन हाल में हुए उपचुनाव निकाय चुनाव में बसपा से टिकट न मिलने के कारण मोह भंग हो गया। जहां उनके आने से दिबियापुर विधानसभा में भाजपा को एक मजबूत बल मिलेगा। राजेश अग्निहोत्री नीरज दुबे निमित्त तिवारी सुशील कुमार दुबे धनंजय दुबे आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### आग लगने से कार हुई क्षतिग्रस्त

**फफूंद, औरैया।** थाना क्षेत्र के एक गांव में सड़क किनारे खड़ी एक मारुति ओमनी कार में अचानक आग लग गई। आसपास खेतों में गेहूं काट रहे ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन कामयाब नहीं हुए और कार जलकर राख हो गई। थाना क्षेत्र के गांव सेहदुल्लापुर निवासी शिवकुमार ओमनी कार चलाकर गुजर बसर करता है। मंगलवार की सुबह वह किसी काम से कार लेकर गांव से फतेहपुर लखमी जा रहा था। गांव बाहर निकलते ही अचानक कार में स्पार्किंग होने लगी और एलपीजी पाइप ने आग पकड़ ली।यह देख वह कार से बाहर भागा जब तक आग ने पूरी गाड़ी को जला दिया। टायर फटने की आवाज से खेतो पर गेहूं काट रहे ग्रामीण दौड़ पड़े और आग बुझाने की कोशिश की लेकिन कामयाब नहीं हुए। गनीमत रही की आग आसपास के खेतो तक नही पहुंची,नही तो काफी नुकसान हो सकता था।



धू-धू कर जलती ओमनी कार।

### बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**औरैया।** डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक ( 11 मई की सायं 06 बजे से 13 मई को मतदान समाप्ति) तक और मतगणना दिवस 04 जून को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस अवधि में संपूर्ण निर्वाचन क्षेत्र और उसके चारों ओर आठ किमी क्षेत्र में स्थित विदेशी मदिरा, बीयर, देशी मदिरा और भांग की समस्त लाइसेंस प्राप्त दुकानें पूर्णतया बंद रहेंगी।



प्रभु परशुराम जी के चित्र पर माल्यार्पण करते अतिथि। अमृत विचार

### बैठक में समाज के उत्थान पर की चर्चा

**फफूंद, औरैया।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद जनपद औरैया की मासिक बैठक मंगलवार को श्री संस्कृत कॉलेज महाविद्यालय औरैया में हुई जिसमें नरेंद्र त्रिपाठी प्रबंधक सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज दिबियापुर मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के जिलाध्यक्ष पंडित विष्णु दत्त शुक्ला ने की। बैठक में समाज के उत्थान पर चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत प्रभु परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। प्राचार्य अवनीश दुबे श्री संस्कृत महाविद्यालय औरैया, अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के जिला संरक्षक पंडित श्रीकृष्ण चंद्र सावरन, जिला महासचिवअखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद प्रदीप पांडे, प्रवक्ता अमित कुमार, दिनेश मिश्रा, डॉ. अशोक कुमार, नरेंद्र त्रिपाठी, आदित्य चतुर्वेदी, रवि चतुर्वेदी, डॉ. गोविंद द्विवेदी, आलोक मिश्रा, राघवेंद्र त्रिपाठी, हरिओम अवस्थी, प्रदीप दुबे, मंजरी पांडे, प्रीति द्विवेदी, संध्या शुक्ला, डॉक्टर अशोक द्विवेदी, दीप त्रिपाठी, कृष्ण कुमार दुबे, महेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

धर्म-अध्यात्म | ब्लॉक रोड अजीतमल में हुआ श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

# श्रीकृष्ण ने चूर-चूर किया देवराज इंद्र का अभिमान

संवाददाता अजीतमल, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बा अजीतमल नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन ब्लॉक रोड अजीतमल संस्कार गार्डन के पास किया जा रहा है। कथा में श्री कृष्ण की बाल्य लीलाओं का वर्णन किया गया। देवराज इंद्र का अभिमान चूर करने के लिए श्रीकृष्ण एक लीला रची। एक दिन उन्होंने देखा के सभी बृजवासी उत्तम पकवान बना रहे हैं और किसी पूजा की तैयारी में जुटे।

श्रीकृष्ण के पूछने पर मईया यशोदा उन्हें बताया कि हम देवराज इंद्र की पूजा के लिए अन्नकूट की तैयारी कर रहे हैं। श्रीकृष्ण ने कहा हमें तो गोर्वधन पर्वत की पूजा करनी चाहिए क्योंकि हमारी गाये वहीं चरती हैं, इस दृष्टि से गोर्वधन पर्वत ही पूजनीय है और इंद्र तो दर्शन भी नहीं देते। ऐसे अहंकारी की पूजा नहीं करनी चाहिए।

इसके बाद सभी ने इंद्र के स्थान पर गोवर्धन पर्वत की पूजा की। देवराज इंद्र ने इसे अपना अपमान समझा और मूसलाधार वर्षा शुरू कर दी। प्रलय के समान वर्षा देखकर सभी बृजवासी श्रीकृष्ण को कोसने लगे कि सब इनका कहा मानने से हुआ है। तब मुरलीधर ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर पूरा गोवधन पर्वत उठा लिया और सभी बृजवासियों को उसमें अपने गाय और बछड़े समेत शरण लेने के लिए बुलाया। यह देखकर देवराज इंद्र और क्रोधित हुए फलतः वर्षा और तेज हो गई। इन्द्र का मान मर्दन के लिए तब श्री कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से कहा कि आप पर्वत के ऊपर रहकर वर्षा की गति को नियंत्रित करें और शेषनाग से कहा आप मेड़ बनाकर पानी को पर्वत की ओर आने से रोकें। इंद्र निरंतर सात दिन तक मूसलाधार वर्षा करते रहे तब उन्हे लगा कि उनका सामना करने वाला कोई आम मनुष्य नहीं हो सकता अतः वे ब्रह्मा जी के पास पहुंचे और पूरा वृतांत सुनाया। ब्रह्मा जी ने इंद्र से कहा कि आप जिस कृष्ण की बात कर रहे हैं वह भगवान विष्णु के साक्षात अंश हैं और पूर्ण पुरूषोत्तम नारायण हैं। ब्रह्मा जी के मुख से यह सुनकर इन्द्र अत्यन्त लज्जित हुए और श्री कृष्ण से कहा कि प्रभु मैं आपको पहचान न सका इसलिए अहंकार वश भूल कर बैठा।



आरती करते आयोजक और श्रद्धालु। अमृत विचार



कथा सुनते परीक्षित व श्रोतागण। अमृत विचार

### भागवत कथा के अंतिम दिन उमड़े श्रद्धालु

**औरैया।** सदर विकास खंड के साफर गांव में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन कथावाचक सतीश अवस्थी ने भक्त प्रह्लाद चरित्र, भरत चरित्र, पृथु चरित्र व हिरणकश्यप वध, नरसिंह अवतार व समुद्र मंथन कथा के प्रसंग सुनाए। कहा कि धर्म की रक्षा के लिए राक्षसों का वध हुआ था। कथावाचक ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का केंद्र है आनंद। आनंद की तल्लीनता में पाप का स्पर्श भी नहीं हो पाता। इस दौरान परीक्षित प्रमोद कुमार मिश्रा , शिवम सहित अन्य श्रोतागण मौजूद रहे।

# किशोरी को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**अछल्दा, औरैया।** थाना क्षेत्र के एक पिता ने थाने में दी तहरीर में बताया कि 25 अप्रैल को रात्रि 9 बजे प्रार्थी व प्रार्थी के परिवारीजन खेतों पर काम करने गए थे। तभी प्रार्थी की 17 वर्षीय पुत्री को विक्रम सिंह निवासी बरालोकपुर, थाना चौबिया आया और पुत्री को बहला फुसला कर साथ ले गया। थाना प्रभारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करली गई है।

# घर में घुसकर मारपीट का आरोप

**अछल्दा, औरैया।** थाना क्षेत्र के गांव मुहम्मदाबाद निवासी साधना देवी पत्नी विजय कुमार ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए पुलिस को बताया कि मंगलवार सुबह वह घर पर थी। तभी गांव के दो लोग आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसे व पति को लात-घूंसों से पीटने लगे। बीच बचाव करने आई ननद से भी मारपीट की। थाना प्रभारी अशोक उपाध्याय ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### डीजीपी ने खिलाड़ी पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. पुलिस के खिलाड़ियों द्वारा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेकर 146 पदक उप्र पुलिस के नाम करने वाले खिलाड़ी जवानों को डीजीपी ने सम्मानित किया। । गौरतलब हो कि वर्ष-2023 में हुई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में उप्र. पुलिस के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर 48 स्वर्ण, 47 रजत एवं 41 कास्य पदक सहित कुल 146 पदक प्राप्त किये थे। इस मौके पर एडीजी पीएसी सुजीत पांडेय, पुलिस महानिरीक्षक पीएसी मध्यजोन, सचिव उप्र. पुलिस स्पोर्टस कन्ट्रोल बोर्ड एवं पुलिस उप महानिरीक्षक लखनऊ सेक्टर उपस्थित रहे।

### सूचना न देने पर दो सचिवों पर 25-25 हजार जुर्माना

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में सूचना का अधिकार के तहत मांगी गई सूचना न देने पर आयोग ने दो सचिवों पर 25-25 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। ग्रामीणों ने विकास कार्य संबंधित बीकेटी और माल के सचिवों से सूचना मांगी थी। जो निर्धारित समय पर न देने पर आयोग में अपील की थी। इस पर आयोग ने दोनों पर 25-25 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। इस पर डीपीआरओ हिमांशू शेखर ठाकुर ने संबंधित सचिव को नोटिस जारी धनराशि जमा करने को कहा है। चेतावनी दी यदि जुर्माना जमा नहीं किया तो वेतन के कटौती की जाएगी।

### मंडी समितियों के केंद्रों पर गेहूं की खरीद धीमी

**अमृत विचार, लखनऊ :** गेहूं का बाजार भाव समर्थन मूल्य से अधिक होने पर मंडी समितियों पर संचालित केंद्रों पर खरीद धीमी है। इसे बढ़ाने के लिए मंडी अधिकारी और कर्मचारी किसानों से गांव-गांव संपर्क करने लगे हैं।

प्रदेश में गेहूं खरीद के लिए मंडी समितियों ने 80 क्रय केंद्र खोले हैं। कुल 80 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य है, जो मंडियों को बांटा गया है। केंद्र मंडी परिसर में 1 मार्च से खुले थे। लेकिन खरीद अप्रैल से शुरू हुई। समर्थन मूल्य 2,275 रुपये क्विंटल है। जबकि बाजार भाव 2300 से 2400 तक है। इस वजह से खरीद की रफ्तार धीमी है। मंडी में आवक तो रही लेकिन, ज्यादातर किसान केंद्र के बजाय आढ़तियों को गेहूं बेच रहे हैं। इस वजह से अब तक 8 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा सका है। मंडी परिषद से समीक्षा की गई तो धीमी खरीद होने पर अधिकारी और कर्मचारियों को किसानों से संपर्क पर खरीद बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। उपनिदेशक प्रशासन/विपणन मुख्यालय चंदन कुमार पटेल ने बताया कि किसानों से वार्ता कर खरीद करा रहे हैं। इससे कुछ तेजी आई है।

# अगली सेवानिवृत्ति के बाद ही होगा डीजी पद पर प्रमोशन

## दो डीजी के सेवानिवृत्त होने पर भी मुख्यालय में संख्या पूरी

विनय सिंह, लखनऊ

- पीवी रामाशास्त्री की वापसी के बाद डीजी के सभी 14 पदों पर अफसर मौजूद
- अगले महीने एक डीजी की सेवानिवृत्ति के बाद ही हो सकता है अगला प्रमोशन

**अमृत विचार :** उप्र. पुलिस में तैनात रहे दो महानिदेशक मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। ऐसे में कयास लगाए जा रहे थे कि इन दोनों रिक्त पदों को भरने के लिए दो एडीजी का प्रमोशन कर उन्हें डीजी बनाया जाएगा, फिलहाल ऐसा होने की स्थिति नहीं है।

दरअसल, उप्र. पुलिस में महानिदेशक के कुल 14 पद सृजित हैं। डीजी पीवी रामाशास्त्री की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापसी के बाद भी 14 पद पूरे हैं। ऐसे में डीजी रैंक के किसी अफसर के रिटायर होने पर ही अगला प्रमोशन हो सकेगा। उधर, पुलिस सूत्रों के मुताबिक सीबीसीआईडी का चार्ज डीजी पीवी रामाशास्त्री को मिलने की संभावना है। बस, शासन की हां का इंतजार किया जा रहा है।

**समारोह आयोजित कर दोनों अफसरों को दी विदाई**

डीजी आनंद कुमार एवं डीजी सुभाष चंद्र मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस दौरान पुलिस मुख्यालय में समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। डीजीपी प्रशांत कुमार ने दोनों अधिकारियों को मोमेंटो भेट किया और उनके सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। मालूम हो कि डीजी आनन्द कुमार अपराध शाखा, अपराध अनुसंधान विभाग में तैनात थे। वहीं पुलिस महानिदेशक सुभाष चंद्र साइबर क्राइम में तैनात थे। दोनों अफसरों की विदाई के दौरान उप्र. पुलिस के सभी महानिदेशक और अपर महानिदेशक मौजूद रहे।

### रामाशास्त्री की वापसी न होने पर होता प्रमोशन

डीजी पीवी रामाशास्त्री की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापसी होने के बाद डीजी पद के सभी पद भर गए हैं। अगर रामाशास्त्री की वापसी न होती तो डीजी पद को भरने के लिए किसी वरिष्ठ की प्रोन्नति की जाती। फिलहाल नियमत: कुल डीजी पद के लिए कुल 14 पद ही सृजित हैं।

### ये हैं मौजूदा महानिदेशक

आईपीएस आशीष गुप्ता और पीवी रामाशास्त्री 1989 बैच के हैं, जबकि 1990 बैच के संदीप सालुंके, रेणुका मिश्रा, वीके मौर्य, एसएन साबत, अविनाश चंद्र, डॉ संजय एम तारडे, तनुजा श्रीवास्तव, मनमोहन कुमार बसाल, प्रशांत कुमार और तिलोतमा वर्मा हैं। वहीं, 1991 बैच के राजीव कृष्णा एवं अभय कुमार प्रसाद हैं।

### नवलोक और गोंडवाना पार्टी ने दिया भाजपा को समर्थन

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा प्रदेश मुख्यालय में मंगलवार को सामाजिक न्याय नवलोक पार्टी और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने भाजपा को समर्थन की घोषणा की। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की मौजूदगी में कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रदेश महामंत्री संजय राय ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी हिमांशु दुबे और डॉ. अंकुश त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। भाजपा को समर्थन देने के क्रम में सामाजिक न्याय नवलोक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. लेखराज सिंह और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रामनाथ गोंड ने अपने पदाधिकारियों के साथ अपने संगठनों का समर्थन पत्र सौंपा।

## सेवानिवृत्त हुईं एससीईआरटी की निदेशक, डॉ. सचान ने संभाला चार्ज



एससीईआरटी के निदेशक पद से सेवानिवृत्त हुईं सरिता तिवारी ने डॉ. पवन सचान को सौंपा कार्यभार।

**अमृत विचार, लखनऊ:** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (यूपीएससीईआरटी) और साक्षरता, वैकल्पिक शिक्षा, उर्दू एवं प्राच्य भाषाएं की निदेशक सरिता तिवारी मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गईं। उनके विदाई समारोह का आयोजन एससीईआरटी के सभागार में किया गया।

इसी के साथ ही सरिता तिवारी के सेवानिवृत्त होने के बाद संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. पवन सचान को दूसरी बार एससीईआरटी का कार्यवाहक निदेशक बनाया गया है। इस दौरान प्रमुख सचिव बेसिक डॉ. शन्मुगा सुन्दरम और शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा उनके कार्यों की सराहना करते हुए विदाई दी। कार्यक्रम के दौरान बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल, व एससीईआरटी के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही साक्षरता, वैकल्पिक शिक्षा, उर्दू एवं प्राच्य भाषाएं का भी चार्ज दिया गया है। सरिता तिवारी ने जाते-जाते डॉ सचान को चार्ज सौंपा तो उन्होंने अपना कार्यभार ग्रहण भी कर लिया।

# जातीय रैली के मामले में अपना पक्ष रखने कोई नहीं पहुंचा कोर्ट

## आयोग ने 18 अप्रैल को हाईकोर्ट में दाखिल किया था जवाबी हलफनामा

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हाईकोर्ट में अगली सुनवाई 22 को होगी



**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में उप्र में जातीय रैलियों पर रोक लगाने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पाया कि नोटिस के बावजूद भाजपा, कांग्रेस, सपा व बसपा की ओर से न तो कोई उपस्थित हुआ है और न ही इन राजनीतिक दलों की ओर से किसी अधिवक्ता ने वकालतनामा दाखिल किया है। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 22 मई की तिथि नियत कर दी।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव द्वारा वर्ष 2013 में दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। पिछली सुनवाईयों के दौरान चुनाव आयोग की ओर से न्यायालय को बताया गया था कि उसने ऑनलाइन जवाबी हलफनामा दाखिल कर दिया है। हालांकि न्यायालय के रिकॉर्ड पर उक्त हलफनामा नहीं पाया गया। इस पर न्यायालय ने आयोग को जवाबी हलफनामा दाखिल करने का अंतिम अवसर दिया था। इसके पश्चात आयोग ने 18 अप्रैल को मामले में अपना जवाबी हलफनामा दाखिल कर दिया। याची के अनुसार, न्यायालय ने पूर्व के आदेश में चुनाव आयोग समेत केंद्र व राज्य सरकारों को जातीय रैलियों के विरुद्ध गाइडलाइंस बनाने का आदेश दिया था।

याची ने बताया कि पूर्व में न्यायालय इस मामले में प्रदेश के चार प्रमुख दलों भाजपा, कांग्रेस, सपा व बसपा को नोटिसें जारी करने का आदेश 11 नवंबर 2022 दे चुकी है, हालांकि इन दलों को नोटिस न मिलने के कारण पुनः नई नोटिस जारी करने का आदेश दिया गया था, नई नोटिस भेजे जाने के बावजूद उक्त राजनीतिक दलों की ओर से उपस्थित नहीं हुआ।

### टैक्सी देने से किया इंकार तो चोरी के फर्जी मामले में दिखाई गिरफ्तारी

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में एक बुजुर्ग मां ने याचिका दाखिल कर आरोप लगाया है कि एमबीए शिक्षित उसके बेटे को चोरी के फर्जी केस में सिर्फ इसलिए गिरफ़्तारी दिखा दी गई क्योंकि उसने रायबरेली के एसपी अभिषेक अग्रवाल को टैक्सी देने से इंकार कर दिया था।

न्यायालय ने मामले को बहुत गंभीर मानते हुए, पुलिस महानिदेशक को मामले में एसआईटी गठित कर जांच कराने का आदेश दिया है। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि एसआईटी में ऐसे अधिकारी रखे जाएं जो एसपी अभिषेक अग्रवाल व मामले में शामिल अन्य पुलिस अधिकारियों से वरिष्ठ हों। इसी के साथ न्यायालय ने दो माह में एसआईटी को अपनी रिपोर्ट पेश करने का भी आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 3 जुलाई को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति एनके जौहरी की खंडपीठ ने गोमती मिश्रा की याचिका पर पारित किया।

### लोकतंत्र के पर्व को उत्सव के रूप में मनाया जाए: नवदीप रिणवा

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व को उत्सव के रूप में मनाया जाय। उन्होंने कहा कि आगे चरणों में होने वाले चुनाव में हर हाल में मतदान प्रतिशत बढ़ाया जाय। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये जिला निर्वाचन अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों पर जहां तक मतदाताओं की कतार हो, वहां तक छाया की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मतदान प्रभावित न हो, इसके लिए मतदान केंदों पर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाय। उन्होंने कहा कि मतदाताओं के साथ अच्छा व्यवहार करते हुए मतदान करने में उनकी सहायता की जाय। मतदाताओं को मतदान करने के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर मतदेय स्थल की जानकारी के लिए आवश्यक व्यवस्था की जाय। मतदान केंद्रों पर शुद्ध पीने का पानी और शौचालय की व्यवस्था भी की जाय। उन्होंने कहा कि मतदाता पर्ची का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित किया जाए। मतदाताओं व मतदान कार्मिकों को लू से बचाने के लिए आवश्यक प्रबंध किए जाएं। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर की जा रही मूलभूत सुविधाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाय।

# लोस चुनाव : 5वें चरण के लिए 29 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 13 सीटों के लिए नामांकन की अंतिम तारीख 3 मई

**अमृत विचार :** प्रदेश में पांचवें चरण की 13 लोकसभा सीटों के लिए मंगलवार को 29 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें लखनऊ व मोहनलालगंज सीटों से बसपा प्रत्याशियों के अलावा सपा से पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। नामांकन की अंतिम तारीख तीन मई है। 20 मई को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि नामांकन करने वालों में मोहनलालगंज (अजा) में दो, लखनऊ में तीन, अमेठी में पांच, जालौन (अजा) में एक, हमीरपुर में तीन, बांदा में छह, फतेहपुर में दो, कौशाम्बी (अजा) में दो, फैजाबाद में तीन व गोंडा के दो प्रत्याशी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मोहनलालगंज (अजा) लोकसभा सीट के बसपा से राजेश कुमार ने नामांकन किया, जबकि लखनऊ सीट से बसपा से मोहम्मद सरवर मलिक ने नामांकन पत्र भरा। जालौन (अजा) सीट के लिए बसपा से सुरेश चन्द्र गौतम ने नामांकन किया। हमीरपुर सीट के लिए बसपा से निर्दोष कुमार दीक्षित ने नामांकन पत्र भरा। बांदा सीट के लिए सपा से कृष्णा देवी व शिव शंकर ने नामांकन किया। फैजाबाद सीट के लिए सपा से पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद व बसपा से सच्चिदानंद ने नामांकन भरा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी सीटों पर नामांकन के लिए समुचित व्यवस्था की गई है।

### हर व्यक्ति के नाम पर छह-छह सिम कराए जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** गरीब और अनपढ़ ग्रामीणों का आधार कार्ड लेकर अवैध सिम जारी कराने वाला अभय एक-एक व्यक्ति के नाम पर छह-छह सिम जारी कराकर दुबई भेजता था। प्रति सिम तीन सौ खर्च कर तीन हजार कमाने का धंधा इतना भाया कि उसने गिरोह बनाकर यह काम करना शुरू कर दिया। एसटीएफ की पूछताछ में अभय सिंह ने बताया कि 2021 से अब तक 32 से अधिक फर्जी कंपनियों के नाम से लगभग 4000 कॉर्पोरेट सिम खरीद कर दुबई भिजवाया है, जिनका प्रयोग व्हाट्सएप और टेलीग्राम एकाउंट बनाने के लिए किया गया है।

एसटीएफ की गिरफ्त में आए अभय सिंह ने पूछताछ के दौरान बताया कि इस समय आईपीएल चल रहा है, जिसमें प्रतिदिन भारत से लाखों लोग, हम लोगों द्वारा बनाये गये टेलीग्राम व व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से हजारों करोड़ रुपए का अवैध सट्टा लगाते हैं।

### वर्ग पहेली-56

**बाएं से दाएं**

1. 1. बंधन, बंधन की अवस्था 2. कारावास 3. प्रतिबंध, शर्त।
3. कागज़-पत्रों को दबाने के लिए रखी जाने वाली कांच की वस्तु
6. तिरस्कृत, अपमानित।
8. 1. डटकर मुकाबला करना, संघर्ष करना 2. लड़ना, लड़ते हुए मरना 3. विषम परिस्थितियों का सामना करना 4. तकरार करना 5. ताकत लगाकर कुछ करने की कोशिश करना।
9. 1. रोकने

**ऊपर से नीचे**

1. कदंब की प्रजाति का एक वृक्ष जिसकी लकड़ी हलके पीले रंग की और बहुत मज़बूत होती है तथा इमारतों में लगती है, करमा।
2. पानी या कोई और तरल पदार्थ धीरे-धीरे गले के नीचे उतारना, पीना।
4. 1. सूर्य 2. अग्नि।
5. 1. अंत: प्रेरणा या अपनी इच्छा से की जाने वाली अवैतनिक सेवा 2. अपना काम ख़ुद करना।
7. दे. मंझला।



### वर्ग पहेली -55 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 घ | ■ | ■ | 2 मो | ची | ■ | 3 जे |
| मं | ■ | 4 बा | ■ | ■ | ■ | ठी |
| 5 का | 6 ति | ब | | 7 मु | नी | म |
| ■ | 8 प | र | का | ला | ■ | धु |
| ■ | हि | ■ | ■ | ज़ि | ■ | ■ |
| ■ | या | ■ | 9 द | म | घों | टू |

### सुडोकू-135

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 3 | | | 8 | |
| 4 | | | | | | 6 | | |
| 5 | | 2 | | | 1 | | 3 | |
| | | 1 | | | | | 6 | |
| | | 3 | | | | 7 | | |
| | 6 | | 2 | 7 | | 1 | | |
| | 4 | 5 | 8 | | | | | |
| | | 9 | | | | | | 6 |
| | 2 | 7 | | | | | 1 | |

### सुडोकू -134 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 6 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 3 | 6 | 2 | 5 | 8 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 2 | 7 | 4 | 1 | 3 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 6 | 5 | 1 | 9 | 4 |
| 4 | 8 | 1 | 2 | 7 | 9 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 1 | 4 | 3 | 8 | 7 | 2 |
| 7 | 4 | 3 | 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 1 |
| 9 | 5 | 2 | 3 | 1 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 5 | 4 | 3 | 2 | 9 |

# श्रमिकों में काम की मांग से बढ़ी रोजगार की गारंटी

## पिछले वित्तीय वर्ष में 34.35 करोड़ मानव दिवस सृजित, 5.28 लाख परिवार को मिला 100 दिन काम



कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

### मजदूर दिवस आज

- श्रमिकों की मांग को देखते हुए इस वर्ष में मिले 26 करोड़ मानव दिवस

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) में बढ़ती काम की मांग को देखते हुए रोजगार की गारंटी बढ़ गई है।

यानी वर्ष 2024-25 में जॉबकार्ड श्रमिकों को पहले चरण में 26 करोड़ मानव दिवस का लक्ष्य मिला है। जबकि वर्ष 2023-24 में पहले चरण में 24 करोड़ मानव दिवस का लक्ष्य मिला था। जो श्रमिकों की संख्या और रुचि के आगे कुछ माह में खत्म हो गये थे और पूरे वर्ष चार चरण में कुल 34.50 करोड़ मानव दिवस मिले थे। मार्च तक 34.35 करोड़ सृजित यानी श्रमिकों ने काम कर पूर्ण किए। इसमें 5.28 लाख परिवार को 100 दिन बराबर काम मिला है। श्रमिकों में काम की बढ़ती मांग को देखते हुए इस वर्ष पहले चरण में दो करोड़ मानव दिवस अधिक मिले हैं। वहीं, 230 से 237 रुपये मजदूरी भी 1 अप्रैल से मिलने लगी है।

### 26 करोड़ मानव दिवस में इन जिलों को ये लक्ष्य मिला

लखनऊ 16,12,115, बरेली 34,40,979, कानपुर नगर 11,69,183, मुरादाबाद 25,93,093, अयोध्या 37,17,474, प्रयागराज 51,24,635, गोरखपुर 58,23,448, वाराणसी 14,75,368, आगरा 27,32,021

### 2023-24 में मानव दिवस की प्रगति (करोड़ में)

| जिला | लक्ष्य | पूर्ति |
|---|---|---|
| लखनऊ | 14.59 | 14.58 |
| बरेली | 41.27 | 39.99 |
| कानपुर नगर | 14.93 | 14.68 |
| मुरादाबाद | 35.90 | 35.38 |
| अयोध्या | 42.28 | 42.11 |
| प्रयागराज | 70.83 | 69.55 |
| गोरखपुर | 68.73 | 66.71 |
| वाराणसी | 25.71 | 24.70 |
| आगरा | 50.04 | 47.97 |

### 34.35 करोड़ में ये परिवार लाभान्वित

*74.51 लाख परिवारों ने काम मांगा
*68.45 लाख परिवारों ने काम किया
*5.28 लाख परिवार ने 100 दिन काम किया

### प्रदेश में मानव दिवस और प्रगति (करोड़ में)

| वर्ष | लक्ष्य | पूर्ति |
|---|---|---|
| 2020-21 | 40 | 39.32 |
| 2021-22 | 32 | 32.56 |
| 2022-23 | 31 | 31.15 |
| 2023-24 | 34.50 | 34.35 |

योजना का मकसद एक परिवार को गांव में 100 दिन का रोजगार देना है। पिछले वर्ष अधिक संख्या में परिवार लाभान्वित हुए हैं। गांव में रोजगार मिलने से पलायन रुका है और श्रमिकों की संख्या के साथ काम की मांग बढ़ी है।
**- विजय चौधरी, उपायुक्त ग्राम्य विकास मुख्यालय**

### आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 मई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 05.45 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**मेष** - आज व्यापार में नकदी की समस्या दूर होगी। अपनी क्षमताओं का भरपूर प्रयोग करेंगे। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। घर का माहौल सकारात्मक रहेगा। किसी आनन्दोत्सव में आप सम्मिलित हो सकते हैं। जल्दबाजी में कोई कार्य आगे न बढ़ायें।

**वृष** - आज परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। पुराने लोन को आज चुका सकते हैं। आपको किसी विशेष कार्य के लिए सम्मानित किया जा सकता है। नकारात्मक लोगों के कारण आप थोड़ा उदास हो सकते हैं। अधिकारी वर्ग से अपने संबंध खराब न करें।

**मिथुन** - आज अजनबियों पर ज्यादा भरोसा न करें। गैरकानूनी कार्यों से आपको बचना चाहिए। रियल एस्टेट कारोबारियों को परेशानी उठानी पड़ सकती है। अल्प लाभ के लिए अपने संबंधों को दांव पर न लगायें। मन में अजीबोगरीब कुण्ठा जन्म ले सकती है।

**कर्क** - आज कार्यक्षेत्र में लोग आपको काफी महत्व देंगे। ज्यादा चिन्ता के कारण आपका स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। संतान के करियर को लेकर कुछ चिन्ता रहेगी। प्रेम संबंधों में भावनात्मक दूरियां पनप सकती हैं। अधिकतर काम आप फोन के माध्यम से करेंगे।

**सिंह** - आज सभी काम योजना बनाकर करें तो आपको लाभ मिलेगा। जो काम हाथ में लेंगे उसे समय पर पूरा कर लेंगे। व्यापार में रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको विजय प्राप्त होगी।

**कन्या** - आज पारिवारिक विवाद हल होने के योग बन रहे हैं। सरकारी नौकरी वाले लोगों के स्थानान्तरण की चर्चा चल सकती है। दुश्मन आपके सामने मित्रता का हाथ बढ़ा सकते हैं। अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाये रखें। आपकी प्रतिभा और योग्यता की सराहना होगी।

**तुला** - आज विवाहेतर संबंधों से आपको दूरी बनाकर रखनी चाहिए। रिश्तेदारों पर आपको ज्यादा विश्वास नहीं करना चाहिए। सेहत को लेकर आप थोड़ा सतर्क रहें। किसी मित्र के व्यवहार से आपका मन व्यथित हो सकता है।

**वृश्चिक** - आज कार्यक्षेत्र का वातावरण अनुकूल रहेगा। बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। अधिकारियों के साथ वैचारिक मतभेद दूर होगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें

**धनु** - आज व्यवसाय में अचानक बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। पढ़ाई में बच्चों का शानदार प्रदर्शन रहेगा। रोजगार में बदलाव करने से बचें। विचारों में सकारात्मकता बनाये रखें। कार्यक्षेत्र में राजनीति का शिकार हो सकते हैं।

**मकर** - आज का दिन बेहद व्यस्त रहने वाला है। प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी दूर होगी। घर के बुजुर्गों के विचारों का सम्मान करें। क्रोध और आवेश से आपको बचना चाहिए। लवमेट्स के साथ आप घूमने जा सकते हैं।

**कुंभ** - आज सोचे हुए कार्य देरी से पूर्ण होंगे। सड़क पर चलते समय आपको सावधानी रखनी चाहिए। जो भी काम करें वह सोच-समझकर करें। अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। पुराने कर्जों को चुकाने का दबाव रहेगा। एकान्त के आपको समय नहीं बिताना चाहिए।

**मीन** - आज नौकरीपेशा लोगों की पदोन्नति हो सकती है। नया व्यवसाय शुरू करने का विचार बनायेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। जीवनसाथी का सहयोग आपके मनोबल को बढ़ायेगा। व्यापार में आपके नए सहयोगी बन सकते हैं।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 2 मई 03.11 तक तत्पश्चात घनिष्ठा।

### आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | अल्ला रक्खा | सुबह : 11.00 |
| B4U Movies | हम आपके है कौन | रात : 08.00 |
| &pictures | डबल धमाल | सुबह : 08.16 |
| &pictures | शर्मा जी नमकीन | रात : 08.00 |
| Sony Pix | द डार्क नाईट | दोपहर : 12.21 |
| Sony Pix | वंडर वुमन | रात : 08.29 |
| Zee Cinema | चमकू | सुबह :09.00 |
| Zee Cinema | एच 10 | रात : 09.00 |
| Colors Cineplex | प्रिंस | सुबह :09.30 |
| Colors Cineplex | दिलवाले | शाम : 05.58 |

#### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात :09.00 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

पति- शादी के समय सात फेरे लेते वक्ततुमने वचन दिया था
और स्वीकार किया थाकि मेरी इज्जत करोगी, मेरी सब बात मानोगी.
पत्नी- तो क्या इतने लोगों के सामने तुमसे बहस करती
पत्नी की बात सुनकर पति हैरान रह गया।

टीचर- कल मैं सूरज पर लेक्चर दूंगी, कोई भी क्लास मिस मत करना।
चुन्नू- लेकिन मैं नहीं आ पाऊंगा मैम।
टीचर- क्यों?
चुन्नू- मेरी मम्मी इतनी दूर जाने नहीं देगी।

# आलू से सोना बनता रहा... फिर भी 40 रुपये पसेरी बिकता रहा

राजपुरुष

गन्ना बेल्ट से गुजरता हुआ लोकसभा-2024 का चुनाव अब आलू बेल्ट में प्रवेश कर गया है। किसान आंदोलन के कारण पश्चिमी उत्तर प्रदेश, जाट और गन्ना भले ही चुनावी सुर्खियां पा हो गए हों, लेकिन आलू उत्पादक किसानों के सवालों पर उनके जिलों में भी कहीं कोई शोर नहीं है। इसकी वजह यह है कि इस बार भाव बहुत नीचे नहीं हैं और सड़क पर आलू नहीं फेंकना पड़ा है। लेकिन हर साल ऐसा नहीं होता है, दो साल पहले विधानसभा चुनाव के दौरान सियासत के बाजार में आलू आसमान पर था। मजे की बात यह है कि बीते कई चुनावों के प्रचार में आलू से सोना बनता रहा, लेकिन आलू उगाने वाला किसान अपनी किस्मत पर रोता रहा।

- गन्ना बेल्ट से गुजरकर लोकसभा चुनाव अब आलू बेल्ट में पहुंचा पर किसानों के मुद्दे पर खामोशी
- विधानसभा चुनाव के दौरान सियासत के बाजार में आलू आसमान पर था, तब हुए थे तमाम वादे
- प्रदेश में करीब 250 लाख टन आलू की पैदावार लेकिन भंडारण क्षमता 170 लाख टन से भी कम

## पिछले साल आलू की सरकारी खरीद भी हुई थी

- बीते साल आलू किसानों का समस्या विकराल होने पर प्रदेश सरकार ने किसानों से आलू 650 रुपये क्विंटल के रेट पर खरीदना तय किया था, लेकिन किसान इस रेट को लेकर नाखुश थे। उनका कहना था कि जगह मिलने पर आलू को कोल्ड स्टोरेज में रखेंगे, जब आलू का भाव बढ़ेगा तब इसे बाजार में बेचेंगे। सरकार को आलू बेचने में कोई फायदा नही है। वे सिर्फ मीडियम साइज का आलू लेंगे और बाकी फसल छोड़ देंगे।
- किसानों के अनुसार सरकार ने आलू खरीद में 45 से 85 मिलीमीटर का जो मानक बनाया है, वह सही नहीं है। इसके बाद बचे हुए छोटे और बड़े साइज के आलू किसान कहां ले जाएगा। आलू किसान आरोप लगाते हैं कि आलू उत्पादक जिलों में बिचौलियों व आढ़तियों का काकस सक्रिय रहता है, जो पूरे इलाके में आलू की कीमतें बढ़ने नहीं देता है। सरकार तभी सुनती है, जब संकट खड़ा होता है। वर्ना हर चुनाव में नेता और प्रत्याशी समस्या समाधान के वादे करके निकल जाते हैं।



उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा आलू उत्पादक राज्य है। देश का एक तिहाई से ज्यादा आलू यहीं पैदा होता है। प्रदेश में करीब 250 लाख टन आलू की पैदावार है। लेकिन इसके मुकाबले भंडारण क्षमता 170 लाख टन से भी कम है। इस पर भी कोल्ड स्टोरेज अपनी क्षमता का पूरा भंडारण नहीं करते हैं। किसान फसल बढ़िया होने पर कोल्ड स्टोरेज के बाहर कतारें लगाए रहते हैं और कोल्ड स्टोर संचालक आलू रखने से इंकार करते रहते हैं। बाजार में लागत का भी भाव नहीं मिलने और कोल्ड स्टोर में आलू सहेजने की जगह नहीं मिलने पर मजबूरी में किसानों को आलू सड़क पर फेंकना पड़ता है। लेकिन नेताओं के वादे और चुनाव इस सवाल का जवाब आज तक नहीं दे पाए हैं कि किसान को उसकी फसल का उचित दाम कैसे मिलेगा।

प्रदेश में सबसे ज्यादा आलू पैदा करने वाले जिलों में फर्रुखाबाद सबसे ऊपर है।

तीसरे चरण में वहां मतदान नहीं है, लेकिन तीसरे चरण के चुनाव में मतदान वाली 10 लोकसभा सीटों में आधा दर्जन की पहचान आलू उत्पादक क्षेत्र की है। ऐसे में आलू किसानों का मुद्दा चुनावी चर्चा में जरुर है, पर उतनी प्रमुखता से नहीं जितना विधान सभा चुनाव में था। तीसरे चरण वाली लोकसभा सीटों में आगरा, फिरोजाबाद, हाथरस, मैनपुरी, एटा और फतेहपुर सीकरी में आलू की भरपूर पैदावार होती है और हर साल-दो साल में वाजिब कीमत नहीं मिलने पर किसानों को सड़क पर आलू फेंकना पड़ता है। हाथरस और आगरा आलू की बड़ी मंडी है तो फिरोजाबाद, फतेहपुर सीकरी, मैनपुरी और एटा में आधे से ज्यादा किसान आलू की खेती करते हैं।

बीते एक दशक से आलू बेल्ट में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां लगाने ओर आलू से वोदका बनाने का कारखाना लगाने जैसे मुद्दे जोर-शोर से चुनावी सभाओं में उठाए जाते रहे हैं। हर सरकार में आलू किसानों की दशा सुधारने का वादा करने वाले राजनैतिक दलों ने प्रसंस्करण इकाई और वोदका का कारखाना लगाने की बात कही है। हालांकि जमीन पर इनमें से कुछ भी नहीं हुआ है। एक दो खाद्य प्रसंस्करण इकाईयां लगी हैं, मथुरा में पेप्सिको ने संयंत्र लगाया है पर उसका कोई खास फायदा फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा या हाथरस के किसानों को नहीं हुआ है।

### किसानों के मुताबिक सरकार के प्रयास नाकाफी

- आलू भंडारण समस्या से किसानों को निजात दिलाने के लिए योगी सरकार ने केंद्र सरकार की मदद से ऑपरेशन ग्रीन योजना लागू की है। इसके तहत आलू के भंडारण और भाड़े में 50 फीसदी सब्सिडी देने का प्रावधान है। योजना का लाभ आलू क्लस्टर वाले 17 जिलों के किसानों को मिलेगा। पिछले साल यह भी फैसला लिया गया था कि किसान अब दूसरे जिले के कोल्ड स्टोर में भी आलू रख सकेंगे। इसके लिए सरकार 100 रुपये क्विंटल की दर से सहयोग राशि देगी। किसानों के मुताबिक ये उपाय ऊंट के मुंह में जीरा समान हैं और सरकारी मशीनरी इसे पूरी तरह जमीन पर उतारने में भी सफल नहीं रही है।

### आलू क्लस्टर के जिले

- फर्रुखाबाद, इटावा, मथुरा, अलीगढ़, कन्नौज, आगरा, मैनपुरी, हाथरस, फिरोजाबाद, बदायूं, संभल, कानपुर नगर, हरदोई, शाहजहांपुर, प्रयागराज, बाराबंकी, जौनपुर।

सलेमपुर संसदीय सीट

**सलेमपुर लोकसभा सीट जातीय चक्रव्यूह के त्रिकोणीय संघर्ष में फंस गई है। सपा ने इस सीट पर जातीय समीकरणों के देखते हुए 14 फीसदी राजभर मतदाताओं के साथ 13 फीसदी अल्पसंख्यक और यादव वोटरों की जुगलबंदी के सहारे भाजपा की जीत की हैट्रिक रोकने के लिए तगड़ी किलेबंदी की थी। पार्टी ने राजभर बिरादरी के पूर्व सांसद रमाशंकर राजभर पर दांव लगाया है। इसके जवाब में बसपा ने भी राजभर समाज के अपने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर को मैदान में उतारकर सपा की राह में कांटे बिछा दिए हैं। लोकसभा क्षेत्र में माना जा रहा है कि बसपा ने सपा का खेल बिगाड़ दिया है।**

# जातीय चक्रव्यूह ने बना दिया संघर्ष त्रिकोणीय

**भाजपा को प्रतिष्ठा का प्रश्न बनी इस सीट पर आंतरिक कलह से भी पड़ रहा जूझना, सपा ने पूर्व सांसद राजभर, बसपा ने भीम राजभर को मैदान में उतारकर संघर्ष बनाया रोचक**

**02** बार के भाजपा सांसद रवींद्र कुशवाहा मारेंगे हैट्रिक या बसपा लेगी हार का बदला



रामशंकर राजभर।



भीम राजभर।



रवींद्र कुशवाहा।

### तीन विधानसभा सीटों पर भाजपा काबिज

- इस क्षेत्र की तीन विधानसभा सीटें इनमें भाटपार रानी, सलेमपुर और बांसडीह सीट भाजपा के कब्जे में है तो बेल्थरारोड पर उसकी सहयोगी सुभासपा के विधायक हैं। सपा के पास सिंकदरपुर सीट है।

**2019 का चुनाव परिणाम**

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | रविन्द्र कुशवाहा | 4,67,940 | 50.72 |
| बसपा | आरएस कुशवाहा | 3,55,325 | 8.52 |
| सुभासपा | राजा राम | 33,568 | 3.64 |
| कांग्रेस | राजेश कुमार मिश्र | 27,363 | 2.97 |

**2014 का जनादेश**

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | रविन्द्र कुशवाहा | 3,92,213 | 45.89 |
| बसपा | रविशंकर सिंह | 1,59,871 | 18.70 |
| सपा | हरिबंश कुशवाहा | 1,59,688 | 18.68 |
| सुभासपा | ओम प्रकाश राजभर | 66,084 | 7.73 |
| कांग्रेस | डॉ भोला पांडे | 41,890 | 4.90 |

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** सलेमपुर संसदीय सीट भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गई है। मोदी लहर में पहली बार कमल खिलाने वाले रविंद्र कुशवाहा जहां इस सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने के लिए मतदाताओं के बीच में हैं तो बसपा और सपा इस सीट पर जीत दर्ज कर पांव जमाने की फिराक में।

सपा ने जहां बसपा से सांसद रह चुके रमाशंकर राजभर को मैदान में उतारा है तो बसपा ने भीम राजभर पर विश्वास जताया है। राजभर मतदाताओं के बंटवारे को भाजपा अपने लिए मुफीद मान रही है तो विरोधी दल भाजपा नेताओं की आंतरिक कलह को अपने लिए शुभ संकेत मान रहे हैं। इन सबके बीच सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी का भाजपा के साथ होना भी रवींद्र कुशवाहा के लिए फायदेमंद है।




### रविंद्र कुशवाहा के पिता चार बार रहे सांसद

- रविंद्र कुशवाहा को राजनीति विरासत में मिली है। उनके पिता हरिकेवल प्रसाद इस सीट से चार बार सांसद रहे। पहली बार जनता दल के टिकट पर 1989 में जीते थे। इसके बाद 1991 के चुनाव में भी उन्हें जीत मिली, जबकि इन दोनों ही चुनावों में राम मंदिर का मुद्दा गर्म था। बावजूद इसके उन्हें यहां जीत मिली थी। इसके वे समता पार्टी में गए। समता पार्टी भाजपा के साथ आई तो 1998 में यह सीट समता पार्टी के खाते में गई। हरिकेवल प्रसाद फिर सांसद बने। इसके बाद 2004 में वे सपा के टिकट पर जीते। अब उनकी विरासत को रवींद्र कुशवाहा संभाल रहे हैं। 1991 के चुनाव में तो हरिकेवल प्रसाद ने छोटे लोहिया के नाम से प्रसिद्ध जनेश्वर मिश्रा को हराया था। जनेश्वर मिश्रा तब समाजवादी जनता पार्टी के टिकट पर मैदान में उतरे थे।

### टिकट न मिलने से सपा में गए थे रमाशंकर

2009 में बसपा के टिकट पर जीते रमाशंकर राजभर को पार्टी ने 2014 में टिकट नहीं दिया था। 2019 में में जब सपा- बसपा का गठबंधन हुआ तो उन्हें उम्मीद थी की पार्टी टिकट देगी बावजूद इसके उन्हें टिकट नहीं मिला। इसके बाद वे सपा में चले गए। इस बार पार्टी ने उन्हें उम्मीदवार बना दिया। जबकि भीम राजभर को बसपा ने पहले आजमगढ़ संसदीय सीट से उम्मीदवार बनाया थ बाद में उन्हें सलेमपुर भेज दिया। भीमराज को उम्मीद है कि सजातीय वोटों और बसपा के परंपरागत मतदाताओं के सहारे वे मैदान मार लेंगे। हालांकि राजभर मतों के बंटवारे का डर बसपा को भी है।

### गठबंधन के बावजूद पिछला चुनाव हार गई थी बसपा

- 2019 में जब लोकसभा चुनाव की घोषणा हुई तो सपा- बसपा ने गठजोड़ कर लिया। उस समय भाजपा को लगा था कि कभी सपा और बसपा का मजबूत गढ़ रही इस सीट पर मतदाता उसके उम्मीदवार को नकार देंगे लेकिन मतदाताओं ने न सिर्फ रविंद्र कुशवाहा को दोबारा सांसद बनाया बल्कि जीत के रंग और गाढ़ा किया। रविंद्र कुशवाहा बसपा उम्मीदवार आरएस कुशवाहा से 1.12 लाख से अधिक वोटों से जीते थे। बसपा 2014 और 2019 की हार का बदला लेना चाहती है। हालांकि इस बार वह मैदान में अकेले है, जबकि 2009 से जीत की राह तलाश रही सपा ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है। 1996 और 2004 में सपा तो बसपा 1999 व 2009 में इस सीट पर जीत दर्ज कर चुकी है। जबकि भाजपा को पहली जीत 2014 में मिली थी। कांग्रेस के लिए यहां का मैदान 1989 में ही बंजर हो गया था।

## गाजीपुर में अफजाल की बेटी को उतार सकती सपा

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** गाजीपुर संसदीय सीट पर समाजवादी पार्टी ने फिलहाल सांसद अफजाल अंसारी को उम्मीदवार घोषित कर रखा है, लेकिन अभी उनके चुनाव लड़ने को लेकर सस्पेंस है। विधायक कृष्णानंद राय हत्या कांड के बाद गैंगस्टर एक्ट के तहत अफजाल अंसारी पर मुकदमा दर्ज हुआ था। मामले में उन्हें चार साल की सजा सुनाई गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हाईकोर्ट को सुनवाई के लिए कहा है। हाईकोर्ट का फैसला यदि अफजाल के पक्ष में आता है तो वे चुनाव लड़ पाएंगे और विरोध में आता है तो मैदान से बाहर हो जाएंगे। यही वजह है कि उन्होंने अपनी बेटी नुसरत को अचानक क्षेत्र में सक्रिय कर दिया है। इससे इस बात के कयास लगाए जा रहे हैं कि फैसला यदि खिलाफ आता है तो पिता की राजनीति को नुसरत ही आगे बढ़ाएंगी।



भाजपा ने इस सीट से पारसनाथ राय को मैदान में उतारा है। पारसनाथ राय जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल और गाजीपुर से सांसद रहे मनोज सिन्हा के करीबी हैं। पहले मनोज सिन्हा को ही भाजपा की ओर से मैदान में उतारने की चर्चा थी। मनोज सिन्हा के बेटे ने भी टिकट चाह रहे थे। पार्टी ने मनोज सिन्हा की पसंद पर ही पारसनाथ राय को टिकट दिया है। बसपा ने इस सीट पर उमेश सिंह को मौका दिया है।

इस संसदीय सीट से 2004 और 2019 में अफजाल अंसारी सांसद बने थे। 2019 में बसपा और 2004 में समाजवादी पार्टी से उन्हें जीत मिली। इस बार उन्होंने पाला बदल लिया और सपा के टिकट पर मैदान में आ गए। जबकि यहां से भाजपा के मनोज सिन्हा 1996, 1999 और 2014 में जीते थे। यह पहला चुनाव होगा जब मुख्तार अंसारी का हस्तपेक्ष नहीं होगा। परिवार का सदस्य मैदान में रहा हो या न रहा हो मुख्तार का हस्तक्षेप जरूर होता था। मुख्तार की मौत के बाद अफजाल अंसारी और उनका परिवार सहानुभूति के सहारे जीत हासिल करना चाहता है। हालांकि अभी कोर्ट के फैसले के बाद ही तय होगा कि अफजाल मैदान में आएंगे या नहीं। फिलहाल बिना किसी तामझाम के नुसरत क्षेत्र में घूम रही हैं। वह चुनाव लड़ेंगी या नहीं इस पर भी वह कुछ नहीं बोलतीं।



**मांगा आशीर्वाद** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी एवं गांडेय विधानसभा सीट से जेएमएम की उम्मीदवार कल्पना सोरेन ने जनसंपर्क कर मतदाताओं से वोट देने की अपील की।

## प्रतापगढ़ में बसपा ने दोबारा खेला ब्राह्मण कार्ड

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** प्रतापगढ़ लोकसभा सीट पर बसपा ने एक बार फिर ब्राह्मण कार्ड खेलकर मुकाबला दिलचस्प बना दिया है। इस बार पार्टी ने पिछली बार अशोक त्रिपाठी को उतारा था, तो इस बार भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्रा के पुत्र प्रथमेश मिश्रा बेटे को नीला झंडा थमा दिया है। प्रथमेश सुप्रीम कोर्ट में वकील हैं। यह उनका पहला चुनाव है। प्रतापगढ़ सीट पर जहां भाजपा ने अपने सांसद संगमलाल गुप्ता पर भरोसा जताया है, तो सपा ने एसपी सिंह पटेलको उतारा है। ओवैसी-पल्लवी पटेल के पीडीएम मोर्चे से डॉ. ऋषि पटेल हैं। बसपा प्रत्याशी प्रथमेश के पिता भाजपा से कौशांबी लोकसभा सीट के प्रभारी हैं। शिव प्रकाश और उनकी पत्नी विधायक राजा भैया के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ चुकी हैं। शिप्रकाश भी बसपा से चुनाव मैदान में उतरे थे।

# कन्नौज में दलित-सवर्ण मत खोल सकते किस्मत का द्वार

## आकलन : जो दल अपने वोट बैंक का बंटवारा जितना ज्यादा रोक पाएगा, उतना जीत के करीब पहुंच सकेगा

इरा अवस्थी, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कन्नौज में मतदान होने में बस 12 दिन का समय शेष है। इस कारण राजनीतिक मैदान में खिलाड़ियों ने एड़ी चोटी का जोर लगाना शुरू कर दिया है। वैसे तो प्रत्याशी जाति-समाज-वर्ग विशेष को जोड़ने की हर संभव कोशिश में लगे हैं। लेकिन असल लड़ाई आधार वोट के अलावा अन्य वोटों पर निशाना साधने की हो रही है। माना जा रहा है कि इस बार सवर्ण व दलित वोटर यहां किसी भी प्रत्याशी की ताजपोशी में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।

लोकसभा कन्नौज की सियासी जंग एक तरफ सांसद सुब्रत पाठक के चौथी बार मैदान में भाग्य आजमाने तो दूसरी तरफ करीब 15 साल बाद एक बार फिर से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के ताल ठोंकने से रोचक हो चुकी है। इससे पहले सुब्रत ने पहला चुनाव भी 2009 में अखिलेश के ही खिलाफ लड़ा था। सपा अध्यक्ष के मैदान में डटने से चुनाव हाई प्रोफाइल की श्रेणी में आ गया है। पूरे देश के राजनीतिज्ञों की निगाहें कन्नौज पर हैं तो सपा मुखिया की साख भी दांव पर है। भारतीय जनता पार्टी की बात करें तो उसे सरकार द्वारा देश भर में कराए गए ऐतिहासिक कार्यों के साथ जनवरी में तैयार हुए भव्य राम मंदिर के बलबूते जीत का पूरा भरोसा है। उधर, सपा के पास गिनाने के लिए पूर्व के काम हैं जिनको लेकर आरोप है कि भाजपा ने उनको आगे नहीं बढ़ाया। अब अगर वोटों की गणित को समझें तो समाजवादी पार्टी का यादव वोट बैंक उनके ही खाते में जाना तय माना जा रहा है। मुस्लिम मतदाता की बात करें तो यह कांग्रेस का परंपरागत वोट रहा है तो इसका रुझान समाजवादी पार्टी की तरफ भी है। इस बार दोनों ही दल एक 'छाते' के नीचे हैं तो दोनों ही वर्गों के वोट का करीब 80 से 90 फीसदी 'साइकिल' को ही जाने की संभावना जताई जा रही है। उधर, बहुजन समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी भी इस बार मैदान में हैं। अल्पसंख्यक समुदाय से होने से वे आश्वस्त हैं कि कौम का वोट खासी संख्या में ले सकेंगे। इसके साथ ही बसपा का कोर वोट जो 'दलित' माना जाता है वह बहुत ज्यादा बंटने की संभावना कम ही दिखाई दे रही है। हालांकि राजनीतिक जानकारों की माने तो प्रत्याशी इमरान बिन जफर कानपुर से चुनाव लड़ने यहां पहुंचे हैं तो स्थानीय जुड़ाव न के बराबर होने से अल्पसंख्यक वोट बहुत ज्यादा प्रभावित कर सकेंगे इसमें संदेह है। भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के लिए सकारात्मक पहलू यह है कि वह सत्ता पक्ष व अनुशासित कही जाने वाली पार्टी से ताल्लुक रखते हैं। काम की बात करें तो निजी तौर पर मतदाताओं में उनके प्रति कहीं-कहीं गुस्सा झलकता नजर आता है। खांटी भाजपाई भले ही थोड़ा नाराज हों लेकिन उनकी 'कमल' खिलाना मजबूरी है। हालांकि आम लोग इस बात पर जोर देते हैं कानून व्यवस्था अच्छी हुई है तो कई लोगों का तर्क है कि पांच साल में विकास के नाम पर शहर की एक सड़क तक नहीं बनी है। हालांकि ब्राह्मण व दलित वोट में बंटवारा होना तय है। इस बंटवारे में जितना ज्यादा हिस्सा भाजपा को जाएगा उतना ही उसका फायदा है। इसके साथ ही वोट प्रतिशत बढ़ता है तो भाजपा को फायदा है और नहीं तो इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है, ऐसा राजनीति के जानकार मान रहे हैं। इस समर में तीनो दलों भाजपा, सपा व बसपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपने वोट को सहेजने और समेटने की है। जो दल अपने वोट बैंक का बंटवारा जितना ज्यादा रोकने में कामयाब होगा वह उतना ही जीत के करीब पहुंच सकेगा।



अखिलेश यादव।



सुब्रत पाठक।

- मतदान प्रतिशत बढ़ने पर फायदा होने की उम्मीद में भाजपा ने अपनी मशीनरी को बूथों पर किया सक्रिय

इलेक्शन बायस्कोप



समाजवादी पार्टी की सांसद और मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी डिम्पल यादव इन दिनों अपने संसदीय क्षेत्र मैनपुरी के मतदाताओं से एक-एक वोट पार्टी को देने की अपील कर रहीं हैं। इस दौरान क्षेत्र की जनता खासकर महिलाएं और बच्चे उनसे काफी हिल-मिल गए हैं। मंगलवार को कुछ ऐसी ही आत्मीयता कैमरे में कैद हुई। -अमृत विचार

# प्यादा बढ़ाने से पहले शह-मात पर मंथन

## कैसरगंज, रायबरेली व अमेठी में 5वें चरण में होना है चुनाव

## तीन दिनों में कराना है नामांकन 19 दिन बचे मतदान को

## कैसरगंज से ब्रजभूषण तो रायबरेली - अमेठी से प्रियंका, राहुल को लेकर संशय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** तीन दिन नामांकन खत्म होने को और मात्र 19 दिन मतदान को बचे हैं, बावजूद इसके उत्तर प्रदेश की तीन हॉट सीटों कैसरगंज, रायबरेली और अमेठी से उम्मीदवार कौन होंगे, अटकलबाजी तक ही सीमित है। ऐसा लगता है कि मौजूदा राजनीतिक बिसात पर भाजपा और कांग्रेस प्यादा बढ़ाने से पहले इन सीटों के लिए शह-मात पर मंथन कर रहे हैं।

दरअसल, लोकसभा चुनाव के लिए दो चरणों का मतदान हो चुका है। अब सात मई को होने वाले तीसरे चरण के चुनाव के लिए राजनीतिक पारा चढ़ा हुआ है। उप्र. की अधिकांश सीटों पर एनडीए, इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों की घोषणा हो चुकी है। लेकिन अब भी कुछ सीटों को लेकर रहस्य बरकरार है। इनमें कैसरगंज, अमेठी और रायबरेली सीट है।



कांग्रेस ने जहां रायबरेली, अमेठी से अब तक अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया वहीं, कैसरगंज सीट के लिए भाजपा ने अब तक उम्मीवार की सूरत उजागर नहीं की। इन सभी सीटों पर पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होने वाला है। 26 अप्रैल से नामांकन जारी है। तीन मई नामांकन की अंतिम तारीख है। कांग्रेस से अमेठी सीट से राहुल



● अधिकांश सीटों पर एनडीए, इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों की घोषणा हो चुकी है

गांधी के उतरने की बात अभी चर्चा तक ही सीमित है। ठीक ऐसा ही रायबरेली से प्रियंका होने बात के साथ है। पहले, कहा जा रहा था कि वायनाड में मतदान तक अमेठी से राहुल की उम्मीदवारी का ऐलान रुका है। राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट से प्रत्याशी हैं।

इस सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोटिंग हो चुकी है लेकिन अब तक अमेठी से उनका नाम घोषित नहीं हुआ है। हालांकि, स्थानीय कांग्रेसी भी चाहते हैं कि अमेठी सीट से राहुल गांधी लड़ें ताकि राजनीतिक गलियारों में इन चर्चाओं पर विराम लगे कि गांधी परिवार ने उप्र. छोड़ दिया है। अमेठी के अलावा पड़ोस की रायबरेली सीट पर भी कांग्रेस का रहस्य बना हुआ है।



रायबरेली भी गांधी परिवार की परम्परागत सीट रही है। यहां से सांसद रहीं सोनिया गांधी के राज्यसभा में चले जाने से रायबरेली से उम्मीदवारी को लेकर तरह-तरह की अटकलें चल रही हैं। इस इंतजार में भाजपा भी रुकी हुई है। इस सीट से कभी प्रियंका गांधी का नाम चल रहा है तो कभी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे का नाम।

पिछले दिनों खड़गे ने यह कहकर चर्चाओं को और तेज कर दिया था कि कांग्रेस, अमेठी और रायबरेली में चौंकाने वाला नाम देगी। फिलहाल स्थानीय कांग्रेसी ही नही भाजपाई भी इस चौंकाने वाले नामों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### क्या होगा कैसरगंज में बृजभूषण का?

उधर, भाजपा का असमंजस भी कैसरगंज सीट को लेकर खत्म नहीं हुआ है। इस सीट से वर्तमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह के टिकट को लेकर पिछले कई दिनों से अटकलों का बाजार गर्म है। महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों से घिरे बृजभूषण को अदालत से राहत नहीं मिली है। ऐसे में कहा जा रहा है कि भाजपा उनके परिवार के किसी शख्स या किसी करीबी को टिकट दे सकती है। हाल ही में खुद बृजभूषण ने कहा कि पार्टी ऐसा नाम घोषित करेगी जिससे सभी खुश हो जाएंगे? अब इसके बाद विपक्ष की उत्सुकता बढ़ी नजर आ रही है। बहरहाल, तीनों सीटों के चेहरे जो भी हों, नामांकन की अंतिम तारीख तीन मई ही है इसलिए अब माना जा रहा है कि आज या कल तक पार्टियों को अपना उम्मीदवार तय कर ही लेना होगा।

## पूर्व मंत्री लालजी वर्मा समेत छह प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊ :** छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों के लिए मंगलवार को छह प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमे सपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री लालजी वर्मा समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। इस चरण में छह मई नामांकन की अंतिम तारीख है। 25 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सीटों सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, आजमगढ़ व जौनपुर में एक-एक प्रत्याशी ने नामांकन किया। अम्बेडकरनगर लोकसभा सीट के लिए सपा से पूर्व मंत्री लालजी वर्मा ने नामांकन किया। श्रावस्ती सीट के लिए सपा से राम शिरोमणि वर्मा ने नामांकन किया।

### अपनी ढपली अपना राग



ज्यादातर सीटों पर इंडी अलायंस के उम्मीदवार जमानत भी न बचा पायेंगे। जनता ने इनकी उम्मीदों पर ताला लगा दिया है। - ब्रजेश पाठक



चंद पैसों के लिए जनता के जान को जोखिम में डालने वालों को कांग्रेस की सरकार बनते ही उनकी असली जगह पहुंचाया जाएगा। - अजय राय



हम दायरे में रहकर सही बात कह रहे हैं तो कार्रवाई की जा रही है। कभी दिन तो कभी की रात बड़ी होती है। वक्त बदलेगा तो भूलेंगे नहीं। - जियाउर्रहमान बर्क



भाजपा का लखनऊ में 5 लाख वोटों से जीतने का दावा हवा हवाई है। दावा कुछ भी किया जा सकता है। मगर इस बार लखनऊ में बीएसपी की लहर है। - सरवर मालिक

# श्रावस्ती में हो सकता है त्रिकोणीय मुकाबला

## इस बार ईवीएम में नहीं दिखेगा हाथ का पंजा

## इंडी गठबंधन के तहत सपा के खाते में आई है सीट

## भाजपा, सपा व बसपा के बीच कड़ी टक्कर की संभावना

लालजी सिंह, बलरामपुर

**अमृत विचार:** श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र में चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस बार के रण में ईवीएम से कांग्रेस का चुनाव निशान हाथ का पंजा गायब रहेगा। भाजपा, सपा तथा बसपा के बीच त्रिकोणीय मुकाबला हो सकता है। अंतिम समय में बसपा से भिनगा के हाजी दद्दन खां ने संभावित बसपा प्रत्याशी के रूप में पर्चा खरीद कर हाथी का महावत बनने का संकेत तो दे दिया है लेकिन अभी पार्टी ने उनके नाम की आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

बताते चलें कि वर्ष 2008 के परिसीमन में श्रावस्ती लोकसभा अस्तित्व में आई इस लोकसभा में श्रावस्ती जनपद की दो तथा बलरामपुर जनपद की तीन विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। 2009 से लेकर 2019 तक के चुनाव में यहां पर बसपा ने मजबूत दस्तक दी और 2019 में सपा के साथ गठबंधन कर इस सीट पर जीत का परचम भी लहराया। वर्तमान समय में सपा के निवर्तमान सांसद राम शिरोमणि वर्मा हाथी से उतरकर साइकिल पर सवार हो चुके हैं। बसपा ने उन्हें पहले ही पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने का आरोप लगाकर बाहर कर दिया था।

इस बार भाजपा ने श्रावस्ती लोकसभा सीट पर नए चेहरे साकेत मिश्रा को चुनाव मैदान में उतारा है। वर्ष 2019 में मामूली मतों से चुनाव हारने वाले भाजपा प्रत्याशी दद्दन मिश्रा भी टिकट की रेस में शामिल थे। साकेत मिश्रा को टिकट मिलने के कारण वह इस समय अमेठी में जाकर


साकेत मिश्रा


राम शिरोमणि वर्मा

स्मृति ईरानी का प्रचार कर रहे हैं। उनके समर्थक पहले तो साकेत मिश्रा के खिलाफ मुखर हुए लेकिन धीरे-धीरे चुप्पी साध ली। कांग्रेस और सपा गठबंधन के तहत यह सीट सपा के पास है। यादव तथा मुस्लिम मतदाताओं के साथ-साथ कुर्मी वोटों को साधने के लिए सपा ने नया दांव खेला है।



सपा ने बसपा के निवर्तमान सांसद राम शिरोमणि वर्मा को ही सपा के टिकट पर चुनाव मैदान में उतार दिया है। पुराने सपाई धीरे-धीरे राम शिरोमणि वर्मा के साथ चुनाव में उतर चुके हैं। राम शिरोमणि वर्मा को इस बार जेल में बंद पूर्व सांसद रिजवान जहीर तथा जिले में सपा के संस्थापक रहे स्वर्गीय डॉक्टर एसपी यादव की कमी जरूर खलेगी।

पिछले चुनाव में मामूली अंतर से सीट गंवा चुकी भाजपा इस बार पूरे दमखम के साथ मैदान में उतर चुकी है। पार्टी के नेता व पदाधिकारी लगातार कार्यकर्ता सम्मेलन व नुक्कड़ सभा कर लोगों से समर्थन मांग रहे हैं। पिछले चुनाव में श्रावस्ती सीट से जीत का स्वाद चख चुकी बसपा अभी तक असमंजस में है। पार्टी ने अभी तक आधिकारिक रूप से इस सीट पर अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। हां यह जरूर है कि भिनगा से वर्ष 2022 में बसपा के टिकट से विधानसभा चुनाव लड़ चुके हाजी दद्दन खां ने बसपा के संभावित उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र खरीदा है। अब देखना यह है कि वर्ष 2009 ,2014 और 2019 में लगातार बेहतर प्रदर्शन करने वाली बसपा को इस बार क्या हासिल होगा। पार्टी के पदाधिकारी भी कुछ बोलने को तैयार नहीं है। बसपा ने यदि इस बार मजबूत उम्मीदवार उतारा तो श्रावस्ती सीट का मुकाबला दिलचस्प हो सकता है। सभी की निगाहें बसपा के अगले कदम पर टिकी हुई है।

### वर्ष 2009 और 2014 में बसपा ने बिगाड़ा था सपा का खेल

श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र में वर्ष 2009 तथा वर्ष 2014 में बसपा ने सपा का खेल बिगाड़ दिया था। वर्ष 2009 में बसपा से लोकसभा चुनाव लड़ चुके पूर्व सांसद के रिजवान जहीर ने 1,59,527 वोट लेकर तीसरे स्थान पर रहते हुए सपा का खेल बिगाड़ दिया था। इसी तरह वर्ष 2014 के चुनाव में सपा उम्मीदवार माफिया अतीक अहमद का खेल बसपा प्रत्याशी लाल जी वर्मा ने बिगाड़ दिया था। लाल जी वर्मा को इस चुनाव में 1,94,827 वोट मिले थे और वह भी तीसरे स्थान पर रहे थे। वर्ष 2019 में इस सीट पर बसपा ने सपा से गठबंधन कर जीत हासिल की थी। बसपा उम्मीदवार राम शिरोमणि वर्मा को 4,41,505 वोट मिले थे और उन्होंने भाजपा के दद्दन मिश्रा को मात्र 5320 मतों से हराया था।

### चुनावी चक्कर

● कुछ प्रत्याशी ऐसे भी होते हैं...

कभी-कभी चुनाव में प्रत्याशी ही ऐसा होता है कि वह जीते या हारे लेकिन लोगों के लिए प्रेरणा और आकर्षण का केन्द्र अवश्य बन जाता है। कुछ ऐसे ही एक प्रत्याशी फतेहपुर सीकरी लोकसभा से रामनाथ सिकरवार हैं। साइकिल पर सवार होकर नामांकन दाखिल करने वाले रामनाथ सिकरवार पूर्व फौजी हैं और लोग उन्हें फौजी बाबा के नाम से जानते हैं। दिलचस्प यह है कि सिकरवार अपने साथ जहां कहीं कहीं भी चुनाव प्रचार को जाते हैं, अपने खाने का जुगाड़ साथ लेकर चलते हैं और भूख लगने पर खुद खाना भी बना लेते हैं। रामनाथ सिकरवार वर्ष 2004 में सेना से रिटायर होने के बाद से समाजसेवा में जुट गए। उन्होंने लक्ष्मण सेना नामक संगठन बनाकर किसान, मजदूरों की समस्याओं के लिए संघर्ष किया। वह जिला पंचायत सदस्य भी रहे। युवाओं में रामनाथ की खासी लोकप्रियता है। इससे पहले उन्होंने खैरागढ़ से विधानसभा का चुनाव लड़ा था, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। वह चुनाव हारने के बाद भी क्षेत्र में काम करते रहे हैं और उनके जुझारूपन और कर्मठता जैसी खूबियों को देखते हुए ही कांग्रेस ने उन्हें प्रत्याशी बना दिया। वह आज भी खैरागढ़ के एक मंदिर परिसर में बने आश्रम में रहते हैं। उनकी सादगी और कार्यशैली ऐसी है कि उसको देखने के बाद हर कोई आकर्षित हुए बिना नहीं रह सकता।

# कमलेश का चौका रोकने की घेराबंदी में जुटा इंडी गठबंधन

## बांसगांव लोस क्षेत्र की पांचों विस सीटों पर भाजपा का कब्जा

## गठबंधन प्रत्याशी को दो बार पटखनी दे चुके हैं कमलेश

इंद्रभूषण दुबे, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोरखपुर की चर्चित बांसगांव लोकसभा सीट का चुनाव इस बार काफी रोचक होगा। जहां वर्तमान भाजपा सांसद चौथी बार जीत दर्ज करने के लिए जुट गए हैं। वहीं, इंडी गठबंधन कमलेश के चौके को रोकने के लिए पूरी जुगत लगाए हुए है। हालांकि गठबंधन प्रत्याशी सदल प्रसाद को दो बार पटखनी दे चुके हैं। वहीं बसपा के प्रत्याशी व पूर्व आयकर आयुक्त डॉ. रामसमुझ के सामने खाता खोलने की चुनौती है। अगर सीट की पांचों विधानसभा की बात करें तो सभी भाजपा के खाते में हैं।

बांसगांव लोकसभा सीट गोरखपुर की दूसरी महत्वपूर्ण सीट है। कभी इस सीट से वरिष्ठ कांग्रेस नेता व केंद्रीय मंत्री स्व. महाबीर प्रसाद चार बार सांसद रहे। उनकी केंद्रीय राजनीति में महत्वपूर्ण दखल रहती थी। वह गांधी परिवार के करीबी माने जाते थे। राम मंदिर आंदोलन के दौरान यह सीट कांग्रेस से हाथ से निकल गई।

हालांकि महाबीर प्रसाद ने दोबारा इसे वापस हासिल कर लिया था। लेकिन जब इस सीट पर सीधा दखल गोरक्षपीठ का सीधा हुआ तो भगवा का रंग चटख होता गया। पहली बार 2009 में कमलेश पासवान व गोरक्षपीठाधीश्वर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सहमति के बाद ही भाजपा के प्रत्याशी बने थे। इसके बाद इनका विजय रथ आज तक नहीं रूका। वहीं इसकी एक प्रमुख विधानसभा बांसगांव पर भी कमलेश के छोटे भाई डॉक्टर विमलेश पासवान का कब्जा है। वह दो बार से विधायक हैं।


कमलेश पासवान


सदल प्रसाद


डॉ. राम समुझ

### बांसगांव से भाजपा छह व कांग्रेस सात बार जीती

बांसगांव लोकसभा के मतदाताओं ने कांग्रेस को सात व भाजपा को छह बार नेतृत्व करने का मौका दिया। 1957 में हुए पहले चुनाव में कांग्रेस के महादेव प्रसाद विजयी हुए। इसके बाद जनता ने 1962 में दोबारा लोकसभा में भेजा। वहीं 1971 रामसूरत प्रसाद को सांसद चुना गया। कांग्रेस के महाबीर प्रसाद चार बार, 1980, 1984, 1989 और फिर 2004 में सांसद बने। जबकि भाजपा के सिर पहली बार राम लहर में जीत का सेहरा 1991 में बंधा। राजनारायण पासी को यहां से सांसद चुना गया। हालांकि उनको वर्तमान सांसद कमलेश पासवान की मां सुभावती पासवान ने 1996 में हरा दिया। वहीं, दो साल बाद 1998 में हुए चुनाव में भाजपा ने सीट वापस हासिल कर ली। राजनारायण 2004 तक सांसद रहे। 2004 में पूर्व केंद्रीय मंत्री महाबीर प्रसाद से चुनाव हार गये। 2009 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सहमति के बाद मानीराम के विधायक रहे कमलेश पासवान को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया। इसके बाद व कमलेश ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। पिछले तीन चुनाव में लगातार जीत दर्ज करने के साथ ही अंतर भी बढ़ाते जा रहे हैं। इस सीट पर 1967 में संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के मोहलू प्रसाद और 1977 में जनता पार्टी के फिरंगी प्रसाद विशारद सांसद बने।

### जातीय समीकरण

वर्ष 20211 की जनगणना के मुताबिक यहां अनुसूचित जाति की आबादी 28 फीसद, अनुसूचित जनजाति 1 फीसद, मुस्लिम 6 .39 फीसद है, यहां निषाद वोटर करीब डेढ़ से दो लाख के बीच हैं, यादव वोटर भी अच्छी तादाद में हैं, बांसगांव लोकसभा सीट पर कुल मतदाताओं की संख्या 21,96,918 है। सवर्ण- 5 लाख, ओबीसी- 8 .34 लाख, दलित- 2 .50 लाख, मुस्लिम 1.50 लाख मतदाता हैं।

### कमलेश को पिता से मिली राजनीतिक पहचान

भाजपा प्रत्याशी कमलेश पासवान को राजनीतिक पहचान उनके बाहुबली पिता स्वर्गीय ओम प्रकाश पासवान के रूप में मिली है, ओम प्रकाश गोरखपुर की तत्कालीन मानीराम विधानसभा सीट से तीन बार विधायक रहे,वह लखनऊ गेस्ट हाउस कांड के मुख्य आरोपी थे, इलाके में दबंग और बहुबली के रूप में पहचान बनाने वाले मानीराम के पूर्व विधायक ओम प्रकाश पासवान की हत्या बांसगांव में बम मारकर हो गई थी। पिता की हत्या के बाद बीजेपी सांसद कमलेश पासवान की मां सुभावती पासवान ( 1996 ) में समाजवादी पार्टी ( सपा ) से बांसगांव सुरक्षित सीट से सांसद बनी।

### चौथी बार मैदान में हैं कांग्रेस प्रत्याशी सदल प्रसाद

बसपा सरकार में मंत्री रहे सदल प्रसाद हाल ही में बसपा का साथ छोड़ कांग्रेस में शामिल हो गए और इंडी गठबंधन से प्रत्याशी हैं, बांसगांव लोकसभा सीट पर कांग्रेस का अच्छी खासा जनाधार भी है। यूं तो कांग्रेस प्रत्याशी सदल प्रसाद चौथी बार बांसगांव लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे लेकिन इस बार उनकी पार्टी बदली हुई है। वर्ष 2004, वर्ष 2014 और वर्ष 2019 के चुनाव में वह दूसरे स्थान पर रहे थे। वर्ष 2004 में बसपा के टिकट पर सदल प्रसाद पहली बार चुनाव में उतरे थे।

### सेवानिवृति लेकर राजनीति में डॉ. राम समुझ

बहुजन समाज पार्टी ने पूर्व आयकर आयुक्त डॉ. राम समुझ को बांसगांव ( सुरक्षित ) लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। डॉ राम समुझ ने दिसम्बर 2008 में दिल्ली से आयकर आयुक्त पद से स्वैच्छिक सेवानिवृति लेकर राजनीति में कदम रखा। पहले उन्होंने भाजपा ज्वाइन किया। 2009 में वे बांसगांव लोकसभा से तैयारी कर रहे थे, लेकिन टिकट नहीं मिला। फिर वे बसपा में चले गए और 2012 में खजनी विधानसभा से बसपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े, हालांकि वे चुनाव हार गए।

### कमलेश के सामने अंतर बढ़ाने की चुनौती

तीन बार से भाजपा के सांसद चुने जा रहे कमलेश पासवान के सामने इस बार के चुनाव में जीत का अंतर बढ़ाने की चुनौती है। 2014 और 2019 का चुनाव कमलेश के लिए आसान रहा। 2014 में कमलेश ने तत्कालीन बसपा के प्रत्याशी व वर्तमान में इंडी गठबंधन के सदल प्रसाद को 1,89,516 मतों और 2019 में 1,53,468 मतों से शिकस्त दी।

### पांचों विधायक भाजपा के

बांसगांव लोकसभा सीट के तहत 5 विधानसभा सीटें आती हैं, जिसमें 3 सीटें ( चौरी-चौरा, बांसगांव और चिल्लूपार सीट ) गोरखपुर क्षेत्र की हैं तो देवरिया क्षेत्र की 2 सीटें ( रुद्रपुर और बरहज सीट ) शामिल हैं। इसमें बांसगांव विधानसभा सीट भी अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व है, यहां की सभी पांचों सीटों पर 2022 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी को जीत मिली थी। एक सीट बांसगांव से सांसद के छोटे भाई डॉ. विमलेश पासवान विधायक हैं।

### बांसगांव: 2019 के चुनाव का लेखा जोखा






| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| कमलेश पासवान | 546,673 |
| सदल प्रसाद | 3,93,205 |
| सुरेंद्र प्रसाद भारती | 8,717 |

### 2014 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | कमलेश पासवान | 4,17,959 |
| बसपा | सदल प्रसाद | 2,28,443 |
| सपा | गोरख प्रसाद पासवान | 1,33,675 |
| कांग्रेस | संजय कुमार | 50,675 |




### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1957 व 62 | महादेव प्रसाद | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | मोहलू प्रसाद | संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी |
| 1971 | राम सूरत प्रसाद | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | विशारद फिरंगी प्रसाद | जनता पार्टी |
| 1980,84 व 89 | महाबीर प्रसाद | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1991 | राज नारायण पासी | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996 | सुभावती पासवान | समाजवादी पार्टी |
| 1998 व 99 | राज नारायण पासी | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004 | महाबीर प्रसाद | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |

| 2014 नोटा | 2019 नोटा |
|---|---|
| 13,495 | 14,093 |

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | कमलेश पासवान | 2,23,011 |
| बसपा | श्री नाथ जी | 1,70,224 |
| सपा | शारदा देवी | 1,13,170 |
| कांग्रेस | महाबीर प्रसाद | 76,432 |

### 2024 - मतदाताओं की संख्या

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | - 18,06,641 |
| पुरुष | - 9,60,879 |
| महिला | - 8,45,674 |
| अन्य | - 88 |





# गोवा में मैच फिर टाई होने का डर

## भाजपा राज्य में दोबारा दोहराना चाहती 2014 वाला परिणाम, पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा-कांग्रेस का स्कोर 1-1 था

मनोज त्रिपाठी

गोवा में लोकसभा की दो सीटें गोवा उत्तर और दक्षिण हैं। राज्य में एक ही चरण में सात मई को दोनों सीटों के लिए मतदान होगा। इन दोनों ही सीटों के चुनावी समीकरण अलग-अलग हैं। एक सीट भाजपा का गढ़ है तो दूसरी पर कांग्रेस का वर्चस्व नजर आता है। गोवा उत्तरी लोकसभा सीट पर अब तक 14 बार चुनाव हुए हैं, जिनमें से पांच बार भाजपा, पांच बार कांग्रेस और चार बार गोमांतक पार्टी ने जीत हासिल की है। लेकिन दक्षिण गोवा लोकसभा सीट भाजपा 1962 के बाद से केवल दो बार जीत पाई है। भाजपा ने दक्षिण गोवा सीट पर 1999 और 2014 में जीत हासिल की थी। पिछले लोकसभा चुनाव में गोवा में कांग्रेस और भाजपा के बीच कड़ा मुकाबला हुआ था। अभी गोवा में प्रमोद सावंत के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। राज्य में 40 विधानसभा सीटें, दो लोकसभा सीटें और एक राज्य सभा की सीट है। 2019 के लोकसभा चुनाव में गोवा उत्तर सीट से भाजपा के श्रीपद नाईक और गोवा दक्षिण सीट से कांग्रेस के फ्रासिस्को सार्डिन्हा ने विजय पताका फहराई थी। इस बार भी राज्य की दोनों सीटों पर भाजपा और कांग्रेस में सीधा मुकाबला है, जिसमें कांग्रेस आम आदमी पार्टी और शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट का साथ मिलने से जीत की राह तलाश रही है।

**वोट शेयर 2014 चुनाव**

53.40% भाजपा
36.60% कांग्रेस
10.00% अन्य

**वोट शेयर 2019 चुनाव**

51.20% भाजपा
42.90% कांग्रेस
5.90 % अन्य

**2019 का चुनाव परिणाम**

| पार्टी | सीट | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | 01 | 3,66,158 |
| भाजपा | 01 | 4,36,650 |
| अन्य | 00 | 50,395 |

**2014 में कितनी सीटें, कितने वोट**

| पार्टी | सीट | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | 02 | 4,36,679 |
| कांग्रेस | 00 | 2,98,750 |
| अन्य | 00 | 81,571 |

### दिग्गज श्रीपद नईक को स्थानीय मुद्दों से विरोधी मतों के उभरने का खतरा



गोवा उत्तर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के श्रीपद येसो नाईक चार बार से सांसद चुने जा रहे हैं। वह 2004 से लेकर 2019 तक लगातार इस सीट पर जीत हासिल कर चुके हैं। हालांकि इससे पहले जब इस सीट को पणजी लोकसभा के नाम से माना जाता था, तब भी 1999 में वह जीते थे। उनके ही कारण उत्तरी गोवा में भाजपा का दबदबा साफ नजर आता है। इसी के चलते केंद्र की मोदी सरकार ने उन्हें आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) का पद दिया है। इससे पहले वह रक्षा राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। साल 2019 में श्रीपद नाईक को कुल 2,44,844 वोट मिले थे। उनके मुकाबले में मैदान में उतरे कांग्रेस उम्मीदवार गिरीश राय चंदोणकर को 1,64,597 वोट हासिल हुए थे। इस सीट पर मतदाताओं की संख्या करीब छह लाख है। भाजपा ने एक बार फिर श्रीपद नाईक पर भरोसा जताते हुए उन्हें चुनाव मैदान में उतारा है। उनके मुकाबले के लिए कांग्रेस ने इस बार गोवा उत्तर से पूर्व कानून मंत्री रमाकांत खलप को मौका दिया है, जबकि रिवोल्यूशनरी गोवन्स पार्टी से मनोज परब किस्मत आजमा रही है। इस लोकसभा क्षेत्र में हिंदू आबादी ज्यादा है और श्रीपद नाईक ओबीसी वर्ग के सबसे बड़े नेता गिने जाते हैं। वह गोवा के विकास के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट मांग रहे हैं और केंद्र की कल्याणकारी योजनाएं गिना रहे हैं। इसके विपरीत कांग्रेस के रमाकांत खलप चुनाव को स्थानीय मुद्दों पर केंद्रित करते हुए रोजगार, महादेयी नदी के पानी के बंटवारे जैसी बातों को चर्चा में ला रहे हैं। जानकार यहां एक बार फिर श्रीपद नाईक की जीत की संभावनाएं प्रबल बताते हैं, लेकिन लगातार क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के कारण उनके विरुद्ध लोगों के एक वर्ग में नाराजगी के मद्धम स्वर भी हैं।

### भाजपा की धमाकेदार प्रत्याशी पल्लवी को ईसाई नहीं होना पड़ सकता है भारी



भाजपा ने 1962 के बाद से केवल दो बार दक्षिण गोवा लोकसभा सीटी जीती है। इस सीट पर भाजपा को 1999 और 2014 के चुनाव में सफलता मिली थी। इस बार पार्टी ने यहां से उद्यमी पल्लवी डेम्पो को उतार कर चौंका दिया है। वह डेम्पो ग्रुप के अध्यक्ष श्रीनिवास की पत्नी हैं। पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। यही वजह रही कि बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में उन्होंने लिखा हुआ भाषण पढ़ा था। पल्लवी 1400 करोड़ की संपत्ति की मालकिन हैं। लेकिन उनका नकरात्म पहलू यह है कि वह ईसाई नहीं है, जबकि इस लोकसभा क्षेत्र में ईसाई मतदाता ज्यादा हैं। हालांकि पल्ली को जिताने के लिए भाजपा ने पूरी ताक झोंक रखी है। मोदी जहां तीन माह में दो बार सभा कर चुके हैं, वहीं भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी रैली कर चुके हैं। गोवा दक्षिण सीट से कांग्रेस के फ्रांसिस्को सरदिन्हा वर्तमान में सांसद हैं। लेकिन कांग्रेस ने उनके स्थान पर विरयातो फर्नांडिस को मैदान में उतारा है। वह नेवी में कैप्टन रह चुके हैं। पर्यावरण प्रेमी हैं और सरकार के खिलाफ आंदोलनों में आगे रहते आए हैं। हालांकि 2002 में विधानसबा चुनाव हार गए थे। विरयातो इस चुनाव को मनी और पॉवर के साथ संघर्ष बता रहे हैं। रिवोल्यूशनरी गोवन्स पार्टी ने यहां रुबर्ट परेरा को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी गोवा, गोवा के लोगों के लिए मुद्दा उठाकर क्षेत्रीयता का ज्वार तेज करने में जुटी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में फ्रांसिस्को 2,01,561 वोट हासिल करके विजयी हुए थे। उनके मुकाबले में उतरे भाजपा के नरेंद्र सवाईकर को 1,91,806 वोट मिले थे। हालांकि 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के नरेंद्र सवाईकर ने दक्षिण गोवा लोकसभा सीट जीती थी, तब उन्होंने कांग्रेस के एलेक्सो रेना को हराया था। यहां 6,22,403 मतदाताओं हैं, जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से करीब 20 हजार ज्यादा है। गोवा दक्षिण लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाली 20 विधान सभा सीटों में 12 भाजपा के पास हैं।

### पर्यटन से चलती यहां की अर्थव्यवस्था, प्रति व्यक्ति आय में देश भर में अव्वल

गोवा क्षेत्रफल के लिहाज से भारत का सबसे छोटा राज्य है, लेकिन सबसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है। जनसंख्या के हिसाब से यह चौथा सबसे छोटा राज्य है। हालांकि गोवा में प्रति व्यक्ति आय देश में सबसे ज़्यादा है। राज्य में लगभग 60 फीसदी आबादी हिंदू और 28 फीसदी ईसाई है। यह राज्य अपनी बांस शिल्पकला के लिए मशहूर है। गोवा का एक तिहाई से ज़्यादा हिस्सा जंगलों से घिरा है। यहां प्राकृतिक दृश्यों, आकर्षक समुद्र तट, हरे-भरे सौंदर्य की भरमार है। दुनिया भर से पर्यटक यहां समुद्र तटीय सुंदरता और प्राकृतिक आकर्षण का आनंद लेने के लिए यहां आते हैं। राज्य की अर्थव्यवस्था पर्यटन से ही चलती है। यहां दुनिया भर के प्रसिद्ध कैसीनो हैं और करीब 7,000 बार संचालित होते हैं।

# खंडवा में लहर भगवा जीत तलाश रही कांग्रेस

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। मध्य प्रदेश की खंडवा लोकसभा सीट कभी कांग्रेस का गढ़ थी, लेकिन इस गढ़ पर 1996 में भाजपा ने कब्जा कर जमाया तो 2004 तक इस सीट पर भगवा ध्वज लहराता रहा। 2008 में परिसमीन के बाद 2009 में जब चुनाव हुआ तो यह सीट कांग्रेस के खाते में चली गई पर 2014 की मोदी लहर में कांग्रेस का झंडा यहां से उखड़ गया फिर लहरा नहीं पाया। कांग्रेस ने 2019 में भी कांग्रेस ने खूब प्रयास किए पर सफल नहीं हुई। जब 2021 में उप चुनाव हुआ तो कांग्रेस को उम्मीद थी कि वह फिर इस सीट पर जीत दर्ज कर लेगी लेकिन पार्टी की आंतरिक कलह का परिणाम रहा कि पार्टी को यहां फिर हार का सामना करना पड़ा। इस बार 13 मई को इस सीट पर चुनाव होना है। भाजपा ने फिर चक्रव्यूह रच दिया है। अब देखना यह है कि कांग्रेस के रणनीतिकार इसे तोड़ पाते हैं या नहीं।

**सीधे मुकाबले में रहती कांग्रेस:** कांग्रेस और भाजपा के बीच ही इस सीट पर मुकाबला होता है, लेकिन इस बार कांग्रेस के लिए लड़ाई आसान नहीं दिख रही है। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने आठ में से सात सीटों पर कब्जा किया था। ऐसे में भाजपा को यह उम्मीद है कि मतदाता इस चुनाव में भी उसके साथ रहेंगे। यही वजह है कि मोदी की गारंटी का खूब प्रचार किया जा रहा है। कांग्रेस उम्मीदवार बेरोजगारी, गरीबी का मुद्दा उठा रहे हैं बताने में लगे हैं कि भाजपा पुनः सत्ता में आई तो संविधान बदलकर आरक्षण खत्म कर देगी।



ज्ञानेश्वर पाटिल।

**ज्ञानेश्वर पाटिल पर भाजपा ने जताया विश्वास**

- 2021 के उप चुनाव में इस सीट से जीते ज्ञानेश्वर पाटिल पर को भाजपा ने दोबारा मौका दिया है। जबकि कांग्रेस ने गुर्जर समाज के नरेंद्र पटेल पर विश्वास जताया है। नरेंद्र पटेल कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद अरुण यादव के खास हैं। अरुण यादव को पार्टीइस सीट पर मौका देना चाहती थी लेकिन उन्होंने ही नरेंद्र पटेल का नाम आगे बढ़ाया। नरेंद्र के काका ताराचंद पटेल सांसद और विधायक रह चुके हैं।

**1996** से लगातार जीत रही भाजपा को 2009 में लगा था झटका

**2014** ,2019 और 2021 के उप चुनाव में भी लहराया भगवा

### राम लहर में पहली बार खिला था कमल

- इस सीट पर पहली बार 1952 में लोकसभा चुनाव हुआ था तब कांग्रेस यहां से जीती थी। पार्टी लगातार पांच चुनावों में यहां से जीती लेकिन 1977 यहां के मतदाताओं ने हाथ का साथ छोड़ दिया था और जनता पार्टी को अपना लिया था। 1979 में जब इस सीट पर उप चुनाव हुआ तो कांग्रेस ने इसे जीतने के लिए जबरदत प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुई। जनता पार्टी ने कुशाभाऊ ठाकरे को मैदान में उतारकर कांग्रेस की रणनीति को फेल कर दिया था। हालांकि जब 1980 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस ने इस सीट पर फिर से कब्जा कर लिया। 1984 में भी कांग्रेस यहां से जीती लेकिन 1989 की राम मंदिर लहर में भाजपा की बयार में यहां के मतदाता बह गए और उन्होंने पार्टी के उम्मीदवार को सिर माथे पर बैठा लिया, लेकिन यह लहर बहुत दिन तक नहीं रही। जब 1991 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस ने इस सीट को जीत लिया और भाजपा की रणनीति धरी की धरी रह गई। 1996 में भाजपा को नंद कुमार सिंह चौहान जैसा मजबूत सिपहसालार मिला जिसने इस सीट को न सिर्फ भाजपा की झोली में डाला बल्कि अपने काम के दम पर वे लगातार यहां से चार बार जीते। 2009 में आंतरिक कलह के कारण भाजपा यह सीट हारी पर 2014 और 2019 में नंद कुमार सिंह फिर सांसद बने। उनके निधन पर उप चुनाव हुआ तो भाजपा ने आसानी से सीट जीत लिया।



**जीत की कामना** नई दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार बांसुरी स्वराज जीत सुनिश्चित करने के लिए लगातार जनसंपर्क कर रहीं हैं। मंगलवार को उन्होंने हवन- पूजन किया।

# अब तक के चुनाव में देश मोदी सरकार के साथ: योगी

बहरामपुर/सूरी/आसनसोल

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां दावा किया कि अब तक 191 लोकसभा सीटों पर हुए मतदान से साफ संकेत हैं कि नरेन्द्र मोदी सरकार को भारी बहुमत से तीसरा कार्यकाल मिलने जा रहा है। भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 सीटें मिलेंगी। इसमें यूपी अपने हिस्से की सभी 80 सीटों का उपहार भेंट करेगा।

बहरामपुर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी निर्मल कुमार साहा के समर्थन में रैली को संबोधित करते हुए योगी ने कहा, 'अब तक 191 सीटों पर हुए मतदान से राजग को 400 सीटों के साथ मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का स्पष्ट संकेत सामने आया है।'



पश्चिम बंगाल के बीरभूम में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जोश भरते यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए आदित्यनाथ ने यह आश्वासन भी दिया कि संदेशखालि में हुए अपराध और रामनवमी उत्सव के दौरान हुई झड़पों के जिम्मेदार लोगों को भाजपा कानून के दायरे में लाएगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा, अगर ऐसी घटनाएं उनके प्रदेश में होतीं, तो अपराधियों को ऐसा सबक सिखाता कि उनकी अगली सात पीढ़ियां ऐसा कुछ करने के बारे में सोचने की हिम्मत भी नहीं कर पातीं। उन्होंने कहा कि रामनवमी के मौके पर अयोध्या में बिना किसी घटना के सैकड़ों रैलियां निकाली गईं। आज पश्चिम बंगाल को उत्तर प्रदेश जैसे मॉडल की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल अब पहले जैसा 'सोनार बांग्ला' (समृद्ध राज्य) नहीं रहा और राज्य विकास से दूर जा रहा है। आदित्यनाथ ने कहा कि उन्हें दुख होता है कि जिस पश्चिम बंगाल में कई राष्ट्रवादी नेताओं और महान हस्तियों का जन्म हुआ, उसे कांग्रेस, कम्युनिस्टों और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने बर्बाद कर दिया। उन्होंने दावा किया कि अगर राज्य के लोग संकट में हों तो न तो राहुल गांधी और न ही कांग्रेस या टीएमसी का कोई अन्य नेता उनकी मदद के लिए आएगा। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि दीदी का स्नेह उन माफिया के प्रति है जो बंगाल को लूट रहे हैं।

# डेलकर परिवार के सहारे दादरा नगर में अब भाजपा

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली की लोकसभा सीट पर चुनाव के लिए सात मई को वोट पड़ेंगे। दादरा और नगर हवेली लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। इस सीट से मौजूदा सांसद और भाजपा उम्मीदवार कलाबेन डेलकर के खिलाफ कांग्रेस से अजीत रामजीभाई महला मुकाबले में आगे आने की जी तोड़ कोशिश कर रहे हैं, जबकि सुश्री डेलकर के पुत्र अभिनव अपनी मां को एक बार फिर संसद में पहुंचाने के लिए प्रचार में दिन-रात एक किए हैं। दादरा नगर हवेली में भाजपा को अभी तक डेलकर परिवार से ही चुनौती मिलती रही है। सुश्री डेलकर ने पति और सीट से सात बार के सांसद मोहन डेलकर के निधन के बाद 2021 के उपचुनाव में शिवसेना (उद्धव ठाकरे) के टिकट पर यहां से 51,269 मतों के भारी अंतर से जीत हासिल की थी। भाजपा प्रत्याशी महेश गावित को हराया था। कलाबेन डेलकर पिछले दिनों भाजपा में शामिल हो गई थीं। 2019 के लोकसभा चुनाव में दादरा नगर हवेली सीट पर स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में मोहनभाई सांजीभाई डेलकर ने 90,421 वोट हासिल करके भाजपा के नटूभाई गोमनभाई पटेल को शिकस्त दी थी। भाजपा के नटूभाई गोमनभाई पटेल को 81,420 और कांग्रेस के प्रभु रत्नभाई टोकिया को 8,608 वोट मिले थे।

2014 के चुनाव में इस सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच ही मुख्य टक्कर देखी गई थी। भाजपा से चुनाव लड़े नटूभाई पटेल को 80,790 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के मोहनभाई डेलकर 74,576 वोट पाकर हार गए थे।

# राजस्थान में कांग्रेस कर रही क्लीन स्वीप हैट्रिक रोकने का दावा

चुनाव डेस्क



- भाजपा नेताओं का दावा पार्टी क्लीन स्वीप जीत की हैट्रिक लगाएगी पूरा होगा 400 पार का लक्ष्य
- जिन सीटों पर भाजपा मान रही थोड़ी टक्कर, कांग्रेस नेताओं को वहां दिख रहा जीत का अवसर
- अटकलों का बाजार, विश्लेषकों का आकलन करीब पांच फीसदी कम मतदान से घटेगा जीत का अंतर

**अमृत विचार।** राजस्थान में दो चरणों में लोकसभा की सभी 25 सीटों पर वोट डाले जाने के बाद अब भाजपा और कांग्रेस के चुनावी रणनीतिकार और संगठन के बड़े नेता जीत-हार का हिसाब-किताब लगाने में व्यस्त हैं। इसके लिए प्रत्याशियों के साथ बूथ स्तर तक के आंकड़ों का फीड बैक लिया गया है। हालांकि मतदान के बाद भाजपा राज्य में एक बार फिर क्लीन स्वीप करते हुए सभी 25 सीटें जीतने का दावा कर रही है, वहीं कांग्रेस नेता एक दर्जन सीटों पर टक्कर देने के साथ चार से पांच सीटें हाथ में आने की बात कह रहे हैं। लेकिन राजनीतिक जानकारों के अनुसार अंदरखाने भाजपा को अधिकतम दो सीटों का नुकसान होने का आकलन लगाया जा रहा है, वहीं कांग्रेस के लिए तीन से चार सीटों पर जीत का अवसर है। ऐसे में परिणाम के लिए चार जून तक का इंतजार बहुत लंबा और बेचैनी बढ़ाने वाला नजर आ रहा है। राजस्थान में दूसरे और अंतिम चरण में रविवार को 13 लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ था। इससे पहले 12 सीटों पर वोट डाले गए थे। 2019 के मुकाबले राज्य में इस बार 4.55 फीसदी कम वोट पड़े हैं। लेकिन इसमें भी तथ्य यह है कि केवल 22 सीटों पर मतदान प्रतिशत घटा है। तीन सीटों पर मतदान प्रतिशत में इजाफा दर्ज किया गया है। बारमेड़, बांसवारा और कोटा लोकसभा सीट पर इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ा है। हालांकि इसकी वजह इन सीटों पर खड़े भाजपा-कांग्रेस के उम्मीदवार माने जा रहे हैं, जिनमें कड़ी प्रतिद्वंदिता देखने में आयी है। माना जा रहा है कि पिछले दो चुनाव में जिस तरह एकतरफा हवा बह रही थी, वैसा माहौल इस बार अनेक सीटों पर नहीं दिखा। 5 से 7 सीटों पर मुकाबला कड़ा नजर आया है। इसके चलते इस बार भाजपा का कम से कम आधा दर्जन सीटों पर जीत का अंतर घटने की संभावना जताई जा रही है। पिछले दो लोकसभा चुनाव में राज्य की 25 में से 21 सीटों पर भाजपा का जीत का अंतर काफी रहा था। भाजपा की जिन डेढ़ दर्जन सीटों पर जीत तय मानी जा रही हैं, उनमें जयपुर, जोधपुर, अजमेर, पाली, जालोर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, कोटा, झालावाड़, बीकानेर, गंगानगर, अलवर, भरतपुर, जयपुर ग्रामीण शामिल है. वहीं,कांग्रेस की झोली चूरू, झुंझुनू,सीकर,करोली, दौसा, नागौर सीट को गिना जा रहा है। उधर, कांग्रेस दौसा, सवाई माधोपुर, झुंझुनू, कोटा, भरतपुर, सीकर, जयपुर ग्रामीण सीटों पर अपनी बढ़त मानते हुए दावा कर रही है कि इनमें से कम से कम चार-पांच सीटें वह जीत सकती है। इसके मुकाबले भाजपा नेता तर्क देते हुए कह रहे हैं कि कांग्रेस कार्यकर्ता उदासीन रहे और वोट डलवाने नहीं निकले, भाजपा कार्यकर्ताओं ने वोट डलवाए हैं।

राज्य की बाड़मेर -जैसलमेर लोकसभा सीट पर कांग्रेस के उम्मेदाराम व निर्दलीय रविंद्र सिंह में टक्कर बताई जा रही है। यहां तमाम लोग भाजपा के कैलाश चौधरी को त्रिकोणीय संघर्ष में पिछड़ता मान रहे हैं। इसी तरह टोंक-सवाई माधोपुर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी हरीश मीणा और दो बार से सांसद भाजपा प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनापुरिया के बीच कांटे की टक्कर बताई जा रही है। पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट टोंक विधानसभा सीट से ही विधायक हैं, जिसका फायदा कांग्रेस को मिला है। ऐसे ही पिछले दो चुनावों में दौसा, करौली-धौलपुर तथा टोंक-सवाई माधोपुर में भाजपा की जीत का अंतर ज्यादा नहीं था। दो सीटों पर एक लाख से भी कम था। इस बार भी यहां के मतदाता ने चुनाव को लेकर कोई उत्सुकता नहीं दिखाई है। मीणा और दलित बाहुल्य करौली-धौलपुर सीट पर दोनों समाजों ने खास रुचि नहीं दिखाई। दौसा में कांग्रेस ने दौसा से विधायक मुरारीलाल मीणा को उतारा था। प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री किरोड़ी मीणा ने भाजपा प्रत्याशी बस्सी से पूर्व विधायक कन्हैया लाल मीणा के लिए प्रचार किया।

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक– 985 फ्लैग– 1100 बोल्ड– 1140 डीएमओ– 860
**रामपुर :** शिवालिक–985 फ्लैग– 1100 डीएमओ–880 बोल्ड–1155

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 82350 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 73850 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55000–55200 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 71,750 |
| सोना रवा | 71,600 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 81,600 |
| चांदी (999) | 81,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 71700 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 70700 |
| सिल्वर (पक्की) | 810 (अनुमानित) |

## कानपुर मंडी

गेहूं दड़ा 2350–2500, आरआर21. 2550–2600, गेहूं फारम 2600–2700, जौ 2000–2100, ज्वार 2000–4000, बाजरा 2100–2150, मकाई 2200–2400, चना 5800–5900, अरहर 9000–10000, मसूर 5500–5600, मटर 3700–4000, उड़द हरा 11000–11800, उड़द काला 6000–8000, मूंग 8500–8800, अरहर फूल 15800–16000, अरहर स्पेशल 13800–14000, चनादाल 7200–7300, मटर दाल 4950–5050, मसूर मलका 7100–7150, मसूर दाल 7300–7350, उड़द दाल 9500–13000, उड़द धोवा10700–13250, मूंग दाल 9500–10500, मूंग धोवा 10000–11500, अरवा 2000–2300, बासमती न01. 8500–10000, सेला 2500–3000, बासमती न02. 6500–7500, आटा 1380–1430, मैदा 1350–1400, सूजी 1410–1430, शाह पसंद 1325–1350, लाही 4900–5000, अलसी 4500 –4600, अण्डी 4600 –4700, तिल्ली 11500– 12200, मूंगफली दाना शिवपुरी 9800– 10800

# 11 प्रतिशत कम हुई गेहूं की सरकारी खरीद

### 2024-25 में अब तक 196 लाख टन खरीदा, योजनाओं के तहत सालाना जरूरत 186 लाख टन की

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● पंजाब और हरियाणा में आवक अच्छी, एफसीआई करेगा 200 लाख टन गेहूं की खरीद

सरकार ने चालू विपणन वर्ष 2024-25 में अब तक 196 लाख टन से अधिक गेहूं खरीदा है, जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम समेत सभी कल्याणकारी योजनाओं के लिए इसकी सालाना जरूरत 186 लाख टन है। खाद्यान्न की खरीद और वितरण के लिए सरकार की नोडल एजेंसी भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) अब बफर स्टॉक बढ़ाने के लिए 2024-25 में 310-320 लाख टन गेहूं खरीद के लक्ष्य को पूरा करने के प्रयास कर रही है।

जरूरत पर खुदरा कीमतों को नियंत्रित के लिए खुले बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए इस स्टॉक का इस्तेमाल होगा। हालांकि रबी सत्र की प्रमुख फसल गेहूं की खरीद पिछले साल की समान अवधि के 219.5 लाख टन से अब तक 11 प्रतिशत कम हुई है। इसका मुख्य कारण मध्य प्रदेश और पंजाब में कम खरीद का होना है। एफसीआई के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अशोक के मीणा ने बताया कि हम अनुमानित खरीद लक्ष्य को हासिल करने की राह पर हैं क्योंकि पंजाब और हरियाणा में गेहूं की आवक अच्छी है। एफसीआई अकेले इन दोनों राज्यों से 200 लाख टन गेहूं की खरीद करेगा। केंद्र ने विपणन 2023-24 (अप्रैल-मार्च) में 261.97 लाख टन गेहूं की खरीद की थी। अधिकांश खरीद अप्रैल-मई के दौरान हुई है।

केंद्रीय कृषि मंत्रालय के अनुमानों के मुताबिक गेहूं का उत्पादन फसल वर्ष 2023-24 में 1,120.19 लाख टन होगा, जबकि पिछले वर्ष में यह 1,105.54 लाख टन था। कुछ राज्यों में उम्मीद से अधिक पैदावार होने पर उत्पादन 1,150 लाख (115 मिलियन) टन तक पहुंच सकता है। एफसीआई ने विभिन्न राज्यों के करीब 16 लाख किसानों से 2,275 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 45,000 करोड़ रुपये का गेहूं खरीदा है। पंजाब और हरियाणा में इस समय गेहूं की फसल की आवक अच्छी है। एफसीआई को पंजाब से 130 लाख टन और हरियाणा से 70 लाख टन की खरीद की उम्मीद है।

### उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में तेज कर सकता है एफसीआई खरीदारी

एफसीआई मई से पहले उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में खरीदारी तेज कर सकता है क्योंकि उसे यहां की मंडियों में फसलों के देर से आने की उम्मीद है। कीमतों को नियंत्रित करने के लिए जरूरत पड़ने पर खुला बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) लाने के लिए अतिरिक्त स्टॉक रखने के बारे में सोचा जा रहा है। पिछले साल इस योजना के तहत 100 लाख टन से अधिक गेहूं आटा मिलों और अन्य गेहूं आधारित उद्योगों को भेजा गया था। मध्य प्रदेश में अब तक गेहूं की खरीद 34.66 लाख टन ही हुई है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 55.59 लाख टन थी। बफर स्टॉक के संबंध में केंद्र के पास एक अप्रैल तक केंद्रीय पूल में 75.02 लाख टन गेहूं था, जबकि उस तारीख को बफर मानक 74.6 लाख टन था। एक जुलाई के लिए बफर मानक 275.8 लाख टन है। एफसीआई को सभी कल्याणकारी योजनाओं के लिए 400 लाख टन चावल की वार्षिक जरूरत के मुकाबले विपणन वर्ष (अक्टूबर–सितंबर) में 540 लाख टन की खरीद की उम्मीद है। चावल के मामले में हमारे पास एक साल का अतिरिक्त स्टॉक है। चावल का स्टॉक फिलहाल 532 लाख टन है।

# देश की आर्थिक वृद्धि दर 7% से अधिक रहने की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आर्थिक शोध संस्थान एनसीएईआर ने कहा है कि बेहतर वैश्विक परिदृश्य और अच्छे मानसून की संभावना से चालू वित्त वर्ष के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत से अधिक बढ़ सकती है।

नेशनल काउंसिल फॉर एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) ने मासिक आर्थिक समीक्षा (एमईआर) के अप्रैल 2024 अंक में कहा कि जीएसटी संग्रह, पीएमआई, बिजली खपत, मालु ढलाई जैसे उच्च आवृत्ति वाले संकेतक घरेलू अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शा रहे हैं। विनिर्माण के लिए क्रय प्रबंधक सूचकांक 16 साल के उच्च स्तर पर है और डिजिटल भुगतान प्रणाली भी उच्चतम स्तर पर है। एनसीएईआर की महानिदेशक पूनम गुप्ता ने कहा




● एनसीएईआर ने मासिक समीक्षा में कहा- उच्च आवृत्ति वाले संकेतक दर्शा रहे मजबूती

कि जीएसटी संग्रह मार्च में 1.8 लाख करोड़ तक पहुंच गया, जो 2017 में इसके लागू होने के बाद से दूसरा सबसे अच्छा संग्रह है। यूपीआई ने 13.4 अरब लेनदेन दर्ज किए, जो इसके लागू होने के बाद से सबसे अधिक है। गुप्ता ने कहा कि इन उच्च आवृत्ति संकेतकों के साथ आईएमएफ और डब्ल्यूटीओ के अनुसार बेहतर वैश्विक परिदृश्य भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छे संकेत हैं।

# भारत की सोने की मांग उच्च कीमत के बावजूद 8% बढ़कर 136.6 टन

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● वार्षिक आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 75,470 करोड़
● आभूषणों की मांग 4 प्रतिशत बढ़कर 95.5 टन

भारत की सोने की मांग कीमतों के ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंचने के बावजूद मजबूत आर्थिक माहौल के दम पर जनवरी-मार्च तिमाही में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़कर 136.6 टन हो गई।

आरबीआई द्वारा सोने की खरीद से भी मांग में वृद्धि हुई। जनवरी-मार्च में मूल्य के संदर्भ में भारत की सोने की मांग वार्षिक आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 75,470 करोड़ हो गई। इसका कारण मात्रा में वृद्धि के साथ-साथ तिमाही औसत कीमतों में 11 प्रतिशत की वृद्धि भी है। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने मंगलवार की रिपोर्ट गोल्ड डिमांड ट्रेंड्स क्यू1 2024 जारी की। भारत की कुल सोने की मांग, जिसमें आभूषण तथा निवेश दोनों हैं...इस साल जनवरी-मार्च में बढ़कर 136.6 टन हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 126.3 टन थी। भारत में सोने की कुल मांग में से आभूषणों की मांग चार प्रतिशत बढ़कर 95.5 टन हो गई। कुल निवेश मांग (बार, सिक्के) 19 प्रतिशत बढ़कर 41.1 टन हो गई।

# रिलायंस होम फाइनेंस मामले में ऑडिटरों पर 1.6 करोड़ जुर्माना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) ने रिलायंस होम फाइनेंस में पेशेवर और ऑडिट से जुड़ी गड़बड़ियों के लिए ऑडिट कंपनी और दो ऑडिटरों पर कुल 1.6 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। एनएफआरए ने कहा कि ऑडिट कंपनी धीरज एंड धीरज पर 2018-19 के ऑडिट कार्यों में गड़बड़ी के लिए एक करोड़, पीयूष पाटनी पर 50 लाख और पवन गुप्ता पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। पाटनी और गुप्ता दोनों ही मुंबई स्थित ऑडिट कंपनी धीरज एंड धीरज के भागीदार हैं। नियामक ने पाटनी और गुप्ता को क्रमशः पांच और तीन साल के लिए ऑडिटर के रूप में नियुक्त होने या वित्तीय विवरण या आंतरिक ऑडिट के संबंध में कोई भी ऑडिट करने से रोक दिया है। यह मामला वर्ष 2018-19 के लिए रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) के ऑडिट में गड़बड़ी से संबंधित है।

# लिंडे इंडिया का मूल्यांकन करे एनएसई: सेबी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने शेयरधारकों से मिली शिकायतों के बाद नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) को लिंडे इंडिया और उससे जुड़ी प्रैक्सएयर इंडिया के बीच हुए लेनदेन का मूल्यांकन करने के लिए मूल्यांकनकर्ता नामित करने का निर्देश दिया है।

यह मामला लिंडे इंडिया लिमिटेड (एलआईएल) और उससे जुड़ी कंपनियों प्रैक्सएयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (पीआईपीएल) और लिंडे साउथ एशिया सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (एलएसएएसपीएल) के बीच हुए लेनदेन और समझौतों से संबंधित है। भारतीय प्रतिभूति एवं



● शेयरधारकों से मिली शिकायतों के बाद मूल्यांकन का दिया निर्देश

विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शेयरधारकों से कई शिकायतें मिलने के बाद मामले की जांच की थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि लिंडे इंडिया द्वारा प्रैक्सएयर इंडिया के साथ किए लेनदेन और समझौते संबंधित पक्ष लेनदेन की प्रकृति के थे और लिंडे इंडिया ने इन लेनदेन पर शेयरधारकों की मंजूरी नहीं ली थी। सेबी ने अपने अंतरिम आदेश में कहा कि लिंडे इंडिया शेयरधारकों की मंजूरी के बगैर संबंधित पक्ष लेनदेन को अंजाम दे रही थी, जो पहली नजर में महत्वपूर्ण प्रतीत होता है।...यह व्यापक शेयरधारक आधार की कीमत पर नियंत्रक शेयरधारकों को अनुचित ढंग से लाभ पहुंचाने की संभावना रखता है।

बाजार नियामक ने एनएसई को आदेश दिया कि वह लिंडे इंडिया और प्रैक्सएयर इंडिया के बीच हुए संयुक्त उद्यम और शेयरधारक समझौते के संदर्भ में भौगोलिक आवंटन के अलावा कारोबार का मूल्यांकन करने के लिए एक पंजीकृत मूल्यांकनकर्ता नियुक्त करे। साथ ही नियामक ने एनएसई को सेबी और कंपनी दोनों को मूल्यांकन रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### छत्तीसगढ़:जीजा ने की साले की हत्या

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद कोतवाली क्षेत्र से पांच किमी दूर ग्राम तावरबाहरा में जीजा और दीदी के बीच शुरू हुए झगड़े में बीच–बचाव करने आए साले को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। जीजा ने हत्या के बाद खुद थाने में जाकर सरेंडर कर दिया। सिटी कोतवाली प्रभारी कृष्णा प्रसाद जांगड़े मामले की जांच में जुटे हैं। ग्राम पंडरी पानी निवासी सनत कुमार ध्रुव अपने जीजा बंशीलाल ध्रुव के घर कुछ महीनों से रह रहा था। सोमवार शाम छह बजे जीजा और दीदी में विवाद हो गया। इसी बीच उसने कुल्हाड़ी उठाया ही था, तभी बीच बचाव करने सनत आ गया, जिसके गर्दन के नीचे बंशी लाल ने कुल्हाड़ी से मार दिया, जिससे सनत की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी बंशीलाल ने सिटी कोतवाली पहुंचकर घटना की जानकारी दी।

### हथियार डीलर 37 हथियारों के साथ गिरफ्तार

**खरगोन।** मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के बिस्टान थाना क्षेत्र में मंगलवार को पुलिस ने डीलर को 37 हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी धर्मराज मीणा ने बताया कि सूचना पर बिस्टान थाना क्षेत्र में इंद्रावती नदी के पुल के पास घेराबंदी कर खंडवा जिले के मोघट थाना क्षेत्र निवासी विश्वास सोनी को पकड़ा गया। इसी दौरान उसे हथियार सप्लाई करने आया सिकलीगर प्यार सिंह फरार हो गया। आरोपी के पास से 37 फायर आर्म्स (पिस्टल व कट्टे) मिले हैं। पूछताछ पर प्यार सिंह के घर ग्राम गारी में दबिश दी गई। इसमें हथियार निर्माण की सामग्री व उपकरण जब्त किए गए। उन्होंने बताया कि दिलीप सोनी के विरुद्ध खरगोन खंडवा होशंगाबाद इंदौर और हरदा में चोरी लूट व अवैध हथियार सप्लाई के कुल 13 अपराध दर्ज है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

**पटना।** बिहार में पटना व्यवहार न्यायालय स्थित विशेष अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी युवक को मंगलवार को 20 साल की सश्रम कारावास के साथ 25 हजार जुर्माने की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश कमलेश चंद्र मिश्रा ने सुनवाई के बाद पटना के बाढ़ थाना क्षेत्र निवासी रिक्की कुमार को दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को छह माह के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी। अदालत ने पीड़िता के पुनर्वास के लिए उसे पांच लाख रुपये देने का निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकार को दिया है। विशेष लोक अभियोजक सुरेश चंद्र प्रसाद ने बताया कि 2021 में दोषी ने पटना के बाढ़ थाना क्षेत्र से एक नाबालिग बालिका को गांधीनगर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पटना के बाढ़ थाना में इसकी प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

### कोटा में महिला से पड़ोसी ने किया दुष्कर्म

**कोटा (राजस्थान)।** राजस्थान के कोटा में 23 वर्षीय महिला से उसके ही पड़ोसी ने दुष्कर्म किया। पुलिस के मुताबिक घटना सोमवार की रात उस समय की है, जब पीड़िता का पति घर पर नहीं था। थानाध्यक्ष बन्नालाल ने बताया कि पति के घर लौटने के बाद पीड़िता ने आपबीती सुनाई, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि उनके पड़ोसी हेमंत गोस्वामी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और इस बारे में किसी को भी बताने पर गंभीर परिणाम की धमकी दी। गोस्वामी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई है।

### रिश्वत लेने के 28 वर्ष पुराने मामले में बीडीओ बरी

**पटना।** बिहार में पटना की एक विशेष अदालत ने रिश्वत लेने के 28 वर्ष पुराने मामले में आरोपी प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) को साक्ष्य के अभाव में मंगलवार को बरी कर दिया। निगरानी के विशेष न्यायाधीश मोहम्मद रुस्तम ने मामले में सुनवाई के बाद पटना के बिहटा प्रखंड के पूर्व विकास पदाधिकारी विनोद कुमार को अपर्याप्त साक्ष्य के कारण बरी किए जाने का अपना निर्णय सुनाया। आरोप के अनुसार, निगरानी ब्यूरो के अधिकारियों ने 16 अगस्त 1996 को आरोपित को शिकायतकर्ता से विद्यालय के निर्माण की अग्रिम राशि देने के बदले 2000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार करने का दावा किया था। मामले की सुनवाई के दौरान निगरानी ने आरोप साबित करने के प्रयास में 11 गवाहों का बयान न्यायालय में कलमबंद करवाया था लेकिन सत्यापनकर्ता की गवाही नहीं हो सकी और न ही रिश्वत में कथित रूप से दिये गये बरामद करेंसी नोटों को अदालत में पेश किया सका था।

# भाजपा सत्ता में लौटी तो संविधान फेंक देंगी : राहुल

### मध्य प्रदेश के भिंड में भाजपा और प्रधानमंत्री पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने साधा निशाना

**भिंड (मप्र), एजेंसी**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि अगर भाजपा केंद्र में लौटती है तो वह गरीबों, दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को अधिकार देने वाले संविधान को फाड़ कर फेंक देगी। राहुल गांधी मध्य प्रदेश के भिंड जिले में रैली को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने संविधान की प्रति हाथ में लेते हुए कहा कि मौजूदा चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है, बल्कि दो विचारधाराओं की लड़ाई है। उन्होंने दावा किया, गरीबों, दलितों, आदिवासियों, ओबीसी को संविधान के कारण अधिकार मिले हैं, जिसने लोगों को मनरेगा, भूमि अधिकार, आरक्षण और अन्य चीजें भी दीं। अगर भाजपा सत्ता में आती है, तो वह इस संविधान को फाड़कर फेंक देगी। गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री, अमित शाह और उनके सांसदों ने मन बना लिया है कि अगर वह चुने गए, तो वे संविधान को फाड़ कर फेंक देंगे। भाजपा चाहती है कि संविधान को फेंक दिया जाए...। आरक्षण के मुद्दे पर उन्होंने पूछा कि यदि सत्तारूढ़ सरकार आरक्षण के खिलाफ नहीं है, तो वह सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू) रेलवे और अन्य क्षेत्रों का निजीकरण क्यों कर रही है।

गांधी ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह अपनी महालक्ष्मी योजना के जरिए करोड़ों महिलाओं को लखपति बनाएगी। सरकार महिलाओं को उनके खातों में एक लाख रुपये हर साल (8,500 रुपये प्रति माह) भेजेगी। गांधी ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री मोदी 22-25 उद्योगपतियों को अरबपति बना सकते हैं, तो कांग्रेस करोड़ों महिलाओं को लखपति बना देगी। कांग्रेस ने भिंड लोकसभा (सुरक्षित) सीट से भाजपा की मौजूदा सांसद संध्या राय के खिलाफ विधायक फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है।




● दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को संविधान से ही मिले हैं अधिकार

### प्रत्याशियों से बोले - जनसंपर्क के दौरान संविधान की प्रति रखें

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों से कहा कि वह नामांकन दाखिल करते समय, सभाओं और जनसंपर्क के दौरान अपने पास संविधान की प्रति रखें तथा लोगों को यह बताएं कि जब तक उनकी पार्टी है तब तक कोई संविधान छीन नहीं सकता। राहुल गांधी चुनाव प्रचार के दौरान अपने साथ संविधान की प्रति लेकर चल रहे हैं और चुनावी सभाओं में लोगों को यह दिखाते भी हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि गरीबों के लिए वरदान, वंचितों का सम्मान और हर नागरिक का अभिमान – हमारा संविधान। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि जब तक कांग्रेस है भाजपा क्या, दुनिया की कोई ताकत संविधान छीन नहीं सकती। वह निरंतर आरोप लगा रहे हैं कि भाजपा तथा प्रधानमंत्री मोदी संविधान बदलना और आरक्षण खत्म करना चाहते हैं।

### सेना नहीं चाहती अग्निवीर योजना, प्रधानमंत्री मोदी ने थोपा निर्णय

**भिंड।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया कि सेना और सैनिक दोनों ही अग्निवीर योजना नहीं चाहते, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने उन पर यह फैसला थोप दिया। उन्होंने कहा कि मोदी ने दो तरीके के जवान बना दिए हैं, एक पेंशन, कैंटीन और अच्छे प्रशिक्षण वाला। दूसरा वो, जिसे ये कुछ नहीं मिलेगा। सरकार दो लोगों को युद्ध में भेज रही है और एक से कह रही है कि आपको कुछ हुआ, तो आपके परिवार की रक्षा होगी। वहीं दूसरे से कह रही है कि उसे कुछ हुआ तो उसे कुछ नहीं मिलेगा, यहां तक कि शहीद का दर्जा भी नहीं मिलेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सेना और सैनिक, दोनों ही अग्निवीर योजना नहीं चाहते। सिर्फ मोदी इसे चाहते हैं और उन्होंने अपना यह निर्णय सेना पर थोप दिया है। मध्यप्रदेश के भिंड और मुरैना (चंबल अंचल) के बहुत से युवा सेना में हैं। बीहड़ों के लिए मशहूर इस क्षेत्र से हर साल बड़ी संख्या में युवा सेना में जाते हैं। साथ ही उन्होंने इस सभा में कांग्रेस के घोषणा पत्र में महिलाओं, युवाओं और किसानों के लिए की गई अपनी घोषणाओं का भी जिक्र किया।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर ईडी से मांगा जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आम चुनाव से पहले मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तार के समय को लेकर ईडी से सवाल कर जवाब मांगा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से गिरफ्तारी के समय से जुड़े सवाल का जवाब देने के लिए कहा।

पीठ ने जांच एजेंसी से केजरीवाल की उस याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख पर जवाब देने के लिए कहा, जिसमें उन्होंने आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। अगली सुनवाई शुक्रवार को होने है। मामले में 21 मार्च को गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल फिलहाल न्यायिक हिरासत के तहत तिहाड़ जेल में हैं। कोर्ट ने 15 अप्रैल को ईडी को नोटिस जारी किया और केजरीवाल की याचिका पर जवाब मांगा। उच्च न्यायालय ने नौ अप्रैल को केजरीवाल की गिरफ्तारी को बरकरार रखते हुए कहा था कि इसमें कोई अवैधता नहीं थी और बार-बार जारी समन को नजरअंदाज करने और जांच में शामिल होने से इनकार करने के बाद ईडी के पास कम विकल्प बचा था।



● केजरीवाल की याचिका पर अगली तारीख पर जवाब देने के लिए कहा

### दिल्ली कोर्ट ने की सिसोदिया की जमानत अर्जी खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में दाखिल जमानत की अर्जी मंगलवार को खारिज कर दी। सीबीआई और ईडी ने कथित आबकारी नीति घोटाले को लेकर अलग–अलग मामले दर्ज किए थे। सीबीआई और ईडी के मामलों की विशेष न्यायधीश कावेरी बावेजा ने सिसोदिया को राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि यह समय जमानत देने के लिए सही नहीं है।

# अलग–अलग दुर्घटनाओं में 10 की मौत, 37 घायल

**भागलपुर/ मुंबई, एजेंसी**

बिहार के भागलपुर जिले और महाराष्ट्र के नासिक जिले में मंगलवार को हुए हादसों में करीब 10 लोगों की मौत हो गई और करीब 37 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को आसपास के अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

भागलपुर के घोघा थाना क्षेत्र के आमापुर गांव में एनएच-80 पर हुए सड़क दुर्घटना में एक बच्चा समेत छह बारातियों की मौत हो गई तथा तीन घायल हो गए। डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी ने बताया कि आमापुर गांव के पास मुंगेर जिले के खड़गपुर थाना क्षेत्र के गोबड्डा गांव से भागलपुर के पीरपैंती थाना क्षेत्र के श्रीमतपुर गांव बरात जा रही थी। इसी दौरान गिट्टी लदा हाइवा अनियंत्रित होकर बरातियों से भरे स्कॉर्पियो पर पलट गया, जिससे दबकर छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए। मृतकों में एक दस वर्षीय बच्चा भी हैं। घायलों को भागलपुर के जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



● भागलपुर में स्कॉर्पियो पर हाइवा पलटने से छह बारातियों की मौत
● नासिक में ट्रक और बस की टक्कर में चार यात्रियों की मौत

वहीं दूसरी ओर महाराष्ट्र के नासिक जिले में सरकारी बस और ट्रक में हुई भिड़ंत में एक किशोर व एक महिला सहित चार यात्रियों की मौत हो गई जबकि 34 घायल हो गए। पुलिस के अनुसार घायलों में से नौ की हालत गंभीर है। यह घटना सुबह 9.45 बजे मुंबई-आगरा एनएच पर जिले के चंदवाड शहर के अहेर वस्ती के पास हुई। पुलिस ने बताया कि बस पड़ोसी जलगांव जिले के भुसावल से नासिक की ओर जा रही थी, तभी ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश में यह हादसा हुआ। बस में 45 यात्री सवार थे।

# सीबीआई जमीन कब्जा मामले की जांच के लिए संदेशखालि पहुंची

**कोलकाता।** सीबीआई मंगलवार को पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि पहुंची और जमीन कब्जाने का आरोप लगाने वाले शिकायतकर्ताओं से बातचीत कर उनके दस्तावेजों की जांच की। अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय बलों के साथ इलाके में गए सीबीआई अधिकारियों ने उन लोगों से बात की जिन्होंने टीएमसी से निलंबित शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों पर जमीन कब्जा करने का आरोप लगाया है। सीबीआई अधिकारी ने बताया कि टीम संदेशखालि का दौरा कर रही है और ग्रामीणों से बातचीत कर रही है।

# देवेंद्र बने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अंतरिम अध्यक्ष

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● अरविंदर सिंह लवली के प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद लिया गया निर्णय

कांग्रेस ने मंगलवार को देवेंद्र यादव को दिल्ली इकाई का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया है। अरविंदर सिंह लवली के प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद यादव की नियुक्ति की गई है। पूर्व विधायक यादव मौजूदा समय में पंजाब के प्रभारी भी हैं।

संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की जारी विज्ञप्ति के अनुसार, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने देवेंद्र यादव को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अंतरिम अध्यक्ष बनाया है और वह पार्टी के पंजाब प्रभारी की जिम्मेदारी भी निभाते रहेंगे। लवली ने 28 अप्रैल को अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था और इसकी एक वजह उन्होंने आप से गठबंधन को बताया था। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस दिल्ली इकाई गठबंधन के खिलाफ थी लेकिन पार्टी आलाकमान ने गठबंधन को स्वीकृति दे दी। लवली के इस्तीफे से कुछ दिन पहले बाबरिया के साथ विवाद के बाद दिल्ली के पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।

# छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत 10 नक्सली ढेर

**नारायणपुर, एजेंसी**

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर और कांकेर जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत 10 नक्सलियों को मार गिराया है। राज्य के गृह विभाग का कामकाज संभाल रहे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों से आग्रह किया है कि वे समर्पण करें एवं सरकार उनसे बातचीत के लिए तैयार है।

अधिकारियों ने बताया कि सोमवार रात को नारायणपुर और कांकेर जिलों के अबूझमाड़ क्षेत्र में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और एसटीएफ़ के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था। मंगलवार की सुबह छह बजे जवान टेकमेटा और काकूर गांवों के मध्य जंगल में थे तब नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसपर सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की। कुछ देर बाद सुरक्षाबलों ने जब घटनास्थल की तलाशी ली तब वहां तीन महिलाओं समेत 10 नक्सलियों के शव मिले। नक्सली डेरे से एक एके 47 राइफल समेत कई हथियार, गोला बारूद और दैनिक उपयोग का सामान मिला है। मारे गए नक्सलियों की पहचान नहीं हो पाई है। मुठभेड़ स्थल कांकेर जिले के कल्पर गांव से 30 किमी दूर दक्षिण में है, जहां 16 अप्रैल के मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गए थे।



● उप मुख्यमंत्री ने नक्सलियों से समर्पण करने और बातचीत का किया आग्रह

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने वीडियो संदेश में इस सफलता के लिए सुरक्षाबलों को बधाई दी है। उन्होंने नक्सलियों से भी कहा है कि वे समर्पण कर मुख्यधारा में लौटें, सरकार उनसे बातचीत के लिए तैयार है। शर्मा ने कहा है, मैं नक्सलियों से और भटक चुके लोगों से आग्रह करता हूं कि सरकार बातचीत से इसका हल चाहती है। छोटा या बड़ा समूह, जो भी बात करना चाहे सरकार उसके लिए तैयार हैं।

# भारत महाशक्ति बनने की राह पर, हम मांग रहे भीख

इस्लामाबाद, एजेंसी

- पाकिस्तान के हालात पर मौलाना फजलुर रहमान बोले-अदृश्य ताकतें ले रहीं फैसले



पाकिस्तान के शीर्ष नेता और जमीयत उलेमा ए इस्लाम (एफ) के अध्यक्ष मौलाना फजलुर रहमान ने भारत से पाकिस्तान की तुलना करते हुए कहा है कि भारत आज महाशक्ति बनने की राह पर है, जबकि हम दिवालियापन से बचने के लिए भीख मांग रहे हैं। मौलाना पाकिस्तान में आम चुनाव के बाद नेशनल असेंबली के पहले सत्र को संबोधित करने के दौरान यह बात कही।

मौलाना ने कहा कि 'देश की दुर्दशा के लिए पर्दे के पीछे से फैसले लेने वाली अदृश्य ताकतें जिम्मेदार हैं, जिन्होंने जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों को कठपुतली बना दिया है।' उन्होंने कहा कि 'यही ताकतें दीवारों के पीछे से हमें नियंत्रित करती हैं। वही फैसले करती हैं, जबकि हम सिर्फ कठपुतलियां हैं।' पाकिस्तानी संसद की वैधता पर सवाल उठाते हुए मौलाना फजलुर रहमान ने कहा कि 'संसद सदस्यों ने सिद्धांतों को त्याग दिया है और वे लोकतंत्र को बेचने में जुटे हैं। क्या संसद हकीकत में लोगों के जनादेश को प्रतिबिंबित करती है? महलों में और नौकरशाहों द्वारा फैसला किया जाता है कि कौन प्रधानमंत्री होगा।

## उबर ने पूरे पाकिस्तान में बंद किया परिचालन

**कराची।** स्थानीय कंपनियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच ऑनलाइन टैक्सी बुकिंग की सुविधा देने वाली ग्लोबल कंपनी उबर ने पाकिस्तान में सभी परिचालन बंद कर दिए हैं। कंपनी के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को इस बात की पुष्टि की। इसके पहले उबर ने 2022 में कुछ प्रमुख शहरों में अपनी सेवाएं बंद की थीं। प्रवक्ता ने कहा, हमारा सब्सिडियरी ब्रांड करीम पूरे पाकिस्तान में टैक्सी सेवाएं देना जारी रखेगा। उबर ने 2019 में अपनी प्रतिस्पर्धी करीम का 3.1 अरब डॉलर में अधिग्रहण किया था। उस समय दोनों कंपनियों ने कहा था कि वे अपनी-अपनी क्षेत्रीय सेवाओं और स्वतंत्र ब्रांडों का संचालन जारी रखेंगी। उबर ने 2022 में कराची समेत कुछ शहरों में परिचालन बंद कर दिया था। कंपनी ने कहा कि जिन उबर यूजर के खातों में बैलेंस रकम है, वे नियत समय में अपनी राशि वापस पा सकते हैं।

# कोरोना में रक्षा कवच बनी कोविशील्ड पर ब्रिटने का सवालिया निशान

*साल 2020 में कोरोना वायरस महामारी आने के बाद एस्ट्राजेनेका कंपनी ने इसकी वैक्सीन को तैयार किया था। भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ने एस्ट्राजेनेका को कोविशील्ड के नाम से ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर बनाया। 2021 में पहली बार तैयार हुई एस्ट्राजेनेका वैक्सीन (कोविशील्ड) लगातार सवालों के घेरे में रही है। कई देशों ने 2021 में ही इस वैक्सीन पर प्रतिबंध लगा दिया था। कोविशील्ड जिस तेजी से तैयार की गई थी, उस पर वैज्ञानिक समुदाय में तभी सवाल उठने लगे थे। इसके बाद इस बात को लेकर जांच शुरू हुई कि टीका अपने काम में सुरक्षित भी या नहीं। अब लंदन हाईकोर्ट में कंपनी ने दुर्लभ' दुष्प्रभाव को स्वीकार लिया। इसके बाद वैक्सीन नए विवादों में घिर गई है।*

**क्या है एस्ट्राजेनेका-** एस्ट्राजेनेका वैक्सीन को भारत में कोविशील्ड के नाम से जाना जाता है। ये एक वायरल वेक्टर वैक्सीन है जिसे एसएआरएस-कॉवी-2 वायरस से बचाने के लिए डिजाइन किया गया है जो कि कोविड-19 का प्रेरक एजेंट है। इस वायरस के काम करने के तरीके पर बात की जाए तो ये चिंपांजी में पाए जाने वाले एक सामान्य सर्दी के वायरस (एडेनोवायरस) के कमजोर संस्करण का उपयोग करके काम करता है। इसे एसएआरएस-कॉवी-2 वायरस से प्रोटीन के जीन को ले जाने के लिए मॉडीफाई किया गया है। ये शरीर में इंजेक्ट होने के बाद टीका इंसान के इम्यून सिस्टम को एंटीबॉडी बनाने और टी-कोशिकाओं को सक्रिय करने के लिए प्रेरित करता है ताकि इंसान की बॉडी संक्रमित होने की दिशा में इस वायरस से लड़ सके।




### क्यों हो रहा वैक्सीन पर नया विवाद

फरवरी में यूके की एक अदालत में जमा किए गए दस्तावेजों में एस्ट्राजेनेका कंपनी ने कहा कि इसके इस्तेमाल से थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस) के साथ थ्रोम्बोसिस नामक एक दुर्लभ दुष्प्रभाव हो सकता है। कंपनी ने कहा है कि वैक्सीन कुछ मामलों में टीटीएस का कारण बन सकती है। दस्तावेज में साथ ही कहा गया है कि टीकाकरण ना होने पर भी टीटीएस हो सकता है। कैम्ब्रिज मुख्यालय वाली ब्रिटिश-स्वीडिश बहुराष्ट्रीय फार्मास्युटिकल और बायोटेक्नोलॉजी कंपनी अब एक क्लास-एक्शन मुकदमे का सामना कर रही है, जिसमें दावा किया गया है कि ये वैक्सीन कई मौतों की वजह बनी है।

### केंद्र को चिंताओं को तुरंत दूर करना चाहिए: स्वास्थ्य मंत्री

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को कहा कि केंद्र को कोविशील्ड टीके के कथित दुष्प्रभावों से जुड़ी चिंताओं को तुरंत दूर करना चाहिए क्योंकि भारत में करोड़ों लोगों को कोविड महामारी के दौरान यह टीका लगाया गया था। भारद्वाज ने इस टीके के दुष्प्रभाव और भारत में सिलसिलेवार रूप से अचानक कई मौतें होने के बीच कथित संबंध को लेकर चिंता जताई। दावा किया कि कोविशील्ड के सुरक्षित होने संबंधी आशंकाओं के चलते यह टीका जर्मनी, फ्रांस, स्पेन, फिनलैंड, नार्वे और डेनमार्क सहित कई यूरोपीय देशों में शुरू से ही प्रतिबंधित है।

### वैक्सीन का निर्माण

पुणे स्थित फार्मा कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने भारत और कुछ दूसरे गरीब देशों के लिए कोविशील्ड वैक्सीन के निर्माण के लिए जनवरी 2021 में एस्ट्राजेनेका और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के साथ डील की। इस साझेदारी के तहत सीरम को भारत और विश्व स्तर पर भारी मांग को पूरा करने के लिए बड़े पैमाने पर वैक्सीन का कोविशील्ड के नाम से उत्पादन करने की अनुमति मिली। कोविशील्ड बनने के बाद भारत में इसके वितरण को भारत सरकार और राज्य सरकारों के सहयोग से सुविधाजनक बनाया गया और लोगों तक टीका पहुंचाया गया।

## एक नजर

### श्रीलंका: कांकेसंथुरई बंदरगाह की मरम्मत का खर्च उठाएगा भारत

**कोलंबो।** श्रीलंकाई मंत्रिमंडल ने उत्तरी प्रांत में कांकेसंथुरई बंदरगाह की मरम्मत कराने का फैसला किया है और भारत इस परियोजना का 6.15 करोड़ डॉलर का पूरा खर्च उठाने के लिए राजी हो गया है। श्रीलंका के उत्तरी क्षेत्र में स्थित कांकेसंथुरई बंदरगाह या केकेएस बंदरगाह 16 एकड़ के क्षेत्र में फैला है और यह पुडुचेरी में करईकल बंदरगाह से 104 किलोमीटर दूर है। तमिलनाडु में नागपत्तिनम को जाफना के समीप कांकेसंथुरई बंदरगाह से जोड़ने वाली सीधी यात्री जहाज सेवा करीब साढ़े तीन घंटे में 111 किलोमीटर का सफर तय करती है। एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा-भारत परियोजना के लिए पूरी अनुमानित लागत वहन करने पर राजी हो गया है।

### छत्तीसगढ़ में तैनात होंगी अर्द्धसैनिक बलों की 202 कंपनियां

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में तीसरे चरण में सात मई को होने वाले चुनाव में अर्द्धसैनिक बलों की 202 कंपनियां सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगी। सूत्रों ने बताया कि सात लोकसभा सीटों में मतदाताओं की संख्या कुल एक करोड़ 39 लाख एक हजार 285 है। निर्वाचन अधिकारियों के मुताबिक तीसरे चरण के लिए सरगुजा और रायगढ़ लोकसभा क्षेत्रों में ईवीएम व वीवीपैट की कमीशनिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है। लोकसभा क्षेत्र बिलासपुर और जांजगीर व कोरबा में कमीशनिंग की प्रक्रिया 29 अप्रैल को शुरू हुई। रायपुर व दुर्ग लोकसभा के लिए 30 अप्रैल को कमीशनिंग का कार्य शुरू किया जाएगा।

### कोलंबियाई सेना का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, नौ सैनिकों की मौत

**बोगोटा।** उत्तरी कोलंबिया में एक सैनिक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे सवार सभी नौ सैनिकों की मौत हो गई है। सेना के बयानों में कहा गया है कि हेलीकॉप्टर का बेस से संपर्क टूट और बाद में पता चला कि वह बोलिवर विभाग के सांता रोजा नगर पालिका के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने खेद व्यक्त किया है। बता दें, खाड़ी कबीले को कोलंबिया में मादक पदार्थों की तस्करी और एक आपराधिक गिरोह के रूप में जाना जाता है।

### युद्ध के खिलाफ प्रदर्शनकारियों ने कोलंबिया विवि पर किया कब्जा

**न्यूयॉर्क।** इजराइल-हमास युद्ध को लेकर कई कॉलेज परिसरों में छात्रों के प्रदर्शनों के बीच मंगलवार तड़के दर्जनों प्रदर्शनकारियों ने न्यूयॉर्क में कोलंबिया विश्वविद्यालय की इमारत पर कब्जा कर लिया और एक खिड़की से फिलिस्तीनी झंडा फहराया। वीडियो फुटेज में देखा जा सकता है कि विश्वविद्यालय के मैनहट्टन परिसर में हैमिल्टन हॉल के सामने प्रदर्शनकारी एकत्र हैं और उन्होंने फर्नीचर एवं अन्य चीजों से इमारत को अवरूद्ध कर दिया है। छात्रों ने रेडियो स्टेशन हॉल पर कब्जे की जानकारी दी है। घटना के बाद भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशासन अलर्ट हो गया है।

पन्नू मामले में अमेरिकी मीडिया के दावों पर भड़के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता

# अनुमानों व अनुचित टिप्पणी करने पर कोई मदद नहीं मिलेगी: भारत

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी मीडिया की उन रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया है, जिनमें दावा किया गया है कि खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ का अधिकारी शामिल है। दरअसल अमेरिकी मीडिया की एक रिपोर्ट में अज्ञात सूत्रों के हवाले से एक रॉ अधिकारी के नाम का खुलासा किया गया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पन्नू की हत्या की साजिश में यही अधिकारी संलिप्त था। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, कथित रॉ अधिकारी ने ही गुरपतवंत सिंह पन्नू के न्यूयॉर्क स्थित घर का पता और अन्य जरूरी जानकारी मुहैया कराई थी। मंगलवार को भारतीय विदेश मंत्रालय ने पलटवार करते हुए अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स को बेबुनियाद बताकर खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि 'रिपोर्ट में एक गंभीर मामले पर बेबुनियाद और अनुचित आरोप लगाए गए हैं। अमेरिकी सरकार ने संगठित अपराध, आतंकवाद और अन्य को लेकर जो सुरक्षा चिंताएं साझा की हैं, उनकी भारत सरकार द्वारा उच्च स्तरीय जांच की जा रही है।' जायसवाल ने कहा कि गैरजिम्मेदाराना और सिर्फ अनुमानों के आधार पर टिप्पणी करने से कोई मदद नहीं मिलेगी। बीते साल नवंबर में अमेरिका के संघीय अभियोजक ने आरोप लगाए थे कि भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता ने भारत सरकार के एक कर्मचारी के साथ मिलकर सिख कट्टरपंथी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू को अमेरिका में ही मारने की योजना बनाई थी। इस मामले में निखिल गुप्ता को चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था।

### पन्नू मामले में भारत आरोपों को गंभीरता से ले रहा: अमेरिका



**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने कहा कि सिख आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश के मामले में भारत आरोपों को गंभीरता से ले रहा है। हालांकि, उसने मामले की एफबीआई जांच और न्याय विभाग की ओर से दायर आपराधिक मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की। अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय की प्रेस सचिव कैरिन जीन पियरे की यह टिप्पणी मीडिया की एक खोजी रिपोर्ट के बाद सामने आई है। इस खबर में दावा किया गया है कि भारत की खुफिया एजेंसी रॉ के अधिकारी विक्रम यादव अमेरिका में पन्नू की हत्या की साजिश में शामिल थे और इस काम में तत्कालीन रॉ प्रमुख सामंत गोयल ने उन्हें मंजूरी दी थी। पन्नू खालिस्तान आंदोलन के मुख्य नेताओं में से एक है। वह भारत में सिख फॉर जस्टिस संगठन का कानूनी सलाहकार और प्रवक्ता है। जिसका मकसद एक अलग सिख राज्य के विचार को बढ़ावा देना है। भारत सरकार ने पन्नू को आतंकवादी घोषित किया हुआ है। वॉशिंगटन पोस्ट के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव पियरे ने कहा, मामले की जांच चल रही है और न्याय विभाग आपराधिक जांच कर रहा है। उन्होंने आगे कहा, भारत अमेरिका का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है और हम कई क्षेत्रों में अपने सहयोग का विस्तार करने के लिए एक महत्वकांक्षी एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं।

## मालदीव के लोगों ने भारतीय सैलानियों को पीटा, दो घायल

**माले।** मालदीव और भारतीय सैलानियों के एक समूह के बीच हुए विवाद के बाद झड़प हो गई, जिसमें दो लोग घायल हो गए। इस मामले में पुलिस ने एक मालदीव के नागरिक को हिरासत में लिया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, दोनों समूहों के बीच लड़ाई राजधानी माले से लगभग सात किलोमीटर उत्तर पूर्व में हुलहुमले में सेंट्रल पार्क के पास हुई। यह घटना सोमवार रात लगभग 9 बजे की है। माले पुलिस ने बताया है कि हिरासत में लिया गया संदिग्ध मालदीव का है।

गंभीर रूप से घायल दोनों भारतीयों को हुलहुमले अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से बाद में उन्हें इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने कहा कि पार्क के अंदर मालदीव और भारतीयों के एक समूह के बीच झड़प हुई है। पुलिस ने कहा घटना में आरोपी को हिरासत में लिया गया है, टीम आगे की जांच कर रही है। पुलिस ने कहा- भारतीयों अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

# एडमिरल दिनेश ने संभाला नौसेना प्रमुख का कार्यभार

नई दिल्ली, एजेंसी

- आर हरि के सेवानिवृत्त के बाद 26वें नौसेना प्रमुख बने त्रिपाठी



एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने मंगलवार को आर हरि कुमार के सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद 26वें नौसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला। बता दें कि दिनेश कुमार त्रिपाठी एक संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ भी हैं।

सैनिक स्कूल रीवा के पूर्व छात्र, एडमिरल त्रिपाठी बल की बागडोर संभालने से पहले नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। 15 मई 1964 को जन्मे एडमिरल त्रिपाठी को 1 जुलाई 1985 को भारतीय नौसेना की कार्यकारी शाखा में नियुक्त किया गया था।

संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ, उनकी लगभग 39 वर्षों की लंबी और विशिष्ट सेवा रही है। नौसेना के उप प्रमुख का पद संभालने से पहले, उन्होंने पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्य किया था। एडमिरल त्रिपाठी ने भारतीय नौसेना के जहाजों विनाश, किर्च और त्रिशूल की कमान संभाली है।

### नौसेना हुई है विकसित

नए भारतीय नौसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में, हमारी नौसेना एक युद्ध-तैयार एकजुट, विश्वसनीय के रूप में विकसित हुई है। समुद्री क्षेत्र में मौजूदा और उभरती चुनौतियां यह कहती हैं कि भारतीय नौसेना को शांति से समुद्र में संभावित विरोधियों को रोकने के लिए हर समय परिचालन के लिए तैयार रहना चाहिए और ऐसा करने के लिए कहे जाने पर समुद्र में और समुद्र से युद्ध जीतना चाहिए। मैं नई तकनीकों को पेश करने और विकसित भारत के लिए हमारी सामूहिक खोज की दिशा में राष्ट्रीय विकास का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनने की दिशा में 'आत्मनिर्भरता' की दिशा में भारतीय नौसेना के चल रहे प्रयासों को भी मजबूत करूंगा।

### घाटी में भूस्खलन



**जम्मू:** पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते जम्मू-कश्मीर में अलर्ट जारी है। तीन दिन से वर्षा का सिलसिला जारी है। मंगलवार को भूस्खलन से रामबन और बनिहाल में तीन लोगों की मौत हो गई और उफनते नालों में दो अन्य लोग बह गए। राजमार्गों को वाहनों के लिए बंद कर दिया है। हिमस्खलन से कई वाहन फंसे रहे। वहीं गुलमर्ग में हल्की बर्फबारी हुई है। ● एजेंसी

## मेटा की कार्यप्रणाली सरकारी विभाग से भी बदतर : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि फेसबुक, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा की कार्यप्रणाली सरकारी विभाग से भी बदतर है क्योंकि वह मीडिया समूह टीवी टुडे नेटवर्क को उसकी शिकायत पर ठीक से जवाब देने में विफल रही। अदालत ने इंस्टाग्राम पर मीडिया समूह के पेज हार्पर बाजार इंडिया को ब्लॉक करने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ ने प्रौद्योगिकी कंपनी मेटा की खिंचाई करते हुए कहा कि अगर मीडिया संस्थान की शिकायत पर फैसला नहीं किया जाता है, तो अदालत प्रथम दृष्टया टिप्पणी करेगी कि सोशल मीडिया मंच टीवी टुडे के वकील को चक्कर लगवा रहा है। पीठ ने कहा, आप सरकारी विभाग से भी बदतर हैं, आपको सावधान रहना चाहिए। आपको स्थिति के प्रति सचेत रहना होगा। आपकी प्रणाली काम नहीं कर रही है। इसे ठीक करना होगा। पीठ ने कहा कि मेटा को चीजें दुरुस्त करनी चाहिए अन्यथा अदालत आदेश पारित कर सकती है।

# ब्रिटेन में पुलिसकर्मी व लोगों पर तलवार से हमला, एक मौत

लंदन, एजेंसी

- धारदार हथियार से हमले में 5 घायल, आरोपी गिरफ्तार

पूर्वोत्तर लंदन में एक शख्स ने तलवार से पुलिसकर्मियों और आम लोगों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक, हमलवार ने पहले एक घर में अपनी कार घुसा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने 36 साल के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

इससे घटना से पहले शख्स ने किशोर समेत पांच लोगों और पुलिसकर्मियों पर तलवार से हमला कर दिया, जिससे कई लोग घायल हुए है। तत्काल घायलों को अस्पताल में भर्ती कराय जहां, किशोर की मौत हो गई। लंदन के मेयर सादिक खान ने कहा कि वह घटना से बहुत आहत हुए हैं।

प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इसे स्तब्ध करने वाली घटना' करार दिया और कहा कि देश की सड़कों पर ऐसी हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। पुलिस ने बताया है, मामले की जाचं की जा रही है।

बता दें, आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2023 में लंदन में चाकू अपराध में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मार्च 2020 तक चाकूबाजी में एक प्रतिशत की ही कमी देखने को मिली है। राष्ट्रीय सांख्यिकी अधिकारी ने कहा कि पूरे इंग्लैंड और वेल्स में, चाकू से होने वाले अपराध में सात प्रतिशत की वृद्धि हुई है और 49,489 अपराध हुए हैं।

## कोरोना की जानकारी साझा करने वाले वैज्ञानिक को निकाला

**शंघाई।** चीन में कोरोना पर रिसर्च में शामिल वैज्ञानकि को लैब से बाहर निकालने दिया है।

चीन में कोविड-19 वायरस के एक अनुक्रम को प्रकाशित करने वाले पहले वैज्ञानिक उन्हें अपनी प्रयोगशाला से निकाले जाने के बाद रविवार से धरने पर बैठे थे। वायरोलॉजिस्ट झांग योंगझेन ने सोमवार को एक ऑनलाइन पोस्ट में लिखा कि उन्हें और उनकी टीम को अचानक जानकारी दी गई कि उन्हें उनकी प्रयोगशाला से बाहर किया जा रहा है। उन्होंने पहली बार जनवरी 2020 की शुरुआत में कोरोना वायरस पर अनुक्रम प्रकाशित किया था। इस कदम से नाराज चीनी सरकार ने उनको लैब से बहार का रास्ता दिखा दिया है।

# पोर्न स्टार मामले में ट्रंप दोषी, 9 हजार डॉलर का लगा जुर्माना

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति को गैग के 9 मामलों में उल्लंघन का आरोपी माना



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पोर्न स्टार से रिश्तों से जुड़े एक मामले में मंगलवार को अदालत की अवमानना का दोषी ठहराया गया और गैग के आदेशों का बार-बार उल्लंघन करने के लिए अदालत ने उनपर नौ हजार अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया है।

गैग ने उन पर गुप्त धन मामले से जुड़े गवाहों, जूरी सदस्यों सहित अन्य चीजों के बारे में सार्वजनिक रूप से बयान देने पर प्रतिबंध लगाया था। गौरतलब है कि अमेरिका में इस साल के अंत में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने वाले हैं। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप और वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच सीधा मुकाबला है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अभियोजकों ने ट्रंप के खिलाफ 10 मामलों के उल्लंघन का आरोप लगाया था। हालांकि, न्यायाधीश जुआन एम. मर्चन ने उन्हें नौ मामलों में उल्लंघन का आरोपी माना।

कोर्ट का यह अर्थदंड ट्रंप के लिए एक कड़ी फटकार है क्योंकि वह हमेशा कहते थे कि वे अपने स्वतंत्र भाषण के अधिकारों का प्रयोग कर रहे हैं। ट्रंप के साथ-साथ आज उनका बेटा एरिक भी अदालत आए थे। ऐसा पहली बार हुआ कि ट्रंप के साथ उनके परिवार का कोई सदस्य उनके आपराधिक मुकदमे में शामिल हुआ।

विज्ञान | मैकगायर ग्रुप नामक वैज्ञानिकों की टीम को रसायनों का पता लगाने में मिली सफलता

# अंतरिक्ष में सबसे बड़े जटिल परमाणु की खोज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** खगोलविदों ने अंतरिक्ष मे एक नए जटिल परमाणु की खोज की है। यह मेथॉक्सी अणुओं की श्रेणी में आता है। इसका नाम 2-मेथॉक्सीएथेनॉल है। अंतरिक्ष में इस तरह के परमाणुओं की संख्या 13 पहुंच गई है। अब तक खोजा गया सबसे बड़ा और सबसे जटिल परमाणु माना जा रहा है।



पमाणुओं का चित्र।

रासायनिक तत्वों की उत्पत्ति व इनकी उपयोगिता को लेकर वैज्ञानिक अंतरिक्ष में रसायनों की खोज में जुटे रहते हैं। खगोलविदों के अनुसार धूमकेतुओं व क्षुद्रग्रहों में इनकी मौजूदगी मिलती है। साथ ही अंतरिक्ष में स्वतंत्र रूप से तैरते रहते हैं। जीवन के निर्माण में सहयोगी अमीनो एसिड जैसे अणु भी अंतरिक्ष में मौजूद हैं। यह खोज मैकगायर ग्रुप नामक वैज्ञानिकों की एक टीम ने की है। यह ग्रुप अंतरिक्ष में रसायनों का पता लगाने की महत्वपूर्ण खोज करती है। इस खोज में मैकगायर ग्रुप के साथ फ्लोरिडा और फ्रांस के वैज्ञानिक भी शामिल थे। यह खोज विज्ञान पत्रिका द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में प्रकाशित हुई है। शोध के मुख्य वैज्ञानिक फ्राइड के अनुसार अंतरिक्ष में कई 'मेथॉक्सी' अणु हैं, जैसे डाइमिथाइल ईथर, मेथॉक्सीमेथेनॉल, एथिल मिथाइल ईथर और मिथाइल फॉर्मेट हैं, लेकिन 2-मेथॉक्सीथेनॉल अब तक देखा गया सबसे बड़ा और सबसे जटिल है। यह खोज तारा निर्माण क्षेत्र एनजीसी 63341 में हुई है। इस खोज को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### खगोलीय घटना तो नहीं थी कोरोना की महामारी

दुनिया में महामारी फैलाने वाले वायरस कोरोना कहां से आया, इसका अभी तक पता नही लग सका है। अंतरिक्ष में रासायनिक तत्वों की खोज करने वाले कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि संभवत: कोरोना का वायरस अंतरिक्ष से आया होगा। इसके पीछे एस्टिरॉइड के जरिए पृथ्वी पर पहुचने के कुछ तथ्य मानते हैं, लेकिन अभी तक इसकी पुष्टि नही हो पाई है

# सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए आत्मनिर्भर होना जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- मनोज पांडे बोले-कोई भी देश अपनी तकनीकी साझा नहीं करेगा हमें खुद विकसित करनी होगी



थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने मंगलवार को कहा कि युद्ध अब अंतरिक्ष, साइबर, विद्युत चुंबकीय स्पेक्ट्रम और सूचना प्रणाली जैसे नये क्षेत्रों में पहुंच गया है और भारत को भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए स्वदेशी क्षमताएं विकसित करनी होंगी। सेना प्रमुख ने विशेष रूप से सशस्त्र बलों में प्रौद्योगिकी समावेशन और आत्मनिर्भरता के महत्व को बताते हुए कहा कि दोनों अलग-अलग हैं फिर भी एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।

जनरल पांडे ने कहा कि भारत को अपनी स्वदेशी सैन्य क्षमताएं विकसित करनी चाहिए क्योंकि कोई भी देश उसके साथ नवीनतम, उन्नत और महत्वपूर्ण तकनीक साझा नहीं करेगा। उन्होंने कहा, युद्ध अब अंतरिक्ष, साइबर, विद्युत चुंबकीय स्पेक्ट्रम और सूचना जैसे नए क्षेत्रों में पहुंच गया है। इनके परिणामस्वरूप, पारंपरिक सैन्य बल अनुपात, जो अतीत में सैन्य ताकत और श्रेष्ठता का पैमाना था, आज गौण हो गया है। जनरल पांडे ने चौथे जनरल के सुंदरजी स्मृति व्याख्यान में यह टिप्पणी की। सेना प्रमुख ने कहा, युद्ध लड़ने की प्रणालियों में प्रौद्योगिकी को शामिल करने और तकनीकी प्रगति के साथ तालमेल बनाए रखने की अनिवार्यता आज भी कायम है।